www.anantgyaan.in

अनंत ज्ञान

शारदीय नवरात्र की हार्दिक शुभकामनाएं

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | सोमवार, 22 सितंबर 2025 | 7 आश्विन, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 265, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

मां शैलपुत्री

सूर्योदय 6:10 सूर्यास्त 6:18

आज का तापमान

शिमला	15 न्यू	24 अधि
धर्मशाला	21 न्यू	27 अधि

बाजार

सेंसेक्स	82,626.23
निफ्टी	25,327.05
सोना 1,09,873	चांदी 1,28,500

प्रथम शैलपुत्री

आज नवरात्र का पहला दिन है और इस दिन घटस्थापन के बाद मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की पूजा की जाती है। शैल का अर्थ है हिमालय और पर्वतराज हिमालय के यहां जन्म लेने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा जाता है।

वंदे वांछितलाभाय,
चंद्रार्धकृतशेखराम्।
वृषारूढ़ां शूलधरां, शैलपुत्रीं
यशस्विनीम्॥

अर्थात मैं मनोवांछित लाभ के लिए अपने मस्तक पर अर्धचंद्र धारण करने वाली, वृष पर सवार रहने वाली, शूलधारिणी और यशस्विनी मां शैलपुत्री की वंदना करता हूं।

नवरात्र के लिए सोहणे सजे मां के दरबार, भक्तों आ कर लो दीदार

श्री नयना देवी मंदिर

श्री चिंतपूर्णी मंदिर

चिंतपूर्णी माता मंदिर की सजावट सवा एक लाख देसी-विदेशी फूलों से की गई है। चिंतपूर्णी मंदिर के कपाट सोमवार सुबह 4 बजे खुल जाएंगे।

श्री ज्वालाजी मंदिर

ज्वालाजी मंदिर की सजावट सवा पांच क्विंटल फूलों से की गई है। मंदिर के कपाट सुबह 5 बजे खुल जाएंगे और जब तक अंतिम श्रद्धालु दर्शन नहीं कर लेता, तब तक बंद नहीं होंगे।

आज से जीएसटी बचत उत्सव : पीएम

कहा- अब आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी उत्पादों को गति देने का समय

एजेंसी, नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को देश के नाम संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि 22 सितंबर को सूर्योदय के साथ ही जीएसटी बचत उत्सव शुरू हो जाएगा। इसका फायदा सभी वर्गों को होगा। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि अब हमें आत्मनिर्भरता के मंत्र के साथ आगे बढ़ना होगा। जो देश के लोगों की जरूरत है, जो हम देश में बना सकते हैं, वे हमें देश में ही बनाना चाहिए। पीएम ने 20 मिनट के संबोधन में जीएसटी रिफॉर्म, आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि जीएसटी की दरें कम होने से नियम और प्रक्रियाएं और आसान बनने से हमारे एमएसएमई, हमारे लघु, कुटीर उद्योगों को बहुत फायदा होगा। उनकी बिक्री बढ़ेगी और टैक्स भी कम देना पड़ेगा। यानी उनको भी डबल फायदा होगा, इसलिए आज मेरी एमएसएमई से, चाहे लघु हों या सूक्ष्म या कुटीर, आप सबसे बहुत अपेक्षाएं हैं। आपको भी पता है कि जब भारत समृद्धि के शिखर पर था, तब अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार हमारे लघु-कुटीर उद्योग थे। भारत की मैन्युफैक्चरिंग और क्वालिटी बेहतर होती थी। हमें उस गौरव को वापस पाना है। जो हमारे उद्योग बनाएं, वे दुनिया में उत्तम से उत्तम हों। हम जो बनाएं, वह दुनिया में बेस्ट के पैरामीटर को पार करने वाला हो। हमारे उत्पाद दुनिया में भारत का गौरव बढ़ाएं।

हम जो बनाएं, वह दुनिया में बेस्ट के पैरामीटर को पार करने वाला हो

पीएम मोदी ने कहा कि आज जाने-अनजाने में हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में बहुत सी विदेशी चीजें जुड़ गई हैं। हमारी जेब में कंघी देसी है कि विदेशी है, हमें पता ही नहीं। अब हमें इससे मुक्ति पानी होगी। (अनंत ज्ञान)

जीएसटी सुधारों पर देश को संबोधित करते पीएम नरेंद्र मोदी।

गर्व से कहो, 'मैं स्वदेशी खरीदता हूं और स्वदेशी सामान बेचता हूं'

पीएम नरेंद्र मोदी ने जनता से भी अपील की। उन्होंने कहा कि वही सामान खरीदें, जिसे बनाने में देशवासियों का पसीना लगा हो। उन्होंने सभी राज्य सरकारों से भी आग्रह किया कि आत्मनिर्भर भारत के इस अभियान के साथ, स्वदेशी के इस अभियान के साथ अपने राज्यों में उत्पादन को गति दें। पूरी ऊर्जा और उत्साह से निवेश के लिए माहौल बनाएं। हमें वे चीजें खरीदनी होंगी, जो भारत में बनी हों, जिसमें हमारे देश के बेटे-बेटियों का पसीना हो, हमें देश के घरों को स्वदेशी का प्रतीक बनाना है। गर्व से कहो कि मैं स्वदेशी खरीदता हूं, मैं स्वदेशी सामान की बिक्री भी करता हूं। यह हर भारतीय का मिजाज बनना चाहिए।

जनता को गहरे घाव देने के बाद मामूली बैंडऐड लगा रहे : खड़गे

प्रधानमंत्री के संबोधन के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स पर लिखा कि नौ सौ चूहे खाकर, बिल्ली हज को चली। केंद्र सरकार ने कांग्रेस के सरल और कुशल जीएसटी के बजाय, अलग-अलग 9 स्लैब से वसूली कर गब्बर सिंह टैक्स लगाया और 8 साल में 55 लाख करोड़ से ज्यादा वसूले। अब आप 2.5 लाख करोड़ के बचत उत्सव की बात करके जनता को गहरे घाव देने के बाद मामूली बैंडऐड लगाने की बात कर रहे हैं। वहीं, वेस्ट बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि जीएसटी रेट में कटौती का फैसला राज्यों ने लिया है, लेकिन केंद्र सरकार खुद इसका क्रेडिट ले रही है।

नालदेहरा में 80 करोड़ की अघोषित संपत्तियों का खुलासा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हिमाचल प्रदेश में शिमला के नालदेहरा में बन रही ऑरमा वैली के प्रबंधक से रविवार को पूछताछ की। रीयल एस्टेट कंपनी इंपीरियल ग्रुप की ओर से यहां पर 100 एकड़ जमीन पर एक हजार फ्लैट बनाए जा रहे हैं। आरोप है कि कंपनी ने एनआरआइ को करोड़ों रुपए के फ्लैट बेचे हैं। यही नहीं फर्जी दस्तावेजों के आधार पर करोड़ों रुपए का लोन भी लिया है। ईडी ने शुक्रवार और शनिवार को कंपनी कार्यालय में दबिश दी थी। अभी तक करीब 80 करोड़ रुपए की अघोषित संपत्तियों का खुलासा होने की सूचना है, जिसकी छानबीन की जा रही है।

ईडी ने की कार्रवाई ऑरमा वैली के प्रबंधक से पूछताछ

ईडी के छोटा शिमला कार्यालय में रविवार को प्रबंधक मनविंदर सिंह और उनकी पत्नी सागरी सिंह से पूछताछ किए जाने की सूचना है। ये परिसर मनविंदर सिंह, उनकी पत्नी सागरी सिंह तथा इम्पीरियल ग्रुप (दिल्ली स्थित) से संबंधित संस्थाओं और व्यक्तियों के बताए जा रहे हैं। यह कार्रवाई विदेश मुद्रा प्रबंधन अधिनियम के तहत की गई है।

जब्त संपत्ति में पुराने 500 रुपए के नोट भी शामिल

ईडी की ओर से चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल साक्ष्य, लगभग 50 लाख रुपए की नकदी, विदेशी मुद्रा तथा मनविंदर सिंह के नाम पर विदेशों में रखी गई संपत्तियां से संबंधित दस्तावेज मिले हैं। जब्त संपत्ति में पुराने 500 रुपए के नोट भी शामिल हैं। जब्त किए गए साक्ष्यों में बैंक खातों जिनमें विदेशी बैंक खातों से संबंधित दस्तावेज भी शामिल हैं। ईडी को बैंक खातों के सिंगापुर, दुबई, ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड्स और थाईलैंड में होने का पता चला है। इस कार्रवाई के लिए शिमला के अलावा दिल्ली से अधिकारियों के आने की सूचना है।

एसआईआर से जुड़े सभी काम 30 तक निपटाएं

एजेंसी, नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के निर्वाचन अधिकारियों को 30 सितंबर तक विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए तैयार रहने को कहा है। आयोग का यह निर्देश इस बात का संकेत है कि अक्तूबर-नवंबर की शुरुआत में मतदाता सूची को दुरुस्त करने का काम शुरू हो सकता है। अधिकारियों के अनुसार, इस महीने की शुरुआत में राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के एक सम्मेलन में आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने उन्हें अगले 10 से 15 दिनों में एसआईआर के लिए तैयार रहने को कहा था। हालांकि, अधिक स्पष्टता के लिए 30 सितंबर की समय सीमा तय की गई थी। चुनाव आयोग ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने राज्य में पिछली एसआईआर के बाद प्रकाशित अपने राज्यों की मतदाता सूची तैयार रखें। (अनंत ज्ञान)

अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- आरटीई एक्ट में खामियां दूर करने को संसद में लाएं संशोधन विधेयक -पेज 2
- प्रदेश में अनाथ बच्चों को शादी के लिए मिलेगी 2 लाख की मदद -पेज 3
- भ्रष्ट ठेकेदारों के संरक्षक बने भाजपा नेता: कांग्रेस -पेज 6
- ई-स्कूटी सेवा से बदल रही स्वास्थ्य सेवाओं की तस्वीर -पेज 9
- नवरात्र में माता शूलिनी के दरबार में उमड़ेगा श्रद्धालुओं का हुजूम -पेज 12

मुंबई बनी 'मिलियनेयर कैपिटल'

महाराष्ट्र में रहते हैं देश के सबसे ज्यादा करोड़पति परिवार

एजेंसी, नई दिल्ली

महाराष्ट्र ने देश में सबसे अधिक संपन्न परिवारों वाला राज्य बनने का दर्जा हासिल कर लिया है। मर्सिडीज-बेंज हुरुन इंडिया वेल्थ रिपोर्ट 2025 के अनुसार, राज्य में करोड़पति परिवारों की संख्या बढ़कर 1,78,600 हो गई है। यह 2021 की तुलना में 194 प्रतिशत अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2020-21 से अब तक महाराष्ट्र के सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) में 55 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। वहीं, अकेले मुंबई में 1,42,000 करोड़पति परिवार हैं, जिससे यह शहर देश की करोड़पति राजधानी बन गई है। इसके बाद नई दिल्ली में 68,200 और बेंगलुरु में 31,600 करोड़पति परिवार हैं। उपरोक्त तीनों शहरी केंद्र देश में संपन्न परिवारों का सबसे बड़ा केंद्र हैं। (अनंत ज्ञान)

पूरे देश में आठ लाख से अधिक करोड़पति परिवार

देशभर में 8,71,700 करोड़पति परिवार हैं। इनकी कुल संपत्ति 8.5 करोड़ रुपए या उससे अधिक है। यह 2021 की तुलना में 90 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। यह देश भर में परिवारों की संपत्ति में मजबूत ग्रोथ का संकेत है। इस राष्ट्रव्यापी उछाल के बावजूद, संपत्ति कुछ ही क्षेत्रों में केंद्रित है और शीर्ष 10 राज्यों में कुल करोड़पति परिवारों का 79 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है।

किन राज्यों में कितने करोड़पति परिवार?

करोड़पति परिवारों की सूची में महाराष्ट्र के बाद दिल्ली दूसरे स्थान पर है, जहां 79,800 करोड़पति परिवार रहते हैं। तमिलनाडु राज्य स्तर पर तीसरे स्थान पर है, जहां 72,600 करोड़पति परिवार रहते हैं। उसके बाद कर्नाटक 68,800 और गुजरात 68,300 करोड़पति परिवारों के साथ चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। उत्तर प्रदेश 57,700 करोड़पति परिवारों के साथ छठे स्थान पर है, जबकि तेलंगाना 51,700 परिवारों के साथ उसके ठीक पीछे है। पश्चिम बंगाल में 50,400 परिवार, राजस्थान में 33,100 परिवार और हरियाणा 30,500 करोड़पति परिवारों के साथ शीर्ष 10 में शामिल है। किन शहरों में कितने करोड़पति परिवार? जो भारत की धन सृजन की कहानी में महानगरीय क्षेत्रों के महत्व को रेखांकित करता है।

हिमाचल प्रदेश के प्राचीन मंदिरों का होगा जीर्णोद्धार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अगस्त 2023 में चिंतपूर्णी माता मंदिर में सुगम दर्शन प्रणाली शुरू की गई है। ऑनलाइन लंगर बुकिंग और ऑनलाइन दर्शन जैसी डिजिटल सेवाएं आरंभ की गई हैं। श्री चिंतपूर्णी माता मंदिर की तरह अब प्रदेश के अन्य मंदिरों में भी यह सुविधा शीघ्र शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए चिंतपूर्णी माता मंदिर के लिए 56.26 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं और लगभग 250 करोड़ से एक भव्य परिसर का निर्माण किया जा रहा है। माता ज्वालाजी और नयना देवी मंदिरों के लिए भी 100-100 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

सीएम सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में लगभग 50 करोड़ की लागत से प्राचीन मंदिरों, किलों और पुरातन स्थलों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने शिमला स्थित ऐतिहासिक बैंटनी कैसल का जीर्णोद्धार कर इस ऐतिहासिक इमारत को एक नया स्वरूप प्रदान किया है। सितंबर 2023 में यहां लाइट एंड साउंड शो शुरू किया गया है।

मौसम साफ रहने से राहत कार्यों में तेजी

प्रदेश में 24 से 26 सितंबर तक हल्की बारिश होने के आसार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

प्रदेश में 22 सितंबर से मौसम साफ रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, 22 और 23 सितंबर को प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश की संभावना नहीं है। विशेषकर शिमला, कुल्लू और मंडी जैसे जिलों में धूप खिलने के साथ तापमान सामान्य से थोड़ा अधिक रहने की उम्मीद है। ऐसे में राहत कार्यों में तेजी आ गई है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो-तीन दिनों में दक्षिण-पश्चिम मानसून हिमाचल प्रदेश से विदा होने की ओर है। मानसून औसतन 24 से 25 सितंबर के बीच प्रदेश से पूरी तरह हट जाएगा। हालांकि, 24 सितंबर से मौसम में हल्की करवट देखने को मिल सकती है और 26 सितंबर तक कुछ हिस्सों में हल्की बारिश के आसार हैं। पश्चिमी विक्षोभ और स्थानीय हवाओं के प्रभाव से कुछ क्षेत्रों में बादलों के साथ हल्की बौछारें पड़ सकती हैं।

इस मानसून सीजन में हिमाचल प्रदेश में सामान्य से 45 फीसदी अधिक बारिश दर्ज की गई। शिमला में 106 फीसदी और कुल्लू में 104 फीसदी अधिक वर्षा हुई, जबकि लाहौल-स्पीति जिले में सामान्य से 18 फीसदी कम बारिश रही। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के आंकड़ों के अनुसार, मानसून के दौरान 424 लोगों की मौत हुई और 45 लोग लापता हैं। भारी बारिश के कारण 1602 घर पूरी तरह जमींदोज हुए और 7015 को आंशिक नुकसान हुआ। अब मौसम के साफ रहने से प्रदेशवासियों को राहत मिलने की संभावना है और पशुधन और कृषि गतिविधियों पर भी सकारात्मक असर दिख सकता है।

बिजली बोर्ड में 2602 युवाओं को मिलेगी जॉब

1602 बिजली उपभोक्ता मित्र, 1000 टी-मेट किए जाएंगे भर्ती

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

शिमला। हिमाचल सरकार ने राज्य में बिजली सेवाओं को और अधिक मजबूत बनाने के लिए एक निर्णायक निर्णय लिया है। प्रदेश भर में विद्युत सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड में कुल 2,602 युवाओं की नियुक्ति की जाएगी। इनमें 1602 बिजली उपभोक्ता मित्र और 1000 टी-मेट शामिल होंगे। हाल के वर्षों में यह पहली बार है कि इतनी बड़ी संख्या में युवाओं को एक साथ मौका मिलेगा। जानकारी के अनुसार, वर्तमान में एचपीएसईबीएल में टी-मेट के 4009 स्वीकृत पद हैं, जिनमें से 3049 खाली पड़े हैं। इस वजह से न केवल परिचालन व्यवस्था प्रभावित हो रही थी बल्कि सेवाओं की गुणवत्ता पर भी सीधा असर पड़ रहा था। सरकार ने इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए 1000 टी-मेट की भर्ती को मंजूरी दी है। इसके अलावा, वृत्त स्तर पर टी-मेट के रिक्त पदों के स्थान पर 1602 बिजली उपभोक्ता मित्र नियुक्त किए जाएंगे, जिससे उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।

नियुक्ति प्रक्रिया एक अधिकृत सरकारी एजेंसी के माध्यम से पूरी की जाएगी। इसके लिए वही उम्मीदवार पात्र होंगे जिन्होंने दसवीं पास की हो और किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से इलेक्ट्रिकल या वायरमैन ट्रेड में आईटीआई प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो। इसके साथ ही आयु सीमा 18 से 30 वर्ष रखी गई है। फील्ड कर्मचारी एचपीएसईबीएल की रीढ़ कहे जाते हैं, जो आपदाओं के दौरान बिजली बहाली और क्षतिग्रस्त ढांचे की मरम्मत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अब बढ़ी हुई नियुक्तियों से न केवल व्यवस्था सुदृढ़ होगी बल्कि उपभोक्ताओं का भरोसा भी और मजबूत होगा।

अब तक 23,191 युवाओं को दी सरकारी नौकरी



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बताया कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल के दौरान अब तक 23,191 युवाओं को सरकारी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराया गया है। प्रदेश सरकार युवाओं के लिए आने वाले समय में भी रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर सृजित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बिजली सेवाओं को सशक्त करने का यह निर्णय उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं देगा और स्थानीय युवाओं को अपने ही प्रदेश में सुरक्षित भविष्य प्रदान करेगा।

स्टाफ की कमी होगी पूरी, उपभोक्ताओं को भी मिलेगा लाभ

बड़ी राहत देश में आज से लागू होंगी जीएसटी की नई दरें, उपभोक्ताओं को मिलेगा फायदा

पहले नवरात्र से बाजार में मिलेगा सस्ता सामान

एजेंसी, नई दिल्ली

केंद्र और राज्यों की जीएसटी परिषद ने उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए 22 सितंबर यानी नवरात्र के पहले दिन से वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दरें कम करने का फैसला लिया है। जीएसटी की नई दरें यानी जीएसटी-2 लागू होने के बाद घी, पनीर, मक्खन, नमकीन, केचप, जैम, सूखे मेवे, कॉफी और आइसक्रीम जैसी आम उपभोग की वस्तुएं और टीवी, एसी, वॉशिंग मशीन जैसी जरूरी वस्तुएं सस्ती हो जाएंगी। विभिन्न एफएमसीजी कंपनियों ने जीएसटी को युक्तिसंगत बनाने के लिए कीमतें कम करने का ऐलान पहले ही कर दिया है। अधिकतर दवाओं और फॉर्मूले व ग्लूकोमीटर और डायग्नोस्टिक किट जैसे चिकित्सा उपकरणों पर जीएसटी घटाकर पांच प्रतिशत कर दिए जाने से आम आदमी के लिए दवाओं की कीमतें कम हो गई हैं। इसके अलावा, घर बनाने वालों को भी लाभ होगा क्योंकि सीमेंट पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है।

सरकार ने पहले ही दवा की दुकानों को निर्देश दिया है कि वे जीएसटी कटौती के लाभों को ध्यान में रखते हुए अपनी अधिकतम खुदरा कीमत (एमआरपी) संशोधित करें या कम दरों पर दवाइयां बेचें। जीएसटी-2 एक द्वि-स्तरीय संरचना होगी। इसमें अधिकांश वस्तुओं और सेवाओं पर पांच और 18 प्रतिशत का कर लगेगा। अति विलासिता वस्तुओं पर 40 प्रतिशत कर लगाया जाएगा, जबकि तंबाकू और संबंधित उत्पाद 28 प्रतिशत और उपकर की श्रेणी में बने रहेंगे। (अनंत ज्ञान)

एसी, डिशवॉशर के दाम 1,610 से 8,000 रुपए तक सस्ते

वोल्टास, डाइकिन, हायर गोदरेज और पैनासोनिक जैसी इलेक्ट्रॉनिक कंपनियों ने भी एयरकंडीशनर एवं डिशवॉशर की कीमतों में न्यूनतम 1,610 से 8,000 रुपए तक कटौती की है। कंपनियों को नवरात्र में 10 फीसदी से ज्यादा बिक्री होने की उम्मीद है। गोदरेज अप्लायंसेज कैसेट और टावर एसी पर 8,550 से 12,450 रुपए के बीच दाम घटाए हैं। हायर ने 3,202 से 3,905 रुपए, वोल्टास ने 3,400 से 3,700 रुपए, डाइकिन ने 1,610 से 7,220 रुपए, एलजी इलेक्ट्रॉनिक ने 2,800 से 3,600 और पैनासोनिक ने 4,340 से 5,500 रुपए तक एसी के दाम कम किए हैं।

कार और टू-व्हीलर की भी घटेंगी कीमतें

नवरात्र के पहले दिन देशभर में कार और टू-व्हीलर भी सस्ते हो जाएंगे। अग्रणी ऑटोमोबाइल कंपनियां मारुति सुजूकी, टाटा मोटर्स और हुंडई मोटर इंडिया ने अपने वाहनों की कीमतों में कटौती का ऐलान किया है। इसी तरह लग्जरी कार निर्माता मर्सिडीज-बेंज और बीएमडब्ल्यू के साथ-साथ टू-व्हीलर कंपनियां भी कीमतें घटा रही हैं।

बाजारों में निरीक्षण करेंगे अधिकारी

जीएसटी दरों में कटौती के बाद दाम कम हुए या नहीं, इसकी भी सख्त निगरानी की जाएगी। सेंट्रल और स्टेट जीएसटी विभाग के फील्ड अफसर बाजार में अचानक निरीक्षण करेंगे। वहीं, शिकायतें दर्ज कराने और उनके निवारण के लिए राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) के इनग्राम पोर्टल पर एक समर्पित श्रेणी बनाई है। वहीं, अगर आप फोनपे, पेटीएम, क्रेड और अमेजन पे जैसे मोबाइल ऐप्स से अपने घर का किराया देते हैं, तो अब ऐसा नहीं कर पाएंगे, क्योंकि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने भुगतान सेवाओं से जुड़े नए नियम लागू किए हैं। नए नियमों के तहत, फिनटेक प्लेटफॉर्म्स ने अपने एप्स पर क्रेडिट कार्ड से रेंट पेमेंट सर्विस बंद कर दी है।

नमो युवा रन से युवाओं को नई दिशा व नशा मुक्ति का संदेश : कपिल मोहन

हमीरपुर, अनंत ज्ञान

सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित नमो युवा रन का आयोजन 22 सितंबर को शाम 5 बजे अणु मैदान, हमीरपुर में किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाना है।

इस आयोजन में भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर और भाजपा नेता नरेंद्र अत्री मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। भाजयुमो द्वारा आयोजित इस रन में जिले के स्कूल, कॉलेज, युवा क्लबों व सामाजिक संस्थाओं के सदस्य भाग लेंगे। इस रन के माध्यम से युवाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन से प्रेरणा लेने, सकारात्मक जीवन शैली अपनाने और समाज निर्माण में योगदान देने का संदेश दिया जाएगा। अंत में प्रतिभागियों को नशा मुक्त भारत के संकल्प की शपथ भी दिलाई जाएगी।

अणु मैदान में आज होगा आयोजन, कई हस्तियां रहेंगी मौजूद

टीईटी मामले में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व शिक्षा मंत्रालय को भेजा ज्ञापन

आरटीई एक्ट में खामियां दूर करने के लिए संसद में लाएं संशोधन विधेयक

अनिल कुमार, अनंत ज्ञान

हमीरपुर। शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता बैक डेट से लागू करने के मामले में हिमाचल के शिक्षक संघ एक्शन मोड में आ गए हैं। इस बारे में राजकीय टीजीटी कला संघ ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव तथा राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद अध्यक्ष को ज्ञापन भेजा है।

संघ के प्रदेश महासचिव ने बताया कि 2010 से पहले शिक्षक लिखित भर्ती परीक्षा पास करके नियुक्त हुए हैं जो कि उनकी पात्रता परीक्षा थी, मगर उसका नाम टीईटी नहीं था। अब उनकी सेवाएं टीईटी नहीं होने के चलते समाप्त नहीं कर सकते क्योंकि उनकी भर्ती के समय एनसीटीई के पुराने विनिमय लागू थे और टीईटी का अस्तित्व नहीं था। इसलिए संघ ने टीईटी से संबंधित आरटीई अधिनियम, 2009 की खामियों को दूर करने और उसमें संशोधन विधेयक संसद में लाने और सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार की ओर से रिव्यू याचिका अविलंब दर्ज करने की मांग की है।

पूर्व-2010 नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता असंवैधानिक: शिक्षक संघ

आरटीई अधिनियम की धारा 23 के तहत 23 अगस्त 2010 से शिक्षक पद पर नियुक्ति के लिए टीईटी अनिवार्य की गई थी, इसलिए इस तिथि से पहले विधिपूर्वक नियुक्त शिक्षकों पर यह शर्त लागू नहीं हो सकती। इसके बावजूद कई राज्यों में ऐसे शिक्षकों को टीईटी पास करने के लिए बाध्य किया जा रहा है, जिससे उन्हें पदोन्नति, वेतन वृद्धि और सेवा सुरक्षा से वंचित किया जा रहा है। यह न केवल संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 का उल्लंघन है, बल्कि शिक्षकों की गरिमा और आत्मसम्मान पर भी चोट है।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाल ही में दिए गए निर्णय (अंजुमन इशात-ए-तालीम ट्रस्ट बनाम महाराष्ट्र राज्य) में भी यह स्पष्ट किया गया है कि टीईटी की अनिवार्यता केवल नई नियुक्तियों पर लागू होती है। इसी प्रकार, विभिन्न उच्च न्यायालयों ने भी पूर्व-2011 नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट दी है। ज्ञापन में केंद्र सरकार से दो प्रमुख मांगें की गई हैं। पहली यह कि आरटीई अधिनियम में संशोधन कर यह स्पष्ट किया जाए कि जब तक यह संशोधन संसद में पारित नहीं होता, तब तक एनसीटीई को निर्देश दिया जाए कि वह ऐसे शिक्षकों के विरुद्ध कोई प्रतिकूल कार्रवाई न करे और किसी भी निर्णय से पहले केंद्र सरकार से विधिक परामर्श अवश्य ले। श्रीहीर ने कहा कि लंबे समय से सेवा दे रहे हजारों शिक्षक वर्तमान में मानसिक तनाव और असुरक्षा का सामना कर रहे हैं, इसलिए सरकार को शीघ्र हस्तक्षेप कर इस संवेदनशील विषय पर न्यायोचित समाधान सुनिश्चित करना चाहिए।

भरेड़ी से जाहू रोड सभी वाहनों के लिए खुला

अनंत ज्ञान, भोरंज

भरेड़ी से जाहू रोड, अब सभी प्रकार के वाहनों के लिए खोल दी गई है। पहले यह मार्ग केवल छोटे वाहनों के लिए ही खुला था, लेकिन लोक निर्माण विभाग ने मरम्मत व सुदृढ़ीकरण कार्य पूरा करने के बाद इसे भारी वाहनों की आवाजाही के लिए भी सुरक्षित घोषित कर दिया है।

गौरतलब है कि हाल ही में हुई भारी बारिश के चलते यह सड़क दो बार बह गई थी, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। दोनों बार लोक निर्माण विभाग, भोरंज की टीम ने सड़क को अस्थायी रूप से ठीक किया था, लेकिन बरसात और भूस्खलन के कारण यह टिक नहीं पाई।इस बार विभाग ने सड़क की मजबूती को ध्यान में रखते हुए विशेष तकनीक का प्रयोग किया है। कनिष्ठ अभियंता मनोज कुमार ने जानकारी दी कि इस बार स्पार का डंगा लगाकर सड़क का स्थायी रूप से निर्माण किया गया है। उनका कहना है कि इस तकनीक से सड़क को पहले की तुलना

में कहीं अधिक सुरक्षित बनाया गया है, जिससे भारी बारिश व पानी का बहाव की स्थिति में भी सड़क को नुकसान कम होगा।

स्थानीय लोगों ने सड़क के पूरी तरह बहाल होने पर राहत की सांस ली है। लंबे समय से लोगों को सड़क बंद होने और केवल छोटे वाहनों की आवाजाही तक सीमित रहने से कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। अब सभी वाहनों की आवाजाही सुचारू रूप से शुरू हो जाने से यातायात व्यवस्था सामान्य हो गई है और क्षेत्रवासियों को बड़ी सुविधा मिली है।

न्यूज ब्रीफ

विधायक सुरेश ने दी ऑक्सीजन सांद्रता मशीन

अनंत ज्ञान, जाहू। भोरंज उपमंडल के गांव बेहरवीं जटां के निवासी हरनाम सिंह पिछले कुछ समय से बीमारी और सांस की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उन्हें इलाज में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। जैसे ही विधायक सुरेश कुमार को इस बात की जानकारी मिली, वह स्वयं हरनाम सिंह के घर पहुंचे और उन्हें ऑक्सीजन सांद्रता मशीन भेंट की। साथ ही, उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना भी की।

हरनाम सिंह ने विधायक द्वारा की गई इस मानवीय सहायता के लिए गहरी कृतज्ञता व्यक्त की और कहा कि यह मशीन उनके लिए जीवनदायिनी साबित होगी।

जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता आज

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। जिला स्तरीय लड़के एवं लड़कियों की फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन 22 सितंबर होगा। उपनिदेशक उच्च हमीरपुर मोही राम एवं एडीपीओ राजेंद्र शर्मा ने बताया कि यह प्रतियोगिता अंडर-19 के आयु वर्ग में होगी। यह प्रतियोगिता मदर प्राइड पब्लिक स्कूल मलोटी में होगी। इस प्रतियोगिता में से खिलाड़ी चुनकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जो कि इसी महीने उना में होने जा रही है। फुटबाल में जो खिलाड़ी छात्र चुने जाएंगे। वह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हमीरपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता कल से

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हमीरपुर जिला की जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 23 और 24 सितंबर को हमीरपुर में साईं के इंडोर बैडमिंटन हॉल में होगी। हमीरपुर बैडमिंटन संघ के महासचिव शमी सोनी ने बताया कि यह प्रतियोगिता अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15, अंडर-17 के आयु वर्गों में होगी। इस प्रतियोगिता में एकल, युगल मुकाबले होंगे। जबकि अंडर-15 और अंडर-17 में मिश्रित मुकाबले भी होंगे। इस प्रतियोगिता के विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में अंडर-11 में 1 सितंबर 2015, अंडर-13 में 1 जनवरी 2013, अंडर-15 में 1 जनवरी 2011, अंडर-17 में 1 जनवरी 2009 को जन्मे या उसके बाद के जन्मे होने चाहिए। प्रतिभागियों को अपने साथ जन्म प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है। जो भी प्रतिभागी इस प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते हैं वह 22 तारीख को शाम 5:00 बजे तक अपनी एंट्री राजेंद्र शर्मा 9418058720, प्रदीप ठाकुर 70184 99384, सुशील ठाकुर 82199 60035, गौतम राणा 7018478710 के पास निश्चित कर लें। सभी खिलाड़ियों को नॉन मार्किंग शूज पहन कर आना अनिवार्य है।

लंबलू में निःशुल्क जांच शिविर कल

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। आयुर्वेदिक अस्पताल लंबलू में 23 सितंबर को मल्टी स्पेशलियटी निःशुल्क कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान हर प्रकार के रोगों की निशुल्क जांच और उपचार किया जाएगा। इसके आलावा मुफ्त दवाइयां भी आवंटित की जाएगी। डॉक्टर मुकेश कुमार, डॉ. अनु वर्मा, डॉ. पूनम हीर ने बताया कि विश्व आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में यह शिवर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में एचबी, शुगर और मूत्र रोग से संबंधित टेस्ट भी निःशुल्क किए जाएंगे। उन्होंने आसपास के गांवो के लोगों से इस शिविर का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

हमीरपुर में 26 को लगेगा स्वास्थ्य शिविर

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। इंटास फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड कंपनी जिला आयुर्वेदिक हॉस्पिटल हमीरपुर में 26 सितंबर को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करेगी। जिला के हड्डी रोग से जुड़े लोगों के लिए लगाए जा रहे इस शिविर में निःशुल्क बोन मिनरल डेंसिटी टेस्ट की सुविधा उपलब्ध रहेगी। जिला आयुर्वेदिक हॉस्पिटल हमीरपुर के अर्थो विशेषज्ञ डॉ. संजीव (कमरा नंबर 9) सहित समस्त डाक्टरों की टीम इस शिविर में हड्डी रोगों की जांच कर उनका उपचार करेगी। शिविर में वह सभी लोग निःशुल्क उपचार व टेस्ट का लाभ ले सकते है जिनकी पीठ में दर्द रहता है, थकान महसूस होती है, बार-बार हड्डी टूटती है या फिर डायबीटीज, उच्च रक्तचाप व थाइराइड की समस्या से जूझ रहे हैं।

3 आपदाग्रस्त परिवारों को दी आर्थिक मदद

अनंत ज्ञान, सुजानपुर। भारी बारिश से प्रभावित बीड़ बगेहड़ा, गारा और जोल पलाही पंचायत के तीन जरूरतमंद परिवारों को मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन हमीरपुर की ओर से सहायता दी गई। संगठन के अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र डोगरा, निस्वार्थ भाव सेवा संगठन के जीवन राम और अनिल धीमान सहित टीम ने दीनानाथ, स्व. विपिन धीमान और सतनाम के परिवारों को आर्थिक सहयोग प्रदान किया। तीनों परिवारों के मकान और जरूरी सामान बारिश में पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए थे। टीम ने ₹10,000 की आर्थिक मदद दी और भविष्य में भी सहयोग का आश्वासन दिया। डॉ. डोगरा ने कहा कि आपदा के समय राजनीति नहीं, इंसानियत सर्वोपरि होनी चाहिए और सभी को मिलकर जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए।

स्वयंसेवियों ने स्वच्छता का दिया संदेश

अनंत ज्ञान, नादौन। डीएवी भडोली में चल रहे वार्षिक सात दिवसीय एनएसएस शिविर का दूसरा दिन उत्साहपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। दिन की शुरुआत प्रभात फेरी के साथ हुई, जिसमें स्वयंसेवियों ने गांववासियों को स्वच्छता एवं जागरूकता का संदेश दिया। इसके उपरांत स्वयंसेवियों ने समीपवर्ती क्षेत्र ठेहरा में स्थित बोड़ी की सफाई अभियान चलाया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। दिन के विशेष सत्र में संसाधन व्यक्ति पंकज ने स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए जीवन में नैतिक मूल्यों, आचार-विचार, आहार और संस्कार के महत्व पर प्रकाश डाला। एनएसएस प्रभारी नवीन शर्मा ने शिविरार्थियों को उनके उत्साह और अनुशासन के लिए सराहा तथा आगे के दिनों के लिए और भी सार्थक गतिविधियों की जानकारी दी।

सरैया में वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ

अनंत ज्ञान, बड़सर। रविवार के दिन सरैया में आयोजित वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ एनएसयूआई के पूर्व राष्ट्रीय संयोजक एवं नशा निवारण बोर्ड हिमाचल के डायरेक्टर रूबल ठाकुर ने किया। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 6100 एवं उपविजेता टीम को 4100 का पुरस्कार रखा गया है। रूबल ठाकुर ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन बेहद ही आवश्यक है ताकि युवा पीढ़ी ड्रग्स की ओर नहीं धकेली जा सकती। रूबल ठाकुर ने अपनी तरफ से आयोजकों को 5000 की धनराशि कार्यक्रम के लिए दी।

पुतडियाल में किसानों को बांटे बीज और ड्रम

वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान, बड़ा। उपमंडल नादौन की ग्राम पंचायत पुतडियाल में प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना के तहत कृषि विभाग द्वारा एक शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 125 किसानों को बीज और जैविक खाद बनाने के लिए ड्रम वितरित किए गए। विभाग के कर्मचारियों ने किसानों को प्राकृतिक खेती के लाभों के बारे में जागरूक किया और रासायनिक खादों से दूर रहकर जैविक खेती अपनाने का आह्वान किया। पंचायत उप प्रधान संजीव कुमार ने बताया कि यह योजना किसानों की लागत घटाने और आय बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रही है। सामग्री वितरण की जिम्मेदारी बॉबी कुमारी और कंचन देवी को सौंपी गई थी। किसानों ने भी इस पहल का स्वागत किया और प्राकृतिक खेती को अपनाने का संकल्प लिया।

6 बटालियन डोगरा रेजिमेंट ने मनाया 60वां बैटल ऑनर डे, शौर्य गाथा को किया याद

अनंत ज्ञान, भोरंज

मारुति शोरूम के पास टिक्कर में स्थित आयोजन स्थल पर सिक्स बटालियन डोगरा रेजिमेंट द्वारा 60वां बैटल ऑनर डे बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बटालियन के अधिकारी, सैनिक और पूर्व सैनिक एकत्र हुए और देश की सेवा में दिए गए बलिदानों तथा शौर्य गाथा को याद किया।

टिक्कर में आयोजित 60वें बैटल ऑनर डे कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व सैनिक।

कार्यक्रम के दौरान बटालियन के गौरवशाली इतिहास का स्मरण किया गया। बताया गया कि किस प्रकार सिक्स डोगरा बटालियन ने है गिटियां तथा हाजीबीर की दुर्गम पहाड़ियों पर पहली बार भारत की ओर से विजय पताका फहराई थी। यह ऐतिहासिक सफलता न केवल बटालियन के लिए गर्व का विषय है, बल्कि संपूर्ण भारतीय सेना और राष्ट्र के लिए भी प्रेरणादायक अध्याय है। इस अवसर पर बटालियन के सभी रैंक के अधिकारी और जवान मौजूद रहे। कार्यक्रम में विशेष रूप से कैप्टन किशन चंद, कैप्टन राज, कैप्टन कश्मीर, सूबेदार किशन सिंह, सूबेदार किशन चंद सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर शहीद वीर सैनिकों को श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके परिवारजनों को सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान देशभक्ति गीतों और सैन्य बैंड की धुनों ने माहौल को और भी जोशीला बना दिया। जवानों द्वारा परेड और शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया, जिसमें मातृभूमि की रक्षा के संकल्प को दोहराया गया। अंत में वरिष्ठ अधिकारियों ने संबोधित करते हुए कहा कि डोगरा रेजिमेंट का इतिहास शौर्य और बलिदान से भरा पड़ा है। हमें गर्व है कि हमारे जवानों ने कठिन परिस्थितियों में भी अदम्य साहस का परिचय दिया और मातृभूमि की रक्षा की। यह दिन हमें प्रेरित करता है कि हम आने वाली पीढ़ियों तक वीरता और अनुशासन की यह परंपरा पहुंचाएं।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। पूरा समारोह शौर्य, देशभक्ति और गर्व के भाव से ओत-प्रोत रहा।

अब नादौन में होंगे कैलाश पर्वत के दर्शन

प्रदेश में पहली बार तैयार हुआ कैलाश पर्वत का 15 फुट ऊंचा प्रतिरूप

अनंत ज्ञान, बड़ा/नादौन

हिमाचल प्रदेश के ऐतिहासिक नगर नादौन को पर्यटन नगरी के रूप में विकसित करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल हुई है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशन में ऐतिहासिक श्री बिल्वकालेश्वर मंदिर के समीप ग्राम पंचायत फस्टे द्वारा मनरेगा कन्वर्जेंस के तहत धाम का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस धाम में विशेष आकर्षण के रूप में कैलाश पर्वत का भव्य प्रतिरूप तैयार करवाया गया है।

सीमेंट व ईंटों से निर्मित लगभग 15 फीट ऊँचे इस प्रतिरूप का निर्माण विशेषतौर पर तमिलनाडु से आए कलाकार श्री मुरली जी एवं उनकी टीम ने किया है,जिस पर लगभग साढ़े तीन लाख रुपए की राशि व्यय की जा रही है।कैलाश पर्वत निर्माण के लिए स्थानीय व्यवसायी सुधीर व प्रभात चौधरी ने राशि दान की है। विशेष उल्लेखनीय है कि धाम में स्थापित भगवान शिव की गंगाधरेश्वर स्वरूप की यह प्रतिमा पूरे भारत में मात्र दूसरी है। पहली प्रतिमा केरल के एजिमला में स्थित है। इससे नादौन की धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्ता और भी बढ़ गई है।

40 लाख से हो रहा कैलाश पर्वत का निर्माण

परियोजना की जानकारी देते हुए खंड विकास अधिकारी नादौन निशांत शर्मा ने बताया कि इस निर्माण पर लगभग ₹40 लाख की राशि व्यय की जा रही है तथा कार्य शीघ्र ही पूर्ण होने की कगार पर है। उन्होंने शानदार कार्य के लिए ग्राम पंचायत फस्टे की पूरी टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा लोगों को ऐतिहासिक स्थल के दर्शन के लिए आमंत्रित किया। धाम परिसर में बच्चों के लिए झूले, जिम व पार्क भी विकसित किया गया है और आने वाले समय में अन्य पर्यटन सुविधाएं भी जोड़ी जाएंगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री महोदय के विज़न के तहत पर्यटन विभाग के अलावा विकास खंड नादौन में ग्राम पंचायतों के माध्यम से भी विभिन्न ग्रामीण पर्यटन विकास की योजनाएं स्थापित की जा रही हैं। नादौन का बिल्वकालेश्वर धाम इस दिशा में एक अनूठी पहचान बनने जा रहा है।

विकास में पीछे नहीं रहेगा बड़सर : लखनपाल

राकेश ने प्रबुद्धजन संवाद में गिनाईं मोदी सरकार की उपलब्धियां

एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान

बड़सर। भारतीय जनता पार्टी बड़सर मंडल द्वारा प्रबुद्धजन संवाद कार्यक्रम का सफल एवं ऐतिहासिक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े शिक्षाविद, व्यापारी, चिकित्सक, वकील, किसान, युवा एवं समाजसेवी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

भाजपा मंडल बड़सर ने प्रबुद्धजन संवाद कार्यक्रम का सफल आयोजन किया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के जागरूक वर्ग से सीधा संवाद स्थापित करना एवं क्षेत्रीय विकास व जनहित से जुड़े मुद्दों पर उनके सुझाव प्राप्त करना रहा।

मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो हर वर्ग से सीधा संवाद स्थापित करती है और जनभावनाओं को प्राथमिकता देती है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाईं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, जल जीवन मिशन, पीएम किसान सम्मान निधि, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और मेक इन इंडिया जैसी योजनाएं, जिनसे देश का हर वर्ग लाभान्वित हो रहा है।

विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा कि उन्होंने बड़सर क्षेत्र के विकास को हमेशा प्राथमिकता दी है। क्षेत्र में सिविल अस्पतालों को सशक्त बनाना, शिक्षा संस्थानों का विस्तार, सड़क नेटवर्क का सुदृढ़ीकरण और बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाना उनकी प्रमुख उपलब्धियों में शामिल है। उन्होंने कहा कि यह संवाद कार्यक्रम जनभागीदारी को सशक्त बनाएगा और मिले सुझावों के आधार पर आगे की कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

इस अवसर पर भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें जिला महामंत्री अजय रिंटू, मंडल अध्यक्ष संजीव शर्मा, मीडिया प्रभारी विक्रमजीत बन्याल, युवा मोर्चा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी आशीष ठाकुर सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल थे। कार्यक्रम में जनसंपर्क, समर्पण और विकास की प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से नजर आई।

मोक्षधाम और बावड़ियों के सुधार के लिए मांगा बजट

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। ग्राम सुधार सभा रजिस्टर्ड बकारटी ग्राम पंचायत जंगल रोपा की विशेष बैठक सभा के प्रधान सोमदत्त शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई, इसमें सर्व सम्मति से निम्न लिखित प्रस्ताव पास किए गए। गांव बकारटी के मोक्ष धाम जिसमें बरसात के मौसम में लगभग 6 गांवों के लोग कुसवाड़, बाहडला, पियादकु, उलेहड़ा, बकारटी आदि गांवों से अंतिम संस्कार करने के लिए आते हैं। उसमें दो रिटेनिंग वाल लगाने, लोगों को बरसात के मौसम में और धूप से बचाव के लिए शेड के निर्माण शमशानघाट को सड़क से लिंक करने के लिए सड़क का निर्माण और गांव की दोनो बावड़ियों की मरम्मत और रिटेनिंग वाल का काम जो इस बरसात के मौसम में क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। इसके लिए आए हुए सभी सदस्यों ने एक स्वर में लोकसभा के सांसद एवं पूर्व राज्य वित्त मंत्री अनुराग ठाकुर, राज्य सभा के सांसद सिकंदर कुमार और स्थानीय विधायक आशीष शर्मा से पुरजोर अनुरोध किया है कि इन सार्वजनिक हित के बहुत ही जरूरी कामों के लिए लगभग 20 लाख रुपए के बजट का प्रावधान करने का आग्रह किया है। इस बैठक में प्रधान सोम दत्त शर्मा और महासचिव राज कुमार के अतिरिक्त रमेश शर्मा, देश राज चौधरी, पवन चौधरी, ओम प्रकाश चौधरी, रविंद्र कानूनगो, पृथ्वी चंद, संत राम, रत्न शर्मा, सुशील शर्मा, अमर सिंह धीमान, रमेश चंद, अशोक कुमार, खेम राज, प्रेम चंद आदि सदस्यों ने भाग लिया।

प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर रही विफल: पवन काजल

भाजपा मंडल नादौन की बैठक में शामिल हुए विधायक पवन काजल व अन्य।

अनंत ज्ञान, नादौन

भाजपा मंडल नादौन व मंडल गलोड़ की बैठक मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र पठानिया और मंडल अध्यक्ष राकेश शर्मा की अध्यक्षता में बढेडा मंदिर परिसर में हुई। इस बैठक में मुख्यातिथि के रूप में विधायक पवन काजल और विशिष्ट अतिथि के रूप में नादौन विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री उपस्थित रहे। मुख्यअतिथि पवन काजल ने प्रदेश सरकार पर भी तीखा हमला बोलते हुए बताया की प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर पूरी तरह से विफल रही है व आने वाले 2027 के चुनाव में प्रदेश की जनता कांग्रेस को पूरा सबक सिखाएगी।

यह जानकारी मंडल मीडिया प्रभारी राजेश रिंकू ने दी। उन्होंने बताया कि। बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री ने बताया कि 2014 से केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जब से सरकार बनी है तब से देश ने हर क्षेत्र में विकास के साथ-साथ नए आयाम स्थापित किए हैं। इस अवसर पर मंडल महामंत्री सुरेंद्र शर्मा, सुरेश चौधरी, अजय शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष कैप्टन हरदयाल सिंह, पूर्व मंडल महामंत्री रजिंद्र ठाकुर, जिला सचिव मनजीत ठाकुर, जिला परिषद सदस्य आशीष डोगरा, जिला परिषद सदस्य लहडा वार्ड संजीव सेठी, शकुंतला, सविता शर्मा, प्यार सिंह सहित कई मौजूद रहे।

संकट की घड़ी में सनातन सेवा समिति बनीं जरूरतमंदों की सहारा

अनंत ज्ञान, बड़सर

बड़सर क्षेत्र में भारी वर्षा के कारण प्रभावित हुए जरूरतमंद परिवारों को सनातन सेवा समिति द्वारा मानवीय सहायता प्रदान की जा रही है। गांव जझल की विधवा रजनी देवी, जिनका कच्चा मकान गिर गया, इस आपदा की शिकार बनी हैं। रजनी देवी की दो उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही बेटियां और वृद्ध सास पूरी तरह से उन्हीं पर आश्रित हैं। पति की मृत्यु के बाद से लगातार संकट झेल रही रजनी देवी ने कभी हार नहीं मानी।

घटना की सूचना मिलते ही सेवा भारती की टीम मौके पर पहुंची और परिवार को आवश्यक घरेलू सामग्री, दैनिक उपयोग की वस्तुएं और बेटियों की पढ़ाई में मदद का आश्वासन दिया।

बड़सर में विधवा व पीड़ित परिवारों को मिली मदद

दूसरी ओर, गांव घाटा पंगा के रणवीर सिंह का कच्चा मकान भी आंशिक रूप से गिर चुका है। वह अपने परिवार सहित गारली बाजार में किराए के कमरे में रह रहे हैं। सेवा भारती ने उन्हें गैस चूल्हा, बर्तन, बिस्तर, कपड़े, खाद्य सामग्री और अन्य जरूरी वस्तुएं भेंट कीं। साथ ही, रणवीर की पत्नी को आत्मनिर्भर बनाने के लिए टेलरिंग या अन्य हुनर सीखने के लिए प्रेरित किया गया। सनातन सेवा समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा ने इस अभियान में सेवा भारती कार्यकर्ताओं का सहयोग करते हुए सेवा के इस भाव को और बल प्रदान किया।

रोजगार मेला बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ में युवाओं को रोजगार दिलाने का प्रयास

सीपीयू में बेरोजगार युवाओं का हुआ पंजीकरण

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

मिशन रोजगार हिमाचल के तहत हमीरपुर की करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी भोरंज में 18वें रोजगार मेले का आयोजन किया। इस रोजगार मेले का आयोजन औद्योगिक संस्था लघु उद्योग संघ और बद्दी की सामाजिक संस्था हिमालया जनकलयाण समिति ने किया।

करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी में लगे इस मेले का शुभारंभ विवि के रजिस्ट्रार गुलशन संधू व मिशन रोजगार के संयोजक डा. रणेश राणा ने किया। रोजगार मेले में हमीरपुर जिले के भोरंज व आसपास से आए बेरोजगार युवक-युवतियों का पंजीकरण किया गया। हिमालया जनकल्याण समिति की उपाध्यक्ष डिंपल परमार व लघु उद्योग संघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ. रुप किशोर ठाकुर ने कहा कि रोजगार मेले में चार दर्जन से ज्यादा बेरोजगार युवाओं का पंजीकरण किया। जिनको उनकी योग्यता के अनुसार बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ के कारखानों में यथासंभव समायोजित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार गुलशन संधू ने रोजगार मेले में बद्दी से आए उद्योगों, कंपनियों, हिमालया एनजीओ, लघु उद्योग संघ व प्लेसमेंट एजेंसियों का आभार जताया और कहा कि इस कार्यक्रम से हमारे विश्वविद्यालय के साथ साथ आसपास की पंचायतों को भरपूर लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि आगामी शैक्षणिक सत्र के बाद भोटा (हमीरपुर) शहर में एक रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा।

बीबीएन में रोजगार की अपार संभावनाएं: डॉ. किशोर ठाकुर

लघु उद्योग संघ के प्रभारी डा. किशोर ठाकुर ने कहा कि बद्दी , बरोटीवाला, नालागढ़ के उद्योगों में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं । हमीरपुर के इस रोजगार मेले में चार दर्जन से ज्यादा जो भी शिक्षित, अल्प शिक्षित व डिप्लोमा होल्डर व आईटीआई शिक्षा प्राप्त बेरोजगार युवा पंजीकृत हुए हैं उनका साक्षात्कार लेकर उनको योग्यतानुसार रोजगार दिलाया जाएगा।

बीएससी एग्रीकल्चर में प्रवेश की अंतिम तिथि 30 तक बढ़ी

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी (सीपीयू) ने विद्यार्थियों की मांग और सुविधा को ध्यान में रखते हुए बीएससी एग्रीकल्चर एवं अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि 30 सितंबर तक बढ़ा दी है। अब इच्छुक छात्र इस तिथि तक आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजीव शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह निर्णय छात्रों की उच्च रुचि को देखते हुए लिया गया है। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक युवाओं के लिए यह एक सुनहरा अवसर है। सीपीयू का उद्देश्य है कि विद्यार्थियों को आधुनिक कृषि तकनीकों और एआई जैसे उन्नत उपकरणों से सशक्त बनाकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाए। डॉ. शर्मा ने बताया कि पारंपरिक कृषि शिक्षा में जहां मिट्टी, फसल, कीट एवं जल प्रबंधन पर ध्यान दिया जाता है, वहीं अब एआई, मशीन लर्निंग, ड्रोन, सेंसर्स और डेटा एनालिटिक्स जैसी तकनीकों को जोड़कर खेती को और स्मार्ट व सटीक बनाया जा रहा है। इस तरह का तकनीकी संयोजन विद्यार्थियों को एग्री-टेक स्टार्टअप्स, अनुसंधान, सरकारी योजनाओं और निजी कृषि कंपनियों में बेहतर रोजगार के अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि बीएससी एग्रीकल्चर अब सिर्फ एक डिग्री नहीं, बल्कि भारत की कृषि में तकनीकी क्रांति का मार्ग प्रशस्त करने वाला माध्यम बनती जा रही है।

सनवारा टोल प्लाजा पर टोल वसूली बंद, बैरियर हटाए

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। कालका-शिमला नेशनल हाईवे-5 पर चलने वाले वाहन चालकों को बड़ी राहत मिली है। शनिवार से सनवारा टोल प्लाजा पर टोल वसूली रोक दी गई है। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने सड़क की खराब हालत को देखते हुए आदेश दिया कि जब तक हाईवे की मरम्मत पूरी नहीं होती, टोल वसूला नहीं जाएगा। आदेश के तुरंत बाद टोल बैरियर हटा दिए गए और यात्रियों का आवागमन अब पूरी तरह से मुक्त हो गया।

हिमाचल हाईकोर्ट के आदेशों के बाद सफर हुआ निशुल्क

जानकारी के अनुसार इस हाईवे पर वर्ष 2021 से टोल वसूली हो रही थी, लेकिन परवाणू से सोलन तक के फोरलेन की स्थिति बेहद खराब है। विशेषकर चक्कीमोड़ क्षेत्र में सड़क पिछले दो वर्षों से पूरी तरह सुरक्षित नहीं है। बारिश के मौसम में पहाड़ियों का धंसना और सड़क का खराब होना यात्रियों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन जाता है। रोजाना लगभग 12 से 15 हजार वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं और लाखों रुपये टोल के रूप में इकट्ठा होते हैं, लेकिन खराब सड़क की वजह से लोग टोल देने के बावजूद बेहतर सुविधा का अनुभव नहीं कर पा रहे थे। जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने 30 अक्तूबर तक टोल वसूली बंद रखने और सड़क की मरम्मत के निर्देश दिए हैं।

प्रदेश में आपदा प्रबंधन होगा और सशक्त

एसडीआरएफ को आधुनिक प्रशिक्षण व एआई आधारित प्रणाली से मिलेगी मजबूती

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश में बढ़ती प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए राज्य सरकार ने आपदा प्रबंधन की दिशा में नए कदम उठाने का निर्णय लिया है। प्रदेश में राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल को तकनीकी रूप से सुदृढ़ बनाने, प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार करने और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित निर्णय प्रणाली को लागू करने की रूपरेखा तैयार की जा रही है। यह कदम राज्य के दुर्गम और संवेदनशील क्षेत्रों में त्वरित व प्रभावी बचाव कार्य सुनिश्चित करने में मददगार साबित होंगे।

फाइल फोटो

जानकारी के अनुसार प्रदेश के पर्वतीय व ऊंचाई वाले इलाकों में बार-बार आने वाली आपदाओं को देखते हुए एसडीआरएफ के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम विकसित किए जाएंगे। इन प्रशिक्षणों में ड्रोन संचालन, दुर्गम क्षेत्रों में फंसे लोगों का पता लगाने, क्षति का सटीक आकलन करने और आवश्यक आपूर्ति को समय पर पहुंचाने जैसे व्यावहारिक अभ्यास शामिल होंगे। इससे आपदा के दौरान राहत एवं बचाव कार्य अधिक कारगर हो सकेंगे।

तकनीक व प्रशिक्षण पर जोर देने की कार्य योजना तैयार

आपदा प्रबंधन को और प्रभावी बनाने के लिए राज्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित दिशा-निर्देश लागू किए जाएंगे। एआई तकनीक से आपदा का पूर्वानुमान, क्षति का तत्काल आकलन, राहत संसाधनों का वैज्ञानिक वितरण और सार्वजनिक चेतावनी प्रणाली अधिक सटीक बन सकेगी। यह तकनीक मौसम के ऐतिहासिक पैटर्न और वास्तविक समय के डाटा का विश्लेषण कर राहत कार्यों को तेज गति से संचालित करने में सहायक होगी।

मलबा निपटान और नए केंद्रों की होगी स्थापना

आपदाओं के बाद बड़ी चुनौती के रूप में सामने आने वाले मलबे और गाद के निपटान के लिए पर्यावरण हितैषी प्रोटोकॉल बनाया जाएगा। इसमें मलबे के पुनर्चक्रण, मृदा संरक्षण और सुरक्षित स्थलों पर निपटान जैसे उपाय शामिल होंगे। साथ ही मंडी में एनडीआरएफ मुख्यालय तथा सोलन के नालागढ़ और शिमला के रामपुर में क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र स्थापित करने की प्रक्रिया को तेज किया जाएगा।

उच्च स्तरीय बैठक में बनी रणनीति

राज्य सरकार की उच्च स्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, एनडीआरएफ, भारतीय मौसम विभाग, भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, लोक निर्माण विभाग और वन विभाग सहित कई एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक में आपदा प्रबंधन क्षमताओं को और सशक्त करने की दिशा में भी व्यापक चर्चा हुई।

शिमला प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधा के लिए कसी कमर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

नवरात्र और दशहरे के मौके पर शिमला जिला प्रशासन ने मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए व्यापक और सख्त व्यवस्थाओं के आदेश जारी किए हैं। उपायुक्त एवं आयुक्त मंदिर शिमला अनुपम कश्यप ने साफ शब्दों में कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 22 सितंबर से 2 अक्तूबर तक जिले के प्रमुख मंदिरों में विशेष प्रबंध लागू रहेंगे, ताकि श्रद्धालु, स्थानीय लोग और पर्यटक सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण में पूजा-अर्चना कर सकें।

नवरात्र का खुशनुमा आगाज

सुरक्षा और कानून व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया है। मंदिर परिसरों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और भगदड़ जैसी अप्रिय घटनाओं से बचने के लिए प्रवेश और निकासी के अलग-अलग मार्ग तय किए गए हैं। प्रशासन ने साफ कहा है कि मंदिरों में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रोजाना कड़ी निगरानी की जाएगी।

स्वच्छता और स्वास्थ्य सेवाओं को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में नियमित सफाई की जाएगी। अस्थायी शौचालय, पेयजल सुविधा, कूड़ा निस्तारण और डस्टबिन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। फर्स्ट एड कैंप, एंबुलेंस और अग्निशमन विभाग के फायर टेंडर भी मंदिर परिसर में मुस्तैद रहेंगे। स्थानीय निकायों को 24 घंटे सफाई कर्मियों की तैनाती करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की असुविधा न हो।

यातायात और मार्गदर्शन के लिए ट्रैफिक डायवर्जन प्लान लागू किया गया है। मंदिरों के आसपास पर्याप्त पार्किंग स्थलों की पहचान की गई है और श्रद्धालुओं को मार्गदर्शन देने के लिए सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली स्थापित की गई है। मंदिर परिसरों और रास्तों में पर्याप्त रोशनी की जाएगी और बिजली-पानी की आपूर्ति पर विभागीय समन्वय किया जाएगा। भीड़ में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों पर विशेष ध्यान देने के भी निर्देश दिए गए हैं। जाखू मंदिर में एस्केलेटर को केवल एकतरफा संचालित किया जाएगा ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। उपायुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि सभी उपमंडल दंडाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में व्यवस्थाओं की व्यक्तिगत निगरानी करेंगे और रोजाना की रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय को भेजेंगे। प्रशासन नवरात्रों और दशहरे के अवसर पर श्रद्धालुओं को सुरक्षित, स्वच्छ और व्यवस्थित माहौल देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। मंदिरों में फर्स्ट एड और स्वास्थ्य सेवाएं हर समय उपलब्ध रहेंगी। मंदिर परिसर और आसपास की स्वच्छता व रोशनी का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

न्यूज ब्रीफ

संजीवनी सहारा समिति ने जरूरतमंद को दी 20 हजार रुपए की आर्थिक मदद

अनंत ज्ञान, रोहड़ू। संजीवनी सहारा समिति रोहड़ू ने मानव सेवा की अपनी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आर्थिक रूप से कमजोर एक जरूरतमंद व्यक्ति को राशन सामग्री के लिए 20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की है। इसमें खुशहाल नेगी जो नेगी इंटरप्राइजेज के मालिक है उन्होंने 1500 रुपए का निजी सहयोग दिया है। समिति के अध्यक्ष गोपाल चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि समिति में वर्तमान में लगभग 250 सदस्य सक्रिय हैं, जिनके सहयोग से ऐसे सामाजिक कार्य निरंतर संपन्न हो रहे हैं। इस अवसर पर सहायक महासचिव सागर राठौर, मुख्य सलाहकार राजेश चौहान, सचिन, संजू डंडा व समर ठाकुर विशेष रूप से मौजूद रहे।

डिप्टी सीएम ने बीएसएफ जवान कर्म दीन के निधन पर जताया शोक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने ऊना जिले की चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के गांव मसलाना निवासी 24 बटालियन बीएसएफ में तैनात एएसआई कर्म दीन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि कर्म दीन ने देश की सेवा में रहते हुए अपना अमूल्य योगदान दिया। उनका निधन समाज और परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने परमपिता परमात्मा से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

प्रदेशभर के कर्मचारी और रिटायर कर्मचारी करेंगे धरना-प्रदर्शन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री देवेंद्र चोपड़ा ने बताया कि आगामी धरना प्रदर्शन में संघ के प्रदेश महामंत्री यशपाल हेटा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, सुषमा शर्मा और मीडिया प्रभारी प्रदीप तोमर भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

धरना-प्रदर्शन में लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, सिविल सप्लाई, बिजली बोर्ड, पंचायती राज, नगर निगम, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, परिवहन, शिक्षा, पर्यटन, सहकारिता, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के कर्मचारी शामिल होंगे। इसके अलावा यूको बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, ग्रामीण बैंक और जल प्रबंधन निगम लिमिटेड के प्रतिनिधि भी इस आयोजन में भाग लेंगे।

रिटायर कर्मचारियों की मुख्य मांगें

इस प्रदर्शन में सभी विभागों के रिटायर कर्मचारी भी सक्रिय भागीदारी करेंगे। मुख्य मांगों में महंगाई भत्ता और उसका एरियर, छठे वेतन आयोग के लाभ, कर्मचारियों को हाई ग्रेड-पे, रिटायर कर्मचारियों को समय पर पेंशन और मेडिकल बिल का भुगतान शामिल हैं। साथ ही पुरानी पेंशन को सभी विभागों में लागू करने, टेलरिंग टीचरों को पंचायत विभाग में नियमित करने, जिला परिषद कर्मचारियों को पंचायत विभाग के अधीन लाने, आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए स्थायी नीति और न्यूनतम वेतन देने की मांग भी उठाई जाएगी।

शिमला में होगा आयुष मंथन कॉन्क्लेव

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। प्रदेश सरकार का आयुष विभाग 23 सितंबर को पूरे राज्य में बड़े उत्साह के साथ आयुर्वेद दिवस मनाएगा। विभिन्न जिलों में स्वास्थ्य शिविर, जागरूकता व्याख्यान और जनसंवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित होंगे, ताकि लोगों को आयुर्वेद और पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के लाभों से अवगत कराया जा सके। राज्य में आयुष सतत विकास के लिए एक रोडमैप नामक एक दिवसीय कॉन्क्लेव होगा, जिसकी अध्यक्षता आयुष मंत्री करेंगे। इसमें वरिष्ठ अधिकारी, विशेषज्ञ और उद्योग प्रतिनिधि शामिल होंगे। कॉन्क्लेव में गैर-लकड़ी वन उत्पादों के उपयोग, सरकारी आयुष फार्मेसियों को मजबूत करने और वेलनेस पर्यटन को बढ़ावा देने पर चर्चा होगी। विभाग का कहना है कि यह पहल स्वास्थ्य सेवा के साथ-साथ रोजगार, संसाधन प्रबंधन और सामाजिक-आर्थिक विकास का मार्ग भी प्रशस्त करेगी।

हिमाचल यातायात स्वयंसेवक योजना में छात्रों को दी जाए प्राथमिकता

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश व्यावसायिक शिक्षक संघ ने राज्य सरकार से आग्रह किया है कि नव आरंभ की गई हिमाचल यातायात स्वयंसेवक योजना में निजी सुरक्षा विषय के छात्रों को प्राथमिकता दी जाए। सरकार की इस योजना के तहत यातायात प्रबंधन और सड़क सुरक्षा में योगदान देने वाले नागरिकों को प्रति घंटे 40 का मानदेय दिया जाता है।

संघ के अनुसार, कक्षा 12वीं के निजी सुरक्षा प्रशिक्षण प्राप्त छात्र इस भूमिका के लिए उपयुक्त हैं क्योंकि उनके पास पहले से ही अनुशासन, सुरक्षा और नियमन का कौशल मौजूद होता है। व्यावसायिक शिक्षक संघ ने कहा कि इस पहल से न केवल रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, बल्कि अधिक से अधिक छात्र कौशल आधारित शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण की ओर प्रेरित होंगे। यह कदम स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा को अपनाने को प्रोत्साहित करेगा और राज्य के कौशल विकास पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करेगा।

संघ के अध्यक्ष अश्विनी दतवालिया और निजी सुरक्षा व्यापार प्रतिनिधि शिव आनंद शर्मा ने इस मांग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरकार का समर्थन व्यावसायिक शिक्षा के दायरे को बढ़ा सकता है और निजी सुरक्षा एवं सड़क सुरक्षा प्रबंधन में प्रशिक्षित युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित कर सकता है।

'युवा फिट तो देश हिट' की भावना का साकार रूप है नमो युवा रन : जयराम ठाकुर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा के तहत भारतीय जनता युवा मोर्चा ने रविवार को राजधानी शिमला में नमो युवा रन का भव्य आयोजन किया। रिज मैदान से चौड़ा मैदान तक आयोजित इस रन में 1500 से अधिक युवाओं ने भाग लेकर इसे सफल बनाया। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और लोकप्रिय गायक मोहित चौहान मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सन्नी शुक्ल ने की।

नमो युवा रन में भाग लेते प्रतिभागियों से हाथ मिलाते जयराम ठाकुर।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का सपना है कि भारत के युवा स्वस्थ, ऊर्जावान और अनुशासित बनें। 'युवा फिट तो देश हिट' केवल नारा नहीं, बल्कि यह देश की प्रगति का मूलमंत्र है। नमो युवा रन इसी भावना का प्रतीक है, जो फिट इंडिया मूवमेंट और 'खेलेगा इंडिया, जीतेगा इंडिया' जैसे अभियानों को और गति देगा।

जयराम ने कहा कि युवा पीढ़ी मोबाइल और सोशल मीडिया की दुनिया में उलझकर शारीरिक गतिविधियों से दूर होती जा रही है। नमो युवा रन न केवल स्वास्थ्य और फिटनेस का संदेश देता है, बल्कि युवाओं को नशे से दूर रहकर खेल और अनुशासन की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। हजारों युवाओं को एक साथ दौड़ते देखना, राष्ट्रभक्ति और एकता की उस भावना का प्रतीक है, जो सशक्त और आत्मनिर्भर भारत की नींव रखती है।

नेता प्रतिपक्ष ने सभी युवाओं से आह्वान किया कि वे केवल एक दिन नहीं, बल्कि हर दिन फिटनेस को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। जब युवा जागेगा, तभी भारत आगे बढ़ेगा। उन्होंने नमो युवा रन को सफल बनाने के लिए युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ल और उनकी पूरी टीम को शुभकामनाएं भी दीं।

वहीं, कार्यक्रम का आकर्षण रहे हिमाचल के लोकप्रिय गायक मोहित चौहान ने अपने गीत 'शिव कैलाशो के वासी, धौली धारों के राजा' से युवाओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। चौहान ने अपने जीवन और हिमाचल से जुड़े अनुभव साझा करते हुए कहा कि जिस तरह पहाड़ उन्हें हमेशा ऊर्जा और प्रेरणा देते हैं, उसी तरह युवाओं को भी खेल और संगीत से जुड़ना चाहिए।

चौहान ने युवाओं से नशे के खिलाफ लड़ाई को जीवन का संकल्प बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत का भविष्य तभी सुरक्षित होगा जब युवा नशे से मुक्त रहेंगे और अपनी ऊर्जा राष्ट्रनिर्माण में लगाएंगे।

न्याय पाने को दर-दर की ठोकरें खाने को हुआ मजबूर बीर सिंह

दशमी रावत, अनंत ज्ञान

रोहड़ू। धोखाधड़ी व ठगी का शिकार हुआ रोहड़ू उपमंडल के अढाल गांव का बीर सिंह ठाकुर न्याय पाने के लिए पिछले दस माह से दर-दर की ठोकरें खा रहा है, लेकिन उसे कहीं से भी न्याय नहीं मिल रहा। अपने साथ हुई 40 लाख रुपए की इस धोखाधड़ी के मामले में बीर सिंह ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान लगाए हैं और पुलिस पर विल्सन झामटा के खिलाफ कार्रवाई में ढील बरतने का आरोप लगाया है। ठाकुर ने जारी प्रेस ब्यान में बताया कि उसके साथ रोहड़ू के ही एक व्यापारी जो झामटा इलेक्ट्रनिक्स नाम की दुकान चलाता था, ने लाखों रुपए की ठगी की है।

बीर ने बताया कि रोहड़ू से करोड़ों रुपए डकार कर फरार हुए विल्सन झामटा ने उसके हस्ताक्षरित चेक व बाउचर के माध्यम से 27 दिसंबर 2023 से लेकर 7 फरवरी 2024 के बीच कुल 40 लाख रुपए निकाले है। झामटा ने केवल दस लाख रुपए लौटा दिए थे और बाकि के तीस लाख रुपए के उसके द्वारा दिए गए तीन चेक बाउंस हो गए है।

उन्होंने कहा कि बैंक स्टेटमेंट से साबित होता है कि को-ऑपरेटिव बैंक के एक कर्मचारी की मिलीभगत से उसकी धन राशि विभिन्न खातों में ट्रांसफर कर मुख्य सरगना और उसके साथियों द्वारा निकाली गई। विल्सन झामटा पिछले दस माह से रोहड़ू में अपनी दुकान बंद कर फरार है और उसकी पत्नी, पिता व अन्य लोग उसे छुपा रहे है, जबकि 9 जनवरी 2025 को पुलिस थाना रोहड़ू व 21 जुलाई 2025 को पुलिस अधीक्षक शिमला को और 25 अगस्त 2025 को डीएसपी रोहड़ू को सीसीटीवी साक्ष्य भी सौंपें है।

जिसमें ठगी करने वाला सरगना विल्सन झामटा व उसका परिवार पंजाब के जिरकपुर में साफ दिखाई दे रहा है। फिर भी पुलिस ने उसके खिलाफ अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है, जो पुलिस प्रशासन की लापरवाही व कमजोरी को दर्शाता है। बीर ने उच्चाधिकारियों से मांग करते हुए कहा है कि मामले में नामजद सभी व्यक्तियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया जाए और आगे की जांच गंभीरतापूर्वक तेजी से बढ़ाई जाए।

निजी जीवन पर वार कर विपक्ष ने खो दी राजनीतिक जमीन : नरेश चौहान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की विदेश यात्रा को लेकर भाजपा नेताओं द्वारा की जा रही बयानबाजी पर मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान ने करारा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष अब इस स्थिति तक पहुंच चुका है कि उसके पास सरकार और मुख्यमंत्री के खिलाफ कहने को कोई ठोस और जनस्वीकार्य मुद्दा नहीं बचा है। बेटी के दाखिले के लिए विदेश गए मुख्यमंत्री पर निजी टिप्पणी करना भाजपा के बौद्धिक और नैतिक पतन की पराकाष्ठा है।

चौहान ने कहा कि सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू बतौर मुख्यमंत्री पूरी निष्ठा से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं और अपेक्षाओं से बढ़कर जनसेवा का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक जीवन से इतर मुख्यमंत्री एक पिता भी हैं और बेटी की उच्च शिक्षा के लिए दाखिला करवाना उनका पारिवारिक दायित्व है। ऐसे निजी कर्तव्य को लेकर असभ्य टिप्पणियां करना विपक्ष की ओछी मानसिकता और बौखलाहट का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भाजपा मुद्दों से पूरी तरह खाली हो चुकी है और इसी हताशा में अब निजी जीवन पर हमले करने पर उतारू है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में अढ़ाई वर्षों में सरकार ने हिमाचल की तस्वीर बदलने वाले फैसले लिए हैं। भाजपा विपक्ष की अपनी संवैधानिक भूमिका पूरी तरह भूल चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष सकारात्मक राजनीति से हटकर अब ट्रोल आर्मी बनकर रह गया है।

आपसी कलह में उलझी भाजपा

नरेश चौहान ने कहा कि भाजपा आज पांच गुटों में बंट चुकी है और आपसी कलह के कारण जनता से पूरी तरह कट गई है। उन्होंने तंज कसा कि विपक्ष जनता के बीच जाकर देखे तो साफ हो जाएगा कि सुक्खू सरकार की योजनाएं लोगों के जीवन में खुशहाली ला रही हैं।

जनता का विश्वास ही विपक्ष की सबसे बड़ी परेशानी

चौहान ने कहा कि हिमाचल की जनता मुख्यमंत्री की नीतियों से संतुष्ट है और उनके प्रति स्नेह और सम्मान लगातार बढ़ रहा है। जनता का यह विश्वास ही भाजपा को सबसे ज्यादा बेचैन कर रहा है। उन्होंने कहा कि जनता का भरोसा खो चुकी भाजपा अब केवल नकारात्मक राजनीति और निजी वार तक सिमटकर रह गई है।

खुशखबरी प्राचीन मंदिरों, किलों, संग्रहालयों और पर्यटक सुविधाओं के जीर्णोद्धार व संवर्द्धन का कार्य तेज

हिमाचल में मंदिरों के संरक्षण को 550 करोड़ रुपए मंजूर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में राज्य की सांस्कृतिक धरोहरों और धार्मिक स्थलों के संरक्षण तथा विकास के लिए व्यापक निवेश कर रही है। सरकार ने अब तक कुल 550 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि मंजूर की है, जिसका उपयोग प्राचीन मंदिरों, किलों, संग्रहालयों और पर्यटक सुविधाओं के जीर्णोद्धार व संवर्द्धन में किया जा रहा है।

राज्य में पुरातन मंदिरों, किलों और ऐतिहासिक स्थलों के जीर्णोद्धार के लिए लगभग 50 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं, जबकि सरकार द्वारा अधिग्रहित मंदिरों के विकास कार्यों के लिए लगभग 37 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर के लिए 56.26 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं और इसके साथ ही एक भव्य परिसर के निर्माण के लिए लगभग 250 करोड़ रुपए का प्रोजेक्ट संचालित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त माता श्री ज्वालाजी और माता श्री नयना देवी मंदिरों के लिए 100-100 करोड़ रुपए के पैकेज स्वीकृत किए गए हैं। संस्कृति और ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण हेतु लगभग 11.16 करोड़ रुपए अलग आवंटित किए गए हैं तथा मंदिरों में नियमित पूजा-अर्चना और अधोसंरचना के रखरखाव के लिए एक करोड़ रुपए की वार्षिक सहायता व्यवस्था है। छोटे मंदिरों के लिए दी जाने वाली पूजा-सहायिता राशि वर्ष 2025-26 में दोगुनी कर दी गई है।

सीएम सुक्खू के नेतृत्व में तीर्थयात्रियों को दी जा रही सुगमता व डिजिटल सेवाएं



श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अगस्त 2023 में माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में 'सुगम दर्शन प्रणाली' आरम्भ की गई, जिससे भीड़ प्रबंधन सहज हुआ और बुजुर्ग व विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों को सुगमता से दर्शन की सुविधा मिलने लगी। इस दौरान ऑनलाइन लंगर बुकिंग और ऑनलाइन दर्शन जैसी डिजिटल सेवाएं भी शुरू की गई हैं और इन सुविधाओं को राज्य के अन्य प्रमुख मंदिरों में शीघ्र विस्तारित करने का प्रावधान है। इन पहलुओं से धार्मिक पर्यटन को व्यवस्थित करने और तीर्थयात्रा के अनुभव को सुरक्षित व आरामदेह बनाने में मदद मिलेगी।

धार्मिक व्यवस्थाओं की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए पुजारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। हाल ही में माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर के 15 और माता श्री नैना देवी मंदिर के 10 पुजारियों को बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के माध्यम से ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। शिमला स्थित ऐतिहासिक बैंटनी कैसल का जीर्णोद्धार कर इसे नया स्वरूप दिया गया है और सितंबर 2023 में यहां लाइट-एंड-साउंड शो प्रारंभ हुआ। इसी परियोजना के तहत लगभग 25 करोड़ रुपए विनियोजित किए गए हैं और परिसर में एक डिजिटल संग्रहालय स्थापित करने की योजना है। स्थानीय शिल्प और व्यंजनों को बढ़ावा देने के लिए 'पहाड़ी आंगन' स्टाल स्थापित किए जा रहे हैं जो दिल्ली हाट जैसी प्रणाली से जुड़कर पर्यटकों का आकर्षण बन रहे हैं। जिला मुख्यालयों में छोटे सभागार बनाये जा रहे हैं और पांच जिलों में ये तैयार हो चुके हैं। राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय मेलों के लिए वित्तीय सहायता वर्ष 2023-24 में 66.50 लाख रुपए और 2024-25 में 1.10 करोड़ रुपए दी गई है। गैर सरकारी संस्थाओं को सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए 2023-24 में 70.40 लाख और 2024-25 में 58.35 लाख रुपए प्रदान किए गए।

संग्रहालय की 28 दीर्घाओं में 1500 से अधिक दुर्लभ वस्तुएं प्रदर्शित

हिमाचल राज्य संग्रहालय, शिमला ने जनवरी 2024 में अपनी स्थापना के 50 वर्ष पूरे किए। संग्रहालय की 28 दीर्घाओं में 1500 से अधिक दुर्लभ वस्तुएं प्रदर्शित हैं। शिमला म्यूजिक फेस्टिवल, हिम महोत्सव एवं दिल्ली हाट जैसे कार्यक्रमों का आयोजन जारी है और संस्कृत तथा टांकरी लिपि पर प्रशिक्षण कार्यशालाएं भी आयोजित की जा रही हैं।

प्रदेश में अनाथ बच्चों को शादी के लिए मिलेगी 2 लाख की वित्तीय सहायता

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

प्रदेश सरकार अब मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत अनाथ बच्चों की शादी का खर्च भी वहन कर रही है। इस योजना के अंतर्गत बच्चों को विवाह के लिए 2 लाख रुपए की वित्तीय सहायता दी जाती है, जिसमें से 60 हजार रुपए एफडी के रूप में भविष्य की जरूरत के लिए सुरक्षित रखे जाते हैं। जिला शिमला में इस वित्तीय वर्ष में अभी तक पांच लाभार्थियों को यह सहायता प्रदान की जा चुकी है, जबकि प्रदेश भर में कुल 227 बच्चे योजना का लाभ ले रहे हैं।

60 हजार रुपए एफडी के रूप में कराए जाते हैं जमा

प्रदेशभर में कुल 227 बच्चे योजना का ले रहे लाभ

जिला शिमला के जुब्बल क्षेत्र की विभूति मस्ताना को इस योजना से विवाह में बड़ी राहत मिली। माता-पिता के निधन के बाद वह इस योजना के तहत मासिक चार हजार रुपए की सहायता प्राप्त कर रही थीं। शादी तय होने पर विभूति ने आवेदन किया और उन्हें दो लाख रुपए मिले। विभूति ने कहा कि यह योजना माता-पिता के स्नेह और सहारे जैसी है और सरकार ने उनके भविष्य की चिंता दूर की है।

शिमला ग्रामीण की पूजा ठाकुर बचपन से ही माता-पिता के साए से वंचित थीं और चाची के सहारे पली-बढ़ीं। मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना से उन्हें भी मासिक आर्थिक सहयोग मिला और विवाह के समय दो लाख रुपए की सहायता दी गई। पूजा ने कहा कि अगर यह योजना न होती तो शादी का खर्च कर्ज लेकर पूरा करना पड़ता। उन्होंने इसे समाजहित में चलाई गई बेहतरीन पहल बताया।

शिक्षा और रहन-सहन का भी मिलेगा पूरा खर्चा

प्रदेश सरकार ने 2023 में मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना शुरू की थी, जिसके तहत अब तक 4100 से अधिक बच्चों को गोद लिया जा चुका है। सरकार अनाथ, विशेष रूप से सक्षम बच्चों, निराश्रित महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों की पूरी जिम्मेदारी उठा रही है। इन बच्चों की शिक्षा, रहन-सहन, घर बनाने से लेकर बिजनेस और स्टार्ट-अप तक में सहयोग का प्रावधान है। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बताया कि जिन बच्चों के माता-पिता नहीं हैं, उनके माता-पिता अब प्रदेश सरकार है। 27 वर्ष की आयु तक उनकी शिक्षा, विवाह और जीवन-यापन का पूरा खर्च राज्य सरकार उठा रही है। जिला शिमला में अभी तक पांच बच्चों को विवाह के लिए आर्थिक मदद दी गई है और आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा।

घरेलू वैद्य मकोये

आहार और औषधि का संगम

उपचार

- पत्तों का रस त्वचा पर लगाने से फफोले, जलन और दर्द में राहत मिलती है
- फलों और पत्तियों का काढ़ा प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाकर संक्रमण की पुनरावृत्ति कम कर सकता है

हमारे आस-पास उगने वाली कई साधारण सी दिखने वाली वनस्पतियां वास्तव में औषधियों का भंडार होती हैं। ऐसी ही एक महत्वपूर्ण लेकिन उपेक्षित जड़ी-बूटी है मकोय (Solanum nigrum), जिसे स्थानीय बोली में पटकहाई भी कहा जाता है। हिमाचल प्रदेश सहित पूरे भारत में खेतों की मेड़ों, बंजर भूमि आंगनों, रास्तों के किनारे और बाग-बगीचों में सहज ही मिलने वाला पौधा मकोये, एक ऐसी जड़ी-बूटी है जिसे लोक परंपरा में सैकड़ों वर्षों से 'घरेलू वैद्य' के रूप में प्रयोग किया जाता रहा है। इसके फल और पत्तियां, जो कभी खेल और भोजन दोनों में शामिल थीं, आज वैज्ञानिक शोध का केंद्र बन गई हैं, क्योंकि इनमें अद्भुत औषधीय और पोषण संबंधी गुण पाए जाते हैं।

पहचान

मकोये का पौधा 30-60 सेंटीमीटर ऊंचा, कोमल, झाड़ीदार और छोटी शाखाओं वाला होता है। इसके पत्ते अंडाकार, किनारों से हल्के दाँतेदार तथा हरे रंग के होते हैं। छोटे-छोटे सफेद फूल गुच्छों में लगते हैं, जिनसे बाद में मटर के आकार के काले-नीले चमकदार बेर जैसे फल निकलते हैं। यही फल, पत्ते और बीज औषधीय व खाद्य दृष्टि से मूल्यवान हैं।

लोक परंपरा और रोचक किस्से

मकोये (पटखायी) केवल औषधि और सब्जी ही नहीं, बल्कि लोक संस्कृति का भी हिस्सा रहा है। गांवों में बच्चे इसके काले-नीले फलों का रस हाथों और नाखूनों पर लगाकर उसे नेल पॉलिश की तरह प्रयोग करते थे। खेल-खेल में वे इन फलों को चखते भी थे और इस प्रकार अनजाने में शरीर को पोषण भी मिलता था। इसी प्रकार, ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं मकोये की कुछ कोमल पत्तियों को अन्य हरी सब्जियों या साग में मिलाकर पकाती थीं। इससे साग का स्वाद और पौष्टिकता दोनों बढ़ जाते थे। यह परंपरा दर्शाती है कि किस तरह मकोये का प्रयोग घर-घर में आहार और स्वास्थ्य के साथ जुड़ा हुआ था। मकोये के काले-नीले फलों का रस पारंपरिक रूप से कपड़े और अन्य सामग्री रंगने के लिए प्राकृतिक रंग के रूप में इस्तेमाल किया जाता था, जो कि रासायनिक रंगों के सस्टेनेबल विकल्प के रूप में बहुमूल्य है। इस पौधे से आने वाली तेज महक अक्सर मच्छरों और मक्खियों जैसे कीटों को दूर रखती है, इसलिए इसे कई दिनों में अन्य फसलों की रक्षा के लिए बगीचों में लगाया जाता है। कृषि में एक कवर क्रॉप के रूप में मकोये का उपयोग मृदा की उर्वरता बढ़ाने और खरपतवार नियंत्रण में सहायक होता है।

डॉ. तारा देवी सेन, विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान, वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मंडी

पोषण मूल्य (100 ग्राम हरी पत्तियों में)

मकोये - पोषण मूल्य (100 ग्राम हरी पत्तियों के अनुसार)

पोषक तत्व	मात्रा (per 100 ग्राम)
ऊर्जा	45 किलो कैलोरी
प्रोटीन	4.2 ग्राम
वसा	0.6 ग्राम
कार्बोहाइड्रेट	7.6 ग्राम
आहार रेशा	3.0-3.5 ग्राम
कैल्शियम	410 मि.ग्रा.
आयरन	9.0 मि.ग्रा.
पोटैशियम	550-600 मि.ग्रा.
फॉस्फोरस	60-65 मि.ग्रा.
विटामिन C	24 मि.ग्रा.
विटामिन ए/ बीटा-कैरोटीन	5500 माइक्रोग्राम
फोलिक एसिड	60-70 माइक्रोग्राम
मैग्नीशियम	30-35 मि.ग्रा.
सोडियम	5-8 मि.ग्रा.
एंटीऑक्सिडेंट्स	विविध यौगिक

सूप व काढ़ा पत्तों का सूप प्रतिरक्षा शक्ति बढ़ाने और कमजोरी दूर करने में कारगर है।

हरपीज वायरस में मकोये की प्रभावशीलता

पारंपरिक मान्यताः आयुर्वेद और लोक चिकित्सा में मकोये की पत्तियां और फलों का उपयोग त्वचा रोग, फफोले, दाद-खाज और घावों में किया जाता रहा है। यह गुण हरपीज संक्रमण के लक्षणों से मिलता-जुलता है।

वैज्ञानिक दृष्टिः विभिन्न प्रयोगशाला अध्ययनों में मकोये के ग्लाइकोएल्कलॉइड्स, फ्लेवोनॉयड्स और पॉलीफिनॉल्स में एंटीवायरल गुण पाए गए हैं। ये तत्व वायरस की वृद्धि को रोकने और संक्रमण की तीव्रता कम करने में सहायक पाए गए हैं।

मकोये के अनय औषधीय उपयोग

उपयोग क्षेत्र	रूप / प्रयोग विधि	लाभ
ज्वर व पीलिया	पत्तों का रस या काढ़ा	शरीर का तापमान नियंत्रित करता है, यकृत को मजबूत करता है
रक्त शुद्धि	पके हुए फलों का सेवन	खून को साफ करता है, विषैले तत्वों को बाहर निकालता है
पाचन तंत्र	फलों या पत्तों का सूप/काढ़ा	अपच, गैस, कब्ज़ और भूख की समस्या में लाभकारी
त्वचा रोग	पत्तों का लेप या रस	जलन व फफोले शांत करता, घाव भरता है
नेत्र रोग	पारंपरिक रूप से आंखों में पत्तों का अर्क (विशेषज्ञ की देखरेख में)	आंखों की सूजन और लालिमा में राहत
गठिया व सूजन	पत्तों का लेप	सूजन और दर्द कम करता है
सिरदर्द	फलों का सेवन	तनाव व माइग्रेन जैसे दर्द में सहायक
प्रतिरोधक क्षमता	पत्तों का सूप / काढ़ा	रोग प्रतिरोधक शक्ति बढ़ाता है
कैंसर विरोधी	फलों या पत्तों का सूप/काढ़ा	फाइटोकैमिकल्स (विशेष रूप से सोलामार्जिन और सोलासोडीन) कैंसर कोशिकाओं की वृद्धि को रोकने और उन्हें करने में सहायक।

खाद्य उपयोग

- ग्रामीण इलाकों में मकोये की कोमल पत्तियां को सब्जी के रूप में पकाकर एवं फलों खाया जाता है। इनका स्वाद हल्का कसैला और पौष्टिक होता है।

पत्तियां

उबालकर पानी निकाल दें, फिर आलू या दाल में मिलाकर भाजी की तरह प्रयोग करें।

फल

पके हुए काले फलों को सीधे खाया जा सकता है या चटनी व जैम में मिलाया जाता है।

युवाओं में घुटनों के दर्द की समस्या

संतुलित शारीरिक गतिविधि की सलाह

युवाओं में घुटनों का दर्द तेजी से आम होता जा रहा है, जिसके मुख्य कारण दो हैं- मोटापा और अत्यधिक खेल और कसरत से जुड़ी चोटें। हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक, निष्क्रियता और अत्यधिक व्यायाम दोनों ही जोड़ों को नुकसान पहुंचा सकते हैं, इसलिए समय पर देखभाल और संतुलित शारीरिक गतिविधि की सलाह दी जाती है। घुटनों का दर्द आमतौर पर उम्र बढ़ने से जुड़ा होता है, लेकिन अब ज्यादा युवा इस समस्या का अनुभव कर रहे हैं। ज्यादातर युवा जो उच्च-तीव्रता वाले खेल खेलने के लिए ज्यादा प्रवृत्त होते हैं और जिनका समग्र बॉडी मास इंडेक्स ज्यादा होता है, ज्यादातर 30 और 40 की उम्र के बीच, घुटनों की समस्या से जूझ रहे हैं और कई को तो सर्जरी की भी जरूरत पड़ रही है। आंकड़े बताते हैं कि दुनियाभर में घुटनों की क्षति की घटनाओं के कारण 45 से 64 वर्ष की आयु के लोगों में घुटने के प्रतिस्थापन ऑपरेशनों में वृद्धि हो रही है।

मोटापा भी बड़ा कारण

अध्ययन के अनुसार, मोटापे ने युवाओं में घुटनों की क्षति के जोखिम को काफी बढ़ा दिया है, जो मुख्यतः जोड़ों पर बढ़ते यांत्रिक तनाव और कार्टिलेज को धीरे-धीरे खराब करने वाली पुरानी निम्न-श्रेणी की सूजन के कारण होता है। कई जनसंख्या-आधारित अध्ययनों ने लगातार मोटापे और घुटने के ऑस्टियोआर्थराइटिस के बीच संबंध दिखाया है। अध्ययन में यह भी पाया गया कि मोटापे से ग्रस्त महिलाओं में घुटने के गठिया का जोखिम सामान्य महिलाओं की तुलना में लगभग चार गुना अधिक होता है और मोटे पुरुषों के लिए यह जोखिम लगभग पांच गुना अधिक होता है।



डॉ. एनके गुप्ता।

- निष्क्रियता और अत्यधिक व्यायाम दोनों ही जोड़ों को नुकसान पहुंचा सकते

ऐसे करें बचाव

डॉ. गुप्ता का कहना है कि खेल चोटों को रोकने से ऑस्टियोआर्थराइटिस को काफी हद तक रोका जा सकता है, खासकर उन युवाओं में जो एथलीट हैं। वे निम्नलिखित करके चोट को कम कर सकते हैं: व्यायाम करने से पहले हमेशा वार्म-अप स्ट्रेचिंग अवश्य करें। वर्कआउट के बाद कूल-डाउन स्ट्रेचिंग करें। घुटनों और कोहनियों पर सुरक्षात्मक पैड पहनना सुनिश्चित करें। उच्च तीव्रता वाले खेल खेलते समय हमेशा हेलमेट पहनें। जोड़ों के स्वास्थ्य की निगरानी करें, खासकर उन एथलीटों के लिए जो अधिक जोखिम में हैं, नियमित रूप से अपने डॉक्टर से परामर्श करके, जो लोग अधिक वजन वाले या मोटे हैं, उनके लिए दीर्घकालिक राहत के लिए अपना वजन कम करना और प्रबंधित करना महत्वपूर्ण है। तैराकी, साइकिलिंग और योग जैसे कम प्रभाव वाले व्यायाम करें, जो जोड़ों पर अतिरिक्त दबाव डाले बिना कार्डियो वर्कआउट प्रदान करते हैं। फलों, सब्जियों, साबुत अनाज और लीन प्रोटीन से भरपूर संतुलित आहार पर अधिक ध्यान केंद्रित करने से वजन प्रबंधन में मदद मिलती है और सूजन कम होती है।

प्रस्तुतिः मोहन चौहान, सोलन।

उच्च-तीव्रता वाले खेल और कसरत

आमतौर पर खेल और फिटनेस के प्रति उत्साही युवा, जो नियमित रूप से फुटबाल, कुश्ती और बास्केटबाल खेलते हैं, अब प्रारंभिक गठिया से पीड़ित हो रहे हैं। हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. नरेंद्र कुमार गुप्ता का कहना है कि खेल से संबंधित चोटों के कारण जोड़ों की उपस्थि को नुकसान पहुंच रहा है और समय से पहले ऑस्टियोआर्थराइटिस हो रहा है। ऐसी गतिविधियां जिनमें बार-बार उच्च-प्रभाव, मरोड़, कट या टक्कर शामिल होती है, विशेष रूप से जोखिम भरी होती हैं और दीर्घकालिक पोस्ट-ट्रॉमेटिक ऑस्टियोआर्थराइटिस का कारण भी बन सकती हैं।

थायराइड

रोगियों को खानपान पर बरतनी होगी विशेष सावधानी

बिलासपुर के स्वास्थ्य शिक्षण अधिकारी गोपाल कौशल ने लोगों को थायराइड रोग से बचाव और इसके नियंत्रण को लेकर जागरूक किया है। उन्होंने कहा कि थायराइड आजकल एक सामान्य लेकिन गंभीर समस्या बन चुकी है, जो खासकर महिलाओं में अधिक देखने को मिलती है। इस रोग के कारण शरीर में हार्मोनल असंतुलन हो जाता है, जिससे अचानक वजन बढ़ना या घटना, लगातार थकान, चिड़चिड़ापन, नींद न आना, बाल झड़ना और मानसिक तनाव जैसी परेशानियां सामने आती हैं। यदि समय रहते सावधानी न बरती जाए तो यह समस्या लंबे समय तक व्यक्ति को बीमार रख सकती है।

उन्होंने बताया कि थायराइड ग्रंथि गले में स्थित होती है और यह हार्मोन के जरिए शरीर के मेटाबॉलिज्म को नियंत्रित करती है, लेकिन जब यह ग्रंथि सही ढंग से काम नहीं करती तो हाइपोथायरॉइडिज्म (हार्मोन की कमी) या हाइपरथायरॉइडिज्म (हार्मोन की अधिकता) की स्थिति बन जाती है।



इन चीजों से दूरी बनाएं

- सोया और इसके उत्पाद (सोया मिल्क, टोफू आदि)
- अत्यधिक शक्कर व मीठे खाद्य पदार्थ (मिठाई, जंक फूड)
- प्रोसेस्ड और पैकेज्ड फूड (चिप्स, नमकीन, फ्रोजन आइटम)
- पत्ता गोभी, फूलगोभी और ब्रोकोली
- ज्यादा कैफीन (चाय, कॉफी)
- तैलीय और तली हुई चीजें
- रेड मीट और हाई-फैट डेयरी उत्पाद (फुल क्रीम दूध, चीज, बटर) शामिल हैं।

भारत में बढ़ती समस्या

गोपाल कौशल ने बताया कि इंडियन थायराइड सोसाइटी की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में लगभग 4.2 करोड़ लोग थायराइड रोग से प्रभावित हैं, जिनमें महिलाओं की संख्या पुरुषों से लगभग पांच गुना अधिक है। अनुमान है कि हर दस में से एक भारतीय किसी न किसी रूप में थायराइड की समस्या झेल रहा है। इकसे बावजूद, बड़ी संख्या में लोग अपनी बीमारी को पहचान ही नहीं पाते और देर से इलाज कराते हैं।

-गोपाल कौशल, स्वास्थ्य शिक्षण अधिकारी, बिलासपुर

संतुलित आहार और जीवनशैली ही बचाव

स्वास्थ्य शिक्षण अधिकारी ने कहा कि थायराइड से बचाव के लिए संतुलित आहार, समय पर दवाइयां, योग, प्राणायाम और नियमित व्यायाम बेहद जरूरी हैं। तनाव और अनियमित दिनचर्या थायराइड को और बिगाड़ देती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे बिना डॉक्टर की सलाह के कोई भी दवा न लें और नियमित जांच कराते रहें।

प्रस्तुति : अरुण डोगरा रीतू

अम्लता

अम्लता जिसे अंग्रेजी में Acidity या Acid Reflux कहा जाता है, पाचन तंत्र की एक सामान्य समस्या है। इसमें पेट में बनने वाला अम्ल (Hydrochloric Acid) अधिक मात्रा में बन जाता है या भोजन नली की ओर ऊपर चला जाता है। इस कारण सीने में जलन, खट्टा डकार आना और पेट में असहजता महसूस होती है। लंबे समय तक यह समस्या रहने पर इसे GERD (Gastro Esophageal Reflu& Disease) कहा जाता है।

अम्लता के कारण

● सीने में जलन ● खट्टे या कड़वे डकार ● पेट फूलना ● जी मिचलाना या उल्टी आना ● गले में जलन या खट्टापन ● भोजन के बाद भारीपन ● मुंह में दुर्गंध ● लंबे समय तक रहने पर खांसी ● गले में खराश और दांतों का खराब होना

बचाव के उपाय

● भोजन हमेशा समय पर करें और अधिक देर तक खाली पेट न रहें। ● तैलीय, मसालेदार और जंक फूड से परहेज करें। ● भोजन के तुरंत बाद न सोएं-कम से कम 2-3 घंटे का अंतर रखें। ● भोजन को धीरे-धीरे और अच्छे से चबाकर खाएं। ● पर्याप्त पानी पिएं (गुनगुना पानी और नारियल पानी लाभकारी है)। ● 6. धूम्रपान और शराब से परहेज करें। ● नियमित व्यायाम करें और तनाव कम करें।

अम्लता के कारण

अम्लता होने के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें मुख्य हैं

1. खान-पान की गलत आदतें, बहुत मसालेदार, तैलीय, फास्ट फूड या जंक फूड का सेवन। 2. अत्यधिक चाय, कॉफी, शराब या कार्बोनेटेड ड्रिंक्स, 3. अधिक मात्रा में खाना या देर रात भोजन करना 4. अनियमित दिनचर्या और तनाव, 5. धूम्रपान। 6. लंबे समय तक खाली पेट रहना 7. कुछ दवाइयां-जैसे पेनकिलर, स्टेरॉयड आदि 8. गर्भावस्था, मोटापा या पेट से संबंधित बीमारियां।

होमियोपैथिक दवा दर्दी की पूरी माहिती लेने के बाद दी जाती है। हर एक व्यक्ति का एसिडिटी होने का कारण अलग होता है और उसके मुताबिक दवा देने से वो कारण दूर हो जाता है, ताकि बार-बार होने वाली तकलीफ से बच सकते हैं।

अम्लता में उपयोगी होम्योपैथिक दवाइयां

Nux Vomica

- मसालेदार, तैलीय भोजन, शराब, कॉफी या अधिक दवा (पेनकिलर आदि) लेने के बाद अम्लता।
- सुबह उठते ही सीने में जलन।
- चिड़चिड़ापन, तनाव और देर रात तक काम करने वालों में।
- खट्टा डकार, पेट में भारीपन।

Carbo Vegetabilis

- गैस, पेट फूलना और डकारों के साथ अम्लता।
- मरीज को लगता है कि पेट हवा से भर गया है।
- खाने के बाद कमजोरी और सांस लेने में तकलीफ।
- खट्टा डकार, बदबूदार गैस, थकान।

Lycopodium Clavatum

- थोड़ी-सी मात्रा खाने के बाद ही भारीपन।
- शाम 4-8 बजे के बीच जलन और गैस की समस्या बढ़ना।
- मीठा खाने की इच्छा, लेकिन खाने के बाद तकलीफ।
- डकार में खट्टापन या सड़ा हुआ स्वाद।

Pulsatilla Nigricans

- तैलीय और मलाईदार भोजन के बाद अम्लता।
- महिलाओं में हार्मोनल बदलाव (मासिक धर्म, गर्भावस्था) से संबंधित अम्लता।
- मरीज भावुक, रोने वाला स्वभाव रखता है।

Natrum Phosphoricum (Biochemic Remedy)

- खट्टा डकार और खट्टा उल्टी जैसा पानी आना।
- दूध या मीठा खाने के बाद अम्लता।
- जीभ पर पीली परत।

Phosphorus

- अम्लता के साथ खट्टा उल्टी, पेट खाली लगना।
- ठंडी चीज खाने पर राहत मिलना।
- कमजोरी, भूख जल्दी लगना।

डॉ. निधि जोशी, गांधीधाम कच्छ (गुजरात)

(नोटः दवाइयों का सेवन केवल योग्य होम्योपैथिक चिकित्सक की सलाह पर करें।)

न्यूज ब्रीफ

छात्रों को प्लास्टिक से होने वाले नुकसान बताए

अनंत ज्ञान, पालमपुर। गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म महाविद्यालय में इको क्लब और एनएसएस इकाई के सहयोग से हिलदारी फाउंडेशन पालमपुर द्वारा विशेष कचरा प्रबंधन सत्र का आयोजन किया गया। हिलदारी प्रोजेक्ट की वरिष्ठ अधिकारी श्रद्धा लोखंडे ने सत्र का संचालन किया। छात्रों को प्लास्टिक के दुरुपयोग से होने वाले नुकसान, चार-तरफा कचरा पृथक्करण और 'रिड्यूस, रियूज, रीसायकल' के महत्व पर जानकारी दी गई। महाविद्यालय के निदेशक डॉ. विवेक शर्मा ने छात्रों को पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। सत्र के अंत में छात्रों ने स्वच्छता की शपथ ली और परिसर में सफाई अभियान चलाया। एनएसएस समन्वयक अरविंद कुमार व इको क्लब समन्वयक डॉ. उषा शर्मा के नेतृत्व में छात्रों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। इस अवसर पर हिलदारी प्रोजेक्ट की सदस्य काजल, बन्नी और ज्योति, विज्ञान संकाय की सहायक प्राध्यापक ईशा चावला, सहायक प्राध्यापक मिनाक्षी और आईटी विभाग प्रमुख संदीप गोपाल भी मौजूद रहे।

कटोरी बंगला में दंपती से 10.13 ग्राम हेरोइन बरामद

अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा। पुलिस जिला चंबा के एसपी अभिषेक यादव की ओर से नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत शनिवार रात को स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट ने पंजाब-हिमाचल सीमा पर कटोरी बंगला के पास बोलेरो गाड़ी से 10.13 ग्राम हेरोइन बरामद की है। सीआईयू चंबा के इंचार्ज हेड कांस्टेबल योगराज की टीम ने नाके के दौरान बोलेरो गाड़ी (एचपी 81 2734) को जांच के लिए रोका। गाड़ी में सवार एक पुरुष व महिला घबरा गए। तलाशी लेने पर ड्राइवर सीट के मैट के नीचे से एक लिफाफे में 10.13 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। आरोपियों की पहचान नरेंद्र सिंह पुत्र प्रकाश चंद निवासी गांव वारंगल जिला चंबा तथा उसकी पत्नी तमन्ना के तौर पर की गई है। पुलिस ने चवाड़ी थाने में मामला दर्ज आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

टूरिज्मो त्रिगत कार्निवल 2025 का शुभारंभ

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के टूर एंड ट्रेवल तथा वीवॉक विभाग द्वारा आयोजित टूरिज्मो त्रिगत कार्निवल 2025 का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि जिला पर्यटन अधिकारी विनय धीमान और विशिष्ट अतिथि डॉ. अजय कुमार चौधरी (एसोसिएट प्रोफेसर, तकीपुर कॉलेज) रहे। प्राचार्य प्रो. राकेश पठानिया ने अतिथियों का स्वागत किया। वीवॉक विभाग के नोडल अधिकारी प्रो. नरेश कुमार धीमान ने प्रतिभागियों का अभिनंदन किया। प्राचार्य ने बताया कि यह आयोजन विश्व पर्यटन दिवस के उपलक्ष्य में समर्पित है और इसमें 30 से अधिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। मुख्य अतिथि विनय धीमान ने धर्मशाला में पर्यटन उद्योग की संभावनाओं पर प्रकाश डाला व विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने को प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. चौधरी ने ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राध्यापकों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

मनमोहन चौधरी को भारत गौरव सम्मान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। चाइल्ड हेल्पलाइन यूनिट जिला कांगड़ा में कार्यरत जिला प्रभारी मनमोहन चौधरी को अपना कांगड़ा एंटरटेनमेंट संस्था व राष्ट्रीय संस्था शांति फाउंडेशन ने सम्मानित किया है। राष्ट्रीय संस्था शांति फाउंडेशन द्वारा बाल संरक्षण, सामाजिक सेवा के साथ राष्ट्र उत्थान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य एवं सेवा भाव को देखते हुए भारत गौरव सम्मान 2025 से सम्मानित किया है। मनमोहन चौधरी ने शांति फाउंडेशन संस्था के स्टेट अवॉर्डी शिक्षक सुनील आनंद का सम्मान देने के लिए आभार प्रकट किया है।

अवैध कब्जों को नियमित करने की पॉलिसी बने: अतुल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। प्रदेश में अवैध कब्जों को नियमित करने की नीति निरस्त होने से 1.67 लाख से अधिक परिवारों की चिंता बढ़ गई है। हाईकोर्ट ने सभी अवैध कब्जे 28 फरवरी, 2026 तक हटाने के निर्देश दिए हैं। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने अगली सुनवाई तक यथास्थिति बनाए रखने को कहा है। कांगड़ा के लगभग 35 हजार परिवार उजड़ने के डर से भयभीत हैं। अधिकतर लोग पुश्तैनी शामलात या पंचायती भूमि पर रह रहे हैं और उनके पास अन्य कोई जमीन नहीं है। सामाजिक कार्यकर्ता व अधिवक्ता अतुल भारद्वाज ने सरकार से मांग की है कि प्रभावित परिवारों के लिए नई नीति बनाई जाए।

महाराणा प्रताप स्कूल में मानसिक स्वास्थ्य पर कार्यशाला

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां। धर्मगिरी पठियार स्थित महाराणा प्रताप इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में मानसिक स्वास्थ्य विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में संसाधन के रूप में डॉ. राजीव सिंह नरयाल, प्रिंसिपल, स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली तथा डॉ. आरती शर्मा, प्रिंसिपल, स्कॉलर इंटरनेशनल स्कूल घुरकड़ी ने अपनी विशेषज्ञता साझा की। अन्य स्कूलों के प्रधानाचार्य भी शामिल रहे। विद्यालय के एमडी कुलदीप ठाकुर, प्रबंधक सुभाष पठानिया तथा प्रधानाचार्या रोजी मनकोटिया ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए उपयोगी साबित होती हैं।

पहाड़ी गाना मेरिया शराबणुआं हुआ रिलीज

सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली। नैहरनपुखर में शूट हुआ पहाड़ी गाना मेरिया शराबणुआं रिलीज हो गया है। यह गीत रेड रोज बैनर तले बनाया गया है और इसमें स्थानीय कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का अनूठा प्रदर्शन किया है। इस गाने में ढलियारा के मशहूर कॉमेडियन नीरज हिमाचली (पाकूं) बतौर मॉडल नजर आए हैं, जबकि उनकी धर्मपत्नी पूजा हिमाचली ने लीड रोल में दमदार अभिनय किया है। नीरज हिमाचली की मां लता हिमाचली, और नन्हे कलाकार फांदू, परी व पूजा ने भी अहम भूमिकाएं निभाई हैं, जिससे यह गीत पूरी तरह पारिवारिक और स्थानीय रंग से सराबोर हो गया है। गीत को लिखा और गाया है पालमपुर के संजय मैहरा ने, जबकि वीडियो निर्देशन का जिम्मा विक्की नरियाल ने संभाला है।

मैक्लोडगंज में 80 ग्राम चरस सहित दो गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, मैक्लोडगंज। पुलिस थाना मैक्लोडगंज के तहत आते निकटवर्ती क्षेत्र बस स्टैंड मैक्लोडगंज के समीप पुलिस ने बाइक सवार दो युवकों को 80 ग्राम चरस सहित धरा है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने मौके पर इन बाइक सवारों को शक के आधार पर रोका और इनके बैग से 80 ग्राम चरस बरामद की गई एएसपी आदिति सिंह ने बताया कि आगामी कार्रवाई जारी है।

सज गए मैय्या के दरबार, आज से लगेगी भक्तों की कतार

राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो

धर्मशाला। जिला कांगड़ा स्थित तीनों शक्तिपीठ श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम, श्री बज्रेश्वरी मंदिर कांगड़ा और श्री ज्वालामुखी मंदिर शारदीय नवरात्र के लिए फूलों से भव्य रूप में सज गए हैं। तीनों ही शक्तिपीठों में सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। सुरक्षा के लिए पुलिस व होमगार्ड के जवान तैनात रहेंगे। साथ ही सीसीटीवी कैमरों की मदद से मंदिर परिसरों में हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जाएगी। इसके अलावा तीनों शक्तिपीठों में सफाई व्यवस्था के इंतजाम किए गए हैं। श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई परेशानी न हो, इस संबंध में भी प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

तीनों शक्तिपीठों में तैयारियां पूरी पुलिस व होमगार्ड जवान रहेंगे तैनात

सीसीटीवी कैमरों से भी रखी जाएगी पैनी नजर

चामुंडा मंदिर

सुबह पांच बजे खुलेंगे शक्तिपीठों के कपाट

नवरात्र में बज्रेश्वरी मंदिर, ज्वालामुखी मंदिर और श्री चामुंडा नंदिकेश्वर धाम में सुबह पांच बजे मंदिर के कपाट खोल दिए जाएंगे। इस दौरान ज्वालामुखी में सुबह 7:30 बजे झंडा रस्म के साथ नवरात्र का शुभारंभ होगा। वहीं, श्री चामुंडा नंदिकेश्वर धाम में 50, कांगड़ा में 30 और ज्वालामुखी में 120 जवान और होमगार्ड तैनात किए गए हैं।

शारदीय नवरात्र पर्व को लेकर श्री चामुंडा नंदिकेश्वर धाम व बज्रेश्वरी धाम कांगड़ा में पुलिस जवानों को तैनात कर दिया गया है। साथ ही मंदिर में हो रही हर गतिविधि पर पुलिस जवानों व मंदिर के सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से पैनी नजर रखी जाएगी।

-आदिति सिंह, एएसपी, जिला कांगड़ा

नशा तस्करों की 27 करोड़ रुपए की संपत्तियां होंगी जब्त

नूरपुर जिला पुलिस को मिली 24.68 करोड़ की संपत्ति जब्त की मंजूरी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

नशा तस्करों की लगभग 27 करोड़ की संपत्तियां जब्त होंगी। इसके लिए अधिकारिक तौर पर मंजूरी मिल चुकी है।

यह संपत्तियां जिला कांगड़ा और नूरपुर जिला पुलिस के अंतर्गत दर्ज एनडीपीएस एक्ट के तहत 15 मामलों में संलिप्त नशा तस्करों की हैं, जिन्होंने नशा बेचकर इन संपत्तियों को बनाया था।

इस संबंध में पुलिस की ओर से जांच पूरी कर इन संपत्तियों को जब्त करने के लिए अधिकारिक अथॉरिटी के पास भेजा था, जहां से स्वीकृति मिल चुकी है। 27 करोड़ की संपत्तियों में से 24.68 करोड़ रुपए की संपत्ति नूरपुर पुलिस जिला के अंतर्गत है, जिसकी मंजूरी मिल चुकी है।

वहीं, 2.849 करोड़ की संपत्ति जिला कांगड़ा पुलिस द्वारा पकड़े गए एनडीपीएस एक्ट के मामलों की जांच में सामने आई हैं, इन्हें भी जब्त किया गया है। यह संपत्तियां 15 मामलों की जांच में सामने आई थी, जिसमें तीन मामले जिला कांगड़ा, जबकि 12 मामले जिला पुलिस नूरपुर के हैं। प्रति मामले 4 से 5 लोग शामिल होते हैं, जो सुनियोजित तरीके से ड्रग नेटवर्क को चलाते हैं।

अब तक नूरपुर व कांगड़ा पुलिस जिला में हुए 213 एनडीपीएस मामले दर्ज

कांगड़ा जिले में 32 किलोग्राम चरस बरामद

जिला कांगड़ा पुलिस द्वारा अब तक 32 किलोग्राम चरस बरामद की गई है। नूरपुर और कांगड़ा में 213 एनडीपीएस के मामले दर्ज किए गए हैं, जिसमें 65 मामले नूरपुर जिला पुलिस के अंतर्गत आते क्षेत्रों, जबकि 148 जिला कांगड़ा के हैं। इन मामलों में 46 किलोग्राम चरस और 2.5 किलोग्राम हेरोइन सीज की गई है। 1.5 किलोग्राम हेरोइन नूरपुर, जबकि एक किलो कांगड़ा जिला के तहत पकड़ी गई है। कांगड़ा जिला के मुकाबले, नूरपुर जिला में हेरोइन की बरामदगी ज्यादा रही है।

नूरपुर व जिला कांगड़ा पुलिस को एनडीपीएस एक्ट के तहत 15 मामलों में नशा तस्करों की 27 करोड़ रुपए संपत्तियों, जिन्हें तस्करों ने नशा बेचकर बनाया था, को जब्त करने की मंजूरी मिल चुकी है, जिसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। दोनों पुलिस जिला के तहत अब तक 213 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले दर्ज किए गए हैं।

-अशोक रत्न, एसपी, कांगड़ा।

किसानों की बेदखली के मुद्दे पर दोनों सरकारें दोषी: राकेश सिंघा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

किसानों की बेदखली के मुद्दे पर प्रदेश में भाजपा व कांग्रेस सरकारें दोषी हैं। किसानों के लिए न्यायालय लेकर सड़क तक लड़ाई लड़ी जाएगी और किसी भी किसान को उजड़ने नहीं देंगे।

यह बात प्रदेश किसान सभा के महासचिव राकेश सिंघा ने कही। हिमाचल किसान सभा कांगड़ा जिला इकाई के नेतृत्व में अंबेडकर भवन खनियारा में किसानों द्वारा किए गए पुश्तैनी कब्जों को नियमित करने व बेदखल को बंद करने के मुद्दे पर आयोजित जिला स्तरीय अधिवेशन में राकेश सिंघा ने कहा कि हम पीढ़ी दर पीढ़ी हम अपना गुजर बसर कर रहे हैं। कई परिवार 1902 से तो कई परिवार 1937 से गुजर बस कर कर रहे हैं। हमें नहीं पता नहीं है कि 1980 का वन संरक्षण कानून कैसे बना। उन्होंने आरोप लगाया कि आम जनता को अंधेरे में रखकर कानून बनाया गया, आज जरूरत है इस कानून में संशोधन करने की।

बोले- न्यायालय और सड़क पर लड़ेंगे लड़ाई, किसी भी किसान को उजड़ने नहीं देंगे

जनता को अंधेरे में रखकर बनाया गया वन संरक्षण कानून संशोधन की जरूरत

गढ़जमूला स्कूल ने राहत कोष में दिए 75000 रुपए

राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गढ़जमूला के प्रिंसिपल और अध्यापकों ने प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय चौहान से शिष्टाचार भेंट की। संजय चौहान को मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष के लिए 75000 रुपए का चेक सौंपा। शिक्षकों ने कहा कि यह सहयोग राशि कर्मचारियों की साझा जमा की गई है। इसमें स्कूली बच्चों से अंश भी एकत्रित नहीं किया गया है।

सीयू में साप्ताहिक कार्यक्रम श्रृंखला आज से

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय का यात्रा, पर्यटन एवं आतिथ्य प्रबंधन संकाय 22 से 27 सितंबर 2025 तक विश्व पर्यटन दिवस के उपलक्ष्य में सप्ताह भर चलने वाले विशेष कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इस वर्ष का वैश्विक विषय 'पर्यटन और सतत परिवर्तन' रहेगा। कुलपति प्रो. (डॉ.) सत प्रकाश बंसल के नेतृत्व में हो रहे इस आयोजन की शैक्षणिक रूपरेखा डीन प्रो. सुमन शर्मा, पारिस्थितिक दृष्टिकोण प्रो. संदीप कुलश्रेष्ठ तथा सामुदायिक समावेशन विभागाध्यक्ष प्रो. आशीष नाग द्वारा सुनिश्चित किया गया है। संयोजक प्रो. देवाशीष साहू व सह संयोजक प्रो. अमित गंगोटिया की टीम आयोजन को व्यापक रूप दे रही है। यह सप्ताह पर्यटन को केवल आर्थिक नहीं, बल्कि पारिस्थितिक, सांस्कृतिक और सामाजिक विकास के रूप में प्रस्तुत करेगा। 23 सितंबर को ग्रीस के प्रसिद्ध पुरातत्वविद् जॉर्ज एंटोनियो का विशेष व्याख्यान मुख्य आकर्षण रहेगा, जिनके शोध ने हिमाचल, ग्रीस और पुर्तगाल के ऐतिहासिक संबंधों की रोचक परतें खोली हैं।

स्वास्थ्य सेवा में फार्मासिस्टों का अहम योगदान: धर्माणी

अजय पाल, अनंत ज्ञान

पालमपुर। नगर नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने रविवार को शहीद भगत सिंह फार्मेसी कॉलेज पालमपुर में आयोजित विश्व फार्मासिस्ट दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

विधायक आशीष बुटेल विशेष अतिथि रहे। धर्माणी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा में फार्मासिस्टों का अतुलनीय योगदान है और वे स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की रीढ़ हैं। फार्मासिस्ट न केवल दवाएं उपलब्ध करवाते हैं, बल्कि मरीजों को दवाओं के उचित उपयोग और दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देते हैं। विद्यार्थियों को शोध के क्षेत्र में बायोफार्मा ड्रग डिस्कवरी पर फोकस करने को कहा। विधायक आशीष बुटेल ने विद्यार्थियों को विश्व फार्मासिस्ट दिवस की शुभकामनाएं दी। इससे पहले शहीद भगत सिंह फार्मेसी कॉलेज के अध्यक्ष भुवनेश चंद सूद ने धर्माणी और विधायक का कार्यक्रम में पधारने पर स्वागत किया।

मंत्री राजेश धर्माणी ने विश्व फार्मासिस्ट दिवस कार्यक्रम में की शिरकत।

आपदा राहत कोष में दिया 21 हजार का चेक

प्रदेश फार्मेसी ऑफिसर संघ की कांगड़ा इकाई ने तकनीकी शिक्षा मंत्री के माध्यम से मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष में 21 हजार का चेक भेंट किया और जिला कांगड़ा के लिए 15 नेबुलाइजर यूनिट भी दी। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

भाजपा वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक ने मुख्य चुनाव आयुक्त को लिखा पत्र

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश में आगामी स्थानीय निकाय चुनावों को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए भाजपा प्रदेश वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने मुख्य चुनाव आयुक्त अनिल खाची को पत्र लिखकर विशेष सघन पुनरीक्षण प्रक्रिया की मांग की है। उन्होंने कहा कि राज्य में ग्राम पंचायतों, नगर पंचायतों, नगर परिषदों और नगर निगमों के चुनाव शीघ्र होने जा रहे हैं। ऐसे में विधानसभा व लोकसभा की मतदाता सूचियों के आधार पर विशेष पुनरीक्षण बेहद आवश्यक है। इससे मतदाता सूची में प्रत्येक व्यक्ति का नाम एक ही स्थान पर दर्ज रहेगा और किसी भी प्रकार की अनियमितता या द्विविधा से बचा जा सकेगा। 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी पात्र नागरिकों का नाम सूची में शामिल कर उन्हें मतदान का अधिकार सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

32 करोड़ की पेयजल योजना से पंचरुखी क्षेत्र को जल्द मिलेगा लाभ: यादविंद्र

अनंत ज्ञान, पालमपुर

आयुष, युवा सेवाएं व खेल एवं कानून मंत्री यादविंद्र गोमा ने पंचरुखी स्थित लदोह में श्रीमद्भागवत कथा सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने श्रीमद्भागवत कथा में भाग लिया और पूजा-अर्चना की। उन्होंने श्रीमद्भागवत कथा कमेटी को 21 हजार रुपए प्रदान करने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि पंचरुखी तथा आसपास के क्षेत्रों के लिए 32 करोड़ रुपए की लागत से महत्वाकांक्षी पेयजल योजना निर्माणाधीन है, जो शीघ्र ही पूर्ण होकर क्षेत्र की जनता को लाभान्वित करेगी।

2 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से सल्याणा में बनने वाले में जल शक्ति विभाग के विश्राम गृह का शिलान्यास शीघ्र ही किया जाएगा। सल्याणा में आयोजित मेलों के लिए कुश्ती अखाड़ा में बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है, जिससे स्थानीय सांस्कृतिक एवं पारंपरिक गतिविधियों को सुदृढ़ता प्रदान होगी।

श्रीमद्भागवत कथा सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण

नगर निगम पालमपुर को मिला प्रतिष्ठित स्कॉच अवॉर्ड

अजय पाल, अनंत ज्ञान

पालमपुर। नगर निगम पालमपुर को लेगेसी वेस्ट के वैज्ञानिक निपटान के लिए किए गए उल्लेखनीय कार्य के लिए नई दिल्ली में आयोजित समारोह में प्रतिष्ठित स्कॉच अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

नगर निगम पालमपुर के महापौर गोपाल नाग और आयुक्त आशीष शर्मा ने निगम की ओर से यह पुरस्कार ग्रहण किया। नगर निगम पालमपुर ने अब तक लगभग 3200 मीट्रिक टन लेगेसी वेस्ट का निपटारा किया है तथा 1300 मीट्रिक टन सीमेंट संयंत्रों को भेजा गया है। यह उपलब्धि पालमपुर को स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल नगर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। नगर निगम पालमपुर ने इस कार्य में आधुनिक तकनीक और मशीनरी का प्रयोग किया है, जिनमें ट्रॉमल मशीनें, ऑर्गेनिक वेस्ट कन्वर्टर्स तथा फाइटो-रिमेडिएशन पौधे शामिल हैं। नगर निगम पालमपुर ने पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल का विशेष आभार प्रकट किया। उनके निरंतर सहयोग, सक्रिय मार्गदर्शन और दूरदर्शी नेतृत्व ने इस उपलब्धि को संभव बनाने में निर्णायक भूमिका निभाई है। इस उपलब्धि में पालमपुर एनवायरनमेंट प्रोटेक्शन फोरम, एनजीओ हिल्लदारी जिसे नेस्ले द्वारा सीएसआर के अंतर्गत वित्त पोषित किया जा रहा है। महापौर गोपाल नाग ने कहा कि यह सम्मान पूरे नगर की जनता और निगम कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। आयुक्त आशीष शर्मा ने कहा कि वैज्ञानिक और सतत अपशिष्ट प्रबंधन की दिशा में किए गए प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिलना गर्व का विषय है, जिसमें विधायक आशीष बुटेल का विशेष योगदान है।

नई दिल्ली में आयोजित समारोह में प्राप्त किया अवॉर्ड।

सुक्खू राज में सरकार प्रशासन दिशाहीन: चक्षु

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। भाजपा मीडिया सह प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि 2022 के विधानसभा चुनावों से पहले कांग्रेस पार्टी ने जनता से 10 गारंटियों का वादा किया था, लेकिन तीन साल बाद भी एक भी वादा पूरा नहीं हो सका।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार और प्रशासन को दिशाहीन कर चुकी है और हाईकमान भी अब प्रदेश कांग्रेस से नाराज है। 2027 में जनता कांग्रेस को करारा जवाब देगी। उन्होंने चेतावनी दी कि कांग्रेस सरकार अब भी अगर आत्ममंथन न करे, तो आने वाला समय उनके लिए और भी कठिन होगा।

सृष्टि को उत्कृष्ट शोध पत्र के लिए आईएसएम पुरस्कार

केंद्रीय विश्वविद्यालय में 26वें इंटरनेशनल मेलो सम्मेलन का समापन।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

जिला मुख्यालय धर्मशाला में तीन दिनों के आकर्षक शैक्षणिक विचार-विमर्श के बाद हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय में 26वां इंटरनेशनल मेलो सम्मेलन रविवार को समाप्त हो गया। इस कार्यक्रम में 20 राज्यों और विश्व के 12 देशों के विद्वानों ने हिस्सा लिया। 100 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के समापन पर संयोजक प्रोफेसर रोशन लाल शर्मा ने प्रतिभागियों का आभार जताया। शिक्षाविद् प्रोफेसर हरिश त्रिवेदी ने सम्मेलन को बड़ी सफलता बताया। सम्मेलन का समापन प्रमाणपत्र वितरण के साथ किया गया। प्रतिष्ठित आईएसएम पुरस्कार 2025, जिसमें 5,000 का नकद पुरस्कार शामिल है, सृष्टि को उनके उत्कृष्ट शोध पत्र के लिए प्रदान किया गया। एलपीयू की गुंजन को प्रशंसा प्रमाणपत्र दिया गया।

विदेशी प्रतिभागियों ने साझा किए अनुभव : विदेशी प्रतिभागियों ने भी अपने अनुभव साझा किए। हांगकांग से पहली बार भारत आई प्रतिभागी धर्मशाला में अपने प्रवास का आनंद लिया। उन्होंने प्रोफेसरों और विद्वानों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह एक अद्भुत यात्रा थी, जिसमें मैंने कई नए दोस्त बनाए और अच्छी यादें साथ लेकर जा रही हूं। पोलैंड से आए प्रोफेसर डैनियल ने धर्मशाला को अपना दूसरा घर बताया और भारत को आध्यात्मिक देश कहा।

मैक्लोडगंज में देर रात डीजे बजाने पर होटल संचालक के खिलाफ कार्रवाई

अनंत ज्ञान, मैक्लोडगंज। पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज में शनिवार देर रात होटल में ऊंची आवाज में डीजे बजाने और हुड़दंग मचाने पर एक होटल संचालक पर कार्रवाई की है। पुलिस ने रात को एक व्यक्ति की ओर से की गई शिकायत पर होटल में दबिश देकर कार्रवाई की। बताया जा रहा है कि पुलिस को व्यक्ति ने शिकायत की थी होटल में युवा नशा कर रहे हैं। शिकायतकर्ता का बेटा वहां गया था, जिसकी तलाश में व्यक्ति वहां पहुंचा। शिकायत मिलने के बाद पुलिस थाना मैक्लोडगंज की टीम मौके पर पहुंची और पुलिस एक्ट के तहत हुड़दंग मचाने और ऊंची आवाज में डीजे बजाने पर होटल संचालक का 3 हजार रुपए का चालान किया गया। एएसपी कांगड़ा बीर बहादुर ने इसकी पुष्टि की है।

शादी का झांसा देकर यौन उत्पीड़न का लगाया आरोप, पुलिस जांच में जुटी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। महिला पुलिस थाना धर्मशाला में एक महिला ने शादी का झांसा देकर उसके साथ यौन उत्पीड़न व शारीरिक संबंध बनाने के आरोप लगाए हैं। महिला पुलिस थाना धर्मशाला में महिला ने योल निवासी एक व्यक्ति के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत में बताया कि आरोपी ने काफी समय से शादी का झांसा देकर यौन उत्पीड़न किया और शारीरिक संबंध बनाए। पुलिस विभाग कांगड़ा के एएसपी बीर बहादुर सिंह ने बताया कि महिला की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

अधिकारी करें खेतों की मिट्टी की टेस्टिंग सुनिश्चित: पठानिया

कोहली, अनंत ज्ञान

शाहपुर। उपयुक्त प्रौद्योगिकी संस्थान (एटीसी) शाहपुर में रविवार को कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) की ओर से कृषि आदान व्यावसायियों के लिए एक वर्षीय डिप्लोमा प्रशिक्षण का शुभारंभ शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने किया। विधायक ने कहा कि यह पहल क्षेत्र के किसानों और बागवानों के लिए वरदान साबित होगी। प्रशिक्षण पूरा करने के बाद प्रशिक्षुओं को आत्मा द्वारा लाइसेंस प्रदान किया जाएगा, जिससे वे फर्टिलाइजर एवं फसलों से संबंधित दवाइयों की बिक्री कर सकेंगे। उन्होंने कृषि अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों और बागवानों की खेतों की मिट्टी की टेस्टिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि मिट्टी में पोषक तत्वों की कमी की पहचान कर समय पर सही खाद और बीज उपलब्ध कराए जा सकें।

प्रशिक्षण में पांच ब्लॉक रैत, फतेहपुर ,नगरोटा सूरियां, नूरपुर तथा इंदौरा के 40 प्रशिक्षु भाग ले रहे हैं। हर प्रशिक्षण हर रविवार को आयोजित किया जाएगा और एक वर्ष में पूरा कोर्स संपन्न होगा। आत्मा के परियोजना निदेशक डॉ. राजकुमार ने प्रशिक्षण डिप्लोमा की जानकारी दी। संयुक्त निदेशक कृषि डॉ. राहुल कटोच ने इस डिप्लोमा को शाहपुर में शुरू करने के लिए विधायक का आभार जताया।

शाहपुर में कृषि आदान व्यावसायियों के लिए एक वर्षीय डिप्लोमा प्रशिक्षण शुरू

रेहलू में किया कॉमन सर्विस सेंटर भवन का शिलान्यास

अनंत ज्ञान, शाहपुर । शाहपुर विधानसभा की विभिन्न पंचायतों में 4 करोड़ रुपए की लागत से 26 कॉमन सर्विस सेंटर स्थापित किए गए हैं। यह जानकारी शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने रेहलू में 5 लाख रुपए से बनने वाले कॉमन सर्विस सेंटर भवन के शिलान्यास के बाद जनसमूह को संबोधित करते हुए दी। उन्होंने कहा कि इस कॉमन सर्विस सेंटर भवन के बन जाने से सैकड़ों ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि शाहपुर के झुलाड़ में बागवानी विभाग द्वारा 6 करोड़ 85 लाख रुपए की लागत से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया जा रहा है, जिससे स्थानीय बागवानों को आधुनिक तकनीक और बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। इससे क्षेत्र में बागवानी को बढ़ावा मिलेगा और किसानों की आमदनी में वृद्धि होगी।

कोतवाली बाजार में गोलीकांड के पांचों आरोपी अमृतसर से गिरफ्तार

चाबी ढूंढने के मामले में स्थानीय युवक पर चलाई थी गोली

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

धर्मशाला के कोतवाली बाजार में बीते शुक्रवार की मध्य रात्रि हुए गोलीकांड के पांचों आरोपियों को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पंजाब के अमृतसर से धर दबोचा है। इस घटना में संलिप्त आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने कई कड़ियों को जोड़ते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर धर्मशाला लाया गया है। हालांकि, पुलिस के लिए यह एक तरह का ब्लाइंड केस था, लेकिन सूझबूझ के साथ पेशेवर ढंग से काम करते हुए पुलिस को यह बड़ी सफलता मिली।

एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि गोलीकांड मामले में पुलिस ने पांचों आरोपियों को पंजाब के अमृतसर से गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। आरोपियों में जसप्रीत सिंह (30) पुत्र हरपाल सिंह, निवासी राजगढ़ नंगल, तहसील बटाला, जिला गुरदासपुर मुख्य आरोपी है, जिसने गोली चलाई थी। रणजीत सिंह (28) पुत्र अमर सिंह, निवासी गांव कोटला बाजा सिंह, तहसील बटाला, जिला गुरदासपुर, अर्शप्रीत सिंह (31) पुत्र हरपाल सिंह, निवासी राजगढ़ नंगल, तहसील बटाला, जिला गुरदासपुर, जितेंद्र सिंह (24) पुत्र जोगिंद्र पाल, निवासी नवरूप नगर, जिला गुरदासपुर तथा नीरज (26) पुत्र राजेश कुमार, निवासी गांव कडी हट्टी रोड, तहसील बटाला, जिला गुरदासपुर शामिल हैं। गौरतलब है कि बीते शुक्रवार और शनिवार की मध्य रात्रि कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कोतवाली बाजार धर्मशाला के समीप स्थानीय युवकों के साथ लड़ाई-झगड़े के दौरान एक व्यक्ति पर पिस्तौल से फायर कर सभी आरोपी मौके से फरार हो गए थे।

न्यूज ब्रीफ

धार टटोह पंचायत में दी बैंक की योजनाओं की जानकारी

अनंत ज्ञान, बिलासपुर। ग्राम पंचायत धार टटोह में बैंक प्रबंधक राजीव शर्मा ने लोगों को बैंक की योजनाओं की जानकारी दी। इसमें ग्राम पंचायत धार टटोह प्रधान सुन्दर राम, सुभाष चंद, सेवानिवृत्त एसडीओ बाबू राम, करण ठाकुर व अन्य प्रतिनिधि मनीष ठाकुर बैंक सहयोगी उपस्थित रहे। उपभोक्ताओं को बैंकिंग के स्वरूप में हुए बदलाव की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक धार टटोह शाखा ने वित्तीय एवं डिजिटल जागरूकता शिविर का ढोबड़ में आयोजन किया। प्रबंधक राजीव शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में 75 सालों में बैंकिंग के स्वरूप में क्या बदलाव हुए हैं तथा देश की आर्थिकी के साथ-साथ उपभोक्ताओं की सुविधाओं में भारी सुविधाजनक बदलावों के बारे में विस्तार से बताया।

सिविल जज रोजी दहिया ने दी कानून संबंधी जानकारी

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। ग्राम पंचायत बेरी मियां में ठाकुर द्वारा मे एक कानूनी साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सिविल जज झंडूता रोजी दहिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत प्रधान मधु चंदेल ने की। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत की ओर से मुख्यातिथि का सम्मान किया गया। साथ ही, पूर्व सैनिक सुधार एवं विकास समिति गुग्गा गेहडवीं द्वारा भी मुख्यातिथि को सम्मानित किया गया। शिविर में वरिष्ठ अधिवक्ता सरबजीत सिंह ने नागरिकों को संविधान के अनुच्छेद 39(ए) के अंतर्गत न्याय के लिए समान अवसर की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 1987 में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की स्थापना की गई थी, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को मुफ्त कानूनी सहायता उपलब्ध कराना है। मुख्यातिथि रोजी दहिया ने कहा कि आज के समय में बच्चों को मोबाइल फोन से दूर रखना आवश्यक है।

समग्र शिक्षा के तहत मूल्यांकन कार्यशाला संपन्न

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। समग्र शिक्षा के तत्वाधान में दो दिवसीय मूल्यांकन कार्यशाला का आयोजन प्रेम सागर होटल, बिलासपुर में किया गया। इस कार्यशाला में लगभग 65 शिक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यशाला के दौरान शिक्षकों को प्रश्न पत्र तैयार करने की बारीकियों से अवगत कराया गया। उन्हें यह सिखाया गया कि किस प्रकार मल्टीपल चॉइस, शॉर्ट आंसर टाइप तथा लॉन्ग आंसर टाइप प्रश्नों का संतुलित संयोजन कर प्रश्न पत्र को डिजाइन किया जा सकता है। इस अवसर पर शिक्षकों को समूहों में विभाजित कर प्रश्न पत्र तैयार करवाए गए तथा उन्हीं पर सामूहिक चर्चा भी की गई। प्रश्नों को ज्ञान, समझ और अनुप्रयोग के स्तर को ध्यान में रखते हुए तैयार करने पर विशेष जोर दिया गया। इस प्रशिक्षण में कन्वर्जेंस से अभय जी स्टेट हेड(मास्टर ट्रेनर), अश्विनी (कोऑर्डिनेटर), इंदु तथा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान टीचर ट्रेनिंग इंचार्ज दिग्विजय मल्होत्रा की उपस्थित रहे।

अभिषेक को मिला मोस्ट ट्रेडिंग डिवोशनल सिंगर अवॉर्ड

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। शनिवार को शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में आयोजित हिम सिने एंड अचीवर्स अवॉर्ड 2025 में भजन गायक अभिषेक सोनी को मोस्ट ट्रेडिंग डिवोशनल सिंगर का अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया। इस समारोह में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उनके माध्यम से भजन गायक अभिषेक सोनी को यह सम्मान प्रदान किया गया। उन्होंने भजन गायक अभिषेक सोनी द्वारा भजन गायन क्षेत्र में किए जा रहे बेहतरीन कार्य और पौराणिक भजनों और संस्कृति को संजोए रखने में अहम भूमिका निभाने की खूब सराहना की। साथ उन्हें उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

कृषि सेवा सहकारी सभा बरठीं की आम सभा बेनतीजा

अनंत ज्ञान, बरठीं। दी बरठीं कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित सोसायटी बरठीं की 2017 के बाद रविवार को आयोजित की गई आम सभा बेनतीजा रही। लगभग 600 सदस्यों वाली सभा में कोरम पूरा न होने के कारण इसे स्थगित कर दिया गया। अब कोरम घटाकर दूसरी बार की बैठक की तिथि निर्धारित की जाएगी। कोरम पूरा न होने के कारण अनौपचारिक बैठक की गई जिसमें सभा में चल रही अनियमितताओं के खिलाफ लोगों ने सभा के करिंदों के खिलाफ मोर्चा खोल कर अपनी भड़ास निकाली। सभा के सदस्यों कर्म सिंह कैप्टन बाबूराम सूबेदार श्याम सिंह सतपाल महाजन रक्षा देवी कुलदीप कुलवंत ढटवालिया प्रीतम सिंह विश्वनाथ सहित अन्य सदस्यों ने बताया कि सभा सीनियर सिटीजन के नाम पर बैंक से 7.85% ब्याज ले रही है जबकि सीनियर सिटीजन को 7% के हिसाब से ब्याज दिया जा रहा है जिसकी उन्होंने जांच की मांग की है।

वाटर स्पोर्ट्स के लिए दिया जाएगा निशुल्क प्रशिक्षण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। गोविंद सागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन की बैठक आयोजन बिलासपुर मुख्यालय में किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सराज अख्तर द्वारा की गई। बैठक में युवाओं को वॉटर स्पोर्ट्स संबंधित निशुल्क प्रशिक्षण देने हेतु चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि गोविंद सागर झील के साथ लगते लुहणु में जिला एवं प्रदेश के वॉटर स्पोर्ट्स से संबंधित खिलाड़ियों के लिए निशुल्क वॉटर स्पोर्ट्स एकेडमी हिमाचल प्रदेश सरकार से पंजीकृत गोविंद सागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वाधान में खोली जाएगी। अकादमी में प्रशिक्षकों को ड्रैगन बोट, राफ्टिंग, ओपन स्विमिंग, सलालम, कायकिंग, रोइंग, कनोईंग, स्कीइंग, वॉटर सर्फिंग, वाटर रेस्क्यू इत्यादि निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा।

मां नेरसा देवी मंदिर में करवाया जागरण

अनंत ज्ञान, भगेड़। विकास खंड झंडूता के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल व क्षेत्र के हजारों लोगों की कुलजा माता मां नेरसा देवी मंदिर में विशाल मां भगवती जागरण का आयोजन किया गया। मंदिर कमेटी के प्रधान कैप्टन हंसराज शर्मा व जागरण के आयोजक भगवती शुक्ला दिनेश शुक्ला प्रदूम्न शुक्ला विष्णु शुक्ला सहित अन्य सदस्यों ने बताया कि जागरण में मंगल ठाकुर एंड पार्टी के कलाकारों मंगल ठाकुर, प्रोमिला व तिलक शर्मा ने माता की भेंटों को गाकर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में सबसे पहले माता के दरबार में ज्योति लाई गई। इसके उपरांत जागरण की शुरुआत गणेश वंदना से की। इसके बाद भेंट मेरी माता दा जगराता अज होणा, दीवे दी लो वांगू मुक जाना तेल वे, अज है जगराता, माता माता राणी फल देगी, आज नहीं तो कल देगी, चल मईया के द्वार बुलावा आया है, भोले दी बारात चली गज वज के ले गई रे कान्हा की बांसुरिया, राधे राधे, आई रतनो मैं आई रत्नो, किथे चलेया, चलो बुलावा आया है, नी मैंने नाचना मोहन दे नल, भक्त ध्यानु वांगू नचना, सहित श्री कृष्ण व शिवजी के भजन गाए गए।

श्री नयना देवी मंदिर आस्था का शिखर और इतिहास की धरोहर

अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो

बिलासपुर। हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले की ऊंची पहाड़ियों पर समुद्र तल से लगभग 1177 मीटर की ऊंचाई पर स्थित श्री नयना देवी मंदिर उत्तर भारत का एक प्रमुख शक्ति पीठ है। हर साल लाखों श्रद्धालु यहां माथा टेकने पहुंचते हैं। चाहे वह श्रद्धा का भाव हो, पर्यटन का आकर्षण हो या इतिहास की खोज नयना देवी मंदिर सबके लिए एक अलग अनुभव है।

नवरात्रि के लिए सजा मां नैना देवी का मंदिर।

इतिहास और निर्माण

इतिहासकारों के अनुसार इस मंदिर का निर्माण 8वीं शताब्दी में राजा बीर चंद ने करवाया था। समय-समय पर विभिन्न राजाओं, स्थानीय लोगों और मंदिर ट्रस्ट ने इसका जीर्णोद्धार और विस्तार कराया। आज मंदिर का भव्य स्वरूप श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है।

लोक आस्था

मान्यता है कि जो भी भक्त सच्चे मन से मां नयना देवी का आशीर्वाद मांगता है, उसकी मनोकामना पूरी होती है। विवाह, संतान, शिक्षा, रोजगार और रोग मुक्ति के लिए आते हैं।

धार्मिक गतिविधियां

श्री नयना देवी मंदिर में वर्ष भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है, लेकिन सावन माह और विशेषकर श्रावण अष्टमी मेला का महत्व सबसे अधिक है। चैत्र और आश्विन नवरात्रों में भी मंदिर परिसर खचाखच भर जाता है।

स्थापत्य और परिसर

मंदिर परिसर तक पहुंचने के लिए श्रद्धालु सड़क, रोप-वे और सीढ़ियों का सहारा लेते हैं। रोपवे सेवा विशेष आकर्षण का केंद्र है। ऊंचाई पर स्थित इस मंदिर तक रोपवे की यात्रा श्रद्धालुओं को न केवल सुविधा देती है बल्कि गोबिंद सागर झील और आसपास की हरी-भरी वादियों का नजारा भी कराती है। सीढ़ियों के दोनों ओर दुकानों की लंबी कतारें हैं, जहां से लोग प्रसाद और पूजा सामग्री खरीदते हैं। मंदिर में प्रवेश करते ही भक्तों का मन भक्ति से भर उठता है।

भ्रष्ट ठेकेदारों के संरक्षक बने भाजपा नेता : कांग्रेस

अनिल कुमार बोले-जनता के साथ हो रहा छलावा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

घुमारवीं क्षेत्र में भ्रष्टाचार को लेकर कई संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाजपा नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता और पूर्व मंत्री घुमारवीं में भ्रष्ट ठेकेदारों के सरंक्षक बने बैठे हैं और जनता के साथ छलावा कर रहे हैं।

जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव अनिल कुमार, घूमर में युवा कांग्रेस के पूर्व प्रधान सचिन चंदेल, एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव अभिषेक भारद्वाज तथा पंचायती राज राजीव गांधी पंचायती राज संगठन घुमारवीं के महासचिव दीपक कुमार ने कहा कि हाल ही में भाजपा समर्थित ठेकेदारों द्वारा वन विभाग के आईडीपी कार्यालय में किया गया हंगामा पूरी तरह से राजनीतिक षड्यंत्र था, जिसका उद्देश्य केवल विभागीय कार्यों में बाधा डालना था।

उन्होंने बताया कि विभाग ने 9 सितम्बर को टेंडर प्रक्रिया शुरू की थी, लेकिन अंतिम दिन मात्र दस मिनट पहले भाजपा समर्थित ठेकेदारों ने हंगामा कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। इसमें दो व्यक्तियों नवीन कुमार और राजेश कुमार की सीधी भूमिका सामने आई है, जिनके खिलाफ पहले से ही भ्रष्टाचार के मामले दर्ज हैं।

पत्रकारों को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता।

प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि राजेश कुमार के नाम पर रोगी कल्याण समिति, घुमारवीं में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है। इतना ही नहीं, उनके नाम पर तीन कंपनियां एक ही पते पर रजिस्टर्ड हैं, जो केवल कागजों में मौजूद हैं। वहीं, नवीन कुमार पर आरोप है कि उन्होंने मेले के रास्ते और बस स्टैंड के टेंडर लेकर काम तो कागजों में दिखाया, लेकिन धरातल पर कोई निर्माण नहीं किया। कपाहड़ा गांव के ओवरहेड टैंक में भी सरिया और सीमेंट की एंट्री तो दर्ज की गई, मगर वास्तविक निर्माण कार्य आज तक नजर नहीं आया।

प्रतिनिधियों ने कहा कि घुमारवीं में पुल के पास बना डैम एक महीने भी पानी नहीं रोक पाया और दोबारा बनाना पड़ा। पुराने बस स्टैंड के पास किया गया सीवरेज निर्माण ध्वस्त हो गया, जिससे लोगों की जान पर खतरा मंडराने लगा।

हस्ताक्षरकर्ताओं ने आरोप लगाया कि घोटाले भाजपा नेताओं के संरक्षण के कारण हुए हैं। इन मामलों की विजिलेंस जांच हो और दोषी ठेकेदारों को जेल भेजा जाए। पूर्व मंत्री को जनता की समस्याओं के लिए लड़ना चाहिए था, लेकिन वे भ्रष्ट ठेकेदारों की ढाल बने हुए हैं।

पुलिस संरक्षण में शूटरों ने रची हत्या की साजिश : बंबर ठाकुर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। बिलासपुर सदर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने एक सनसनीखेज आरोप लगाते हुए कहा है कि कंडा जेल से पेशी पर बिलासपुर लाए गए शूटरों ने पुलिस की मौजूदगी में ही उनकी हत्या की साजिश रची। ठाकुर ने आरोप लगाया कि ये आरोपी सरेआम ब्रह्मपुखर के पास एक होटल में बैठकर जलपान करते हुए उनके खिलाफ साजिश रच रहे थे।

बंबर ठाकुर ने इसका वीडियो सबूत भी साझा किया है, जिसमें कथित तौर पर पेशी पर लाए गए शूटर होटल में आराम से बैठे नजर आ रहे हैं। ठाकुर का कहना है कि यह घटना पुलिस की शह पर हुई है और यह पूरे कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

उन्होंने कहा कि जब अदालत पेशी के लिए लाए गए अपराधी होटल में जाकर बैठ सकते हैं, तो यह साफ है कि पुलिस का संरक्षण उन्हें हासिल है। यह सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि एक खतरनाक साजिश है। पूर्व विधायक ने प्रशासन और सरकार से उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर उन्हें या उनके परिवार को किसी भी तरह की क्षति पहुंचती है, तो इसकी सीधी जिम्मेदारी पुलिस और शासन-प्रशासन पर होगी।

शहीद जवान बलदेव चंद पंच तत्व में विलीन, हर आंख नम

गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान

झंडूता। जम्मू-कश्मीर के किस्तवाड़ में आतंकवादी हमले में शहीद हुए बिलासपुर के जवान बलदेव चंद का पार्थिव देह उसके पैतृक गांव गंगलोह पहुंच गया। गौरतलब है कि बलदेव चंद चौथी राष्ट्रीय राइफल्स बिहार के जवान थे और जम्मू-कश्मीर में आंतकवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान शहीद हुए थे।

वहीं शहीद बलदेव चंद पूर्व सैनिक बिशनदास के पुत्र थे और बिलासपुर जिला के झंडूता तहसील के गंगलोह गांव से संबंध रखते थे। वहीं बलदेव चंद की शहादत की सूचना मिलते ही जहां पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई।

वहीं शहीद बलदेव चंद का पार्थिव देह उसके गांव गंगलोह पहुंचने पर लोगों ने भारत माता की जय और बलदेव चंद अमर रहे के नारे लगाकर उसकी शहादत को याद किया जिसके बाद बलदेव के अंतिम दर्शन कर राजकीय सम्मान के साथ उसका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। बिलासपुर के एसपी संदीप धवल ने भी उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि दी। वहीं पूर्व सैनिकों का कहना है कि सेना में जाने वाला यह जवान यह शपथ लेता है की देश की रक्षा करते हुए अगर उसे अपनी जान भी गवानी पड़े तो वह पीछे नहीं हटेगा और इसी शपथ को पूरा करते हुए जवान बलदेव चंद ने मातृभूमि की रक्षा करते हुए आतंकी हमले में अपनी जान गवा दी है।

अंतिम श्रद्धांजलि देते बिलासपुर के एसपी संदीप धवल।

जिस पर आज पूरा प्रदेश व देश गर्व महसूस कर रहा है और आज उसका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर सभी इलाका वासियों द्वारा उसे नमन कर उसकी इस शहादत को हमेशा याद रखा जाएगा।

विद्या भारती हिमाचल की खेल प्रतियोगिता संपन्न

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। विद्या भारती हिमाचल प्रदेश के तत्वावधान में सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रौड़ा में आयोजित तीन दिवसीय 35वीं प्रांत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता रविवार को संपन्न हो गई। समापन समारोह में स्पेशल ओलंपिक भारत की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर विजेताओं को पुरस्कृत किया।

प्रतियोगिता में प्रदेश के 7 जिलों के लगभग 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया। डॉ. नड्डा ने एथलेटिक्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आर्यन (मंडी हटगढ़), आर्यन (नगवाईं), ताक्षी और कृतिका (दोनों हटगढ़) को प्रोत्साहन राशि प्रदान की।

डॉ. नड्डा ने शिक्षा के साथ-साथ खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि खेलों से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है और उनमें अनुशासन एवं सहयोग की भावना पनपती है। उन्होंने दिव्यांग बच्चों के साथ समावेशी व्यवहार और उनका हौसला बढ़ाने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

सेवा पखवाड़े में 'एक से श्रेष्ठ' केंद्रों पर वरिष्ठजनों को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

हमीरपुर, ऊना, बिलासपुर, कांगड़ा और मंडी जिलों में सांसद अनुराग ठाकुर के मार्ग दर्शन में संचालित 600 से अधिक एक से श्रेष्ठ केंद्रों पर सेवा पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं इन्हीं गतिविधियों की शृंखला में शनिवार को एक विशेष समारोह आयोजित हुआ जिसमें समाज के विभिन्न वरिष्ठजनों को उनके जीवनभर के योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ छात्रों व अध्यापकों द्वारा सरस्वती वंदना एवं गायत्री मंत्र के साथ हुआ। मुख्यातिथियों का स्वागत बहुत ही अच्छी तरह से बच्चों द्वारा फूल मालाओं और हाथों द्वारा निर्मित कार्डों द्वारा हुआ। इस अवसर पर सेवानिवृत्त अध्यापक सैनिक योग प्रशिक्षक डॉक्टर वरिष्ठजन तथा समाजसेवी उपस्थित रहे, जिन्होंने शिक्षा स्वास्थ्य कृषि आत्मरक्षा धर्म रक्षा जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए हैं महिला शिक्षकों ने अपने संबोधन में कहा कि वरिष्ठजन समाज की अमूल्य धरोहर हैं जिनके अनुभव और मार्गदर्शन से नई पीढ़ी प्रेरित होती है। मुख्यातिथियों ने नि:शुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों को संबोधित करते हुए जीवन के अनुभव साझा किए। उन्होंने युवाओं को स्वस्थ और फिट रहने के साथ साथ योग अपनाने स्वदेशी उत्पादों का प्रयोग करने और नैतिक मूल्यों को जीवन में उतारने का संदेश दिया तथा अनुराग ठाकुर द्वारा संचालित एक से श्रेष्ठ की भी मुख्यातिथियों ने तारीफ की तथा यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सीमित संसाधनों के बावजूद शिक्षा प्राप्त करना बड़ी चुनौती थी, लेकिन अनुराग ठाकुर की इस पहल ने ग्रामीण छात्रों को शिक्षा में नई दिशा दी है।

अनुराग की संस्था द्वारा बच्चों को स्टडी टेबल बैग स्टेशनरी मिल्क पाउडर प्रोटीन पाउडर लर्निंग किट और ऑनलाइन क्लास ऑनलाइन कोर्स जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं इसके साथ ही घर द्वार रोजगार के अवसर भी प्राप्त हो रहे हैं।

कुठेड़ा मेले में निशा शर्मा ने बांधा समां

अनंत ज्ञान, कुठेड़ा (बिलासपुर)

उपमंडल घुमारवीं की कुठेड़ा पंचायत में आयोजित बाड़ू देव भेल मेले की दूसरी और अंतिम सांस्कृतिक संध्या हिमाचली जोड़ी और गायिका निशा शर्मा के नाम रही।

मंच पर आते ही हिमाचली जोड़ी को दर्शकों ने खड़े होकर स्वागत किया और देर रात तक उनके गीतों पर थिरकते रहे। कार्यक्रम के मुख्यातिथि सदर बिलासपुर विधायक तिलोक जम्वाल और विशेष अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष बिमला देवी उपस्थित रहे। विधायक ने कहा कि हिमाचली संस्कृति और परंपरा को बढ़ावा देने के लिए ऐसे मेले महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने मेला कमेटी को 31 हजार रुपए की सहायता राशि भी प्रदान की।

विधायक जम्वाल ने कमेटी को दी सहायता राशि

मंच संचालन जावेद इकबाल ने किया, जिनकी शायरी ने कार्यक्रम को और भी रोचक बना दिया। सबसे पहले गायिका निशा शर्मा ने 'मेरे रश्के कमर', 'चेहरा हैं या चांद खिला', 'पहाड़ी नॉन स्टॉप सॉन्ग' जैसे लोकप्रिय गानों से दर्शकों का मनोरंजन किया। इसके बाद हिमाचली जोड़ी ने 'पहाड़ी झूमर', 'नाचिए गीए हिमाचली धुन पर', 'बोतला शराब दिया' जैसे गीतों से समां बांध दिया, जिस पर युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक नाच उठे। मेले में हजारों की संख्या में लोगों ने शिरकत की।

अंतिम संध्या में विधायक त्रिलोक जम्वाल रहे मुख्यातिथि

हिमाचली जोड़ी के गीतों पर खूब झूमे युवा

मेले की अंतिम संध्या के दौरान मंच पर विराजमान मुख्यातिथि।

आयोजन समिति ने बताया कि इसका उद्देश्य स्थानीय कलाकारों को मंच देना और हिमाचली संस्कृति का प्रचार करना है। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधि और कई गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

संगोष्ठी बिलासपुर लेखक संघ का मासिक अधिवेशन

साहित्य, संगोष्ठी और सांझे संकल्पों की गूंज

अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो

बिलासपुर। स्थानीय साहित्यिक गतिविधियों के प्रमुख केंद्र बिलासपुर लेखक संघ की मासिक बैठक एवं संगोष्ठी का आयोजन गांव कुठेड़ा मरहाणा में संपन्न हुआ। संघ के अध्यक्ष डॉ. रविंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में जिले के 15 जाने-माने साहित्यकारों ने सहभागिता दर्ज कराई। बैठक के प्रथम सत्र में संघ के वार्षिक समारोह को 14 अक्तूबर, 2025 को आयोजित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।

इस सम्मेलन के स्थान के रूप में बिलासपुर अथवा घुमारवीं को चिन्हित किया गया। इसी क्रम में, संघ द्वारा प्रकाश्य 'हिमाचली सांझा काव्य संग्रह' के विमोचन पर भी विस्तृत चर्चा हुई। इस संग्रह की विशेष बात यह है कि इसमें बिलासपुर के साथ-साथ मंडी जिले के 35 साहित्यकारों की रचनाएं शामिल हैं, जो क्षेत्रीय साहित्यिक सहयोग का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। इस पुस्तक का विमोचन भी वार्षिक सम्मेलन के दौरान किया जाएगा।

बैठक में उपस्थित साहित्यकार एवं कवि।

बैठक के द्वितीय सत्र में एक रचनात्मक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका संचालन रवींद्र कुमार शर्मा ने किया और अध्यक्षता संघ के वरिष्ठ सदस्य द्वारका प्रसाद शर्मा ने की। गोष्ठी में विभिन्न विषयों और भाषाओं पर केंद्रित रचनाओं ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

गोष्ठी का आगाज प्रवीण शर्मा की कविता 'उड़ने की उमंग' से हुआ। भीम सिंह नेगी ने 'सूरज की एक जगह पर कभी नहीं ढलता' जैसी प्रेरक रचना सुनाई, तो वहीं बृजलाल लखनपाल ने 'अभागी अभागा' के माध्यम से परिवार नियोजन के सामाजिक पहलू को छुआ। डॉ. रविंद्र ठाकुर ने स्थानीय बोली में 'जियूंदैयां नी तिल, मुइरेयां जो तलुएं...' जैसी मर्मस्पर्शी पंक्तियां' सुनाकर सभी को भावविभोर कर दिया। निर्मला ठाकुर और द्वारका प्रसाद शर्मा ने भी अपनी सामाजिक और दार्शनिक रचनाओं से वातावरण को गंभीर और प्रेरणादायी बनाया।

मंच का सबसे रोमांचक पल तब आया जब रविंद्र कुमार शर्मा ने एक मनमोहक पहाड़ी गीत 'उचियां धारां देया बादलुआ...' गाकर सभी की खूब तालियां बटोरीं। केशव शर्मा, प्रीति मधु शर्मा, कर्ण चंदेल, फूलां चंदेल और डॉ. अनेक राम संख्यान ने भी अपनी-अपनी रचनाओं से गोष्ठी को यादगार बना दिया। कार्यक्रम के अंत में केशव शर्मा ने सभी उपस्थित साहित्यप्रेमियों एवं रचनाकारों का आभार व्यक्त किया। इस संगोष्ठी ने न केवल साहित्यिक विचार-विमर्श को बल दिया, बल्कि आगामी आयोजनों के लिए एक ऊर्जावान रूपरेखा भी तैयार की।

पेंशनर्स मांगों को लेकर करेंगे धरना-प्रदर्शन

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में बैठक प्रधान अमरनाथ शर्मा की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में सर्वप्रथम दिवंगत पेंशनर्स की आत्मा तथा प्राकृतिक आपदा में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति हेतु मौन रखा गया। यूनिट हटवाड़ के प्रधान अमरनाथ शर्मा व कार्यकारिणी द्वारा जिला के पाधिकारियों का बैठक में आने पर धन्यवाद किया। तत्पश्चात बैठक की कार्यवाही महासचिव रतनलाल शर्मा द्वारा आरंभ की।

बैठक को रवि शर्मा खंड सचिव घुमारवीं, सुनील शर्मा खंड प्रधान घुमारवीं, डॉ. प्रकाश चंद शर्मा जिला वरिष्ठ उपप्रधान, कर्म देब गौतम जिला महासचिव, नरोत्तम धीमान जिला प्रधान, जगदीश दिनेश ने बैठक को संबोधित किया। सभी पदाधिकारियों ने पेंशनर्स की मांगों को खासकर जनवरी 2016 से जनवरी 2022 के बीच में सेवानिवृत्त हुए पेंशनर्स के वित्तीय लाभ न देने पर सरकार की निंदा की तथा अपनी मांगों को मनवाने के लिए सरकार के विरुद्ध संघर्ष करने का आह्वान किया। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने एकजुट होकर इस संघर्ष में भाग लेने का निर्णय लिया। इस दौरान संघर्ष करने की रुपरेखा तैयार की गई, जिसमें पहला कदम खंड स्तर से शुरू होगा। सभी खंड प्रधान अपने खंड में जिला कार्यकारिणी के सहयोग से उपमंडल अधिकारी के माध्यम से सरकार को ज्ञापन सौंपेंगे। उसके पश्चात उपमंडल अधिकारी कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जाएगा। यदि सरकार फिर भी मांगों को नहीं मानती है तो जिला मुख्यालय पर विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा यह सारा संघर्ष का कार्यक्रम 22 सितंबर से आरंभ होगा।

बैठक में उपस्थित सभी पेंशनरों नेताओं द्वारा सरकार को चेतावनी दी कि अगर शीघ्र जनवरी 2016 से जनवरी 2022 के बीच में सेवानिवृत्त हुए पेंशनरों के वित्तीय लाभ जारी करने का फैसला नहीं लेती है तो जिला बिलासपुर मुख्यालय पर एक विशाल यज्ञ किया जाएगा। बैठक में राज्य प्रधान आत्माराम शर्मा द्वारा एक दिन की बेसिक पेंशन आपदा हेतु मुख्यमंत्री राहत कोष में दान देने के निर्णय का समर्थन किया। इस बैठक में युनिट से लगभग 40 पेंशनरों ने भाग लिया। अंत महासचिव रतन लाल शर्मा द्वारा एकजुट होकर पेंशनर्स हित में काम करने की शपथ दिलाई।

जोल पलाखी गांव में जमीन धंसने से मकान को खतरा

विनोद, अनंत ज्ञान, कुठेड़ा (बिलासपुर)। कुठेड़ा पंचायत के जोल पलाखी गांव में जमीन धंसने की एक गंभीर घटना सामने आई है। गांव निवासी अनिल कुमार (सुपुत्र स्व. प्यारे लाल) का रिहायशी मकान हाल ही में जमीन खिसकने की वजह से खतरे की जद में आ गया है। बताया जा रहा है कि मकान की नींव के पास अचानक दरारें पड़ गईं और धीरे-धीरे जमीन धंसने लगी, जिससे पूरे परिवार में भय और दहशत का माहौल बन गया है।

उचित मदद उपलब्ध कराने की उठाई मांग

अनिल कुमार ने बताया कि वर्ष 2023 में भी इसी तरह की स्थिति उत्पन्न हुई थी, जब जमीन धंसने से उनके मकान में दरारें आ गई थीं। वह गरीब परिवार से संबंध रखते हैं और आईआरडीपी श्रेणी में आते हैं। अनिल स्वयं दिव्यांग हैं और उन्हें हेपेटाइटिस की गंभीर बीमारी है, जिसका इलाज वर्तमान में एम्स बिलासपुर में चल रहा है।

अनिल कुमार ने बताया कि 2023 में पंचायत द्वारा मकान की मरम्मत के लिए उन्हें 87,500 रुपए की आर्थिक सहायता दी गई थी, लेकिन अब दोबारा पूरे मकान को खतरा पैदा हो गया है।

उनका कहना है कि यदि मकान गिरता है तो इसके साथ-साथ एक अन्य मकान और पास का स्कूल भी प्रभावित हो सकता हैं। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मौके पर निरीक्षण करने और उन्हें उचित मदद उपलब्ध कराने की मांग की है।

न्यूज ब्रीफ

प्रभावितों के बीच पहुंचे विधायक डीएस ठाकुर

अनंत ज्ञान, चंबा। डलहौजी विधानसभा क्षेत्र में रविवार को हुई भारी बारिश ने सलूनी और सूरी इलाके में भारी तबाही मचाई। बारिश से कई घरों को नुकसान पहुंचा, खेतों में खड़ी फसलें बह गईं और ग्रामीणों की रोजमर्रा की ज़िंदगी प्रभावित हुई। जगह-जगह मलबा आने से लोगों को आवाजाही में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए विधायक डीएस ठाकुर रविवार को स्वयं सलूनी और सूरी पहुंचे। उन्होंने ग्राम पंचायतों का दौरा कर बारिश से प्रभावित परिवारों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। विधायक ने आश्वासन दिया कि प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी और किसी भी परिवार को इस संकट की घड़ी में अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। इस मौके पर ज़रूरतमंद परिवारों को राहत सामग्री वितरित की गई, ताकि वे तुरंत अपनी बुनियादी ज़रूरतें पूरी कर सकें।

आपदा प्रभावित परिवारों को बांटी राहत सामग्री

अनंत ज्ञान, भरमौर। हाल के दिनों में आई बाढ़ के कारण सांह पंचायत के सलूण गांव के बाढ़ प्रभावतों को जेएसडब्ल्यू ने राहत सामग्री बांटी है। राहत पैकेज में आवश्यक घरेलू सामान किराना सामग्री बर्तन और बिस्तर शामिल है। इसकी जानकारी देते हुए प्रोजेक्ट हेड अजय नाथ सिविल प्रोजेक्ट हेड संजय ला, सतपाल सिंह और एचआर एडमिन गुलशन राणा ने बताया कि पिछले दिनों आई रावी नदी में अचानक बाढ़ के कारण पूरा का पूरा गांव पानी में समा गया है। इस दौरान बाढ़ प्रभावित गांव वासियों ने जो कपड़े पहने थे वही बचे हैं और बाकी सारा का सारा जमा पूंजी रावी नदी में बह गई है।

यशवंत खन्ना ने समस्याओं का लिया जायजा

अनंत ज्ञान, चुराह। यशवंत खन्ना ने हाल ही में चंडी और चकलू पंचायत के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। कुछ दिन पहले हुई भारी बारिश से इन क्षेत्रों में लोगों को काफी नुकसान झेलना पड़ा। दौरे के दौरान यशवंत खन्ना ने प्रभावित स्थानों का निरीक्षण किया और स्थानीय निवासियों से उनकी समस्याओं व आपात आवश्यकताओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र राहत कार्यों और प्रभावित परिवारों के लिए जरूरी मदद सुनिश्चित करने की अपील की।

शलेला बाड़ी का दंगल मेला अब 27 को

अनंत ज्ञान, चंबा। शलेला बाड़ी में हर वर्ष आयोजित होने वाला पारंपरिक दंगल मेला अब 27 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। यह फैसला आज सर्वसम्मति से दंगल मेला कमेटी द्वारा लिया गया। जानकारी के अनुसार, पिछले वर्ष पूर्व अध्यक्ष द्वारा अचानक मेले को रद्द कर दिया गया था, जिससे स्थानीय लोग नाराज़ थे। इसके चलते ग्रामीणों ने विचार-विमर्श कर एक नई कमेटी का गठन किया और मेले को पुनः शुरू करने का निर्णय लिया। बैठक में यह भी तय किया गया कि पूर्व अध्यक्ष को पिछले वर्ष बचे पैसों को कमेटी के पास जमा करवाना होगा। यदि ऐसा नहीं होता है, तो संबंधित व्यक्ति को जवाबदेह ठहराया जाएगा। बैठक में मौजूद सभी सदस्यों ने मेले को हर वर्ष नियमित रूप से करवाने की प्रतिबद्धता जताई।

नवंबर में वाटर स्पोर्ट्स व रिवर राफ्टिंग प्रशिक्षण शिविर

अनंत ज्ञान, चंबा। चंबा जिला प्रशासन द्वारा पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग के सहयोग से नवंबर 2025 में वाटर स्पोर्ट्स बेसिक कोर्स और बेसिक रिवर राफ्टिंग कोर्स आयोजित किए जा रहे हैं। जिला पर्यटन विकास अधिकारी राजीव मिश्रा ने जानकारी दी कि यह प्रशिक्षण चंबा जिले के युवाओं के लिए विशेष रूप से रखा गया है। प्रत्येक कोर्स 14 दिवसीय होगा। वाटर स्पोर्ट्स बेसिक कोर्स पोंग डैम जिला कांगड़ा में तथा बेसिक रिवर राफ्टिंग कोर्स राफ्टिंग सेंटर पिरडी, कुल्लू में आयोजित होगा। हर कोर्स में 30 युवाओं को शामिल किया जाएगा। पात्रता के अनुसार उम्मीदवार की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए और न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास होनी चाहिए। जिनके पास संबंधित क्षेत्र का अनुभव है, उनके लिए 8वीं पास भी मान्य है। अभ्यर्थी चंबा जिले का स्थायी निवासी और हिमाचली होना चाहिए। इच्छुक अभ्यर्थी 5 अक्तूबर तक अपना आवेदन पत्र जिला पर्यटन विकास कार्यालय, बचत भवन, चंबा में जमा कर सकते हैं।

धिमला में बैंकिंग योजनाओं की जानकारी दी

अनंत ज्ञान, धरवाला। हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक की शाखा धरवाला ने विकासखंड मैहला के अंतर्गत पड़ने वाली पंचायत धिमला में जन सुरक्षा शिविर आयोजित किया गया। इसमें शाखा धरवाला की ओर से कार्यकारी सहायक नितीश तथा बैंक कर्मचारी विकास कुमार व पंचायत सचिव राकेश कुमार तथा अन्य लोग उपस्थित रहे। शिविर में बैंक की विभिन्न जन सुरक्षा योजनाओं के बारे में जैसे जेएलजी, स्वयं सहायता समूह , मोबाइल बैंकिंग का महत्व, हिम पैसा ऐप, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना व प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना तथा ऑनलाइन धोखाधड़ी आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

बालिकाओं ने सीखी विज्ञान की नई विधाएं

अनंत ज्ञान, पांगी। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय छात्रावास, साच पांगी में बालिकाओं के लिए वर्चुअल लैब एवं एस्ट्रोनॉमी लैब की गतिविधियाँ आयोजित की गईं। छात्राओं ने पज़ल बॉक्स, चंद्रयान, लैंडर-रोवर जैसी वैज्ञानिक संरचनाएँ बनाईं और उनकी कार्यप्रणाली को समझा। इन गतिविधियों के माध्यम से बालिकाओं ने न केवल विज्ञान के प्रति रुचि दिखाई, बल्कि नई जानकारियाँ भी अर्जित कीं। जिला कोऑर्डिनेटर डॉ. कविता बिजलवान ने छात्राओं की सराहना करते हुए कहा कि गतिविधि-आधारित शिक्षण से बच्चों में वैज्ञानिक सोच और आत्मविश्वास बढ़ता है। विद्यालय की छात्राएं हर रविवार को नियमित रूप से रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेती हैं, जिससे उनका शैक्षणिक व व्यावहारिक विकास सुनिश्चित हो रहा है।

पीड़ित पवन को दी 15,000 की आर्थिक सहायता

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। सर्वोदय जन कल्याण समिति चोलथरा ने समाजसेवा के अपने संकल्प को निभाते हुए ग्राम पंचायत पपलोग के कंडयोल गांव निवासी अधरंग पीड़ित पवन कुमार को ₹15,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की। पूर्व में पवन कुमार सरकाघाट में बिजली की दुकान चलाते थे, लेकिन करीब तीन वर्ष पहले अधरंग के चलते वे पूर्णतः असमर्थ हो गए। उनकी दुकान बंद हो गई और परिवार की आजीविका का बोझ अब उनके पुत्र पर है, जो जलशक्ति विभाग में आउटसोर्स कर्मचारी है। परिवार लंबे समय से आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। इस परिस्थिति को देखते हुए समिति ने मानवीय संवेदना दिखाते हुए यह सहयोग राशि प्रदान की। सहायता प्रदान करते समय समिति के प्रधान परजीत ठाकुर, महामंत्री कैप्टन ओमकार सिंह, कोषाध्यक्ष सतीश ठाकुर, मुख्य संयोजक राजीव आर्य, सेवा निवृत्त प्राचार्य जगदीश चंद, राकेश बन्याल व वेद प्रकाश भी उपस्थित रहे।

आपदा प्रभावित लोगों को बांटी सोलर लाइटें

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। जिला परिषद एवं किसान सभा के उपाध्यक्ष कुशाल भारद्वाज ने आज मच्छयाल स्थित अपने जिला परिषद वार्ड कार्यालय में ढ़ेलू, लांगणा, पिपली, कुठेहड़ा, बिहूं, नौहली, नेर घरवासड़ा, खड़ीहार, भराड़ू आदि पंचायतों के आपदा से प्रभावित 59 परिवारों को सोलर लाइटो का वितरण किया। कुशाल भारद्वाज ने बताया कि प्रभावितों को उनकी जरूरत व मांग के अनुरूप किसान सभा के माध्यम से राहत सामग्री उपलब्ध करवाने का अभियान जारी रहेगा।

डॉ. सुमित को मिला हिम प्राइड अचीवर अवार्ड

अनंत ज्ञान, भोरंज। भोरंज के होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. सुमित पुन्याल को हिम टीवी द्वारा आयोजित हिम सिने अचीवर्स अवाड्र्स 2025 में हिम प्राइड अचीवर अवार्ड से सम्मानित किया गया। शिमला के गेयटी थिएटर में आयोजित इस कार्यक्रम में उन्हें प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने सम्मानित किया। डॉ. पुन्याल पिछले 10 वर्षों से होम्योपैथी चिकित्सा के क्षेत्र में कार्यरत हैं और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। इससे पहले भी वे 'हिमालयन श्री 2024', 'हिमाचल की शान 2024' और 'नेशनल एक्सीलेंस अवार्ड 2025' से सम्मानित हो चुके हैं। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विधायक रणजीत सिंह का किया धन्यवाद

अनंत ज्ञान, सुजानपुर। सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह का विधायक घर-द्वार कार्यक्रम ग्राम पंचायत पुरली की जट्टा दी धार स्थित खोला में आयोजित किया गया। गांववासियों ने विधायक का गर्मजोशी से स्वागत व अभिनंदन किया और आभार व्यक्त किया। स्थानीय लोगों ने कहा कि कैप्टन रणजीत सिंह पहले ऐसे विधायक हैं जो चुनाव जीतने के बाद गाँव में पहुँचे हैं। लोगों ने बताया कि वोट मांगने के लिए तो कई आते हैं लेकिन बनने के उपरांत गाँव का हाल जानने कोई नहीं आता। इस अवसर पर सुखदेव, संसार चंद, संजय कुमार, राकेश कुमार, सुभाष चंद, रमेश चंद, करम चंद, प्रेम चंद, बियासा देवी, मलका देवी, राम सरन, किरणा देवी, गीता देवी, राधा देवी, कृष्णा देवी, शांति देवी, प्रीता देवी और ज्योति सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामवासियों ने विधायक के समक्ष खोला गाँव तक सड़क निर्माण की मांग रखी। इस पर कैप्टन रणजीत सिंह ने शीघ्र सड़क बनाने का आश्वासन दिया। उन्होंने मौके पर ही कई स्थानीय समस्याओं का निपटारा भी किया और कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी।

प्रभावितों को दी 1.45 लाख की राहत

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आपदा प्रभावित परिवारों का जाना कुशलक्षेम

अनंत ज्ञान, चंबा

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज विधानसभा क्षेत्र भटियात के अंतर्गत आपदा प्रभावित क्षेत्र भाटी, नरोला गला, मिहाल- कमलाडी, टिक्कर गला, बरला, गढ़, चुहण, मिहनु इत्यादि का दौरा कर प्रभावित परिवारों का कुशल क्षेम जाना तथा प्रभावित परिवारों की समस्याओं को सुना।

कुलदीप सिंह पठानिया ने इस दौरान विभिन्न बाढ़ तथा भूस्खलन प्रभावित 22 परिवारों को 1 लाख 45 हजार की तत्काल राहत राशि भी प्रदान की। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि आपदा प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। साथ में उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को राहत एवं पुनर्वास कार्यों में और अधिक गति लाने तथा क्षतिग्रस्त आधारभूत ढांचे की शीघ्र बहाली सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

विधानसभा अध्यक्ष ने जलशक्ति विभाग के अधिकारियों को आपदा न्यूनीकरण कार्यों के अंतर्गत क्षेत्र के विभिन्न आपदा प्रभावित गांव तथा प्रमुख संपर्क मार्गो को बाढ़ तथा भूस्खलन से सुरक्षित बनाने के दृष्टिगत एक ठोस कार्य योजना तैयार कर प्रदेश सरकार को प्रेषित करने के निर्देश दिए। कुलदीप सिंह पठानिया ने लोगों से संवाद करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने विशेष आपदा राहत पैकेज की घोषणा कर राज्य सरकार की सामाजिक कल्याण की प्रतिबद्धता को दोहराया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विशेष आपदा राहत के अंतर्गत प्रभावित परिवारों को पूरी तरह क्षतिग्रस्त घर के लिए 7 लाख रुपये, आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त घर के लिए 1.25 लाख रुपये, घरेलू सामान के लिए 70 हजार रुपये और भूमि के नुकसान के लिए 50 हजार रुपये उपलब्ध करवाएगी। इस अवसर पर उप मंडल दंडाधिकारी नागरिक चुवाड़ी पारस अग्रवाल, डलहौजी अनिल भारद्वाज, तहसीलदार सुमन धीमान, रमेश चौहान, खंड विकास अधिकारी अनिल गुरडा, वन मंडल अधिकारी रजनीश महाजन, अधिशासी अभियंता राकेश ठाकुर, पंकज राठौर, नरेंद्र चौधरी सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

विस अध्यक्ष ने आपदा न्यूनीकरण कार्यों के अंतर्गत अधिकारियों को कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

डीसी ने चुराह विस क्षेत्र के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

अनंत ज्ञान, चंबा

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने विधानसभा क्षेत्र चुराह के अंतर्गत विभिन्न आपदा प्रभावित क्षेत्रों का प्रवास कर वर्तमान स्थिति का स्थलीय निरीक्षण किया। मुकेश ने ग्राम पंचायत गुईला, बोंदेडी, बैरागढ़, सतनाला, गुलेई इत्यादि का प्रवास कर आपदा प्रभावित परिवारों से संवाद कर उनकी कठिनाइयों को सुना और आश्वासन दिया कि प्रशासन हर संभव सहायता उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ में उन्होंने विभागीय अधिकारियों- कर्मचारी को राहत और पुनर्वास कार्यों में गति लाने तथा क्षतिग्रस्त आधारभूत ढांचे की शीघ्र बहाली सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

उपायुक्त ने राजस्व विभाग के फील्ड कर्मियों को प्रभावित परिवारों का त्वरित सर्वेक्षण कर वास्तविक नुकसान का आकलन करने और राहत राशि वितरण प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावित लोग स्वयं भी ऑनलाइन रेवेन्यू मॉनिटरिंग सिस्टम

गुईला, बोंदेडी, बैरागढ़ और सतनाला पंचायत में सुनी लोगों की समस्याएं

(आरएमएस)पर अपनी निजी संपत्ति को हुई क्षति की जानकारी दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने पंचायती राज प्रतिनिधियों को पंचायत स्तर पर आवश्यक कार्यों को जल्द शुरू करने को कहा। उपायुक्त ने इस दौरान लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, विद्युत बोर्ड और ग्रामीण विकास विभाग द्वारा विभिन्न व्यवस्थाओं की बहाली के लिए अब तक किए गए कार्यों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों के प्रयासों की सराहना भी की।

उन्होंने इस दौरान आपदा प्रभावित लोगों की समस्याओं को भी सुना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश भी दिए। उपायुक्त ने स्थानीय लोगों से राहत एवं पुनर्वास कार्यों में प्रशासन का सहयोग करने का भी आग्रह किया।

चंबा में होटल से पंजाब के युवक से चिट्टा और नकदी की बरामद

अनंत ज्ञान, भरमौर

चंबा जिला के तड़ोली क्षेत्र में रविवार सुबह एक निजी होटल में एचटीसी पुलिस ने खुफिया सूचना के आधार पर कार्रवाई कर चिट्टा (हेरोइन) और नकदी बरामद की। जानकारी के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली थी कि पठानकोट-चंबा एनएच 154ए पर स्थित होटल गंगाधर में एक युवक नशे की खेप को ठिकाने लगाने की फिराक में है।

पुलिस टीम ने सुबह करीब 5 बजे होटल में दबिश दी और तलाशी के दौरान युवक के कब्जे से 3.31 ग्राम चिट्टा तथा 7600 रुपये नकद बरामद किए गए। पकड़े गए आरोपी की पहचान अनमोल दीप पुत्र हरचरण सिंह, निवासी सलोधिन खत्री यां कलां, तहसील अजनाला, जिला अमृतसर (पंजाब) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ मादक द्रव्य अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत सदर थाना चंबा में मुकदमा दर्ज किया है। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी चंबा अभिषेक यादव ने कहा कि नशे का कारोबार करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। आरोपी से पूछताछ जारी है और जल्द ही उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा।

पुलिस ने तड़के दबिश देकर आरोपी किया गिरफ्तार

चमेरा डैम से छोड़ा जा सकता अतिरिक्त पानी

अनंत ज्ञान, चंबा। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण चंबा ने रविवार को आमजन को सतर्क रहने की चेतावनी जारी की है। प्राधिकरण के अनुसार लगातार बढ़ रहे जल प्रवाह के कारण रावी नदी में पानी का स्तर सामान्य से ऊपर पहुंच गया है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए चमेरा डैम से किसी भी समय अतिरिक्त पानी छोड़ा जा सकता है। अधिकारियों ने साफ कहा है कि जलस्तर में अचानक वृद्धि से खतरा बढ़ सकता है। इसलिए स्थानीय निवासियों, पर्यटकों और किसानों से विशेष रूप से अनुरोध किया गया है कि वे नदी के किनारे न जाएँ और अपनी तथा अपने परिवार की सुरक्षा को प्राथमिकता दें। डीडीएमए ने कहा कि यह एहतियाती कदम किसी भी संभावित दुर्घटना या अप्रिय स्थिति से बचाव के लिए उठाया जा रहा है। प्राधिकरण ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे पशुओं को भी नदी किनारे न चराएं और बच्चों को नदी के पास जाने से रोकें। यह चेतावनी जनहित में जारी की गई है ताकि लोग समय रहते सतर्क रहकर किसी भी अनहोनी से सुरक्षित रह सकें।

द्रवड़ गांव तक सड़क पूरी तरह बहाल: नीरज नैय्यर

अनंत ज्ञान, चंबा

चंबा जिले में कुछ दिन पहले हुई भारी बारिश ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया था, खासकर सड़क संपर्क व्यवस्था को लेकर लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। कई गांवों तक आवागमन बंद हो गया था, जिससे दैनिक जीवन और आपात सेवाओं की उपलब्धता प्रभावित हुई। सदर चंबा के विधायक नीरज नैय्यर ने रविवार को जानकारी साझा करते हुए बताया कि गांव द्रवड़ तक सड़क मार्ग पूरी तरह बहाल कर दिया गया है और वाहन अब वहां तक आसानी से पहुंचने लगे हैं। विधायक ने कहा कि यह कदम स्थानीय लोगों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है।

उन्होंने सभी ग्रामवासियों को मुबारकबाद दी और पीडब्ल्यूडी विभाग के कर्मियों की मेहनत और समर्पण की साराहना की। नीरज नैय्यर ने बताया कि प्रशासन और विभाग लगातार प्रभावित इलाकों का निरीक्षण कर रहे हैं और जहां भी अवरोध या क्षति है, उसे तुरंत ठीक करने का कार्य चल रहा है। विधायक ने कहा कि राहत और पुनर्निर्माण का काम अभी रुका नहीं है, जब तक हर पंचायत तक सुरक्षित और सुचारू मार्ग सुनिश्चित नहीं हो जाता, तब तक प्रयास जारी रहेंगे।

स्थानीय लोगों ने इस पहल को समय पर राहत और प्रशासन की सक्रियता का प्रमाण बताया। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क मार्ग खुलने से न केवल यातायात सुगम हुआ है, बल्कि दवा, राशन और अन्य आवश्यक सेवाओं की उपलब्धता भी अब सुनिश्चित हो गई है।

सड़क हादसे में इंटर्न डॉक्टर की मौत, एक लापता

अनंत ज्ञान, चंबा। चंबा जिले में शनिवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में मेडिकल कॉलेज चंबा के इंटर्न डॉक्टर अखिलेश की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक अन्य इंटर्न छात्रा इशिका (रोहड़ू, शिमला) रावी नदी में लापता हो गई है। हादसा चंबा-पठानकोट एनएच पर परेल घार के समीप हुआ, जब एक स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर रावी नदी में जा गिरी। दुर्घटना में दो अन्य इंटर्न डॉ. रिशांत (शिमला) और डॉ. दिव्यांक (सोलन) गंभीर रूप से घायल हो गए हैं और उनका इलाज मेडिकल कॉलेज चंबा में चल रहा है।

मृतक डॉक्टर अखिलेश हमीरपुर जिला से ताल्लुक रखते थे। एसडीएम चंबा प्रियांशु खाती ने पुष्टि की कि हादसे में मेडिकल कॉलेज के इंटर्न डॉक्टर शामिल थे। उन्होंने बताया कि लापता युवती की तलाश जारी है और घटना के कारणों की जांच की जा रही है। प्रशासन ने पीड़ित परिवारों को फौरी राहत राशि भी जारी कर दी है। घटना ने पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ रही है।

ख्योड़ मेले सांस्कृतिक संध्या में पूनम और संजय की नाटियों में झूमे श्रोता

सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान

गोहर। जिला स्तरीय नलवाड़ मेला ख्योड़ की चौथी रात्रि सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम शिमला की पूनम सरमायिक के नाम रही। पंडाल में उपस्थित श्रोतागानों ने उनकी सुरीली धुनों का खूब मनोरंजन किया। सांस्कृतिक समारोह में पुलिस थाना प्रभारी देव राज ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत किया। इस अवसर पर मेला कमेटी के अध्यक्ष तरुण शर्मा और उनकी टीम ने मुख्यातिथि को सम्मानित किया और उनका आभार जताया।

रात्रि संध्या का आगाज चच्योट के खूब राम की शहनाई की मधुर धुन के साथ किया गया। सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम की स्टार गायिका पूनम सरमायिक ने जैसे ही मंच की ओर कदम रखा पंडाल में बैठे श्रोताओं ने तालियों के साथ स्वागत किया। उन्होंने मंच से बांका मुल्क हिमाचलो रा के गाने से शुरुआत कर काला धाठु गच लगना, साहिबा री बीबीए, माहि वे, तेरी आंख्या रा काजल, कजरा रे कजरा रे, रोहड़ू जाणा मेरी अमिए, गढे ते ना चढ़दी गटीरे ते ना चढ़दी जैसे गानों से पंडाल में बैठे श्रोताओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया। वहीं सेमी स्टार कुल्लू जिला के संजय पुजारी तू सांगें मिली मेरी नजर, ओ मेरी बेगमा, अंजू आई पड़ी कुल्लू रे कोलजा, हैओ मेरी चंद्रा, प्यार हुआ, आजा आजा मेरे यार नाटी नोचन तथा मेरी शराजनिए जैसी कुल्ल्वी नाटियों से लोगों को खुश कर दिया। इससे पूर्व मंच से लोक कलाकार परस राम, सूरत राम, डिवाइन डांसर निखिल, जगदीश चंद, डांसर खुशबु, खिमू चौहान, अनिल कुमार, संजय कुमार और पंकज कुमार ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां पेश की। वहीं मंच का संचालन कर रहे सेवानिवृत डीपीआरओ कुलदीप गुलेरिया ने बीच बीच में एक से बढ़ कर एक चुटकले पेश कर लोगों को ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया। ख्योड़ मेला की चौथी सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम में प्रस्तुति पेश करती स्टार कलाकार पूनम सरमायिक और सेमी स्टार संजय पुजारी व पंडाल में बैठे मुख्यातिथि और श्रोतागण।

नमो युवा मैराथन में मंडी के युवाओं ने दिखाया जोश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा रविवार को मंडी में नमो युवा मैराथन का सफल आयोजन किया गया। यह मैराथन सुबह 6:30 बजे पडल ग्राउंड से शुरू हुई। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री पायल वैद्य और भाजपा जिला अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन को रवाना किया। कार्यक्रम की अगुवाई युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष योगेश ठाकुर ने की।पडल, भियुलि, पुरानी मंडी से होते हुए सेरी मंच में संपन्न हुई। भाजपा प्रदेश मंत्री पायल वैद्य ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपना पूरा जीवन इस देश और समाज हित में काम करते हुए लगा दिया है। उन्होंने युवाओं से भी आहवान किया कि हमें प्रधानमंत्री मोदी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में पूरे देशभर में सेवा पखवाड़े के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में मंडी में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर प्रधानमंत्री जी के प्रति अपने सम्मान और ऊर्जा को व्यक्त किया। हाल ही मे 84 युवाओं ने रक्तदान किया। कार्यक्रम की अगुवाई युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष योगेश ठाकुर ने की। साथ ही भाजपा महामंत्री, युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष भुवनेश ठाकुर,कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। लगभग 250 से अधिक युवाओं ने इस मैराथन में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राष्ट्रीय एथलीट चमन ठाकुर, द्वितीय स्थान मोहित शर्मा, तृतीय स्थान अंकित कुमार ने हासिल किया।

विशेष रूप से बेटी कनिका ने भी इस प्रतियोगिता में भाग लेकर सबका उत्साह बढ़ाया। विजेताओं को पुरस्कार और सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर एएफजी अकादमी के कोच संतोष और अन्य गनमान्य भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बरसात के कहर ने नलसर के हरि सिंह को कर दिया बेघर

आदर्श, अनंत ज्ञान

नेरचौक। पिछले 3 महीने से जारी बरसात का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है भारी बरिश से नलसर क्षेत्र के एक गरीब परिवार के दो कमरों का स्लेट पोस मकान पूरी तरह से ढह गया जिस कारण नलसर का हरि राम उर्फ हरू बेघर हो गया है गनीमत यह रही की इस हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है स्लेटपोस इस मकान की हालत जर्जर थी जिसके चलते पंचायत जनप्रतिनिधियों ने पहले ही मकान खाली करवा दिया था और हरि सिंह उर्फ हरू को पंचायत में आसरा दे दिया था प्रशासन ने प्रभावित परिवार को बतौर राहत राशन किट प्रदान कर दी है ।

पंचाय प्रधान जिंदर कुमार और उप प्रधान विनोद ठाकुर का कहना है हरिराम का मकान ढहने से वह और उसका बेटा बेघर हो गए हैं परिवार की दयनीय हालात को देखते हुए पिछले 20 वर्षो से पंचायत ने आईआरडीपी की श्रेणी में शमिल कर रखा है लेकिन परिवार के पास नियमों के मुताबिक जमीन ना होने के कारण स्वीकृत मकान भी नहीं बना पाए प्रभावित परिवार के दोनों सदस्य नशे के आदि हो चुके हैं जिस कारण पंचायत और समाज सेवी भी उनकी सहायता करने में बेबस है पंचायत ने उनकी मौजूदा हालातो बारे प्रशासन को अवगत करवा दिया है जो भी निर्देश प्रशासन करेगा पंचायत सहयोग करेगी।

प्रभावित परिवार को तिरपाल व राशन दिया गया है। फिलहाल पीड़ित परिवार के सदस्य पंचायत के कमरे में रह रहे हैं। ज्ञात हुआ है कि दोनों नशे के आदि हैं। उनको नशा निवारण केंद्र भेजने पर विचार किया जा रहा है।

- स्मृतिका नेगी एसडीएम बल्ह।

बच्चों की सफलता में माता-पिता की मौजूदगी ही सबसे बड़ा उपहार : पुष्पेंद्र

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

मुख्यमंत्री सुक्खू के विदेश दौरे को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि ऐसे विषय पर वैसे तो कोई प्रतिक्रिया बनती नहीं है, लेकिन यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि मुख्यमंत्री जी किसी विदेश यात्रा पर नहीं बल्कि अपने बच्चों की उपलब्धि में शामिल होने गए हैं।

डॉ. वर्मा ने कहा कि स्कूल का वार्षिक पारितोषिक समारोह हो वो भी माता-पिता के लिए उत्सव से कम नहीं होता। इस दिन माता-पिता अपने बच्चों की उपलब्धियों के साक्षी बनने के लिए हर हाल में समय निकालते हैं। बच्चों की भी यही इच्छा होती है कि जब वे मंच पर जाएं, पुरस्कार प्राप्त करें या कोई प्रस्तुति दें, तो उनके मां-बाप वहां मौजूद हों, ताली बजाकर उनका हौसला बढ़ाएं। यही पल उनकी मेहनत को सार्थक और यादगार बना देते हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू न केवल प्रदेश के मुखिया हैं बल्कि दो होनहार बेटियों के पिता भी हैं। अपनी बेटी की उपलब्धि पर पहुंचकर उनका उत्साहवर्धन करना उनका कर्तव्य और गर्व की बात है। डॉ. वर्मा ने स्पष्ट किया कि यह कोई विदेश यात्रा, भारत-पाकिस्तान मैच देखने या किसी फिल्म के प्रीमियर में शामिल होने का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि अपनी संतानों की मेहनत, लगन और सफलता के उत्सव में शामिल होने का अवसर है और साथ ही यह हिमाचल प्रदेश को भी गौरवान्वित करने का अवसर है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का यह कदम प्रेरणादायक है और यह संदेश देता है कि चाहे कोई भी पद या स्थान क्यों न हो, बच्चों के लिए उनकी उपलब्धियां में माता-पिता की मौजूदगी सबसे बड़ा उपहार है। डॉ पुष्पेंद्र वर्मा ने अंत में कहा कि राजनेताओं को अमर्यादित व्यवहार बंद कर देना चाहिए और असली मुद्दों पर बात करनी चाहिए तभी भारत की राजनीति सार्थक हो सकती है।

मुख्यमंत्री सुक्खू के विदेश दौरे को लेकर कांग्रेस नेता ने दी प्रतिक्रिया

आस्था कलश यात्रा और श्रीराम कथा से होगी शुभ शुरुआत, हर दिन होगा भंडारा

शरद नवरात्र की भक्ति में डूबा चौंतड़ा

अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान

जोगिंद्रनगर के चौंतड़ा में इस बार शरद नवरात्र बड़े उत्साह और भक्ति भाव से मनाए जाएंगे। श्री नवदुर्गा समिति चौंतड़ा हर साल की तरह इस बार भी माता की प्रतिमा स्थापित कर धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। नवरात्र की तैयारियां जोरों पर हैं और पूरा क्षेत्र भक्ति रंग में रंग चुका है।

समिति सदस्य नरेश अवस्थी ने बताया कि नवरात्र की शुरुआत अन्नपूर्णा मंदिर, लदरुही से कलश यात्रा और मूर्ति परिक्रमा के साथ होगी। कलश यात्रा पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल बनाएगी और इसके उपरांत माता की प्रतिमा को विधिवत पंडाल में स्थापित किया जाएगा। इस वर्ष के आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता श्रीराम कथा है। श्रद्धालु कथा श्रवण का सौभाग्य श्रीश्री 1008 आचार्य संतोष दास महाराज, वृंदावन धाम के मुखारविंद से प्राप्त करेंगे। कथा के माध्यम से धर्म, संस्कृति

जब तक तकलीफ सहने की तैयारी नहीं होती, तब तक फायदा दिखाई दे ही नहीं सकता। फायदे की इमारत नुकसान की धूप में बनी है। -विनोबा भावे

संपादकीय

पशु मित्र नीति लाभदायक

हिमाचल प्रदेश में सुक्खू सरकार ने पशु मित्र नीति 2025 की शुरुआत की है। इस नीति को लेकर न केवल ग्रामीण समाज में चर्चा है, बल्कि पशुधन के क्षेत्र में भी इसे एक संभावित बदलावकारी कदम के तौर पर देखा जा रहा है। लंबे समय से प्रदेश में पशुओं की दशा सुधारने की बातें होती रही हैं, लेकिन व्यवहारिक स्तर पर ऐसे ठोस प्रयास कम ही दिखाई दिए हैं। अब इस नई नीति से उम्मीदें बंधी हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं की देखभाल का नया ढांचा खड़ा होगा और पशुपालकों को सीधी मदद मिल सकेगी। इस योजना के तहत प्रदेशभर से 1000 युवाओं को पशु मित्र बनाया जाएगा। इन्हें बाकायदा प्रशिक्षण दिया जाएगा और फिर गांवों में तैनात किया जाएगा। पशु मित्रों का दायित्व केवल पशुओं का इलाज या टीकाकरण कराना ही नहीं होगा, बल्कि वे किसानों को पशुधन प्रबंधन, खान-पान, देखभाल और रोग-निवारण संबंधी जागरूकता भी देंगे। यानी यह केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि सामाजिक भागीदारी का भी मॉडल है।

हालांकि, हिमाचल जैसा भौगोलिक दृष्टि से विशाल और दुर्गम प्रदेश केवल 1000 पशु मित्रों से पूरी तरह कवर नहीं हो सकता। सरकार ने फिलहाल इसे प्रारंभिक चरण में लागू किया है। यदि यह फार्मूला सफल रहता है तो अगले चरण में पशु मित्रों की संख्या और बढ़ाई जाएगी। इसका मतलब यह हुआ कि फिलहाल यह एक पायलट प्रोजेक्ट है, जिसे धीरे-धीरे बड़े स्वरूप में बदला जाएगा। इसके लिए चयन प्रक्रिया काफी कठिन रखी गई है। अभ्यर्थियों को शारीरिक परीक्षा से गुजरना होगा, जिसमें 25 किलो तक का वजन उठाकर 100 मीटर की दूरी 1 मिनट में तय करनी होगी। इसका साफ अर्थ है कि पशु मित्र केवल कागजी काम करने वाले कर्मचारी नहीं होंगे, बल्कि वे फील्ड में उतरकर मेहनत करेंगे। पशु मित्रों को मुख्य रूप से पशु अस्पतालों और पशुधन फार्मों में तैनात किया जाएगा। उनकी जिम्मेदारी होगी कि वे 14, 26 और 35 लीटर क्षमता वाले तरल नाइट्रोजन कंटेनरों को उठाएं और इस्तेमाल करें। यह कंटेनर कृत्रिम गर्भाधान और पशुधन प्रजनन प्रक्रिया में अहम होते हैं। बड़े पशुओं जैसे गाय, भैंस, घोड़े और खच्चरों को संभालना, बीमार पशुओं का प्राथमिक उपचार करना, घर-घर जाकर टीकाकरण अभियान चलाना और गर्भावस्था राशन योजना के तहत चारे की बोरियां लाभार्थियों तक पहुंचाना भी उनकी ड्यूटी होगी। सरकार ने इनके कार्य की समयसीमा तय की है।

हर रोज चार घंटे का कार्य तय होगा और इसके एवज में उन्हें 5000 रुपए मासिक मानदेय मिलेगा। हालांकि, यह राशि बहुत अधिक नहीं मानी जा सकती, लेकिन ग्रामीण युवाओं के लिए यह स्थायी आय का एक साधन जरूर है। साथ ही यह काम पार्ट-टाइम प्रकृति का भी है, जिससे पशु मित्र अन्य आजीविका स्रोतों से भी जुड़ सकते हैं। महीने में एक छुट्टी का प्रावधान है और रविवार व राजपत्रित अवकाश भी मान्य होंगे। महिला पशु मित्रों को मातृत्व अवकाश और गर्भपात की स्थिति में भी अवकाश की सुविधा दी जाएगी। यानी सरकार ने नीति बनाते समय लैंगिक संवेदनशीलता का भी ध्यान रखा है। इस योजना के कई लाभ हो सकते हैं। पहला, ग्रामीण स्तर पर पशु चिकित्सा सेवाएं सीधे लोगों तक पहुंचेंगी।

दूसरा, स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा और उनकी सामुदायिक भागीदारी भी सुनिश्चित होगी। तीसरा, प्रदेश में पशुधन उत्पादन और प्रबंधन में सुधार आएगा, जिससे दूध, मांस और ऊन उत्पादन बढ़ सकता है। चौथा, सरकार द्वारा लागू की गई योजनाओं जैसे गर्भावस्था राशन योजना, टीकाकरण अभियान या कृत्रिम गर्भाधान को भी जमीनी स्तर पर गति मिलेगी। यानी यह योजना रोजगार, स्वास्थ्य सेवा और पशुधन उत्पादन—तीनों को जोड़ने वाली है, लेकिन हर योजना के साथ चुनौतियां भी होती हैं। विपक्षी भाजपा ने इस नीति की आलोचना करते हुए इसे मित्रों की सरकार का नाम दिया है। उनका आरोप है कि सरकार अपने नजदीकी लोगों को एडजस्ट करने के लिए इस तरह की योजनाएं बना रही है। दूसरी बड़ी चुनौती यह है कि प्रदेश में लावारिस घूमते हुए पशुओं की समस्या सबसे गंभीर है।

सड़क हादसे हों या किसानों की फसलों को होने वाला नुकसान—इन लावारिस पशुओं से प्रदेश लंबे समय से जूझ रहा है। दुर्भाग्यवश, इस नीति में लावारिस पशुओं की देखभाल का कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है। यदि सरकार इस पहलू को भी इसमें शामिल करे तो यह नीति और भी प्रभावशाली हो सकती है। इसके अलावा 5000 रुपए मानदेय पर सवाल उठ सकते हैं कि क्या इतनी कम राशि में प्रशिक्षित युवा लंबे समय तक इस कार्य से जुड़े रह पाएंगे? साथ ही, 1000 पशु मित्र पूरे प्रदेश की जरूरतों के सामने बहुत कम पड़ सकते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि योजना का दूसरा और तीसरा चरण भी जल्द लागू किया जाए। यदि यह योजना सही ढंग से लागू की जाती है तो हिमाचल प्रदेश में पशुधन प्रबंधन की तस्वीर बदल सकती है। ग्रामीण स्तर पर पशु स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता बढ़ेगी, किसानों का बोझ कम होगा और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। साथ ही, यदि सरकार पशु मित्रों के जरिए लावारिस पशुओं की देखभाल और पुनर्वास का भी तंत्र खड़ा करे तो यह प्रदेश के लिए गेम-चेंजर साबित हो सकता है। कुल मिलाकर, सुक्खू सरकार की यह पहल सराहनीय है।

आलोचनाओं के बावजूद यह साफ है कि इस नीति का दूरगामी असर होगा। हर नई योजना की शुरुआत में चुनौतियां और आलोचनाएं होती हैं, लेकिन जब सफलता मिलती है तो वही लोग तारीफ करने लगते हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि पशु मित्र नीति 2025 हिमाचल के ग्रामीण समाज, किसानों और पशुधन तीनों के लिए लाभदायक सिद्ध होगी और यह एक स्थायी मॉडल बनकर उभरेगी। ■

आज के दिन की प्रमुख हस्ती

रामकृष्ण परमहंस की जीवन संगिनी

शारदा देवी रामकृष्ण परमहंस की जीवन संगिनी थीं। 6 वर्ष की शारदामणि का 23 वर्ष के रामकृष्ण के साथ विवाह हुआ था। कुछ वर्ष बाद रामकृष्ण परमहंस अपनी पत्नी शारदा देवी को दिव्य माता की प्रतिमूर्ति मानने लगे। उनका बचपन का नाम शारदामणि था। रामकृष्ण कोलकाता के दक्षिणेश्वर मंदिर में भक्ति में इतने मग्न रहते थे कि लोग उन्हें पागल समझने लगे। उनकी वृद्ध माता चंद्रमणि पुत्र की यह दशा देखकर चिंतित हुईं। वह यह सोच कर उन्हें अपने गांव कामारपुकुर ले आईं कि विवाह हो जाने से पुत्र की मानसिक स्थिति बदल जाएगी। 14 वर्ष की उम्र में शारदा का द्विरागमन हुआ और वे अपनी ससुराल गईं। रामकृष्ण ज्यादातर दक्षिणेश्वर मंदिर में भक्ति में ही लीन रहते थे। शारदा वापस अपने पिता के गांव जयरामबारी आ जातीं थीं। किसी तरह 4 वर्ष गुजर गए। एक बार शारदा रामकृष्ण की अस्वस्थता का समाचार सुनकर सीधे दक्षिणेश्वर मंदिर पहुंच गईं। वे स्वयं भी बीमार थीं। स्वामीजी ने उनकी सेवा सुश्रुषा की और शारदा के रहने की व्यवस्था अलग कमरे में की गई। ■

शारदा देवी
जन्म : 22 सितंबर, 1853
मृत्यु : 20 जुलाई, 1920

कविता

प्रदीप्त रहे शिक्षक

कनुप्रिया, नूरपुर, हिमाचल

उड़ेल दे जो स्वयं का ज्ञान, न छोड़े कोई कोर कसर ले पूर्ण संज्ञान।
अंकुरित कर दे नई पौध को, रग रग में भर दे ज्ञान ज्योत को।
शिक्षा की न वह दीक्षा चाहे न ही चाहे ख्याति,
मान-सम्मान का न वह आकांक्षी।
यही चाह है इसमें नहीं, कोई भ्रांति,
शिक्षक नमन तुझे रहे तू सदैव निस्वार्थी।
प्रज्ञा मंदिर में दे तू अनुभव, विद्वत्ता की आहुति,
समावेशी वातावरण बना अपनाते रहे हर चुनौती।
प्रेरित प्रोत्साहित कर प्रज्वलित करता रहे हर जिज्ञासा,
फिर शांत कर दे हर एक ज्ञान पिपासा।
कृष्ण बन ज्ञान बांचता रहे, कभी पालनहार तो कभी नटवर बन।
विद्यार्थी को रिझाता रहे,
मां की ममता तो कभी बाप सा प्यार भी लुटता रहे।
हर रूप में नई सीख सिखाए,
अपनी ओर से नव करने को ओजसवी बनाता रहे।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।

स्क्रैप पॉलिसी : प्रदूषण मुक्त भविष्य की ओर हिमाचल

देवभूमि हिमाचल में जिस तेजी से वाहनों की तादाद बढ़ रही है, वह किसी खतरे की घंटी से कम नहीं है। पहाड़ की संकरी सड़कों पर रेंगते वाहनों का कारवां न केवल लोगों की आवाजाही को मुश्किल बना रहा है, बल्कि उससे उठता धुआं और बढ़ता शोर वायु प्रदूषण की समस्या को दिन-प्रतिदिन विकराल रूप भी देता जा रहा है। पिछले एक दशक में हिमाचल में वाहनों की संख्या अप्रत्याशित रूप से बढ़ी है। कभी इस प्रदेश में वाहन विलासिता की चीज हुआ करते थे, लेकिन आज हर छोटे-बड़े कस्बे से लेकर हर दुर्गम गांव तक दोपहिया और चौपहिया वाहन पहुंच गए हैं। वर्तमान में हिमाचल की आबादी 75 लाख के आसपास है, जबकि प्रदेश में इस समय करीब 22 लाख 43 हजार 525 वाहन पंजीकृत हैं, जिनमें से 19 लाख 25 हजार 593 निजी हैं और शेष 3 लाख 17 हजार 931 व्यावसायिक हैं। जनसंख्या के हिसाब से हिमाचल प्रदेश में औसतन प्रति एक व्यक्ति पर लगभग 0.30 वाहन हैं। यानी हर 10 व्यक्तियों पर लगभग 3 वाहन हैं। यह वाहनों की बहुत अधिक सघनता को दर्शाता है, खासकर एक पहाड़ी राज्य के लिए, जहां पर्यावरणीय संतुलन पहले से ही नाजुक होता है। इतनी बड़ी संख्या में वाहनों का बोझ राज्य के लिए गंभीर पर्यावरणीय खतरा बन चुका है।

हिमाचल की पारिस्थितिकी को देखें तो बढ़ता प्रदूषण यहां न केवल वायु गुणवत्ता को खराब कर रहा है, बल्कि जलवायु परिवर्तन को भी तेज कर रहा है, जिसके दुष्परिणाम मानसून की असामयिक और अत्यधिक वर्षा, भूस्खलन, बादल फटना और बाढ़ जैसी आपदाओं के रूप में पिछले तीन सालों से सामने आ रहे हैं। वर्तमान सरकार इस खतरे से भली-भांति वाकिफ है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार ने पर्यावरण को बचाने के लिए कई ठोस पहलें की हैं। इन्हीं में से एक महत्वपूर्ण कदम है राज्य में स्क्रैप पॉलिसी का लागू होना। इस पॉलिसी के तहत अगर कोई वाहन मालिक अपना पुराना वाहन स्क्रैप करता है और उसी श्रेणी का नया वाहन खरीदता है, तो उसे नए वाहन की खरीद पर रोड टैक्स यानी टोकन टैक्स में पचास प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। यह छूट निजी वाहनों के लिए 15 साल तक और व्यावसायिक वाहनों के लिए 8 साल तक मान्य होगी। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि स्क्रैपिंग केवल उन्हीं केंद्रों पर मान्य होगी जो सरकार की ओर से अधिकृत किए गए हैं और नए वाहन की रजिस्ट्री करवाते समय वाहन मालिक को स्क्रैप किए गए वाहन का बकायदा डिपॉजिट सर्टिफिकेट अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा। निश्चित रूप से सरकार का यह कदम कई मायनों में क्रांतिकारी है, क्योंकि इससे एक ओर उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत मिलेगी और दूसरी ओर सरकार को नए वाहनों की बिक्री और रजिस्ट्री के माध्यम से अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा।

दरअसल, हिमाचल प्रदेश सरकार की यह पहल केंद्र की राष्ट्रीय वाहन स्क्रैप पॉलिसी से प्रेरित है, जिसे वर्ष 2021 में लागू किया गया था। केंद्र ने राज्यों को स्क्रैपिंग सेंटर स्थापित करने और उपभोक्ताओं को प्रोत्साहन देने की दिशा में मार्गदर्शन दिया है, लेकिन हिमाचल ने इसमें अपनी परिस्थितियों के अनुसार कुछ विशेष प्रावधान जोड़े हैं, ताकि पहाड़ी राज्य में बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सके। यह नीति यदि सही ढंग से लागू हुई तो इससे राज्य के हजारों पुराने वाहन सड़क से हट जाएंगे और प्रदूषण का स्तर काफी हद तक कम हो सकेगा। हालांकि, जब हम वाहनों की संख्या की बात करते हैं तो इलेक्ट्रिक वाहनों का उल्लेख अनिवार्य हो जाता है। आज पूरे देश में ई-व्हीकल्स को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है। हिमाचल सरकार भी इस दिशा में संजीदा है, लेकिन आंकड़े बताते हैं कि अभी तक प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या नगण्य है। वर्तमान में केवल 2,811 ई-वाहन ही पंजीकृत हो पाए हैं, जिनमें से 2,412 निजी और 399 व्यावसायिक हैं। यह संख्या कुल वाहनों की तुलना में बेहद कम है। इसका कारण स्पष्ट है-ई-व्हीकल्स की शुरुआती लागत पारंपरिक पेट्रोल-डीजल वाहनों की तुलना में कहीं अधिक है। आम आदमी की जेब पर इनकी कीमत भारी पड़ती है। दूसरा बड़ा कारण है चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी। पहाड़ी राज्य होने के बावजूद जहां हर जगह पेट्रोल पंप मौजूद हैं, वहीं चार्जिंग स्टेशन अभी गिने-चुने ही हैं। लंबी दूरी की यात्रा करने वाले उपभोक्ताओं को डर रहता है कि अगर बीच रास्ते में बैटरी खत्म हो गई तो मदद कहां से मिलेगी। एक और कारण है भ्रम और भय। लोग अभी तक यह विश्वास नहीं कर पा रहे हैं कि ई-वाहन पहाड़ की चढ़ाइयों पर और ठंडे मौसम में भी उतना ही अच्छा प्रदर्शन करेंगे जितना मैदानी इलाकों में करते हैं। दूसरी ओर, गांव और छोटे कस्बों के लोग अभी तक ई-वाहनों के फायदे और सरकारी प्रोत्साहनों के बारे में पूरी तरह जागरूक नहीं हैं, जबकि राज्य सरकार ने ई-वाहनों को बढ़ावा देने के लिए कई प्रोत्साहन योजनाएं बनाई हैं, जैसे कि रोड टैक्स में छूट और चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना की योजना, लेकिन इनका प्रचार-प्रसार उतना प्रभावी नहीं हो पाया जितना होना चाहिए था।

यथार्थ

समरजीत

स्क्रैप पॉलिसी और ई-वाहन दोनों ही मिलकर अगर सही ढंग से लागू हों तो आने वाले समय में हिमाचल प्रदेश के लिए यह निर्णय बेहद लाभदायक हो सकता है। स्क्रैप पॉलिसी से वायु प्रदूषण में कमी होगी, क्योंकि पुराने वाहनों से सबसे अधिक धुआं और कार्बन उत्सर्जन होता है। इन्हें हटाने से हवा की गुणवत्ता में सुधार होगा। राजस्व में वृद्धि तो होना तय ही है। नए वाहनों की बिक्री से रोड टैक्स, रजिस्ट्रेशन फीस और जीएसटी जैसे करों के जरिए सरकार की आय बढ़ेगी। रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। स्क्रैपिंग सेंटर और चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना से स्थानीय स्तर पर रोजगार के मौके पैदा होंगे। ई-वाहन उद्योग को बढ़ावा मिलेगा, जिससे धीरे-धीरे हिमाचल ग्रीन ट्रांसपोर्ट के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बन सकता है।

यहां यह सवाल भी उठता है कि क्या स्क्रैप पॉलिसी और ई-वाहनों के बढ़ते चलन से असामयिक वर्षा, बादल फटना और मानसून की विनाशकारी बारिश जैसी आपदाओं पर रोक लगाई जा सकती है। सीधे तौर पर इसका उत्तर 'न' है, क्योंकि ये आपदाएं जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय असंतुलन से जुड़ी जटिल घटनाएं हैं, लेकिन अप्रत्यक्ष रूप से जरूर कहा जा सकता है कि अगर प्रदूषण घटेगा और कार्बन उत्सर्जन कम होगा तो जलवायु परिवर्तन की गति धीमी होगी। इससे लंबे समय में मौसम की चरम स्थितियों में कमी आ सकती है। यानी यह पॉलिसी तात्कालिक समाधान तो नहीं देगी, लेकिन दूरगामी लाभ जरूर पहुंचाएगी।

राजधानी शिमला में बीते वर्षों में वाहनों का दबाव इतना बढ़ा है कि गर्मियों और पर्यटन सीजन में हालात दिल्ली की तरह ट्रैफिक जाम वाले हो जाते हैं। यहां वायु गुणवत्ता सूचकांक लगातार खराब श्रेणी की ओर बढ़ रहा है। मनाली में भी पर्यटन के सीजन में वाहनों का जमावड़ा स्थानीय पर्यावरण पर भारी पड़ रहा है। प्रदेश के सबसे बड़े औद्योगिक क्षेत्र बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ यानी बीबीएन में भी वाहनों के साथ फैक्टरियों से निकलता धुआं भी हिमाचल के पर्यावरण को दूषित कर रहा है। मंडी जिले में हाल ही में हुए बादल फटने की घटनाओं ने दिखा दिया कि पर्यावरणीय असंतुलन किस तरह विनाशकारी रूप ले सकता है। इन सबका सीधा संबंध वाहन प्रदूषण और बेतहाशा निर्माण गतिविधियों से है।

अगर तुलना की जाए तो दिल्ली और महाराष्ट्र जैसे राज्यों ने ई-वाहनों को बढ़ावा देने के लिए बड़ी सब्सिडी और इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराया है। नॉर्वे जैसे देश तो दुनिया के सामने उदाहरण बन चुके हैं, जहां ई-वाहनों की संख्या पारंपरिक वाहनों से अधिक हो गई है। चीन ने बैटरी टेक्नोलॉजी और चार्जिंग स्टेशनों का इतना व्यापक नेटवर्क खड़ा कर दिया है कि वहां ई-वाहन आम जनता की पहुंच में आ गए हैं। हिमाचल को भी इनसे सीख लेकर स्थानीय परिस्थितियों के हिसाब से नीति बनानी होगी। हालांकि, चुनौतियां अभी भी कम नहीं हैं। सबसे बड़ी चुनौती है पर्याप्त स्क्रैपिंग सेंटरों की कमी। दूसरी चुनौती है चार्जिंग नेटवर्क का कमजोर होना। तीसरी चुनौती है टैक्सी और ट्रांसपोर्ट यूनियनों का प्रतिरोध, क्योंकि उन्हें लगता है कि ई-वाहनों पर स्विच करने से उनकी आमदनी प्रभावित होगी। चौथी चुनौती है शुरुआती आर्थिक बोझ क्योंकि नया वाहन खरीदना हर किसी के लिए आसान नहीं है।

इन चुनौतियों का समाधान तभी संभव है जब सरकार न केवल नीति बनाए, बल्कि उसे जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए ठोस रोडमैप भी तैयार करे। स्क्रैप पॉलिसी के लिए अधिकृत सेंटरों की संख्या तेजी से बढ़ाई जाए, चार्जिंग स्टेशनों का नेटवर्क हर कस्बे और पर्यटन स्थल तक पहुंचाया जाए, लोगों को ई-वाहनों के फायदे और सब्सिडी योजनाओं के बारे में जागरूक किया जाए और स्थानीय ट्रांसपोर्ट यूनियनों को विश्वास में लेकर उन्हें भी इस अभियान का भागीदार बनाया जाए। बहरहाल, हिमाचल प्रदेश सरकार की स्क्रैप पॉलिसी और ई-वाहनों को बढ़ावा देने की पहल निश्चित रूप से समय की मांग है। अगर यह नीति पूरी गंभीरता से लागू हुई तो इससे प्रदूषण नियंत्रण, राजस्व वृद्धि, रोजगार सृजन और सतत विकास के क्षेत्र में राज्य को उल्लेखनीय लाभ मिलेंगे। हालांकि, इससे तुरंत असामयिक वर्षा और बादल फटने जैसी आपदाओं पर रोक लगना संभव नहीं है, लेकिन दीर्घकाल में यह नीति जलवायु परिवर्तन की गति को धीमा करने में मददगार होगी और हिमाचल को एक प्रदूषण-मुक्त, हरित और सुरक्षित भविष्य की ओर ले जाएगी।

रिस्पांस करें: editoranantgyaan@gmail.com

नवरात्र: केवल उत्सव नहीं, आत्मा से जुड़ने का अवसर

हम नौ महीने मां के गर्भ में रहते हैं। गर्भ के भीतर केवल अंधकार होता है-रात ही रात। नौ महीने बाद जब हम जन्म लेते हैं, तो हमारे सामने एक नई सृष्टि दिखाई देती है। ठीक उसी प्रकार नवरात्र के ये नौ दिन मां के स्मरण और अपनी आत्मा से गहराई में जुड़ने के लिए हैं। नवरात्र हमें तीनों प्रकार के तापों से मुक्त करती है-आधिभौतिक, आध्यात्मिक और आधिदैविक।



श्री श्री रवि शंकर
आध्यात्मिक गुरु

हर 'रात' समूची सृष्टि को अपनी गोद में लेकर विश्राम देती है, विविधता, विभिन्नता को दूर करके एकता में लाकर सब को विश्राम देती है। हमारे ऋषियों ने जो भी शब्द गढ़े, उनमें उसकी क्रिया निहित है। 'रात्र' शब्द सुनते ही हमारे भीतर शांति और विश्राम का अनुभव जाग उठता है। नवरात्र में अपने आप में, अपनी आत्मा में, अपनी चेतना में डुबकी लगाओ मगन हो जाओ, भजन करो, कीर्तन करो कम से कम मन को इन नौ दिन किसी और चीजों में मत लगाओ। मित आहार या तो फल वगैरा लेकर उपवास करो। इस तरह से चेतना को भक्ति की लहर में लगाओ। उपवास का असली अर्थ केवल अन्न से दूर रहना नहीं है, बल्कि मन को व्यर्थ विषयों से हटाकर दिव्य ऊर्जा से जोड़ना है। तब क्या होता है सारे असुर दूर हो जाते हैं-महिषासुर, रक्तबीजासुर, मधु-कैटभ।

असुरों का प्रतीकात्मक अर्थ: देवी के द्वारा जिन असुरों का संहार हुआ, वे वास्तव में हमारे भीतर की प्रवृत्तियां हैं। मधु और कैटभ-मधु का अर्थ है राग और कैटभ का अर्थ है द्वेष। देवी सबसे पहले इन्हीं का संहार करती हैं। पुराणों में कहा गया है कि मधु और कैटभ विष्णु जी के कान के मैल से उत्पन्न हुए। सुनने से ही राग और द्वेष जन्म लेते हैं। जो सृष्टि का संचालन करता है, उसे चारों ओर से अनेक बातें सुननी पड़ती हैं, लेकिन जो संहार करता है, वह किसी की नहीं सुनता इसलिए शिवजी को न राग है, न द्वेष; ब्रह्मा जी को भी न राग है, न द्वेष। विष्णु जी अपने ही कान के मैल (अर्थात् राग-द्वेष) से उत्पन्न इन असुरों से एक हजार वर्षों तक लड़े, पर उन्हें समाप्त नहीं कर पाए। अपने से ही उपजे दोष को स्वयं मिटाना कठिन होता है। तब उन्होंने देवी-चेतना शक्ति को पुकारा। जब चेतना बढ़ जाती है, तो राग-द्वेष दोनों मिट जाते हैं। देवी ने विष्णु की प्रार्थना स्वीकार कर जल में प्रवेश किया और वहीं मधु-कैटभ का संहार किया। जल प्रतीक है प्रेम का। जब चेतना प्रेममय हो जाती है, तब न राग बचता है न द्वेष,केवल अनुराग ही शेष रह जाता है।

चंड और मुंड : 'चंड' का अर्थ केवल सिर (बुद्धि) और 'मुंड' का अर्थ केवल धड़ (भावना)। बुद्धि बिना हृदय के व्यक्ति को कठोर बना देती है और भावना बिना विवेक के जीवन को अव्यवस्थित कर देती है। जब चेतना जगती है, तो इन दोनों का संतुलन स्थापित करती है।

महिषासुर: भैंस के समान जड़ता का प्रतीक। जब जीवन बिना किसी समझ के, केवल बोझिल ढंग से चलता है, वह महिषासुर है। इस जड़ता को समाप्त करना तभी संभव है जब चैतन्य शक्ति जाग जाए सभी देवी-देवताओं ने अपने अस्त्र-शस्त्र मान मां को दिए अपने सभी कला कौशल प्रदान किए तो देवी मां ने महिषासुर का वध किया। जड़ता को नष्ट करने के लिए चैतन्य शक्ति की आवश्यकता होती है।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

रक्तबीजासुर: यह हमारे डीएनए और संस्कारों का प्रतीक है-रक्त +बीज +असुर। माने आपके डीएनए में जो गुण पड़ा हुआ है उसको भी परिवर्तन करना हो, तो देवी ही कर सकती, चेतना ही कर सकती है। कथा में, जहां एक बूंद खून की गिरी पूरी तरह से वह राक्षस फिर खड़ा हो जाता था। माने अपने जीन्स में जो गुण या स्वभाव घुस गया, वह रक्तबीजासुर है। एक बार जो दोष भीतर जम जाता है, वह बार-बार प्रकट होता है, जैसे रक्तबीज की हर बूंद से नया राक्षस उत्पन्न होता था, किंतु चेतना के जागरण से यानी देवी ने इन सबका संहार कर दिया। कई लोगों की जेनेटिक परेशानियां, जो कई पीढ़ियों से चली आ रही हैं, दैवी शक्ति जागृत होने पर ठीक हो जाती हैं। जीन्स में अपने परिवर्तन आ जाता है।

नवरात्र का सच्चा संदेश : नवरात्र केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्मचिंतन और साधना का अवसर है। इन दिनों में यदि हम अपनी चेतना को भक्ति और ध्यान में लगाएं, तो भीतर के असुर—राग-द्वेष, जड़ता और नकारात्मक संस्कार—सब मिट जाते हैं। जब चेतना प्रेम और भक्ति में रच-बस जाती है, तब केवल अनुराग ही शेष रह जाता है। यही नवरात्र का वास्तविक संदेश है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

मोबाइल फोन बैन से निकलेगा शिक्षा में अनुशासन का सही रास्ता

हिमाचल प्रदेश सरकार का स्कूलों में मोबाइल फोन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का हालिया निर्णय निश्चित ही शिक्षा व्यवस्था के अनुशासन और गुणवत्ता को मजबूत करने की दिशा में एक साहसिक कदम है। यह आदेश विद्यार्थियों और शिक्षकों दोनों पर लागू होगा और आपात स्थिति के लिए लैंडलाइन की सुविधा दी जाएगी। पिछले कुछ वर्षों में यह देखा गया है कि मोबाइल फोन ने विद्यार्थियों की पढ़ाई और एकाग्रता पर नकारात्मक असर डाला है। कक्षाओं में मोबाइल का अत्यधिक उपयोग न केवल ध्यान भटकाता है, बल्कि बच्चों में सोशल मीडिया और गेमिंग की लत भी बढ़ा रहा है। सरकार का मानना है कि शिक्षा के मंदिरों में मोबाइल फोन का प्रयोग सीमित होना चाहिए, ताकि शिक्षा का स्तर और अनुशासन दोनों बनाए रखे जा सकें। दरअसल, तकनीक जहां आधुनिक शिक्षा का महत्वपूर्ण साधन बनी है, वहीं इसके दुरुपयोग ने गहरी चिंताएं भी खड़ी की हैं।

केशव शर्मा
घुमारवीं, बिलासपुर

सोशल मीडिया, गेमिंग और अनावश्यक चैटिंग ने शिक्षा का वातावरण बिगाड़ने का काम किया है। यह स्थिति केवल हिमाचल की नहीं, बल्कि पूरे देश के सामने एक गंभीर चुनौती है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए स्कूलों में लैंडलाइन फोन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। अभिभावक और विद्यार्थी दोनों ही आवश्यकता पड़ने पर इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि अगर कोई विद्यार्थी या शिक्षक इस नियम का उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इससे यह संदेश साफ है कि सरकार इस फैसले को गंभीरता से लागू करना चाहती है। इस तरह शिक्षा और अनुशासन से समझौता किए बिना आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की राह खुली रहेगी। यह कदम विद्यार्थियों को शिक्षा के मूल उद्देश्य—ज्ञानार्जन—की ओर लौटाने का प्रयास है।

शिक्षा का मंदिर वह स्थान होना चाहिए जहां केवल अध्ययन, संवाद और नैतिकता का पाठ पढ़ाया जाए। यदि तकनीक की आड़ में यह पवित्रता कमजोर पड़ने लगे, तो सरकार का हस्तक्षेप आवश्यक हो जाता है। सरकार के इस निर्णय को यदि हम विद्यार्थियों के दृष्टिकोण से देखें तो इस फैसले के बाद विद्यार्थियों की पढ़ाई में एकाग्रता बढ़ेगी और ध्यान भटकाने वाली चीजें कम होंगी तथा कक्षा का वातावरण अधिक अनुशासित और गंभीर होगा। विद्यार्थियों में मोबाइल की लत से उत्पन्न मानसिक तनाव और स्वास्थ्य समस्याएं भी घटेंगी। छात्र आपसी संवाद और पुस्तकों से ज्ञान अर्जन की ओर लौटेंगे, लेकिन दूसरी ओर मोबाइल का पाठ्य सहायक सामग्री के रूप में प्रयोग करने वाले के लिए डिजिटल लर्निंग सामग्री, ई-बुक्स और ऑनलाइन असाइनमेंट तक त्वरित पहुंच बाधित होगी। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को मोबाइल आधारित अध्ययन साधनों की कमी खलेगी।

कुछ विद्यार्थियों को लगेगा कि सरकार का यह निर्णय तकनीकी शिक्षा के युग में यह निर्णय कुछ हद तक 'पारंपरिक ढर्रे' की ओर लौटने जैसा है। फिर भी, यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या तकनीकी साधनों को पूरी तरह से बंद कर देना व्यवहारिक समाधान है? आज की पीढ़ी डिजिटल युग में पली-बढ़ी है। शिक्षा के नए मॉडल—स्मार्ट क्लास, ऑनलाइन सामग्री और डिजिटल लर्निंग—काफी हद तक मोबाइल आधारित हैं। अत: सरकार को समानांतर रूप से ऐसी नीति भी तैयार करनी होगी, जो कक्षा के बाहर तकनीक का सकारात्मक और नियंत्रित प्रयोग सुनिश्चित कर सके। अभिभावक और शिक्षक इस फैसले से उम्मीद कर रहे हैं कि अब बच्चों का ध्यान किताबों और रचनात्मक गतिविधियों पर अधिक केंद्रित होगा। वहीं विद्यार्थियों के सामने यह अवसर होगा कि वे तकनीकी शॉर्टकट छोड़कर वास्तविक अध्ययन की ओर लौटें। वे सभी अभिभावक इस निर्णय का स्वागत करेंगे, जिनका मानना है कि मोबाइल के कारण बच्चों की पढ़ाई पर बुरा असर पड़ रहा था और इस प्रतिबंध से पढ़ाई का वातावरण बेहतर होगा।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

वहीं कुछ शिक्षक यह भी मानते हैं कि मोबाइल से शिक्षा में तकनीकी सहयोग मिलता है, लेकिन सरकार का कहना है कि कक्षा के बाहर तकनीकी साधनों का प्रयोग किया जा सकता है, किंतु कक्षा का समय केवल पढ़ाई के लिए ही समर्पित होना चाहिए। निस्संदेह, यह निर्णय शिक्षा व्यवस्था में अनुशासन लाने के लिए समय की मांग थी, परंतु इसका स्थायी असर तभी होगा, जब सरकार इसके साथ-साथ शिक्षा को तकनीकी दृष्टि से संतुलित करने की योजना भी प्रस्तुत करे। हिमाचल प्रदेश सरकार का यह कदम शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह निर्णय केवल तकनीक से दूरी बनाने का नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को बेहतर वातावरण में शिक्षा उपलब्ध कराने का है। उम्मीद की जा रही है

जब श्यामाकाली के दर्शन कर मूर्छित हो जाते थे श्रद्धालु

विजय गाथा का प्रतीक है टारना मंदिर, स्वर्णजड़ित है गर्भगृह, पिंडी रूप में हैं तीनों देवियां

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान

मंडी। श्यामाकाली टारना मंदिर में शारदीय नवरात्र पर दिन भर भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालु 365 पौड़ियां चढ़कर मंदिर पहुंचे और योगनियों की पूजा अर्चना करने उपरांत श्यामाकाली की दरबार में शीश नवाया।

बता दें कि टारना माता यानी श्यामाकाली के दर्शन सामने से न करके किनारे से किए जाते हैं। मंडी रियासत के राजा द्वारा जब यह मंदिर बनाया गया था, तो स्वयंभू देवियों के दर्शन को सामने से दरवाजा रखा गया। श्रद्धालु जैसे ही देवी के दर्शन करते वैसे ही मूर्छित हो जाते। राजा तक यह बात पहुंच गई, तो राजा ने सामने वाले दरवाजे को बंद करवाकर किनारे से दरवाजा निकाला, तब से लेकर अब तक किनारे से ही देवी के दर्शन किए जाते हैं। श्यामाकाली का मंदिर राजा श्याम सेन द्वारा 1670 ई. में निर्मित है, उस समय सारा मंडी शहर जंगल होता था। राजा को शिकार खेलने का बहुत शौक था, एक दिन वह कांच और पीतल से निर्मित कोशयंत्र से पहाड़ी पर शिकार देख रहे थे तो उनको 3 कन्याएं नजर आईं।

राजा शीघ्र ही घोड़े पर स्वार होकर इसी स्थान पर आया तो वह कन्याएं लुप्त थीं। रात को राजा को स्वप्न हुआ, देवी प्रकट हुई और कहा कि हम 3 देवियां हैं महालक्ष्मी, महासरस्वती, महाकाली, हम इस पहाड़ी में पिंडी रूप रूप धारण कर रही हैं आप यहां खुदाई करवाएं, आपको यहां 3 मूर्तियां मिलेगी। खुदाई में यहां तीन मूर्तियां प्रकट हुई तत्पश्चात मंदिर बनवाया गया।

राजा ने कैद से छूटने पर करवाई थी स्वर्ण नक्काशी

एक बार राजा श्याम सेन ने देवी से प्रार्थना की कि यदि वह बल्ह की लड़ाई में सुकेत के राजा से जीत गया तो मंदिर बनवा देगा। उसी विजय की स्मृति में उन्होंने यह मंदिर बनवाया। कुछ वर्षों बाद राजा बलवीर सेन को सिखों ने गोविंदगढ़ में कैद कर रखा था। सिख जबरदस्ती टैक्स वसूल करना चाहते थे जबकि रियासत की कमाई इतनी नहीं थी, राजा बलवीर सेन ने देवी से प्रार्थना की कि जब मैं यहां से छूटूंगा तो अमृतसर के स्वर्ण मंदिर के समान ही मंदिर में सोने की नक्काशी करवाऊंगा। आजाद होने के बाद राजा ने 1847 ई. में जयपुर के जोधपुर से कारीगिर बुलाकर मंदिर में स्वर्ण की नक्काशी करवाई थी।



हिमाचल का है सबसे बड़ा शेर

मंदिर के बाहर चारमुखों वाला शिवलिंग व हनुमान की मूर्ति है, मंदिर की चारों ओर 10 महाविद्याओं के चित्र बने हुए हैं। मंदिर के सामने चौसठ योगिनी की पादुका भी विद्यमान है। योगिनियों की मूर्ति पीपल के पेड़ नीचे स्थित है, यहीं हिमाचल प्रदेश में सबसे बड़े शेर की मूर्ति भी स्थापित है, इसके पश्चात नौबाही देवी में भी शेर की मूर्ति है लेकिन वह इससे थोड़ी सी छोटी है।

दो मामलों में 248 ग्राम चरस सहित 4 गिरफ्तार

शुकदेव वाटिका व तरोट बस स्टैंड के पास पुलिस टीम को मिली सफलता

उमेश भारद्वाज, अनंत ज्ञान

सुंदरनगर। उपमंडल सुंदरनगर के अंतर्गत आने वाले पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी और धनोटू में दो मामलों में कुल 4 आरोपियों से 248 ग्राम चरस बरामद की गई है। दोनों मामलों में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी की टीम नाकाबंदी के दौरान सुंदरनगर-मंडी हाइवे पर शुकदेव वाटिका के समीप ट्रैफिक चेकिंग और नाकबंदी पर मौजूद थी। इसी दौरान मंडी से सुंदरनगर की ओर आ रही पंजाब रोडवेज की बस की चेकिंग के दौरान दो आरोपियों से 165 ग्राम चरस बरामद की गई है। आरोपियों की शिनाख्त अशरपित सिंह (20) पुत्र गुरजीत सिंह निवासी अमृतसर पंजाब और विशाल (21) पुत्र सुरजीत निवासी तहसील तथा जिला अमृतसर पंजाब के तौर पर हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

वहीं एक अन्य मामले में पुलिस थाना धनोटू की टीम ने रविवार को विशेष नाकाबंदी के दौरान किरतपुर-मनाली फोरलेन पर स्थित तरोट बस स्टैंड पर मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों से 83 ग्राम चरस बरामद की है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना धनोटू की टीम एसआई अशोक कुमार की आगुआई में विशेष नाकाबंदी के दौरान किरतपुर-मनाली फोरलेन पर स्थित तरोट बस स्टैंड पर मौजूद थी।

इसी दौरान मंडी की ओर से मोटरसाइकिल की चेकिंग के दौरान पिछली सीट के नीचे रखे पीले रंग के कैरीबैग से 89 ग्राम चरस बरामद की गई। आरोपियों में मोटरसाइकिल चालक की शिनाख्त हितेश कुमार(19) पुत्र मान सिंह निवासी गांव चमुखा, डाकघर सिहली तहसील सुंदरनगर जिला मंडी और पीछे बैठे आरोपी रितेश वर्मा (20) पुत्र प्रकाश चंद निवासी मंजेड़ा डाकघर चुरड़ तहसील सुंदरनगर जिला मंडी के तौर पर हुई है।

पुष्टि करते हुए डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने बताया कि पुलिस आरोपियों के खिलाफ गहन पूछताछ अमल में ला रही है। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ पुलिस का जारी अभियान लगातार जारी है।

पुलिस की चेकिंग के दौरान चरस के साथ पकड़े दो आरोपी।

न्यूज ब्रीफ

ग्रामीणों को डिजिटल सुरक्षा की दी जानकारी

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक द्वारा गांव समौड़ में फाइनेंशियल लिटरेसी कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बैंक शाखा प्रबंधक मढ़ी जोग चंद शर्मा ने की। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक योग चंद शर्मा और नरेंद्र कुमार ठाकुर ने ग्रामीणों को बैंक की योजनाओं जैसे सशक्त महिला ऋणी योजना, सपनों का संचय योजना, किसान क्रेडिट कार्ड और पशुपालन ऋण योजनाओं की जानकारी दी। इसके अलावा, डिजिटल फ्रॉड व साइबर ठगी से बचाव के उपाय भी बताए गए। पंचायत प्रधान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए बैंक का आभार जताया। समौड़ में यह वित्तीय साक्षरता शिविर सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

नबाही में एनएसएस इकाई ने की साफ-सफाई

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट की एनएसएस इकाई ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत गोद ली गई पंचायत नबाही में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर परिसर की सफाई से हुई। इसके बाद एनएसएस स्वयंसेवकों ने गांव की गलियों, सार्वजनिक स्थलों और आस-पास के क्षेत्रों को भी साफ किया। ग्रामीणों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और गांव को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाए रखने का संकल्प लिया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रीति एवं डॉ. नवीन कुमार ने कहा कि इस प्रकार के अभियान न केवल विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना पैदा करते हैं, बल्कि ग्रामीण समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में भी मदद करते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आरआर कौंडल ने स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि स्वच्छता जीवन शैली का अभिन्न अंग है और युवा वर्ग के माध्यम से ही समाज में व्यापक बदलाव संभव है।

सिद्धार्थन ने कार्यकर्ताओं को दिए गुरुमंत्र

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। बतैल के गौ सदन में आयोजित सरकाघाट और बलद्वाड़ा मंडल की संयुक्त बैठक को संबोधित किया। बैठक में विशेष रूप से सरकाघाट के विधायक दलीप ठाकुर उपस्थित रहे। गरीब और दलित लोगों की आवाज राष्ट्रवादी नेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती 25 सितंबर को भाजपा हर बूथ पर बनाएगी। बैठक शुरू करने से पहले संगठन मंत्री सिद्धार्थन ने गौ सदन में गौ पूजा की और साथ में पटड़ीघाट में पौधरोपण के कार्यक्रम में शामिल हुए। बैठक में संगठन मंत्री सिद्धार्थन ने कार्यकर्ताओं को गुरुमंत्र दिया। बैठक में दोनों मंडलों के अध्यक्ष पवन, वासुदेव, मंडी संसदीय क्षेत्र संगठन मंत्री सुरेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र, ख्याली राम शास्त्री, संदीप, आशीष, राजेंद्र राणा, सुदेश चंदेल विनय राणा, मनीष और दोनों मंडलों के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।

मां चतुर्भुजा मंदिर में नवरात्र की तैयारियां शुरू

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। जोगिंद्रनगर उपमंडल के सिकंदर धार स्थित आराध्य देवी मां चतुर्भुजा मंदिर में शारदीय नवरात्रों को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। मंदिर परिसर में इस दौरान विशेष धार्मिक आयोजन होंगे। श्री देवी माता चतुर्भुजा समिति के प्रधान रतन लाल और कमेटी सदस्य प्रेम पॉल ने जानकारी दी कि नवरात्रों के अवसर पर प्रतिदिन भंडारे का आयोजन किया जाएगा। साथ ही प्रदेश के विभिन्न लोक गायक और भजन मंडलियां मां की भक्ति में संगीतमय प्रस्तुतियां देंगी। उन्होंने बताया कि 27 सितंबर को यूनिफाइड क्लब चंडीगढ़ के सौजन्य से विशाल भगवती जागरण का आयोजन होगा। इस जागरण में प्रदेश की प्रसिद्ध लोक गायिका रुचि धीमान और लोक गायक मनोहर ठाकुर माँ की महिमा का बखान करेंगे।कमेटी ने श्रद्धालुओं से नवरात्रों के पावन अवसर पर माँ का आशीर्वाद लेने अवश्य आने का आग्रह किया है। साथ ही उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए रहने और भंडारे की पूर्ण व्यवस्था की गई है।

महादेव में आज होगा रामलीला का शुभारंभ

भीम बसेड़, अनंत ज्ञान, महादेव। शिव आर्ट रामलीला कमेटी घांघल महादेव द्वारा हर वर्ष की भांति इस बार भी महादेव स्थित मंच जो रामलीला ग्राउंड के नाम से मशहूर है। रामलीला के नाटक खेलने के लिए सज गया है। कमेटी प्रमुख भूप सिंह बब्बी ने बताया कि 22 सितंबर को आरंभ नवरात्र के शुभ अवसर पर महादेव में रामलीला का शुभारंभ किया जाएगा, जिसमें पहले दिन की रामलीला भगवान गणेश की आरती कर भगवान राम का जन्म दिन दर्शाया जाएगा और अयोध्या से संबंधित प्रजा का आनंदमयी उत्सव दिखाया जाएगा।भूप सिंह ने आगे बताया कि रामलीला मंचन पिछले 38वर्षों से किया जा रहा है तथा इसमें काबिल युवा कलाकार आगे आए हैं जो करीब डेढ़ सौ की संख्या में है जो बेहतर ढंग से अपना किरदार निभाएंगे। उक्त कमेटी प्रमुख ने क्षेत्र भर की जनता से अनुरोध किया है कि वे रामलीला देखने के लिए भारी से भारी संख्या में शामिल होकर धार्मिक मंचन की शोभा बढ़ाएं।

राजेश को मिलेगा नेताजी ओरेशन का सम्मान

आदर्श, अनंत ज्ञान, नेरचौक। श्री लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार भवानी को नेताजी ओरेशन-2027 के लिए आमंत्रित किया गया है। वे एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन्स ऑफ इंडिया के 82वें वार्षिक सम्मेलन एपीआईकॉन 2027' के दौरान अपना व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे। यह सम्मेलन गुड़गांव में आयोजित किया जाएगा। व्याख्यान के लिए उन्हें 1.5 लाख रुपये का मानदेय, प्रशस्ति पत्र, विमान यात्रा, निःशुल्क पंजीकरण और होटल प्रवास की सुविधा मिलेगी। एपीआई महासचिव डॉ. शेखर चक्रवर्ती ने इस निमंत्रण की पुष्टि की है। चिकित्सा क्षेत्र में उनके योगदान को देखते हुए डॉ. भवानी को यह प्रतिष्ठित सम्मान मिलना मंडी और हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व की बात है।

घासनु के छात्र-छात्राओं ने किया शैक्षिक भ्रमण

अनंत ज्ञान, नेरचौक। पीएम श्री एक्सपोजर कार्यक्रम के तहत पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घासनु के सभी 248 विद्यार्थियों ने स्कूल के अध्यापकों और स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। यह भ्रमण स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान पुष्प राज शर्मा और प्रधानाचार्य डॉ. धर्मपाल नायक की अगुवाई में हुआ। विद्यार्थियों ने गवर्नमेंट म्यूजियम एंड आर्ट गैलरी, सुखना लेक और चंडीगढ़ विश्वविद्यालय का दौरा किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं और अध्यापकों ने प्राचीन और मध्यकालीन मूर्तियों, राजस्थानी और 20 वीं शताब्दी की कलाकृतियों को देखा। विद्यार्थियों ने सुखना झील की प्राकृतिक सुंदरता का भी आनंद लिया, और वहां वोटिंग भी की। चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में उन्होंने पुस्तकालय में डिजिटल और सामान्य ज्ञान की किताबों के बारे में और आईसीटी लैब के बारे में जानकारी हासिल की। इसके अलावा, छात्रों ने कई तरह के कोर्सों के बारे में भी जाना। इस शैक्षिक भ्रमण में विद्यार्थियों ने ज्ञान के साथ-साथ काफी मनोरंजन भी किया।

बरोट-घटासनी मुख्य सड़क बंद; खेतों में सड़ने लगीं सब्जियां, किसान चिंतित

रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान

बरोट। छोटाभंगाल और चौहार घाटी के किसान व सब्जी उत्पादक भारी बारिश के बाद उत्पन्न हालात से पिछले 21 दिनों से परेशान हैं। बरोट-घटासनी मुख्य सड़क मार्ग सहित घाटियों के कई संपर्क मार्ग ल्हासे गिरने और डंगे ढहने के कारण पूरी तरह से अवरुद्ध हो गए हैं, जिससे न केवल यातायात ठप हो गया बल्कि किसानों की नगदी फसलें खेतों में ही सड़ रही हैं। लोक निर्माण विभाग ने स्थिति को देखते हुए थल्टूखोड़-ग्रामण, थल्टूखोड़-मढ़, वोचिंग-रुलिंग, बरोट-मियोट मार्गों को छोटे वाहनों के लिए बहाल कर दिया है।

वहीं मुल्थान-लोहारडी और मुल्थान-बड़ा ग्रां मार्ग भी आंशिक रूप से खुल पाए हैं। सबसे अधिक दिक्कत बरोट-घटासनी मुख्य सड़क मार्ग पर गुराहला नामक स्थान पर ल्हासा गिरने से आ रही है। बीड़-वाया विलिंग-राजगुंधा-बड़ा ग्रां सड़क मार्ग के छिछड़ स्थान पर भी दलदली पहाड़ी के बार-बार गिरने से मार्ग अवरुद्ध रहा, जिसे अब कड़ी मशक्कत के बाद छोटे वाहनों के लिए बहाल किया गया है।

किसानों सुखराम, डागी राम, दान सिंह, मोहन लाल, शिवराज, बलदेव सिंह सहित कई अन्य ने बताया कि उनकी आलू और सब्जियां समय पर मंडियों तक नहीं पहुंच पाई, जिससे भारी नुकसान हो रहा है। मुख्य बाजारों जैसे मुल्थान, लोहारडी, लंबाडग, लक्कड़ बाजार और बरोट बाजार में राशन और अन्य जरूरी सामग्री की आपूर्ति न हो पाने से दुकानों में सामान खत्म हो गया है। गैस की गाड़ी केवल गुराहला तक पहुंच पा रही है, जिससे लोगों को सिलेंडर पीठ पर उठाकर बरोट तक लाना पड़ रहा है।

लोक निर्माण विभाग बीड़ के कनिष्ठ अभियंता दिनेश कुमार ने बताया कि विभाग ने अपने अधीन सभी मार्गों को छोटे वाहनों के लिए बहाल कर दिया है और अब बड़े वाहनों के लिए बहाली की प्रक्रिया जारी है। वहीं झटिंगरी उपमंडल के कनिष्ठ अभियंता देश राज ने कहा कि गुराहला में पोकलेन के माध्यम से सड़क के पीछे से कटाई की जा रही है और दो-तीन दिन में मार्ग को पहले छोटे और फिर बड़े वाहनों के लिए खोल दिया जाएगा।

डीजल संकट से जूझ रहा एचआरटीसी सब-डिपो संधोल, कई रूट हफ्ते से ठप

धर्मपुर-सरकाघाट जाने वाली बसें पूरी तरह बंद, जिला मुख्यालय से भी टूटा संपर्क

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान

सरकाघाट। भारी बरसात और आपदा की मार झेल रहा जिला मंडी अब परिवहन संकट से भी जूझ रहा है। धर्मपुर बस डिपो पानी में डूबने से पूरी तरह ठप हो गया है और इसका सीधा असर संधोल सब-डिपो पर पड़ा है। यहां से चलने वाले दर्जनों रूट पिछले एक हफ्ते से ठप पड़े हैं। धर्मपुर और सरकाघाट की ओर जाने वाली बसें पूरी तरह बंद हो चुकी हैं।

विडंबना यह है कि भरी बरसात के दौरान भी संधोल से हमीरपुर और पालमपुर की बस सेवाएं सुचारू रूप से चलती रहीं व जिला मुख्यालय और उपमंडल से संपर्क साधने वाले रूट पूरी तरह बाधित रहे। नतीजा यह है कि संधोल क्षेत्र के लोग हर दिन घंटों तक पैदल सफर करने को मजबूर हो रहे हैं। प्रतिदिन सैकड़ों लोग बस सुविधा के अभाव में भटक रहे हैं, लेकिन विभागीय तंत्र मौन है।

नाम का तो संधोल सब डिपो है, लेकिन न अतिरिक्त बस, न मैकेनिक, न बुकिंग काउंटर और स्टाफ के नाम पर एक कर्मचारी सेवा दे रहा है। अगर यहां नाम के अनुरूप सुविधाएं होती तो आज लोग परेशान न हो रहे होते।

हालात इतने बदतर हैं कि संधोल बस अड्डे पर तीन से चार बसें खड़ी हैं, परंतु डीजल के अभाव में ये महज शोभा की वस्तु बनकर रह गई हैं। जनता जहां परिवहन की भीख मांग रही है, वहीं विभाग ईंधन तक का प्रबंध नहीं कर पा रहा।

लेकिन सवाल यह है कि बरसात और आपदा के समय जब लोगों को सरकारी मदद की सबसे ज्यादा जरूरत है, तब परिवहन विभाग की बसें डीजल के अभाव में क्यों थम गईं? आखिर जिम्मेदारी कौन लेगा उस आम आदमी की, जो रोजमर्रा की जिंदगी में इस लापरवाही की कीमत चुका रहा है? अगर सब डिपो का तमगा केवल नाम तक ही सीमित है तो फिर लोग ही तय करें कि उनके चहेते नेता उनका कितना भला सोचते हैं?

डीजल न मिलने के कारण खड़ी बसें।

जनता कर रही है पैदल सफर, विभागीय तंत्र मौन

सोमवार तक बस सेवाएं बहाल करने की कोशिश

क्षेत्रीय परिवहन प्रबंधक सरकाघाट मेहर चंद ने कहा कि तेल न होने के कारण बसें नहीं चलाई जा रही हैं। उन्होंने दावा किया कि समस्या से उच्च अधिकारियों को अवगत करवा दिया गया है और सोमवार तक बस सेवाएं बहाल करने की कोशिश की जा रही है।

टिहरा में मनाएंगे एफपीओ धर्मपुर का स्थापना दिवस

धर्मपुर एफपीओ लगाएगा मल्टी प्रोसेसिंग उद्योग, 27 को होगा भव्य आयोजन

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

धर्मपुर किसान उत्पादक संघ (एफपीओ) की कार्यसमिति की बैठक भराड़ी कार्यालय में सत्तपाल सिंह चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी 27 सितंबर को टिहरा में आयोजित होने वाले तीसरे स्थापना दिवस समारोह की रूपरेखा तय की गई। इस वर्ष को संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किए जाने के उपलक्ष्य में यह आयोजन और भी विशेष रहेगा।

मुख्य अतिथि के रूप में पालमपुर कृषि विश्वविद्यालय की निदेशक डॉ. कुमुद सिंह को आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा राष्ट्रीय सहकारिता विकास निगम के क्षेत्रीय निदेशक भूपेंद्र मंडावी, कृषि विज्ञान केंद्र सुंदरनगर के प्रमुख पंकज सूद, कर्नल बलबंत बराड़ी, डॉ. अश्वनी राठौर, डॉ. दिनेश शर्मा, जोगिंदर वालिया तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति समारोह में विशेष अतिथि होंगे। अध्यक्षता बृजलाल शर्मा, पूर्व सचिव हिमकोफेड, शिमला द्वारा की जाएगी। स्थापना दिवस के अवसर पर लोक निर्माण विभाग टिहरा-बांदल चौक में आयोजित समारोह में एफपीओ के उत्पादों की प्रदर्शनी व बिक्री, सांस्कृतिक कार्यक्रम, हिमाचल ग्रामीण बैंक और एम स्वस्थ संस्था द्वारा स्वास्थ्य शिविर और प्रेरक भाषणों का आयोजन होगा। बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रोसेसिंग सेंटर तथा अधिक शेयरहोल्डर्स जोड़ने वाले पदाधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा। लौंगनी पंचायत के स्याठी गांव की 12 महिलाओं को मुफ्त शेयर देकर एफपीओ का सदस्य बनाया जाएगा। साथ ही, एफपीओ द्वारा भराड़ी में मल्टी प्रोसेसिंग लघु उद्योग का शुभारंभ भी इसी दिन किया जाएगा, जिसे एनसीडीसी की वित्तीय सहायता प्राप्त हुई है। दीपावली पर पारंपरिक मिठाइयों का उत्पादन और नशा मुक्ति अभियान में भागीदारी जैसे सामाजिक सरोकारों पर भी निर्णय लिया गया।

बैठक में एफपीओ सचिव भूपेंद्र सिंह, खेमराज, मेहर सिंह, अमर सिंह, रजनी सकलानी, सोमा देवी, कमला देवी, कंचना देवी, निर्मला, रीता, अनीता, रोहित गुलेरिया, विकास धीमान इत्यादि ने भाग लिया।

धर्मपुर एफपीओ की कार्यसमिति की बैठक सतपाल सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई।

ठरखी गांव में किसानों को बांटी प्राकृतिक खाद

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) सुंदरनगर द्वारा विकास खंड धनोटू के ठरखी गांव में प्राकृतिक खेती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला मंडी के उप परियोजना निदेशक डॉ. संजय ठाकुर ने की। डॉ. ठाकुर ने किसानों को प्राकृतिक खेती की उपयोगिता और इसके लाभों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रासायनिक खेती से मिट्टी की उर्वरता घट रही है और लागत भी बढ़ रही है, जबकि प्राकृतिक खेती से लागत कम और उत्पादन शुद्ध व स्वास्थ्यवर्धक मिलता है।

विशेष अतिथि के रूप में चाम्बी पंचायत के उन्नतशील किसान सरवन कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने किसानों को प्राकृतिक खेती में उपयोग होने वाले प्रमुख घटकों—बीजामृत, घनजीवामृत, जीवामृत, अग्निअस्त्र और ब्रह्मास्त्र—की जानकारी दी और उनका प्रयोगात्मक प्रदर्शन किया। इसके साथ ही फसलों को रोगमुक्त रखने के लिए खट्टी लस्सी के प्रयोग की विधि भी किसानों को समझाई। इस अवसर पर किसानों को प्राकृतिक खाद, पशु चारा और मौसमी सब्जियों के बीच भी बांटे गए।

जोगिंद्रनगर-सरकाघाट मार्ग पर अंधेरे का खतरा

अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान

भट्ठा क्षेत्र में वर्षों से बंद स्ट्रीट लाइटें, हादसों की बढ़ी आशंका

जोगिंद्रनगर से सरकाघाट को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण सड़क मार्ग पर भठ्ठा के पास वर्षों से लगी स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं। रात के समय इस मार्ग पर अंधेरा छा जाने से यहां से गुजरने वाले लोगों और वाहन चालकों के लिए खतरा बढ़ गया है। स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों का कहना है कि प्रशासन को कई बार अवगत करवाने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई है। भठ्ठा क्षेत्र का यह सड़क मार्ग कई तीखे मोड़ों से होकर गुजरता है। स्थानीय दुकानदार दिनेश शर्मा, लक्की और कुकी ने बताया कि वे लंबे समय से इस क्षेत्र में व्यवसाय कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने कभी इन स्ट्रीट लाइटों को जलते हुए नहीं देखा।

उनका कहना है कि बिना रोशनी के सड़क पर दृश्यता बेहद कम हो जाती है। ऐसे में वाहन चालकों को मोड़ पर आने वाले वाहनों का अंदाजा नहीं लग पाता और अक्सर दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। लोगों का कहना है कि अब तक इस मार्ग पर कई छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि उन्होंने बार-बार प्रशासन से गुहार लगाई, लेकिन हर बार उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिला। उनकी मांग थी कि इन लाइटों को दुरुस्त करवाया जाए या नई लाइटें लगाई जाएं।

क्षेत्रवासियों ने सरकार और संबंधित विभागों से अपील की है कि इस गंभीर समस्या का तुरंत समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि यह केवल सुविधा का मामला नहीं है, बल्कि सड़क सुरक्षा से जुड़ा अहम मुद्दा है। यदि जल्द ही लाइटें दुरुस्त नहीं की गईं तो भविष्य में यहां बड़े हादसे होने की आशंका बनी रहेगी। लोगों ने उम्मीद जताई कि सरकार और प्रशासन इस मुद्दे को गंभीरता से लेकर जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित करेंगे, ताकि यात्रियों और स्थानीय लोगों को राहत मिल सके।

आपदा प्रभावित क्षेत्रों में मनरेगा कार्यों पर अब तक 6 .63 करोड़ की राशि खर्च

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

वर्ष 2025-26 के लिए 26,481 कार्यों को 446.09 करोड़ की स्वीकृतिः उपायुक्त

जिला प्रशासन मंडी आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत और पुनर्वास कार्यों को लगातार गति दे रहा है। भारी बारिश और भूस्खलन से प्रभावित ग्रामीण इलाकों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत अब तक 6.63 करोड़ रुपये व्यय किए जा चुके हैं।

उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जिले में कुल 26,481 कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है, जिनकी अनुमानित लागत 446.09 करोड़ रुपये है। इनमें से 1,498 कार्यों पर काम शुरू हो चुका है। इन कार्यों में ग्रामीण सड़कों, क्षतिग्रस्त नालियों और बह चुके पैदल पुलों के पुनर्निर्माण के साथ-साथ खेती योग्य भूमि को फिर से बहाल करने का कार्य प्रमुखता से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मनरेगा के माध्यम से अब तक लगभग 150 पैदल पुलों और बंद पड़े मार्गों को दोबारा खोला गया है, जिससे दुर्गम गांवों की आवाजाही आसान हो गई है। कृषि भूमि पर जमी मिट्टी और मलबे को हटाकर किसानों को पुनः खेती की सुविधा मिल रही है। उपायुक्त ने बताया कि आपदा से हुए नुकसान की भरपाई के लिए राज्य और केंद्र सरकार दोनों ने विशेष प्रावधान किए हैं। राज्य सरकार ने मनरेगा नियमों में बदलाव करते हुए ग्राम पंचायतों को 20 कार्यों की शर्त से मुक्त कर दिया है और भूमि सुधार कार्यों की सीमा 1 लाख रुपये से बढ़ाकर 2 लाख रुपये कर दी है।

इस प्रावधान के तहत 7,846 कार्यों को 120.30 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी जा चुकी है।इसके अतिरिक्त, केंद्र सरकार ने आपदा प्रभावित परिवारों को राहत देते हुए मनरेगा के तहत प्रत्येक जॉब कार्ड धारक परिवार को 170 दिन तक रोजगार उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है, जिसमें 50 अतिरिक्त मानव दिवस शामिल हैं। यह सुविधा मंडी जिले के हजारों परिवारों को सीधा लाभ देगी।

सुविधा परामर्शदाता को रोगियों के घर-द्वार आवश्यक चिकित्सा सहायता देना हुआ आसान

ई-स्कूटी से बदल रही स्वास्थ्य सेवाओं की तस्वीर

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, नागरिक अस्पताल सरकाघाट को हाल ही में एक विशेष ई-स्कूटी प्रदान की गयी है। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण व दूरदराज क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों तक एचआईवी, यौन संचारित संक्रमण, टीबी, हेपेटाइटिस जैसी गंभीर बीमारियों से जुड़ी दवाइयों की होम डिलीवरी, जांच सेवाएं और परामर्श सुविधाएं पहुंचाना है।

सीएम सुक्खू द्वारा हाल ही में शिमला स्थित अपने आधिकारिक आवास ओक ओवर से स्वास्थ्य विभाग को सौंपे गए 12 ई-स्कूटर में से यह ई-स्कूटी भी एक है। राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी के माध्यम से सिविल अस्पताल सरकाघाट को सौंपी गयी यह ई-स्कूटी एक मानवीय आउटरीच मॉडल का हिस्सा है, जिसे पहली बार राज्य स्तर पर लागू किया गया है। इस मॉडल की विशेषता यह है कि यह सतत्, पर्यावरण-अनुकूल और समयबद्ध सेवा वितरण सुनिश्चित करता है। इस पहल के तहत प्रशिक्षित परामर्शदाता ई-स्कूटी के माध्यम से रोगियों के घर तक पहुंचकर उन्हें आवश्यक चिकित्सा सहायता प्रदान कर रहे हैं। खासकर गंभीर या असमर्थ मरीजों के लिए यह एक जीवनदायिनी सेवा बन सकती है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि यदि यह मॉडल सफल रहता है, तो भविष्य में इसे प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में भी विस्तारित किया जा सकता है।

सरकाघाट में शुरू हुई यह सेवा न केवल स्वास्थ्य सुविधाओं को जन-जन तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध हो रही है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि तकनीक और मानवीय संवेदनशीलता के संगम से किस प्रकार समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। सीएम सुक्खू की यह सोच स्वास्थ्य क्षेत्र को नई दिशा देने की क्षमता रखती है। राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना पर्यावरण संरक्षण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप है और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए कर्मियों को ई-स्कूटी की तैनाती इस दिशा में एक सार्थक कदम है।

नागरिक अस्पताल सरकाघाट में आईसीटीसी केंद्र में तैनात परामर्शदाता सोनू कुमार पिछले 18 सालों से यहां अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे एचआईवी, एसआईटी, टीबी जैसे रोगों से ग्रस्त रोगियों की काउंसलिंग करते हैं। ई-स्कूटी मिलने के बाद अब ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंच सुनिश्चित हो रही है और समय का सदुपयोग भी हो रहा है।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा 12 अगस्त, 2025 से 12 अक्तूबर, 2025 तक प्रदेश के विभिन्न गांवों, निजी व सरकारी स्कूलों के साथ ही रेड रिबन क्लब के माध्यम से स्कूल, कॉलेज में इन रोगों की रोकथाम के प्रति विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसमें फ्लैस मॉब, पेंटिंग, नारा लेखन और स्वास्थ्य जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। गांव के लोगों को इकट्ठा कर उनकी काउंसलिंग भी कर रहे हैं। उन्होंने आग्रह किया कि विशेष रूप से युवाओं को अपनी स्वास्थ्य से संबंधित जांच स्वैच्छिक तौर पर अवश्य करवानी चाहिए।

देसी-विदेशी फूलों से महका माता चिंतपूर्णी का दरबार

विकास शर्मा, अनंत ज्ञान

चिंतपूर्णी। माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में अश्विन नवरात्र मेले के उपलक्ष्य पर चिंतपूर्णी मंदिर को देसी-विदेशी फूलों से सजाया गया है। यह सजावट एक श्रद्धालु द्वारा कराई गई है, जिससे मंदिर देखने में काफी आकर्षक और मनमोहक लग रहा है।

मेला क्षेत्र को 4 सेक्टर में बांटकर हर सेक्टर पर एक मजिस्ट्रेट और पुलिस की तैनाती कर दी गई है, ताकि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुचारू व्यवस्था बनी रहे। माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर के कपाट सुबह 4 बजे खुल जाएंगे और भीड़ को देखते हुए मंदिर को 24 घंटे खुला रखा जाएगा। मेला अवधि के दौरान श्रद्धालु बिना दर्शन पर्ची के दर्शन कर सकेंगे। इसके अलावा, सुगम दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं को 500 प्रति व्यक्ति पास खर्च करना होगा, जबकि दिव्यांगों और बुजुर्गों को एक अटेंडेंट के साथ 100 खर्च करने होंगे। मेले के दौरान निम्नलिखित नियम और प्रतिबंध लागू रहेंगे। लाउडस्पीकर मंदिर न्यास चिंतपूर्णी को छोड़कर किसी को भी लाउडस्पीकर की अनुमति नहीं होगी। हथियार लेकर जाने पर पूर्ण प्रतिबंध होगा। प्लास्टिक के इस्तेमाल पर पूर्ण प्रतिबंध होगा। वाहन नियमों का उल्लंघन करने वाले दोपहिया और चार पहिया वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। लंगर संस्थाओं को बिना परमिशन लंगर लगाने की अनुमति नहीं होगी। लंगर लगाने के लिए 10,000 धरोहर राशि और 10,000 लंगर फीस जमा करनी होगी। मंदिर अधिकारी अजय मंडयाल ने बताया कि मेले की पूर्व संध्या तक एक लंगर संस्था को लंगर लगाने की अनुमति दी गई है और सामान्य दर्शन के लिए किसी प्रकार की दर्शन पर्ची की अनिवार्यता नहीं है।

ट्राले से 1800 बोतल अवैध देसी शराब बरामद

अनंत ज्ञान, बंगाणा

उपमंडल थाना बंगाणा पुलिस ने शनिवार देर रात नाके के दौरान बड़ी सफलता हासिल की।

पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक पिकअप ट्राले से 1800 बोतल अवैध देसी शराब बरामद की। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब माफिया के खिलाफ चल रहे अभियान को बड़ी उपलब्धि मिली है। थाना प्रभारी बंगाणा रोहित चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि 20 सितंबर की रात थाना पुलिस की टीम नियमित गश्त व नाकाबंदी अभियान पर थी। इसी दौरान एक पिकअप ट्राला (नंबर एचपी 06 ए-6149) को रोका गया, जब उसमें मौजूद माल की तलाशी ली गई, तो पुलिस को 150 पेटियों में भरी देसी संतरा ब्रांड की 1800 बोतलें बरामद हुईं। पूछताछ में चालक की पहचान अजय सिंह पुत्र सुभाष चंद, निवासी गांव बोलेवाल, डाकघर दुलेहर, तहसील हरोली, जिला ऊना (आयु 40 वर्ष) के रूप में हुई। मौके पर अवैध शराब की सप्लाई से जुड़े दस्तावेज न होने पर पुलिस ने तुरंत शराब को कब्जे में ले लिया और आरोपी को हिरासत में लेकर मामला दर्ज कर लिया। इस संबंध में एफआईआर नंबर 66/25 धारा 39(1)(ए) हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज की गई है।

पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक पिकअप ट्राले से 1800 बोतल अवैध देसी शराब बरामद की।

थाना प्रभारी रोहित चौधरी ने बताया कि उपमंडल बंगाणा क्षेत्र में किसी भी तरह से अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अवैध शराब का कारोबार करने वालों को किसी भी स्तर पर संरक्षण नहीं मिलेगा और पुलिस लगातार इस तरह की गतिविधियों के खिलाफ अभियान जारी रखे हुए है। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई इस बात का सबूत है कि पुलिस पूरी तरह से सतर्क है और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए हर संभव कदम उठा रही है। चौधरी ने बताया कि इस तरह के माफियाओं पर शिकंजा कसना पुलिस की प्राथमिकता है, ताकि समाज में शराब तस्करी और अवैध कारोबार जैसी गतिविधियों को रोका जा सके। पुलिस थाना प्रभारी रोहित ने आम जनता से भी सहयोग की अपील की है। थाना प्रभारी ने कहा कि अगर किसी को भी अपने क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री, तस्करी या भंडारण की जानकारी मिलती है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। उन्होंने विश्वास दिलाया कि सूचना देने वाले का नाम व पहचान पूरी तरह से गोपनीय रखी जाएगी। इस कार्रवाई से स्थानीय स्तर पर अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। पुलिस की सख्ती से साफ संकेत मिल रहा है कि प्रशासन अब किसी भी तरह के अवैध धंधे को बढ़ावा नहीं देगा। इससे पहले भी पुलिस ने कई मौकों पर छापेमारी कर शराब की खेप बरामद की थी, मगर 1800 बोतलों की इतनी बड़ी बरामदगी हाल के समय की सबसे बड़ी कार्रवाइयों में से एक मानी जा रही है। बंगाणा के विशेषज्ञों का मानना है कि अवैध शराब न केवल सरकार के राजस्व को नुकसान पहुंचाती है, बल्कि आम जनता के स्वास्थ्य पर भी गंभीर असर डालती है। कई बार घटिया क्वालिटी की शराब से जानलेवा घटनाएं भी हो चुकी हैं, ऐसे में पुलिस की यह कार्रवाई लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। बंगाणा पुलिस ने हाल के दिनों में नशा व अवैध शराब माफियाओं के खिलाफ लगातार अभियान तेज कर रखा है। गश्त, नाके और छापेमारी जैसी गतिविधियों के माध्यम से पुलिस ने कई मामलों में सफलता हासिल की है। थाना प्रभारी का कहना है कि आने वाले समय में भी इस तरह की कार्रवाइयां और तेज होंगी ताकि क्षेत्र को पूरी तरह से नशा-मुक्त बनाया जा सके।

न्यूज ब्रीफ

भंजाल स्कूल में एनएसएस शिविर आज से

अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में सात दिवसीय एनएसएस शिविर आज 22 सितंबर से शुरू होगा यह जानकारी स्कूल के कार्यकारी प्रिंसिपल राजन शर्मा ने दी। राजन शर्मा ने बताया कि इस बारे सभी औपचारिकताएं करके संबंधित विभाग को सूचित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी मुकेश कुमार, महिला कार्यक्रम अधिकारी मधु ठाकुर एवं पाठशाला की समस्त टीम ने एनएसएस शिविर की तैयारी कर ली है। उन्होंने बताया कि एमसी के प्रधान महेश कुमार और उनकी टीम का भी इसमें पूर्ण सहयोग मिल रहा है।

विधायक राकेश कालिया ने सुनीं जनसमस्याएं

अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा। गगरेट विधानसभा क्षेत्र से विधायक राकेश कालिया ने अपने निवास स्थान भंजाल में रविवार को जनसमस्याएं सुनीं। इस मौके पर भारी संख्या में स्थानीय लोग, क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधि व विभिन्न संगठन विधायक के निवास स्थान पर पहुंचे और अपनी समस्याओं के बारे में विधायक को अवगत करवाया। विधायक राकेश कालिया ने सभी की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और मौके पर ही काफी समस्याओं को हल किया। इस अवसर पर पीएसओ अरुण ठाकुर, पीए नरेश कुमार अधिकारी वर्ग भी उपस्थित थे।

राकेश कालिया कर्मचारी वर्ग के सच्चे हितेषी

अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा। हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ के प्रांतीय मुख्य मीडिया प्रभारी राजन शर्मा ने प्रेस वार्ता में कहा कि गगरेट विधानसभा क्षेत्र के विधायक राकेश कालिया कर्मचारी वर्ग के सच्चे हितेषी हैं। राजन शर्मा ने बताया कि जब भी कोई कर्मचारी अपनी समस्या को लेकर विधायक राकेश कालिया के पास जाता है, तो विधायक उसकी समस्या को ध्यानपूर्वक सुनते हैं और उसका समाधान करने का पूरा प्रयास करते हैं।

कानूनी विषयों पर दी विस्तृत जानकारी

अनंत ज्ञान, ऊना। उपमंडल विधिक सेवा समिति, ऊना के तत्वावधान में ऊना की ग्राम पंचायत मलाहत में एकदिवसीय विधिक जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति की अध्यक्ष व वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश नेहा शर्मा ने की। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, युवा एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस दौरान वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश नेहा शर्मा ने नालसा मुआवजा योजना, 2018 और हिमाचल प्रदेश (अपराध पीड़ित) मुआवजा योजना, 2019 के प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि ये योजनाएं यौन उत्पीड़न एवं अन्य अपराधों की पीड़ित महिलाओं और अन्य प्रभावितों को आर्थिक एवं न्यायिक सहायता उपलब्ध करवाने के लिए बनाई गई हैं। उन्होंने कहा कि विधिक जागरूकता समाज को न्याय के प्रति सजग व सशक्त बनाती हैं। प्रत्येक नागरिक को अपने अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी होना आवश्यक है, ताकि वे अन्याय के खिलाफ प्रभावी ढंग से आवाज उठा सकें। कार्यक्रम में अधिवक्ता नेहा पुरी ने भी कानूनी सहायता, घरेलू हिंसा, महिला व बाल संरक्षण कानून सहित अन्य कानूनी विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। शिविर में मलाहत पंचायत के उपप्रधान रविंद्र कुमार, सचिव चंद्रशेखर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

सलोह में लखदाता पीर दंगल आज से

अनंत ज्ञान, हरोली। निकटवर्ती गांव सलोह में लखदाता पीर को समर्पित वार्षिक विशाल दंगल 22 सितंबर से शुरू होगा। इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दंगल स्टेडियम सलोह हटिया में 22, 23 ओर 24 सितंबर को हो रहा है। दंगल की माली 24 सितंबर को होगी। दंगल कमेटी के सेवादारों ने बताया कि स्थानीय ग्रामीणों व इलाका वासियों के सहयोग से तीन दिवसीय दंगल मेला प्रथम नवरात्र से शुरू हो रहा है। इसमें स्थानीय पहलवानों समेत देश-विदेश के नामी पहलवान अपने जोहर दिखाएंगे। दंगल में 21 हजार व 51 हजार इनाम की कुश्तियां विशेष आकर्षण का केंद्र होंगी।

शुभम पुरी बने प्रदेश ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड के सदस्य

अनंत ज्ञान, गगरेट

गगरेट कस्बे के प्रतिष्ठित करियाना व्यापारी व व्यापार मंडल गगरेट के प्रधान शुभम पुरी को प्रदेश सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड का सदस्य मनोनीत किया गया है। बोर्ड के चेयरमैन मुख्यमंत्री सुक्खू होंगे, जबकि सदस्य सचिव कमिश्नर स्टेट टैक्स एंड एक्साइज को बनाया गया है।

शुभम पुरी संभवत: बोर्ड के सबसे छोटी उम्र के गैर सरकारी सदस्य होंगे। प्रदेश सरकार ने व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए हिमाचल प्रदेश ट्रेडर्स बोर्ड को पुनर्गठित किया है। शुभम पुरी छोटी उम्र से ही अपने पारिवारिक व्यापार में हैं और अपनी मेहनत व लगन से अपने व्यापार को चार चांद लगाए हैं। व्यापार मंडल गगरेट का प्रतिनिधित्व भी वह करते आ रहे हैं। उन्हें इससे पहले रोगी कल्याण समिति गगरेट का सदस्य भी मनोनीत किया जा चुका है। विधानसभा क्षेत्र गगरेट के व्यापारियों की समस्याओं को उचित मंच पर उठाने के लिए विधायक राकेश कालिया द्वारा इससे पहले गगरेट क्षेत्र के ही दो सदस्य मनोनीत करवाए थे, लेकिन अब व्यापार मंडल गगरेट के प्रधान शुभम पुरी को भी हिमाचल प्रदेश ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड में मनोनीत करवा कर इस बोर्ड में गगरेट की आवाज को और सशक्त किया गया है। उधर, शुभम पुरी की बोर्ड के गैर सरकारी सदस्य के तौर पर नियुक्ति का गगरेट कस्बे के व्यापारियों ने पुरजोर स्वागत किया है। व्यापार मंडल गगरेट के उपाध्यक्ष अरविंद चक्रवर्ती, विकास शर्मा, मनमोहन, तरुण शर्मा, संजय शर्मा, विपिन पराशर, सुरेंद्र लखनपाल, विनय भारद्वाज, राजेश बिट्टा, सोहन लाल शर्मा सहित कई व्यापारियों ने स्वागत किया है।

मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण के लिए होंगी विशेष बैठकें

अनंत ज्ञान, गगरेट। ग्रामीण संसद के चयन से पहले मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण के लिए 23 व 25 सितंबर को विकास खंड गगरेट की तमाम ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा की बैठकें आयोजित होंगी।

इन ग्राम सभाओं के सफल आयोजन के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में कर्मचारी तैनात कर दिए गए हैं, जो ग्राम सभा की कार्रवाई को लेखबद्ध करेंगे। खंड विकास अधिकारी सुरेंद्र जेटली ने बताया कि ग्राम पंचायतों के चुनाव से पहले मतदाता सुचियों के निरीक्षण का कार्य होगा, ताकि ग्राम पंचायत के सभी स्थायी वासियों को पता चल सके कि ग्राम पंचायत में किसकी वोट है और किसकी नहीं है, अगर किसी व्यक्ति की वोट मतदाता सूची में शामिल नहीं होगी, तो उसे इसके बाद चलाए जाए जाने वाले कार्यक्रम में बनवाया जा सकेगा।

नमो मैराथन में दिखा युवाओं का जोश

पीएम के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े के तहत गगरेट भाजपा द्वारा आयोजित नमो मैराथन अपने उद्देश्य में सफल रही।

अनंत ज्ञान, गगरेट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े के तहत गगरेट भाजपा द्वारा आयोजित नमो मैराथन अपने उद्देश्य में सफल रही। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना जगाना और नशे से दूर रहने का संदेश देना था। युवाओं में इस आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।

मैराथन में भाग लेने आए कई युवा पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश ठाकुर के नाम की जर्सियां पहनकर पहुंचे, जिससे माहौल में नया रंग भर गया। युवाओं ने यह संदेश देने का प्रयास किया कि 'जेनरेशन जी' में राजेश ठाकुर का प्रभाव गहराई से महसूस किया जा रहा है। हालांकि, कुछ लोगों को यह दृश्य असहज लगा, लेकिन युवाओं की भागीदारी और ऊर्जा के सामने सब कुछ पीछे छूट गया। ग्राम पंचायत अंबोटा के प्रधान रमन ठाकुर जोनी ने कहा कि यह युवाओं की ओर से अपने सम्मानित नेता के प्रति सम्मान व्यक्त करने का तरीका था। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यक्रम भाजपा द्वारा तय सेवा पखवाड़े की गतिविधि थी, और किसी ने भी असहजता महसूस नहीं की। वहीं, भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय ठाकुर ने कहा कि नमो मैराथन गगरेट भाजपा के बैनर तले सफलतापूर्वक आयोजित की गई। इसमें सैकड़ों युवाओं ने भाग लिया और इसे किसी एक गुट का आयोजन बताना अनुचित होगा। कार्यक्रम सभी कार्यकर्ताओं और युवाओं के सहयोग से सफल हुआ, और यही भाजपा की एकजुटता को दर्शाता है।

रायजादा ने विकास कार्यों का लिया जायजा

अनंत ज्ञान, ऊना

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक सतपाल रायजादा ने ऊना विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गांव लोअर अरनियाला का दौरा कर विभिन्न विकासात्मक कार्यों का निरीक्षण किया।

इसी के साथ जनसमस्याओं को भी सुना और अधिकतर समस्याओं का मौके पर समाधान किया। इस दौरान उन्होंने गांव में बन रहे रास्तों व प्राइमरी स्कूली के नवीनीकरण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। गांव में लंबे समय से चली आ रही बिजली वोल्टेज की समस्या को दूर करने के लिए उन्होंने बिजली विभाग को प्राइमरी स्कूल के पास ट्रांसफार्मर स्थापित करने के आदेश दिए। सतपाल रायजादा ने बरसात समाप्त होते ही लक्खूराम गेट से टक्का रोड तक नई सड़क निर्माण के लिए नगर निगम ऊना के अधिकारियों को जल्द कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त गांव लोअर अरनियाला में 30 सोलर लाइटें लगाने के भी आदेश दिए। पूर्व विधायक ने गांव के विश्वकर्मा मंदिर के समीप सामुदायिक भवन निर्माण के लिए प्रारंभिक तौर पर 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। वहीं, टक्का रोड से स्मार्ट स्टूडियो हमीरपुर रोड तक अधूरे पड़े कार्य को जल्द पूर्ण करने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू करने के भी निर्देश दिए। स्थानीय लोगों की आस्था का केंद्र गुरुद्वारा श्री होलगढ़ साहिब के प्रवेश द्वार के निर्माण की योजना पर भी चर्चा की।

गांव लोअर अरनियाला का दौरा कर विभिन्न विकासात्मक कार्यों का किया निरीक्षण।

इसी के साथ स्थानीय बाल्मीकि परिवार ने रायजादा के प्रयासों से घर के पास डंगा लगवाने के लिए आभार प्रकट किया। वहीं, लोअर अरनियाला वासियों ने भी गांव में चल रहे विकास कार्यों के लिए तथा गांव में उचित मूल्य की दुकान खुलवाने के लिए पूर्व विधायक एवं स्थानीय प्रधान नीना सैनी का धन्यवाद किया।

नवरात्र में होने वाली रामलीला के लिए झंडा रसम अदा की

अनंत ज्ञान, ऊना। स्थानीय नगर के जय दुर्गा बाबा नांगा ड्रामाटिक क्लब संतोषगढ़ ने नवरात्र में होने वाली रामलीला के उपलक्ष्य में झंडा रस्म अदा की। नरेश चौधरी ने बताया कि झंडे रस्म की यात्रा बाबा विश्वकर्मा मंदिर से लेकर बाबा नांगा समाधि स्थल पर जाकर पूजा-अर्चना कर वापस विश्वकर्मा मंदिर के सामने रामलीला मैदान पर झंडा चढ़ाया गया। इस यात्रा में हनुमान के रोल की भूमिका हरि कृष्ण सैनी ने निभाई। वही, नवरात्र में 25 सितंबर को रामलीला मंच का आगाज विश्वकर्मा मंदिर के सामने मैदान में किया जाएगा। इस अवसर पर निर्देशक नरेश सिंघा , रमेश पुंग, अशोक धीमान, पूर्व जेई अमर सैनी, लक्की, भूपेंद्र, दीपा, कृष्णा सैनी, राजीव, मंगी, आकाश सहोता, पंकज, हर्ष, गौशा, जतिन, संजीव, तनिष सहित अन्य क्लब के सदस्य मौजूद रहे।

थानाकलां कॉलेज में स्वच्छता पखवाड़े की प्रेरणादायक शुरुआत

विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान

लठियानी। बंगाणा उपमंडल के राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थानाकलां में स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ राष्ट्र निर्माण की एक नई सुबह जैसा प्रतीत हुआ।

इस अवसर पर उपमंडलाधिकारी सोनू गोयल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्वच्छता, सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्रप्रेम पर बल दिया। उन्होंने कहा, जैसे स्वच्छ वस्त्र पहनना हमारी आदत है, वैसे ही स्वच्छ वातावरण में जीना भी हमारा कर्तव्य होना चाहिए। विद्यालय में सफाई के दौरान बच्चों की सक्रियता देखकर उन्होंने मुस्कराते हुए कहा, अब तो बच्चों के टिफिन में परांठे भी चमकने लगे हैं। इस पर विद्यार्थियों और शिक्षकों के चेहरों पर मुस्कान बिखर गई। उन्होंने विद्यालय को गोद लेने के पीछे की भावना भी साझा की केवल निरीक्षण नहीं, बल्कि छात्रों को प्रेरित करना उनका उद्देश्य है।

कार्यक्रम में एनएसएस, एनसीसी और इको क्लब के सदस्यों ने भाग लिया। छात्र-छात्राओं ने एसडीएम गोयल की प्रेरणादायक बातों को जीवन के लिए मार्गदर्शक बताया। प्रधानाचार्य संजीव पराशर ने कहा कि यह आयोजन केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को दिशा देने वाली एक प्रेरणादायक यात्रा थी। सभी ने स्वच्छता को जन आंदोलन का स्वरूप देने का संकल्प लिया।

आयोजन 90 लड़के-लड़कियों को विधायक विवेक शर्मा ने बीहड़ू घाट से हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

एनसीसी कैडेट्स का एकता, अनुशासन व देशभक्ति का अनूठा प्रदर्शन

अनंत ज्ञान, बंगाणा

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने सतलुज नदी के नाम से आयोजित 12 दिवसीय शीशुद्री बंधन सीलिंग एक्ट पड़ीशन 2025 का शुभारंभ किया।

यह विशेष अभियान प्रथम हिमाचल प्रदेश नौसेना एनसीसी इकाई बिलासपुर के सौजन्य से आयोजित किया जा रहा है। रविवार को बीहड़ू घाट से विधायक विवेक शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर इस ऐतिहासिक अभियान की शुरुआत की। यह अभियान लुहणु मैदान बिलासपुर से आरंभ होकर गोबिंद सागर झील के रास्ते ककराना, जगातखाना, भाखड़ा केसरिया, प्रियन, रायपुर मैदान होते हुए मंदली तक पहुंचेगा। इस पूरे 12 दिवसीय अभियान में विभिन्न पड़ावों पर एनसीसी कैडेट अपनी प्रतिभा और अनुशासन का प्रदर्शन करेंगे। इस अभियान में कुल 90 एनसीसी कैडेट हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें 50 लड़कियां और 40 लड़के शामिल हैं। ये सभी कैडेट पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ के विभिन्न कॉलेजों से यहां पहुंचे हैं। इस विविधता से यह अभियान एकता, सामूहिकता और अनुशासन का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है।

कार्यक्रम का शुभारंभ करने के पश्चात आयोजकों के साथ विधायक विवेक शर्मा।

अभियान का शुभारंभ करते हुए विधायक ने कहा कि एनसीसी (राष्ट्रीय कैडेट कोर) युवाओं में देशभक्ति, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना जगाने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने याद किया कि वे स्वयं भी अपने छात्र जीवन में एनसीसी कैडेट रहे हैं और इस अनुभव ने उनके जीवन में अनुशासन और सेवा भाव को मजबूत किया। विवेक शर्मा ने कहा कि एनसीसी न केवल छात्रों को रक्षा सेवाओं की ओर प्रेरित करती है, बल्कि समाजसेवा और राष्ट्रनिर्माण की दिशा में भी उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाती है। आज के समय में जब युवा दिशा की तलाश में रहते हैं, एनसीसी उन्हें न केवल शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाती है, बल्कि देश सेवा का मार्ग भी प्रशस्त करती है।

सतलुज नदी के नाम से आरंभ यह पड़ीशन (अभियान) पर्यावरण संरक्षण, जल संसाधन प्रबंधन और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए भी एक प्रतीकात्मक कदम है। इस दौरान कैडेट न केवल सीलिंग एक्टिविटी करेंगे, बल्कि स्थानीय लोगों के बीच जागरूकता अभियान भी चलाएंगे। एनसीसी अधिकारी ने बताया कि अभियान के दौरान कैडेट पानी में सीलिंग (नौकायन), ट्रैकिंग, प्राथमिक चिकित्सा, आपदा प्रबंधन और सामुदायिक सेवा जैसे विभिन्न कार्यक्रमों से गुजरेंगे। इससे उनकी व्यावहारिक क्षमता व आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

अभियान के विभिन्न पड़ावों पर कैडेट गांववासियों से संवाद करेंगे और उन्हें स्वच्छता, जल संरक्षण और सामूहिक जिम्मेदारी जैसे विषयों पर जागरूक करेंगे। इससे स्थानीय युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी और समाज में सकारात्मक सोच का संचार होगा। बीहड़ू घाट से शुरुआत के मौके पर स्थानीय लोगों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। लोगों ने एनसीसी कैडेट्स का स्वागत करते हुए इस अभियान को सराहा। उनका कहना था कि इस तरह की गतिविधियां युवाओं को नशे और नकारात्मक प्रवृत्तियों से दूर रखती हैं और उन्हें समाज के लिए उपयोगी बनाती हैं।

आठ अस्थायी शिक्षकों को बांटे चेक

अनंत ज्ञान, बंगाणा। कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने रविवार को शिक्षा क्षेत्र में एक सराहनीय पहल करते हुए आठ अस्थायी शिक्षकों को मानदेय की राशि निजी आय से चैक के माध्यम से प्रदान की। यह कार्यक्रम जोगी पंगा में आयोजित किया गया, जहां विधायक ने स्वयं शिक्षकों को सम्मानपूर्वक चेक सौंपते हुए कहा कि बच्चों की पढ़ाई ही उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता है और इसके लिए वे हर संभव प्रयास करते रहेंगे। कुछ माह पूर्व विधायक ने अपनी निजी आय से आठ शिक्षकों की अस्थायी नियुक्ति की थी। इस पहल के कारण क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में लंबे समय से चली आ रही शिक्षकों की कमी पूरी हो सकी। परिणामस्वरूप विद्यार्थियों की पढ़ाई बिना किसी व्यवधान के सुचारु रूप से जारी रही। विधायक ने कहा कि जब तक सरकार द्वारा रिक्त पदों पर नियमित नियुक्तियां नहीं की जातीं, तब तक वे अपनी क्षमता के अनुसार शिक्षा व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने का कार्य करते रहेंगे।

पीएम मोदी के जन्म दिवस पर चल रहे सेवा पखवाड़े के तहत चिकित्सा शिविर

सैकड़ों लोगों को फ्री मिली स्वास्थ्य सुविधाएं

अनंत ज्ञान, बंगाणा

कुटलैहड़ के वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत ऊना के सुविधा पैलेस में एक विशाल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया।

इस शिविर में प्रख्यात चिकित्सक प्रो. राजबहादुर सहित विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने भाग लेकर मरीजों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया और उचित परामर्श दिया। शिविर में सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवाने पहुंचे आयोजन स्थल पर चिकित्सकों की टीम ने विभिन्न रोगों जैसे हड्डी एवं जोड़ संबंधी समस्याएं, हृदय रोग, डायबिटीज, रक्तचाप, आंखों, त्वचा तथा सामान्य बीमारियों के लिए विशेष परामर्श और उपचार उपलब्ध करवाया। मरीजों को मौके पर दवाइयां भी वितरित की गईं। इसके अलावा जिन मरीजों को आगे की जांच की आवश्यकता थी, उन्हें विशेषज्ञ अस्पतालों के लिए रेफर भी किया गया। पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने शिविर में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह आयोजन केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि समाज के प्रति सेवा भाव का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में स्वास्थ्य और जनकल्याण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं। ऐसे शिविरों का उद्देश्य आम जनता तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना और लोगों को स्वस्थ रहने के प्रति जागरूक करना है। शिविर के दौरान आए मरीजों और उनके परिजनों को फल वितरण भी किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता दविंदर कुमार भुट्टो ने स्वयं मरीजों को फल बांटे और उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उन्होंने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हम प्रधानमंत्री के जन्म दिवस को इस रूप में मना रहे हैं कि जरूरतमंद लोगों की सेवा की जा सके। उन्होंने कार्यकर्ताओं से भी आह्वान किया कि सेवा पखवाड़े के अंतर्गत हर गतिविधि में पूरी निष्ठा और समर्पण से जुड़ें। स्थानीय जनता ने इस चिकित्सा शिविर की सराहना की और इसे बेहद उपयोगी बताया।

लोगों का कहना था कि विशेषज्ञ चिकित्सकों से एक ही स्थान पर परामर्श मिलना उनके लिए बहुत बड़ी सुविधा है। खासकर ग्रामीण क्षेत्र के वे लोग, जो बड़े अस्पतालों तक जाने में असमर्थ रहते हैं, इस तरह के शिविरों से काफी लाभान्वित होते हैं। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं और कुटलैहड़ सेवा संगठन के पदाधिकारियों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। शिविर को सफल बनाने के लिए टीम ने व्यवस्थाओं में बढ़-चढ़कर योगदान दिया।

माता भागासिद्ध मंदिर के दरबार में हर भक्त की मनोकामना होती है पूरी

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

कुल्लू। कुल्लू मुख्यालय के साथ सटी लगघाटी स्थित खलाड़ानाला में माता भागासिद्ध का भव्य मंदिर है।

जिला मुख्यालय से मात्र डेढ़ किलोमीटर दूर एक शांत और खूबसूरत जगह खलाड़ानाला में स्थित काष्ठकुणी शैली का खूबसूरत एवं भव्य मंदिर भक्तों के लिए आस्था और विश्वास का केंद्र बना हुआ है। लगघाटी का रुख करते ही सबसे पहले खलाड़ानाला नजर आता है, जहां पर माता भागासिद्ध का ये अद्भुत व विशाल मंदिर अपनी खूबसूरती से हर किसी का मन मोह लेता है। इस स्थान पर पहले एक छोटा सा माता मंदिर हुआ करता था और बाद में माता रानी ने गूर के माध्यम से यहां पर मंदिर निर्माण की बात कही, जिस पर अमल करते हुए मंदिर कमेटी के सदस्यों एवं कुल्लू जिला के विभिन्न कोनों से आने वाले भक्तों के सहयोग से यहां पर

वर्ष 2019 के बाद नए मंदिर का निर्माण कार्य शुरू किया गया ओर कुछ सालों में भव्य मंदिर का निर्माण किया गया। माता भागासिद्ध मंदिर के मुख्य पुजारी बेली सिंह, माता भागासिद्ध मंदिर के मुख्य गुर प्रमेश कुमार तथा पुरोहित रवि शर्मा ने बताया कि मंदिर में हर रोज भक्तों को आना लगा रहता है और विशेष तौर पर हर रविवार के दिन मंदिर में दूर-दूर से भक्त माता रानी के दर्शनों का लाभ लेने के लिए आते हैं और अपनी मनोकामना की पूर्ति के लिए माता रानी की चौखट पर अपना शीश नवाते हैं।

मंदिर परिसर में होता है तीन दिवसीय मेले का आयोजन

बीस भादो को माता भागासिद्ध मंदिर के परिसर में 3 दिवसीय मेले का भव्य आयोजन किया जाता है, जहां पर हजारों की संख्या में भक्त माता रानी के दर्शनों के साथ मेले में भी भाग लेते हैं। इस अवसर पर डुगिलग में स्थित माता भागासिद्ध भी खलाडा नाले में आने वाले देवलुओं के संग 3 दिवसीय मेले का हिस्सा बनती हैं तथा उपस्थित भक्तों की मनोकामना को पूर्ण करती हैं। इसके साथ ही सावन महीने में माता के मंदिर में खीर भंडारे का भी आयोजन किया जाता है।

माता भागासिद्ध का भव्य मंदिर।

मंदिर परिसर में दर्जनों देवी-देवताओं का है निवास

माता भागासिद्ध मंदिर परिसर में माता रानी के साथ-साथ अन्य देवी, देवता भी विराजमान हैं, जो कि मंदिर परिसर में स्थापित हैं। दर्जनों देवी-देवताओं के साथ यहां पर स्थापित होने से इस स्थान की विशेषता को चार चांद लग जाते हैं। इन देवी-देवताओं में श्री फुंगणी माता, भालठी नारायण, भगवान शिव शंकर महादेव, कृष्ण भगवान, पंचमुखी हनुमान, श्री नाड़ा देवता यानी देवता वीर नाथ, 18 पेड़े देवता, पंडिर देवता, लक्ष्मी नारायण, थान देवता, माता काली, शनि देवता ओर श्री विश्व कर्मा विराजमान हैं और अपने भक्तों के कष्टों का निवारण करते हैं। एक स्थान में इतने देवी-देवताओं के साथ दर्शन करना भी भक्तों के लिए दुर्लभ एहसास है।

हर रविवार 500 से 700 भक्त आते हैं दर्शन करने

मंदिर के पुरोहित रवि शर्मा बताते हैं कि जो भी भक्त सच्चे और पवित्र भावना लिए माता रानी के दर्शन के लिए यहां पर आते हैं, उनकी मनोकामना को माता रानी जरूर पूरा करती है। हर रविवार को करीब 500 से 700 भक्त मंदिर परिसर में माता रानी दर्शन को जमा होते हैं और अपनी मनोकामना की पूर्ति के लिए गुर के माध्यम से पूछ डालते हैं, जिस पर माता रानी स्वयं गुर के माध्यम से अपने भक्तों की समस्या का समाधान करती है। भक्तों के अनुसार माता रानी हर मनोकामना को पूरा करती है और कोई भी भक्त खाली हाथ नहीं लौटता।

बोलने में असमर्थ बच्चे भी मां के आशीर्वाद से बोलने लग जाते हैं

पुरोहित रवि शर्मा ने बताया कि माता रानी के दरबार से कोई भी खाली हाथ नहीं लौटता। इस मंदिर में बहुत से अभिभावक अपने ऐसे बच्चों को लेकर आते हैं, जो कि बोल, पाने में असमर्थ थे या फिर बोल ही नहीं पाते थे, मगर माता रानी के आशीर्वाद से वो बच्चे अब साफ-साफ बोलने लगे हैं और इसी तरह से सैकड़ों भक्तों की मनोकामना को माता रानी ने पूरा किया है। सैकड़ों भक्तों की शारीरिक और मानसिक तकलीफों का समाधान भी माता के आशीर्वाद से होता है, बस भक्तों को माता रानी पर विश्वास रखना होता है।

हर साल होती हैं सैकड़ों शादियां

मंदिर में हर साल सैकड़ों लोग विवाह के पवित्र बंधन में बंधने के लिए पहुंचते हैं और माता को साक्षी मान कर विवाह के पवित्र बंधन में हमेशा, हमेशा के लिए बंध जाते हैं। हर साल दशहरे से कुछ समय पहले यहां पर सबसे ज्यादा शादियां होती हैं। माता रानी के मंदिर में माता के आशीर्वाद से नव, विवाहित जोड़े अपने वैवाहिक जीवन के सुखद होने की कामना करते हुए नए जीवन की शुरुआत करते हैं।

सुलेख लेखन में रनिका प्रथम

अनंत ज्ञान, आनी। राजकीय महाविद्यालय आनी में हिंदी पखवाड़ा भव्य समारोह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कुंवर दिनेश सिंह मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। समापन समारोह में हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक प्रो. निर्मल सिंह शिवांश ने 8 से 20 सितंबर तक आयोजित विभिन्न गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। हिंदी विभाग एवं हिंदी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस पखवाड़े के दौरान छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छात्रों द्वारा भारतेंदु हरिश्चंद्र के प्रसिद्ध नाटक 'अंधेर नगरी' का मंचन कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। साथ ही सुलेख, निबंध लेखन, भाषण, काव्य पाठ, समाचार वाचन, आशु भाषण, नारा लेखन और हस्ताक्षर प्रतियोगिताओं में छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और भाषा कौशल का परिचय दिया। प्रतियोगिताओं में सुलेख लेखन में रनिका, हिंदी हस्ताक्षर प्रतियोगिता में स्मृति ठाकुर, नारा लेखन में स्वाति शर्मा, निबंध लेखन में रंजना कौशल, भाषण प्रतियोगिता में रनिका ठाकुर, काव्य पाठ में तनिका, समाचार वाचन में रिया शर्मा तथा आशु भाषण प्रतियोगिता में रनिका प्रथम स्थान पर रहीं।

कमल युवक मंडल ने चलाया सफाई अभियान

अनंत ज्ञान, भुंतर। जिला कुल्लू की ग्राम पंचायत कलैहली में रविवार को उपप्रधान दयाराम की अगुवाई में कमल युवक मंडल कलैहली द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। इसमें युवाओं ने गांव के आसपास ढेरों कचरा इकट्ठा कर उसका निष्पादन किया।

ग्राम पंचायत कलहेली के उपप्रधान दयाराम ने बताया कि युवक मंडल द्वारा अक्सर अनेक तरह के अभियान चलाए जाते हैं। इसमें सफाई अभियान का विशेष महत्व रहता है। उन्होंने सभी ग्राम वासियों से अपील की कि अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए समय-समय पर इस तरह के सफाई अभियान चलाएं, ताकि वातावरण संरक्षण के लिए उचित कदम उठाए जा सकें।

25 तक दुरुस्त करें लारजी डैम से औट तक रास्ता

अनंत ज्ञान, बंजार

देवी-देवता कारदार संघ खंड बंजार की विशेष बैठक खंड प्रधान सत्यदेव नेगी की अध्यक्षता में दशहरा उत्सव 2025 की रणनीति के मद्देनजर एसडीएम कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित की गई।

इसमें विशेष रूप से उपमंडल अधिकारी बंजार पंकज शर्मा, खंड विकास अधिकारी बंजार मानसिंह उपस्थित रहे। इसमें बंजार खंड के कारदारों ने एसडीएम बंजार के समक्ष लारजी डेम से औट बाजार तक के पैदल रास्ते को दशहरा उत्सव के लिए प्रस्थान करने वाले उपरोक्त खंडों के 100 से अधिक देव रथो के आने-जाने की सुविधा के लिए 25 सितंबर तक सुगम बनाने सहित कुल्लू प्रस्थान करते समय और दशहरा से वापस आते समय लारजी पन विद्युत परियोजना के जल स्तर को कम करने सहित देवरथों की सुरक्षा सुनिश्चित करने बाबत प्रस्ताव पारित कर एसडीएम बंजार को सौंपा, क्योंकि 2 अक्तूबर से शुरू होने वाले अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव की सैकड़ों वर्ष पुरानी देव परंपरा निभाने जाने वाले सैकड़ों देवी-देवताओं के आने जाने की उचित सुविधा के लिए औट टनल के बाहर से जो रास्ता औट बाजार को जोड़ता है उसे दुरुस्त करने, सहित लारजी विद्युत परियोजना का जलस्तर घटाने, देवरथों सुरक्षा के लिए 25 अगस्त से 12 अक्तूबर तक प्रशासन की ओर से उचित कदम उठाने के संबंध में एसडीएम बंजार के साथ लंबी चर्चा की गई। इस पर एसडीएम बंजार ने खंड विकास अधिकारी मान सिंह को निर्देश देकर जल्द रास्ते को सुगम बनाने की दिशा में उचित कदम उठाने को कहा कि 25 सितंबर के बाद उपमंडल मुख्यालय बंजार और तहसील मुख्यालय सैंज से देवी-देवताओं का दशहरा को कूच करने का क्रम शुरू हो जाएगा, इसलिए उपरोक्त पैदल रास्ते को 25 सितंबर तक हर हाल में दुरुस्त करने की दिशा में उचित कदम उठाने के निर्देश दिए।

देवी-देवता कारदार संघ खंड बंजार की विशेष बैठक खंड प्रधान सत्यदेव नेगी की अध्यक्षता में हुई।

देव रथों की सुरक्षा पूर्व की भांति प्रस्थान करने के दौरान सुनिश्चित की जाएगी तथा लारजी पान विद्युत परियोजना के जलस्तर को घटाने बाबत पत्राचार परियोजना प्रबंधन से किया जाएगा। खंड प्रधान बंजार सत्यदेव नेगी और खंड प्रधान तीर्थन संगत राम ने जानकारी दी कि 2 अक्तूबर से जिला मुख्यालय कुल्लू में जिले के आराध्य देवता भगवान रघुनाथ जी के सम्मान में आयोजित होने वाले सात दिवसीय अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के मध्य नजर उपमंडल बंजार के अंतर्गत पडने वाली देवी देवता कादार संघ जिला कुल्लू के विस बंजार बिस आनी की 5 प्राथमिक खंड इकाइयों से प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी दशहरा उत्सव में भाग लेने जाने बाले देवी देवताओं के आने जाने के रास्ते को औट टनल के बाहर से औट बाजार के टैक्सी आपरेटर यूनियन के कार्यालय तक दुरुस्त करने की मांग रखी। इसके अतिरिक्त लारजी जल विद्युत परियोजना के जल स्तर को घटाने की सुचना परियोजना प्रबंधन को देने सहित उपरोक्त पांच प्राथमिक खंड इकाइयों से कुल्लू दशहरा को जाने वाले चांदी एवं स्वर्ण जड़ित देव रथो की सुरक्षा के मद्देनजर थाना बंजार, सैज, औट के थाना प्रभारियों को भी अवगत करवाया जाए। इस बैठक में जिला महासचिब टीसी महंत, बंजार खंड के सचिव गोपाल ठाकुर जिला प्रतिनिधि गोपी चंद, चौहान चेतन, स्वरूप शर्मा उपाध्यक्ष, बंजार खंड ख्याली राम शर्मा, कारदार विनोद, तुलसी राम, मुरारी शर्मा, दलीप सिंह, रमेश, हीरा सिंह सहित अनेक कारदार उपस्थित रहे।

सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण शिंकुला टनल का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर जारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण शिंकुला टनल का निर्माण कार्य प्रगति पर है। करीबन 15 हजार फुट की ऊंचाई पर बनने वाली यह सुरंग इंजीनियरिंग का बेहतरीन नमूना है। इसी साल शुरू हुए इस टनल का निर्माण बीआरओ की निगरानी में किया जा रहा है और अभी तक सौ मीटर की खुदाई की जा चुकी है।

आगामी चार सालों में इसका निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। इस टनल के बन जाने से लेह, पदम् और कारगिल जाना अब आसान हो जाएगा और ऊपरी इलाका सारा साल देश के अन्य सभी भागों से जुड़ा रहेगा। मनाली-लेह मार्ग पर लगभग 1600 करोड़ से बनने वाली यह दूसरी सुरंग है। इससे पहले अटल टनल रोहतांग साल 2020 में तैयार हो चुकी है। शिंकुला टनल बनने से लेह का पूरा इलाका तीन तरफ से जुड़ जाएगा। श्रीनगर-जोजिला मार्ग, मनाली-लेह वाया सरचू और तीसरा रास्ता शिंकुला से होकर देश के सरहद तक पहुंचेगा। इससे सरहद पर हमारे प्रहरियों को रसद और खाद्य सामग्री पहुंचने में आसानी होगी। शिंकुला टनल के बन जाने से मनाली लेह की दूरी भी करीबन 60 किलोमीटर कम हो जाएगी। इसके अलावा जांस्कर, कारगिल, पदम और लेह लद्दाख में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। अभी लेह लद्दाख साल में छः महीने ही खुला रहता है, लेकिन अब शिंकुला टनल के बन जाने से पर्यटक सारा साल जा सकेंगे। अटल टनल के बनने से जनजातीय जिला लाहौल में किस तरह पर्यटन का हब बना हम सब ने देखा है। लाहौल-स्पीति भाजपा जिला अध्यक्ष रिग्जिन हायरपा ने बताया कि शिंकुला टनल लेह लद्दाख के लोगों की लाइफ लाइन बनने वाली है। इससे लद्दाख का इलाका सारा साल देश से जुड़ा रहेगा और पर्यटन का हब बनेगा। इससे न केवल वहां के लोगों की आर्थिक मजबूत होगी बल्कि उन्हें देश के अन्य भागों में आने जाने में भी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार देश की सरहदों तक हमारे सैनिक आसानी से पहुंच सके इसके लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के प्रयास से जहां समय से पहले अटल टनल का निर्माण हुआ है उसी तरह शिंकुला टनल का निर्माण भी समय से पहले पूरा हो जाएगा।

न्यूज ब्रीफ

पेंशनर्स का ई-केवाईसी सत्यापन अभियान जारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। जिला कल्याण अधिकारी गिरधारी लाल शर्मा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अंतर्गत जिला कुल्लू के सभी 55805 सामाजिक सुरक्षा पेंशनरों की ई-केवाईसी, ई कल्याण मोबाइल ऐप माध्यम से करवाने के लिए जिला तहसील पंचायत व स्थानीय आंगनबाड़ी स्तर पर एक विशेष सत्यापन अभियान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से चलाया जा रहा है। इसमें सभी पेंशनर्स के आधार कार्ड, जन्मतिथि, मोबाईल नंबर पूर्ण स्थायी पते सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा नवीनतम जानकारी दस्तावेजों के आधार पर सत्यापित किए जा रहे हैं। वर्तमान में इस विशेष अभियान के अंतर्गत जिले में अधिकतर पेंशनरों का सत्यापन कार्य पूर्ण हो चुका है अतः शेष असत्यापित पेंशनर्स के सत्यापन के लिए सभी का सहयोग वांछित है। उपरोक्त नवीनतम जानकारी सत्यापन न करवाने की स्थिति में विभाग के नए पोर्टल द्वारा संबंधित पेंशनरों को पेंशन वितरण का कार्य बाधित हो जाएगा। सभी इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा /परित्यक्ता/एकल नारी पेंशन, दिव्यांग राहत भत्ता, कुष्ठ रोगी भत्ता और ट्रॉसजेंडर पेंशनरों को सूचित किया जाता है कि 30 सितंबर से पूर्व अपने सभी दस्तावेजों की नवीनतम जानकारी सहित अपनी स्थानीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से पेंशन सत्यापन समयबद्ध रूप से करवाना सुनिश्चित करें, ताकि सभी पेंशनर्स को पेंशन समय से वितरित की जा सके।

बाला राम बने सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ के अध्यक्ष

अनंत ज्ञान, मनाली। बाला राम शर्मा को नगर निकाय जिला कुल्लू सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ का अध्यक्ष बनाया गया है। प्रदेश महासंघ के प्रदेश महासचिव प्रभु दयाल शर्मा की अध्यक्षता में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। राज कुमार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, खेम चंद को उपाध्यक्ष, विमला देवी को उपाध्यक्ष महिला, हिरदे राम को महासचिव, शिव राम को कोषाध्यक्ष, राम प्रसाद को मुख्य सलाहकार, अमर सिंह को सलाहकार, शिव चंद ठाकुर को प्रेस सचिव व देव राज को संयुक्त सचिव बनाया गया है। प्रदेश महासचिव प्रभु दयाल शर्मा ने कहा कि अब प्रदेश स्तर पर महासंघ एक जुट है और भविष्य में अपनी मांगों को लेकर अभियान शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कई बार निवेदन करने के बावजूद प्रदेश सरकार उनकी मांगों का समाधान करने में नाकाम रही है। उन्होंने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि जो भी राज्य महासंघ द्वारा निर्णय लिए जाएंगे उनकी अनुपालना की जाएगी। जिला कुल्लू संघ द्वारा प्रदेश महासंघ के अध्यक्ष शिव सिंह सेन का आभार व्यक्त किया। कुल्लू संघ के सदस्यों ने कहा कि उनकी अध्यक्षता में महासंघ की मांगों के समाधान को लेकर विशेष कदम उठाए जा रहे हैं। कुल्लू संघ के नवनियुक्त अध्यक्ष बाला राम शर्मा ने सभी सदस्यों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि सभी सदस्यों के साथ मिलकर संघ को मजबूती प्रदान की जाएगी।

मनाली में बरसात से हुआ भारी नुकसान

अनंत ज्ञान, मनाली। पूर्व अध्यक्ष मनाली कांग्रेस व पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष जिला कुल्लू हरि चंद शर्मा ने कहा कि उन्होंने मनाली विधानसभा क्षेत्र में बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों के शेष गांव का जायजा लेकर अपना दौरा पूर्ण कर लिया, पूरे प्रदेश की तरह मनाली के अधिकतर क्षेत्रों को भी बरसात ने अपनी चपेट में लेकर भारी नुकसान पहुंचाया है। मानसून के अत्यधिक बरसने के कारण मनाली विधानसभा क्षेत्र में बाढ़ और भू-स्खलन ने लोगों की वर्षों की कमाई को कुछ ही पलों में मिट्टी में मिला दिया। हरि चंद शर्मा ने कहा कि क्षेत्र के कई गांव का उन्होंने इसी त्रासदी के बीच दौरा किया हालात बहुत ही डराने वाले हैं। पिछलीहार पंचायत के गांव दराल और भेखली सारी पंचायत के गांव धरमोट में तो पूरे के पूरे गांव को भूमि कट्टाव से स्लाइड होने का भारी खतरा उत्पन्न हो गया है। दराल गांव में लोगों की साठ-सत्तर बीगा जमीन का हिस्सा जिसमें सेब के बागीचे लगे थे भूमि का कट्टाव हो गया है और अब लोगों के घरों के साथ दरारें पड़ गई हैं। पूरे दराल गांव के लोगों के घरों व गांव में लैंडस्लाइड होने का खतरा बना हुआ है। वहीं, दूसरी ओर सारी पंचायत के दराल गांव में भी जन्हा सड़क और मिडल स्कूल में भारी भूस्खलन हो कर स्कूल पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। वहीं, सड़क को भी भारी नुकसान हुआ है और स्कूल सड़क व गांव के ऊपरी हिस्से में हर तरफ बड़ी-बड़ी दरारें पड़ी हैं, जिसके धंसने का अत्यधिक खतरा बना हुआ है और स्लाइड के खतरे से पूरे गांव को चपेट में लेने का खतरा बना हुआ है।

सैंज घाटी के 150 परिवारों तक पहुंचाई राहत सामग्री

अनंत ज्ञान, सैंज

सैंज घाटी में आपदा ने इस बार भारी तबाही मचाई है। आपदा में 500 से अधिक परिवार सीधे तौर पर प्रभावित हुए हैं।

समाजसेवक हरिराम चौधरी ने बताया कि ऐसे में शिमला के प्रसिद्ध समाजसेवक सरबजीत सिंह बॉबी की संस्था द्वारा भेजी गई राहत सामग्री रविवार को आपदा से प्रभावित हुई सैंज घाटी की तलाडा पंचायत के टिपरिधार, सपांगनी, बडिना व सुमला गांव, कनोंन पंचायत के शरण, रूड़ी, देहुरी व सहथड़ा गांव, सुचैहन पंचायत के मातला व जाखला गांव और देवगढ़ गोही के मशेना नाला, पुखरी, गोही, बकशाहल गांव के प्रभावितों तक पहुंचाई गई। इन पंचायतों में लगभग 250 घर तबाह हुए हैं। लोग टेंटों में रहने को मजबूर हो गए हैं। इस क्षेत्र में सबसे अधिक समस्या खाद्य सामग्री की सामने आ रही थी। ऐसी विकट परिस्थिति में मंडी समाजसेवक हंस राज सैनी की समाजसेवी संस्था ने सैंज घाटी में पहुंचकर राशन के अलावा बर्तन, लेडीज सूट, कंबल आदि राहत सामग्री 150 जरूरतमंदों को बांटी। सुचैहन पंचायत की प्रधान सितावती ठाकुर, देवगढ़ गोही के उपप्रधान शिव राम, कनोंन पूर्व उपप्रधान बेली राम, तलाडा के प्रधान मोहर सिंह, पूर्व प्रधान नरेंद्र कुमार सहित समस्त ग्रामीणों ने सभी समाजसेवियों का आभार प्रकट किया है।

इस अवसर पर जिला परिषद कुल्लू की पूर्व अध्यक्ष रोहिणी चौधरी भी उपस्थित रहीं और सभी लोगों ने सरबजीत सिंह बॉबी, हंसराज सैनी और निखिल सैनी का आपदा प्रभावित परिवारों की सहायता करने पर धन्यवाद किया है।

पास देते समय नाली में फंसी निजी बस

अनंत ज्ञान, मनाली। मनाली से नग्गर जा रही निजी बस अलेउ के समीप वाहन को पास देते समय नाली में फंस गई। साइड के अगले पिछले टायर नाली में फंसने से बस टेडी हो गई। हालांकि, बड़ा हादसा टला गया, लेकिन बस के बैठे यात्री डर गए। तंग सड़क व ट्रैफिक का दवाब खासकर बड़े वाहन चालकों की दिक्कत बढ़ा रहा है। दिन के समय नेशनल हाइवे पर काम के चलते ट्रैफिक बंद रखी जा रही है, जिस कारण सारा ट्रैफिक वामतट की ओर मूड रहा है। सेब का सीजन चरम पर है इस कारण सड़क किनारे व्यवस्तता बढ़ गई है। अलेउ निवासी मोहन, रमेश, कमलेश व दीपक ने बताया कि ट्रैफिक का बोझ अधिक होने से राहगीरों सहित वाहन चालकों की दिक्कत बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि सड़क तंग होने के कारण खासकर बड़े वाहन चालकों की दिक्कत बढ़ी है। उधर, डीएसपी केडी शर्मा ने बताया कि ट्रैफिक व्यवस्था सुचारु रखने के बेहतर प्रयास किए जा रहे हैं।

पर्यटन नगरी मनाली में धीरे-धीरे बढ़ने लगी पर्यटकों की चहल पहल

एम बोकटापा, अनंत ज्ञान

मनाली। पर्यटन नगरी में धीरे-धीरे पर्यटक आने लगे हैं। हालांकि, फिलहाल पर्यटकों की संख्या न के बराबर है, लेकिन वोल्वो बस सेवा शुरू होने के बाद मनाली में पर्यटन कारोबार के रफ्तार पकड़ने की उम्मीद है।

पर्यटन कारोबारी वोल्वो बस सेवा शुरू होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। एनएचएआई ने भी दशहरा तक वोल्वो बस मनाली पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। आपदा से मनाली का पर्यटन कारोबार पटरी से उतर गया है। इक्का-दुक्का पर्यटक मनाली में देखे जा रहे हैं, लेकिन दशहरा सीजन अच्छा चलने की उम्मीद है। बशर्ते वोल्वो बस मनाली पहुंच जाए। कुल्लू से मनाली तक एनएचएआई ने सड़क को एकतरफा यातायात के लिए खोला है। लेफ्ट बैंक और राईट बैंक सड़क वन वे की गई है। सड़क को डबललेन करने का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। एनएचएआई ने दशहरा उत्सव तक वोल्वो बसों को मनाली पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। कारोबारियों का कहना है कि दशहरा को लेकर अच्छी बुकिंग है, लेकिन वोल्वो बस सेवा शुरू होने का इंतजार है। पर्यटन कारोबारी बुद्धि प्रकाश का कहना है कि वोल्वो बस सेवा शुरू होते ही पर्यटकों की भीड़ उमड़नी शुरू हो जाएगी। फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र ठाकुर का कहना है कि दूसरे राज्यों से अच्छी इन्कवारी चल रही है। फिलहाल वोल्वो बस सेवा बंद होने से बुकिंग नहीं हो रही। वोल्वो बस सेवा शुरू होते ही मनाली में पर्यटको का आना शुरू हो जाएगा। एनएचएआई के रेजिडेंट इंजीनियर अशोक चौहान ने बताया कि दशहरा तक नेशनल हाइवे को डबललेन करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके बाद वोल्वो बस सेवा भी शुरू हो जाएगी।

पर्यटन नगरी मनाली के माल रोड में रविवार को पर्यटक चहल पहल करते हुए।

पखवाड़ा ढालपुर में हुआ नमो युवा रन प्रतियोगिता का आयोजन, पलक व रोहित ने जीती दौड़े

युवाओं को राष्ट्र से जोड़ने का काम कर रही भाजपा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

जिला कुल्लू के मुख्यालय ढालपुर में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य पर जिला कुल्लू भाजपा के द्वारा इन दिनों सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

इसी कड़ी में रविवार को जिला कुल्लू भाजपा के द्वारा नमो युवा रन फॉर ए नशा मुक्त भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नशा मुक्त भारत के तहत किया गया, ताकि युवा नशे जैसी गतिविधियों से दूर रहे और सामाजिक कार्यक्रम में अपनी सहभागिता बढ़ा सकें। नमो युवा मैराथन का आयोजन ढालपुर के कॉलेज गेट से किया गया और सभी प्रतिभागियों के द्वारा ढालपुर चौक, डीसी कार्यालय होते हुए दो राउंड लगाकर बास्केटबॉल मैदान में इसका समापन किया गया। इस दौरान पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं, बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी दानवेंद्र सिंह और भाजपा नेता नरोत्तम ठाकुर भी शामिल रहे। जिला कुल्लू भाजपा अध्यक्ष अमित सूद और बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी ने इस मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया और मुख्य अतिथि गोविंद ठाकुर के द्वारा पुरस्कार देकर सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। जिला कुल्लू भाजपा अध्यक्ष अमित सूद ने बताया कि इस मैराथन प्रतियोगिता में महिला वर्ग में पलक ने पहला, साक्षी ने दूसरा और सीमा ने तीसरा स्थान हासिल किया।

भाजपा के द्वारा नमो युवा रन फॉर ए नशा मुक्त भारत कार्यक्रम के दौरान गणमान्य।

वहीं, पुरुष वर्ग की मैराथन प्रतियोगिता में रोहित ठाकुर ने पहला, श्रवणलाल ने दूसरा और ऋषभ ने तीसरा स्थान हासिल किया। अमित सूद ने बताया कि मुख्यातिथि पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार तथा नकद राशि देकर सम्मानित किया। अमित सूद ने बताया कि इस मैराथन में भाग लेने के लिए 164 प्रतिभागियों ने अपना पंजीकरण करवाया था और सभी ने उत्साहपूर्वक इसमें भाग लिया। वहीं, प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री गोविंद ने कहा कि नमो युवा रन 2025 केवल एक दौड़ नहीं है, बल्कि यह एक जन-आंदोलन है, जो नशा मुक्त भारत का संकल्प, फिट इंडिया का संदेश और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सामूहिक कदम को साकार करेगा। उन्होंने कहा कि इस विशेष पहल में हर वर्ग और विशेष रूप से युवाओं ने जुड़कर राष्ट्रनिर्माण के संकल्प को मजबूती दी है। उन्होंने कहा कि भारत एक युवा राष्ट्र है और युवा ही समाज में कई बदलाव लाने में अपनी अहम भूमिका अदा करते हैं। ऐसे में भाजपा युवाओं को राष्ट्र से जोड़ने का काम करती है। ताकि युवा राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका अदा कर सके।

आपदा प्रभावित सैंज घाटी के गांवों का शौरी ने किया दौरा

अनंत ज्ञान, बंजार

बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी ने रविवार को सैंज घाटी की ग्राम पंचायत भलान-2 के अंतर्गत रोनाल, धेउगी, जौली, नोणु, माहली, कुल्हा, ब्रेहिन व बेकर गांवों का दौरा किया।

इस दौरान उन्होंने आपदा प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनका दुख-दर्द साझा किया और क्षेत्र में हुए नुकसान का जायजा लिया। आपदा के चलते क्षेत्र में 18 मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जबकि करीब दो दर्जन मकान आंशिक क्षति का शिकार हुए हैं। प्रभावित परिवारों की स्थिति अत्यंत दयनीय है और उन्हें तात्कालिक राहत व पुनर्वास की आवश्यकता है। विधायक शौरी ने अपनी टीम के साथ पैदल ही पूरी पंचायत का दौरा किया व घर-घर जाकर प्रभावितों की समस्याओं को जाना। विधायक शौरी ने कहा कि विभागीय मानदंडों के कारण बहुत से प्रभावितों को उचित मुआवजा नहीं मिल पा रहा है। मकान इस तरह से संकटापन्न हैं कि उसमें रहना बिलकुल भी व्यवहारिक है, लेकिन विभागीय अधिकारी ऐसे मकानों को केवल आंशिक तौर पर क्षतिग्रस्त दर्शा रहे हैं। विधायक ने कहा कि इस तरह के प्रभावित लोग स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। वे इस मापदंड के सबंध में सरकार के समक्ष बात रखेंगे व इसमें सुधार सुनिश्चित करेंगे। विधायक ने प्रभावित परिवारों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं को गंभीरता से उठाया जाएगा और प्रदेश सरकार व प्रशासन को तुरंत प्रभाव से राहत व पुनर्वास कार्यों को गति देने के लिए अवगत करवाया जाएगा। क्षेत्र की जनता इस आपदा में अकेली नहीं है और हर संभव मदद पहुंचाना उनकी पहली प्राथमिकता है।

नवरात्र में माता शूलिनी के दरबार में उमड़ेगा श्रद्धालुओं का हुजूम

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो

सोलन। आज से शुरू हो रहे शारदीय नवरात्र के अवसर पर सोलन की अधिष्ठात्रि देवी मां शूलिनी के दरबार को भव्य रूप से सजाया गया है। भगवती मां दुर्गा के नवरात्र को लेकर भक्तजनों में खासा उत्साह देखने को मिलता है। इस बार भी हमेशा की तरह भक्तों की भारी भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए हैं, ताकि त्योहार शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से मनाया जा सके। नवरात्र के नौ दिन तक मां के जयकारों और पूजा-पाठ से शूलिनी मंदिर के दरबार में भरपूर रौनक रहने वाली है। इस बार हजारों की संख्या में श्रद्धालु देवी दर्शन को पहुंचने की संभावना है। नवरात्र को लेकर शूलिनी मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया गया है। श्रद्धालुओं को माता के दर्शन में करने में आसानी हो इसके लिए मंदिर के द्वार पर होमगार्ड के जवान तैनात रहेंगे। बता दें कि शूलिनी देवी सोलन सहित आसपास के क्षेत्र की कुलदेवी हैं। मंदिर के पुजारी का कहना है कि इस बार बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन को पहुंच सकते हैं। विशेष धार्मिक उत्सव मंडल एवं नव दुर्गा संकीर्तन मंडल द्वारा माता के नौ स्वरूपों का गुणगान किया जाएगा। इसी तरह शहर के अन्य देवी मंदिरों को भी नवरात्री पर्व को लेकर विशेष रूप से सजाया गया है।

मां शूलिनी बघाट रियासत की कुलदेवी

मंदिर के पुजारी नरेश शर्मा ने बताया कि मां शूलिनी बघाट रियासत के शासकों की कुल श्रेष्ठा देवी मानी जाती हैं। मंदिर में माता शूलिनी के अतिरिक्त शिरगुल देवता, माली देवता आदि की प्रतिमाएं मौजूद हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार माता शूलिनी 7 बहनों में से एक हैं। अन्य बहनें हिंगलाज देवी, जेठी ज्वाला जी, लुगासना देवी, नयना देवी और तारा देवी के नाम से विख्यात हैं। माता शूलिनी देवी के नाम से सोलन शहर का नामकरण हुआ था, जबकि मां शूलिनी की अपार कृपा से दिन-प्रतिदिन समृद्धि की ओर अग्रसर हो रहा है।

सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम

नवरात्र के दौरान मंदिर में उमड़ने वाली भक्तों की भीड़ नियंत्रण व यातायात प्रबंधन के लिए प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। मंदिर के आसपास व मुख्य द्वार पर पुलिस बल, होमगार्ड, स्वयंसेवकों की तैनाती रहेगी। इस दौरान श्रद्धालुओं के प्रवेश व निकलने के मार्ग निर्धारित होते हैं, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। सीसीटीवी से भी शरारती तत्वों पर नजर रखी जाएगी।

धार्मिक व प्रशासनिक विशेषताएं

मंदिर परिसर व आसपास के क्षेत्र में प्रसाद वितरण की गुणवत्ता एवं स्वच्छता सुनिश्चित की जाती है। स्थानीय सरकार, आयोजक मंडल और पुलिस संयुक्त रूप से सुरक्षा व्यवस्था को संभालते हैं। भीड़ के कारण स्वास्थ्य सेवाएं एवं त्वरित सहायता के विकल्प तैयार रहते हैं। इस प्रकार, सोलन में शारदीय नवरात्र पर मां शूलिनी के दरबार की सजावट भक्तों के लिए अत्यंत आकर्षक बनती है, साथ ही प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है।

पानी की कमी से लोग कर रहे डिस्पोजेबल प्लेट का प्रयोग

अनंत ज्ञान, सोलन

सोलन शहर में पानी की गंभीर किल्लत चल रही है। पिछले 7 से 8 दिनों से पानी की आपूर्ति अत्यंत कम हो गई है, जिससे व्यापारी व आम जनता मजबूरी में महंगे टैंकर पानी खरीदने को मजबूर हैं। पानी इतना कम है कि लोग डिस्पोजेबल प्लेट, डब्बे और कप में खाना खा रहे हैं, क्योंकि नियमित नलों से पानी नहीं मिल रहा।

नगर निगम इस पानी की आपूर्ति को सही ढंग से चलाने में विफल हो रहा है। भाजपा ने इस पानी की किल्लत के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान भी चलाया है और कई कारोबारी मुख्यमंत्री को शिकायत भी कर चुके हैं। पानी की पाइप फटने जैसी तकनीकी समस्याओं के कारण यह संकट और बढ़ा है। लगभग एक माह से यह किल्लत जारी है, जिससे शहरवासियों में भारी परेशानी है और पानी के लिए त्राहि त्राहि मची हुई है। अश्विनी पेयजल योजना से सोलन शहर के लिए मांग अनुसार पानी नहीं मिल रहा है। जानकारी के मुताबिक टैंक रोड के तीन टैंकों में करीब 4 लाख गैलन पानी ही बचा है, जबकि इसकी स्टोरेज क्षमता करीब 18 लाख गैलन है। नगर निगम को रोज 18 लाख गैलन पानी की जरूरत रहती है, जबकि इन दिनों पेयजल योजनाओं में सिल्ट आने से जल शक्ति विभाग से मात्र 5 लाख गैलन पानी ही मिल पा रहा है। फिलहाल गिरि नदी में बारिश के कारण आ रही गाद के चलते पर्याप्त मात्रा में पानी की लिफ्टिंग नहीं हो रही है। रोटेशन प्रणाली के तहत नगर निगम को 15 से 18 लाख लीटर पानी की आवश्यकता है, अब नगर निगम को पानी की लिफ्टिंग का इंतजार है। इससे क्लब टैंक, लोअर बाजार, लक्कड़ बाजार, हरी मंदिर, ठोड़ो ग्राउंड, धोबीघाट, चेला साइड, सनी साइड ,डिग्री कॉलेज कोटलानाला, पटराल, साइंटिस्ट कॉलोनी, पवन विहार और नेगी कॉलोनी सहित सपरून, क्लीन और हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में पानी की मांग बढ़ गई है।

सोलन बाजार में टैंकर से पानी भरते दुकानदार।

निगम स्थिति पर नजर बनाए हुए है: मेयर

नगर निगम की मेयर उषा शर्मा ने कहा कि गिरि पेयजल योजनाओं से नगर निगम को मांग के मुताबिक पानी लिफ्ट नहीं हो रहा। उम्मीद है कि सिल्ट की मात्रा घटते ही पानी की लिफ्टिंग शुरू होगी। निगम स्थिति पर नजर बनाए हुए है। पानी की मात्रा के मुताबिक प्रभावित क्षेत्रों में पानी दिया जाएगा।

न्यूज ब्रीफ

2 किलोग्राम चरस सहित आरोपी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, सोलन। जिला सोलन पुलिस द्वारा नशा तस्करी के खिलाफ जीरो टोलरेंस की नीति के तहत लगातार कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में गत की रात्री को जब पुलिस थाना कंडाघाट की पुलिस टीम थाना क्षेत्र में गश्त व अपराधों की रोकथाम के लिए मौजूद थी, तो उक्त टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि शिमला की तरफ से एक गाड़ी/टैक्सी स्विफ्ट डिजायर शिमला से सोलन की तरफ आ रही है, जिसमें टैक्सी चालक के अलावा कोई अन्य व्यक्ति न बैठा है, तो टैक्सी चालक उक्त गाड़ी में भारी मात्रा में मादक पदार्थ चरस लोगों को सप्लाई करने के लिए ले जा रहा है। इस सूचना पर उक्त टीम द्वारा तवरित कार्रवाई करते हुए राष्ट्रीय उच्च मार्ग-5 पर कंडाघाट के समीप नाकाबंदी करके उक्त गाड़ी को चैक किया गया, तो चैकिंग के दौरान उक्त टैक्सी के चालक, जिसका नाम देवेंदर पुत्र अमर चंद निवासी गांव कंढाआरण डाकखाना शावड तहसील आनी जिला कुल्लू उम्र 38 वर्ष मालूम हुए, उसको लगभग 2 किलोग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया गया, जिस पर पुलिस थाना कंडाघाट में अभियोग के तहत मामला पंजीकृत किया गया। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान मामले में संलिप्त गाड़ी स्विफ्ट डिजायर को पुलिस द्वारा कब्जे में लिया गया। आरोपी से गहनता से पूछताछ जारी है। आरोपी के पूर्व अपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी को अदालत में पेश किया जा रहा है व मामले में जांच जारी है।

निक्षय मित्र के रूप में आधिकारिक पंजीकरण

अनंत ज्ञान, सोलन। होटल और रेस्तरां एसोसिएशन सोलन द्वारा जन स्वास्थ्य और सामाजिक उत्तरदायित्व की दिशा में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निक्षय मित्र के रूप में आधिकारिक पंजीकरण करवाया। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी सोलन डॉ. अजय पाठक ने दी। डॉ. अजय पाठक ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि टीबी का उपचार करने वाले रोगियों को पर्याप्त पोषण मिले, ताकि उनका स्वास्थ्य ठीक रहे। इस अवसर पर टीबी रोगियों को होटल व रेस्तरां एसोसिएशन सोलन ने स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप मासिक पोषण किट प्रदान की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि यह पहल रोगियों को पोषण व मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान की दिशा में सहायक सिद्ध होगी।

स्वास्थ्य सुधार प्रयासों को दिया बढ़ावा

अनंत ज्ञान, अर्की। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत रविवार को नागरिक चिकित्सालय अर्की में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में नागरिक चिकित्सालय के विभिन्न चिकित्सा अधिकारी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के खंड कार्यक्रम प्रबंधक व सहकर्मी तथा आम नागरिकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अभियान के माध्यम से महिलायों के स्वास्थ्य में सुधार लाने के प्रयासों को और अधिक गति प्रदान की गई।

नगर निगम सोलन की विशेष बैठक 25 को

अनंत ज्ञान, सोलन। नगर निगम सोलन के सभी 17 वार्डों में मतदाता सूचियों के पूर्वालोकन के लिए नगर निगम सोलन में 25 सितंबर को एक विशेष बैठक का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी नगर निगम सोलन की आयुक्त एकता काप्टा ने दी। एकता काप्टा ने नगर निगम सोलन के सभी मतदाताओं से आग्रह किया कि 25 सितंबर को प्रातः 11 बजे शहरी स्थानीय निकाय के आगामी चुनावों से संबंधित मतदाता सूचियों का निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि मतदाता सूचियों में विसंगतियां पाए जाने पर संबंधित पार्षदों को सूचित करें, ताकि त्रुटियों को दूर किया जा सके।

भाजपा ने शहर के धार्मिक स्थलों में की सफाई

अनंत ज्ञान, सोलन। भारतीय जनता पार्टी सोलन शहरी मंडल ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया। इसमें नरसिंह मंदिर (सोलन वार्ड नंबर 9), वाल्मीकि मंदिर (वार्ड नंबर 6) और गुरुद्वारा साहिब सपरून (वार्ड नंबर 2) शामिल हैं। मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने बताया कि यह अभियान 17 से 2 अक्तू बर तक चल रहे हैं। स्वच्छता ही सेवा 2025 के हिस्से के रूप में हुआ है, जो स्वच्छता उत्सव थीम के तहत देशभर में व्यापक स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन कर रहा है। इस पहल का उद्देश्य स्वच्छता लक्षित इकाइयों का रूपांतरण व सौंदर्यीकरण और स्थानीय स्तर पर स्वच्छता को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पिछले दिनों भी हिमाचल प्रदेश समेत अन्य स्थानों पर स्वच्छता अभियान के तहत सफाई कार्य किए हैं और ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित कर रही है। यह अभियान देशभर में स्वैच्छिक श्रमदान और स्वच्छता सुधार की दिशा में योगदान कर रहा है।

दो सड़कों के लिए 11.29 करोड़ की मिली मंजूरी

अनंत ज्ञान, नाहन। नाहन विधानसभा क्षेत्र के लिए नाबार्ड से 11.29 करोड़ की लागत से बनाने वाली दो महत्वपूर्ण ग्रामीण सड़कों को मंजूरी मिली है। विधायक अजय सोलंकी ने बताया कि नाबार्ड ने भद्रकाली मंदिर से फॉरेस्ट चेक पोस्ट कोलर बिलासपुर तक लिंक रोड 312.71 लाख से निर्माण व वर्मा पापड़ी पालियों से माजरी सड़क का सुधार एवं उन्नयन कार्य 816.73 लाख की स्वीकृति मिली है। इन सड़कों के निर्माण से क्षेत्र की कनेक्टिविटी बेहतर होगी और किसानों, छात्रों व आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा।

सारथी संस्था ने जटोली में जरूरतमंदों को बांटे वस्त्र

अनंत ज्ञान, सोलन। सोलन की सामाजिक संस्था सारथी ने रविवार को जटोली शिव मंदिर परिसर में वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जरूरतमंद लोगों को कपड़े वितरित किए। इस अवसर पर संस्था के प्रधान सुभाष सकलानी, वरिष्ठ उपप्रधान जीआर साहिबी, सिम्मी साहिबी, एडवोकेट ब्रिजेश सकलानी समेत अन्य मौजूद रहे। उन्होंने जटोली मंजिर समिति के संयुक्त सचिव राजेशव व मंदिर समिति का आभार जताया।

डॉ. उमेश बने मातृवंदना संस्थान के अध्यक्ष

अनंत ज्ञान, नाहन। मातृवंदना संस्थान की आम सभा की बैठक डॉ. हेडगेवार भवन नाभा में आयोजित की गई। इसमें संस्थान के सभी पदाधिकारी व सदस्यों ने भाग लिया। संस्थान के सचिव द्वारा मातृवंदना संस्थान की गत वर्ष किए गए क्रियाकलापों एवं आय-व्यय का विस्तृत विवरण आम सभा के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इसे सभी सदस्यों ने अनुमोदित किया गया। संस्थान निवर्तमान अध्यक्ष अजय सूद का दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर उन्होंने पुरानी कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा की तथा आगामी दो वर्षों (2025-2027) के लिए नई कार्यकारिणी के गठन के लिए सभा के समक्ष प्रस्ताव रखा। उन्होंने बताया कि आम सभा ने संस्थान के वरिष्ठ सदस्य डॉ. दयानंद शर्मा को निवार्चन अधिकारी नियुक्त किया गया। उन्होंने चुनावी प्रक्रिया आरम्भ करते हुए सर्वप्रथम संस्थान के अध्यक्ष पद के लिए नाम आमंत्रित किए। अध्यक्ष पद के लिए सभा के सदस्यों ने डॉ. उमेश मौंदगिल के नाम पर सहमति जताई। इसके अलावा संस्थान के संरक्षक के रूप में डॉ. दयानन्द शर्मा, उपाध्यक्ष हेतु डॉ. राजेश शर्मा, सचिव श्री धीरज वर्मा, सह सचिव डॉ. सपना चंदेल, कोषाध्यक्ष श्री लेखराज वर्मा के नामों पर सहमति जताई गई।

पीपल का पेड़ कटवाने पर एसडीएम से मांगा जवाब

महेंद्र वर्मा, अनंत ज्ञान

परवाणू। परवाणू के सेक्टर 5 में नियमों को दरकिनार कर पीपल के 100 वर्ष से पुराने व हरे-भरे पेड़ कटान मामले में अपर उपायुक्त सोलन ने उपमंडल अधिकारी (नागरिक) कसौली को कारण बताओ नोटिस जारी कर दो दिन में जवाब मांगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते वर्ष परवाणू में कुछ पेड़ों को काटने की सूची नगर परिषद द्वारा जारी की गई, जिनमें सेक्टर पांच स्थित पीपल का लगभग 100 वर्ष पुराना पेड़ भी शामिल था। नियमों के अनुसार पहले इन पेड़ों का निरीक्षण कर इसकी रिपोर्ट डीसी सोलन को भेजकर उन्हें काटने की अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य था, लेकिन इस पेड़ को काटने के लिए किसी भी प्रकार की रिपोर्ट डीसी कार्यालय को नहीं भेजी गई, न ही कोई अनुमति प्राप्त की गई। इस बारे में जानकारी मिलने पर परवाणू के समाजसेवी व परवाणू विकास मंच के अध्यक्ष सतीश बेरी ने इससे संबंधित सभी दस्तावेजों को सूचना के अधिकार के अंतर्गत प्राप्त जांच

की, जिसमें उन्होंने कई अनियमितताएं पाईं। इसके बाद उन्होंने सभी अनियमितताओं वाले दस्तावेजों के साथ डीसी सोलन को इस मामले की जानकारी दी। डीसी कार्यालय से इस बारे में बार-बार पूछे जाने पर भी उपमंडल अधिकारी (नागरिक) कसौली द्वारा कोई जवाब न मिलने पर उन्हें रिमाइंडर भी जारी किए गए, लेकिन इस मामले में कोई संतुष्ट जवाब डीसी कार्यालय को नहीं मिला। समाजसेवी सतीश बेरी ने इस मामले में डीसी सोलन से कार्रवाई की मांग की, जिसके चलते उपमंडल अधिकारी (नागरिक) कसौली को यह नोटिस जारी किया गया। इस बारे में पूछे जाने पर सतीश बेरी ने बताया कि उच्च न्यायालय द्वारा कुछ चुनिंदा पेड़ों जिनमें आम, बरगद, पीपल व कुछ अन्य पेड़ शामिल हैं उनको राष्ट्रीय पेड़ घोषित कर उनके कटान पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया गया है और इनमें से पीपल न केवल राष्ट्रीय पेड़ है, बल्कि यह हिंदुओं की आस्था का प्रतीक भी है। इस पेड़ को काटने के लिए अधिकारियों द्वारा अपने पद व शक्तियों का गलत उपयोग किया गया है। इसमें नगर परिषद व वन विभाग भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यदि इस मामले में निष्पक्ष कार्रवाई के माध्यम से दोषियों के खिलाफ कदम नहीं उठाए गए, तो वह उच्च न्यायालय का द्वार खटखटाएंगे। इस बारे में बात करने पर अपर आयुक्त ने बताया कि उनके द्वारा भेजे गए पत्र का जवाब आया है या नहीं, इस बारे में अभी मुझे सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि कार्यालय के समय में वह इस बारे में जानकारी प्राप्त कर सूचना दे देंगे।

हुड़दंगबाजी कर शांति व्यवस्था बिगाड़ने पर 6 युवक हिरासत में

अनंत ज्ञान, सोलन

पुलिस ने सोलन में चल रहे उत्सव के दौरान हुड़दंगबाजी करके शांति व्यवस्था बिगाड़ने पर 6 युवक हिरासत में लिए हैं।

जानकारी के मुताबिक सोलन के ठोडो मैदान में आयोजित किए जा रहे मेला देखने आए नवयुवकों के दो गुटों में डांस करते समय ठोडो मैदान में नोक-झोंक व कहासुनी हो गई थी, जो ठोडो मैदान में ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मचारियों की मुस्तैदी से स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया था। परंतु मेला समाप्त होने के उपरांत यह दोनों पक्ष उसी बात को लेकर दोबारा से कोटलानाला सोलन में सार्वजनिक स्थान पर धक्कामुक्की व हुड़दंगबाजी करते हुए पाए गए। इस पर थाना सदर सोलन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों के कुल 6 युवकों, जिनमें रितिक चौहान पुत्र इंद्र सिंह निवासी गांव बावत डाकघर धार चांदना तहसील कुपवी जिला शिमला उम्र 22 साल, विशाल चौहान पुत्र इंद्र सिंह निवासी गांव बावत डाकघर धार चांदना तहसील कुपवी जिला शिमला उम्र 22 साल, सौरभ समटा पुत्र बस्ती राम निवासी गांव बागी डाकघर बड़ोली तहसील कुपवी जिला शिमला 22 वर्ष, अमित चौहान पुत्र अशोक कुमार निवासी गांव बजेटली सुरड ननखड़ी जिला शिमला उम्र 21 वर्ष, उमेश ठाकुर पुत्र राम लाल निवासी गांव चिलागी खरगा, निरमंड जिला कुल्लू उम्र 21 वर्ष व सुखविंद्र सिंह ठाकुर पुत्र स्व. प्रितम सिंह निवासी गांव चाटी तुंदन, निरमंड जिला कुल्लू उम्र 21 वर्ष के खिलाफ पुलिस अधिनियम की धारा 114/115 के अंतर्गत कार्रवाई अमल में लाई गई है।

जांच पर पाया गया कि यह सभी युवक सोलन में प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग ले रहे हैं। सार्वजनिक स्थल पर इन युवकों द्वारा सरेआम हुड़दंगबाजी करके शांति व्यवस्था को बिगाड़ने के लिए पुलिस अधिनियम के अनुसार कानूनी कार्रवाई के साथ इन पर भारी भरकम जुर्माना लगाया गया है।

परिवर्तनकारी संचार कार्यशाला के लिए किया सहयोग

अनंत ज्ञान, सोलन। शूलिनी विश्वविद्यालय ने डॉ. वाईएस परमार बागवानी व वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के सहयोग से नौणी में व्यावसायिक सफलता के लिए संचार विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। शूलिनी विवि के कुलपति प्रो. पीके खोसला मुख्यातिथि थे, जबकि वाईएस परमार विवि के बागवानी संकाय के डीन डॉ. मनीष शर्मा विशिष्टातिथि थे। यह कार्यशाला एक अग्रणी निजी विवि और एक प्रमुख सरकारी संस्थान के बीच एक महत्वपूर्ण साझेदारी का प्रतीक है, जिसका उद्देश्य छात्रों को कक्षा के बाहर सफलता के लिए आवश्यक संचार और नेतृत्व कौशल से लैस करना है। छात्रों व शिक्षकों ने प्रामाणिक संचार, शारीरिक भाषा, कहानी सुनाना, सक्रिय श्रवण और आत्म-चिंतन पर इंटरैक्टिव सत्रों में भाग लिया। इस अवसर पर बोलते हुए, प्रो. पीके खोसला ने कहा, दोनों विश्वविद्यालय छात्रों की सफलता के लिए अपने दृष्टिकोण में एकमत हैं। हमें मिलकर ऐसे संसाधन व कौशल विकसित करने होंगे, जो युवा शिक्षार्थियों को पेशेवर होने के साथ-साथ एक दयालु इंसान के रूप में भी विकसित होने में सक्षम बनाएं। कुलपति प्रो. अतुल खोसला द्वारा प्रत्येक छात्र के लिए एक मिनी-एमबीए के रूप में डिजाइन किया गया।

प्रतिभागियों को तनाव के कारणों, लक्षणों और प्रभावों के बारे में जानकारी दी

कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में तनाव प्रबंधन पर इन-हाउस प्रशिक्षण सत्र हुआ।

अनंत ज्ञान, सोलन

कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल सनावरा में डोमेन 3 के अंतर्गत तनाव प्रबंधन विषय पर एक महत्वपूर्ण इन-हाउस प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया।

इस सत्र की प्रमुख वक्ता अदिति आहलूवालिया, जो मानसिक स्वास्थ्य और व्यक्तिगत विकास की विशेज्ञा रही। उन्होंने प्रतिभागियों को तनाव के कारणों, लक्षणों और प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी, साथ ही उसे नियंत्रित करने के प्रभावी और व्यावहारिक उपाय भी बताए। सत्र में सभी प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और मानसिक संतुलन बनाए रखने के लिए योग, ध्यान, समय प्रबंधन और सकारात्मक सोच जैसे विभिन्न उपायों पर चर्चा की गई। यह प्रशिक्षण सत्र न केवल ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि प्रतिभागियों को अपने दैनिक जीवन में मानसिक शांति और कार्य दक्षता बनाए रखने के लिए प्रेरित भी किया।

सामाजिक सुरक्षा पेंशन धारकों के लिए ई-केवाईसी सत्यापन अभियान

अनंत ज्ञान, सोलन। जिला सोलन के विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना धारकों को 30 सितंबर तक अपना ईकेवाईसी पूर्ण करनी होगी। यह जानकारी जिला कल्याण अधिकारी सोलन गावा सिंह नेगी ने दी। गावा सिंह नेगी ने कहा कि जिले में 52479 सामाजिक सुरक्षा पेंशनरों की ई-केवाईसी का कार्य ई-कल्याण ऐप के माध्यम से जिला, तहसील, ग्राम पंचायत तथा स्थानीय आंगनबाड़ी स्तर पर एक विशेष सत्यापन अभियान से किया जा रहा है। यह कार्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ई-केवाईसी करवाने के लिए पेंशनर आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, मोबाईल नंबर, पूर्ण स्थायी पते सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से नवीनतम जानकारी सत्यापित करवाएं। गावा सिंह नेगी ने कहा कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा, परित्यक्ता, एकल नारी पेंशन, दिव्यांग राहत भत्ता, कुष्ठ रोगी भत्ता तथा ट्रांसजेंडर पेंशनरों को 30 सितंबर से पूर्व अपने सभी दस्तावेजों की नवीनतम जानकारी सत्यापित करवाना अनिवार्य होगा।

मेले, त्योहार व उत्सव हमारी विविध संस्कृति का दर्पण: संजय अवस्थी

अनंत ज्ञान, सोलन

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि मेले, त्योहार व उत्सव हमारी विविध संस्कृति का दर्पण हैं और इनके माध्यम से हम अपनी संस्कृति का संरक्षण एवं संवद्र्धन सुनिश्चित कर रहे हैं। संजय अवस्थी गत सायं सोलन के ठोडो मैदान में डायनामिक इंडिया युवा मंडल सोलन द्वारा आयोजित 21वें हिमाचल उत्सव की सांस्कृतिक संध्या को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक संध्या का विधिवत शुभारंभ किया। संजय अवस्थी ने कहा कि ऐसे आयोजन जहां स्थानीय प्रतिभाओं को प्रतिभा प्रदर्शन का बेहतर मंच प्रदान करते हैं। वहीं, व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने का माध्यम भी बनते हैं। उन्होंने आशा जताई कि यह आयोजन भविष्य में और अधिक ऊंचाईयां प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश इस वर्ष व्यापक प्राकृतिक आपदा का सामना कर रहा है। मुख्यमंत्री सुक्खू के संवेदनशील श ऊर्जावान नेतृत्व में जहां आपदा पीड़ितों का पुनर्वास सुनिश्चित बनाने के लिए नियमित कार्य किए रहे हैं। वहीं, अधोसंरचना निर्माण के लिए भी दिन-रात कार्य किया जा रहा है। उन्होंने आपदा में दुख:द व असामायिक मृत्यु को प्राप्त

हुए जन के परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। संजय अवस्थी ने डायनामिक इंडिया युवा मंडल सोलन को आयोजन के लिए बधाई दी। नाटी किंग कुलदीप शर्मा सहित अन्य कलाकारों ने इस अवसर पर बेहतरीन कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्यमंत्री के अधोसंरचना सलाहकार अनिल कपिल, निजी शिक्षण संस्थान नियामक आयोग के सदस्य विजय पाल सिंह, राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक राजेश शर्मा, नगर निगम सोलन के पार्षदगण, डायनामिक इंडिया युवा मंडल सोलन के अध्यक्ष एवं जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष मुकेश शर्मा, पंकज सूद, रजत थापा, सक्षम शर्मा, अन्य पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे।

सर्वे एडीसी ने बवासनी, सौड़ी व भटोली कलां सहित अन्य गांवों का किया दौरा

25 प्रभावित पंचायतों का होगा जियोलॉजिकल सर्वे

अनंत ज्ञान, सोलन/बद्दी

जिला सोलन के उपमंडल नालागढ़ व बद्दी के पहाड़ी क्षेत्रों में हालिया बरसात के दौरान हुए नुकसान से प्रभावित करीब 25 ग्राम पंचायतों का जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया से सर्वे करवाया जाएगा। यहां के पहाड़ दरक रहे हैं।

इस कारण इन पहाड़ों पर बसे करीब 46 गांवों का अस्तित्व खतरे में है। समय के साथ यह संख्या लगातार बढ़ रही है। प्रकृति की इस आपदा के आगे सभी बेबस नजर आ रहे हैं। एडीसी राहुल जैन ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर लोगों से फीडबैक ली। भारी बारिश के कारण 3 माह की अवधि में 211 परिवार बेघर हो गए हैं। उनकी आंखों के सामने मकान जमींदोज हो रहे हैं। प्राकृतिक आपदा में नालागढ़ उपमंडल की कोइडी, सरोर, मितिया, वारिया, मलेहनी, पोले दा खाला, जोखड़ी, बाह, घड्याच, कुडलू, बेहड़ी, बचोखरी, बायला, जगनी, धर्माणा, नंद, डोली, चमदारा, रामशहर, लूनस व चड़ोग तथा बद्दी उपमंडल की बवासनी,

एडीसी राहुल जैन आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करते हुए, भारी बारिश के कारण 3 माह की अवधि में 211 परिवार बेघर हो गए हैं।

सौड़ी व भटौलीकलां के साथ कुछ अन्य पंचायतें प्रभावित हुई हैं। गांव में इस तरह की तबाही मची थी। उस समय भी करीब एक दर्जन से अधिक पंचायतों के करीब 50 गांव प्रभावित हुए थे। बवासनी व सौड़ी पंचायत के शील व सुनानी में सबसे अधिक तबाही हुई थी। उस समय भी जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया से सर्वे करवाया गया था। सर्वे रिपोर्ट में खुलासा हुआ था कि नालागढ़ व बद्दी के पहाड़ी क्षेत्र की मिट्टी लगातार ढीली होती जा रही है। ऐसा क्यों हो रहा है इसके बारे में रिपोर्ट में ज्यादा कुछ स्पष्ट नहीं था, लेकिन ढीली हो रही मिट्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए कोई भी प्रयास भी नहीं किए गए। इसी का परिणाम है कि इस बार की प्राकृतिक आपदा में करीब 25 ग्राम पंचायतों के 46 और गांव प्रभावित हो गए। पहाड़ के दरकने का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। इन पहाड़ों के साथ सटे नालागढ़ व बद्दी उपमंडल की नदियों व नालों में हो रहा खनन भी इसका बड़ा कारण बताया जा रहा है। एडीसी सोलन रहुल जैन ने आपदा प्रभावित ब्रवासनी, ग्राम पंचायत जामन दा डोरा, सीड़ी ग्राम पंचायत व भटोलीकलां सहित कई अन्य प्रभावित गांव का दौरा किया। इन गांव में कई मकान जमींदोज हो गए। एडीसी व एसडीएम बद्दी राजकुमार व नायब तहसीलदार जगदीश शर्मा भी उपस्थित थे।

छात्रों को लोकतंत्र में मतदान की महत्ता पर दी जानकारी

अनंत ज्ञान, सोलन

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डगशाई में मासिक चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या कीर्ति शर्मा ने की। कार्यक्रम के दौरान ईएलसी क्लब इंचार्ज अंजना ठाकुर ने विद्यार्थियों को लोकतंत्र में मतदान की महत्ता और वयस्क मताधिकार के अधिकार के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि 18 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद प्रत्येक नागरिक को मतदान का अधिकार मिलता है, जो कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। अवश्य दर्ज करेंइस अवसर पर विद्यार्थियों को मतदान की प्रक्रिया, मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की प्रक्रिया तथा जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपने कर्तव्यों के बारे में भी अवगत कराया गया। साथ ही बच्चों से यह भी आग्रह किया गया कि जो छात्र 18 साल की हो चुके हैं वह अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाएं। कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यापक चंद्रदेव ठाकुर, विमला शर्मा, निवेदिता, देवी चंद, टिकम राम, पंकज जस्टा मौजूद रहे। स्कूली छात्रों में अंजलि, गुरमीत, मन्नत, काजल, तानिया, हर्ष, ललित, अभय व प्रिया ने चुनावी पाठशाला में सक्रियता से भाग लिया।

सीनियर सेकेंडरी स्कूल डगशाई में चुनाव पाठशाला

न्यूज ब्रीफ

हरियाणा में आज से लागू होगी जीएसटी की नई दरें

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी की दरों में संशोधन का फैसला किए जाने के बाद हरियाणा में भी सोमवार से जीएसटी की नई दरें लागू हो जाएंगी। जीएसटी परिषद की सिफारिशों को लागू करते हुए प्रदेश सरकार ने हरियाणा माल एवं सेवा कर (एचजीएसटी) की दरों में बदलाव कर दिया है। परिवहन शुल्क के साथ ही विभिन्न तरह की उपभोक्ता वस्तुओं, कृषि उपकरणों और अलग-अलग तरह के सामान पर एचजीएसटी में कटौती की गई है। आबकारी एवं कराधान विभाग की आयुक्त एवं सचिव आशिमा बराड़ तथा आबकारी एवं कराधान आयुक्त सह राज्य कर आयुक्त विनय प्रताप सिंह की तरफ से टैक्स दरों में बदलाव को लेकर गत दिवस एक दर्जन अधिसूचनाएं जारी की गई हैं। दो करोड़ रुपये तक कारोबार करने वाले व्यापारियों-उद्यमियों को अब वार्षिक रिटर्न नहीं भरना होगा। जीएसटी दरों में बदलाव से हरियाणा के गरीब, किसान और मध्यम वर्ग के लोगों को करीब चार हजार करोड़ रुपये का लाभ होने की उम्मीद है।

कुरुक्षेत्र में बनेगा इंडोनेशिया का सांस्कृतिक केंद्र

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। अध्यात्म और सांस्कृतिक विरासत को संजोए इंडोनेशिया, महाभारत स्थली कुरुक्षेत्र में अपना सांस्कृतिक केंद्र खोलेगा। अभी हाल ही में, इंडोनेशिया में आयोजित हुए छठे अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में सांस्कृतिक केंद्र खोलने का मसौदा तैयार हुआ, जिसे नवंबर में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में अमलीजामा पहनाया जाएगा। इंडोनेशिया का बाली प्रांत हिंदू संस्कृति का संवाहक माना जाता है। यहां ब्रह्मा, विष्णु, महेश और ईश्वर की हिंदू धर्म की तरह मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना होती है। खास बात यह है, बाली प्रांत में हर चौक व चौराहा महाभारत व रामायण पर आधारित है। यहीं पर भगवान विष्णु की गरुढ़ कंचना की मूर्ति स्थापित है। लिहाजा, बाली प्रांत की ओर से कुरुक्षेत्र में सांस्कृतिक केंद्र खोलने की पेशकश की गई है। बाली और हरियाणा सरकार की ओर से आपस में सहमति जता दी गई है, अब जल्द ही इंडोनेशिया और भारत सरकार के स्तर पर सांस्कृतिक केंद्र खोलने के मसौदे को मंजूरी दी जाएगी। कुरुक्षेत्र में सांस्कृतिक केंद्र खोलने का प्रस्ताव बाली के विधायक प्रोफेसर डॉ. सोमवीर द्वारा अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में रखा गया। इस प्रस्ताव को हरियाणा के पर्यटन एवं विरासत मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने स्वीकार करते हुए आश्वस्त किया कि इंडोनेशिया की ओर से एक अधिकारिक तौर पर इसके संबंध में प्रस्ताव भेजा, ताकि कुरुक्षेत्र में इस प्रस्ताव को लेकर आगे बढ़ा जा सके। इसके साथ ही कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की ओर से भी बाली (इंडोनेशिया) को इस तरह का प्रस्ताव दिया गया है। बाली सरकार की ओर से सांस्कृति केंद्र में गेस्ट हाउस, इंडोनेशिया के रीति रिवाज, धार्मिक परंपरा और खान-पान सहित तमाम कलाकृत व शिल्पकला को प्रदर्शित किया जाएगा। 48 कोस तीर्थ निगरानी कमेटी के चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा का कहना है कि भारत और इंडोनेशिया के बाली प्रांत की संस्कृति का आपस में गहरा जुड़ाव है।

जीएसटी के लाभ बताने को भाजपा ने फील्ड में उतारे नेता

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। सोमवार से जीएसटी की नई दरें देश में लागू होने जा रही हैं। भाजपा ने केंद्र सरकार के इस फैसले को आमजन तक पहुंचाने के लिए व्यापक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने रविवार को लोकसभा क्षेत्रों में संयोजकों की तैनाती कर दी है। जीएसटी को लेकर पार्टी द्वारा चलाए जाने वाले सभी कार्यक्रमों की निगरानी संयोजकों द्वारा की जाएगी। भाजपा ने संगठन के लिहाज से हरियाणा को 27 जिलों में बांटा हुआ है। जिसके चलते जीएसटी के लाभ बताने के लिए संगठनात्मक जिलों में प्रेस वार्ताएं करने का टास्क नेताओं को दिया गया है। इसके लिए भी पार्टी की तरफ से ड्यूटियां लगाई गई हैं। रविवार को जारी किए गए पत्र के अनुसार पूर्व मंत्री असीम गोयल अंबाला, विधायक घनश्याम दास अरोड़ा कुरुक्षेत्र, पूर्व मंत्री कंवर पाल को करनाल, वरिष्ठ नेता जवाहर सैनी को सोनीपत, पूर्व मंत्री डॉ.कमल गुप्ता को रोहतक, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल को सिरसा, पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल को हिसार, राज्य सभा सांसद किरण चौधरी को भिवानी, पूर्व मंत्री डॉ. बनवारी लाल को गुड़गांव तथा पूर्व मुख्य संसदीय सचिव सीमा त्रिखा को फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र का संयोजक लगाया गया है। इसके अलावा पार्टी ने प्रदेश के सभी मंत्रियों, सांसदों तथा वरिष्ठ नेताओं एव पूर्व मंत्रियों को 27 जिलों में जीएसटी के संबंध में पत्रकार वार्ताएं करने के निर्देश जारी करते हुए बकायदा ड्यूटियां लगाई हैं।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रादेशिक सड़क उत्थान परियोजना का किया शुभारंभ

हरियाणा में सड़क नेटवर्क को मिलेगी मजबूती

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज प्रदेश में सड़क बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रादेशिक सड़क उत्थान परियोजना का शुभारंभ किया। इस परियोजना के तहत चालू वित्त वर्ष में 4,827 करोड़ रुपए की लागत से 9,410 किलोमीटर लंबाई की 4,227 सड़कों की मरम्मत एवं उत्थान का कार्य किया जाएगा।

जिला हिसार में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का यह दिन हरियाणा के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होने जा रहा है। यह परियोजना आने वाले वर्षों में विकसित भारत-विकसित हरियाणा के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगी।

यह एक ऐसी परियोजना है, जो ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच के फासले को कम करेगी, लोगों को बेहतर संपर्क सुविधा देगी तथा प्रदेश की आर्थिक, सामाजिक व व्यावसायिक धारा को और गति

कहा-प्रादेशिक सड़क उत्थान परियोजना से ट्रांसपोर्ट लागत घटेगी

देगी। इस परियोजना के तहत आज 410 सड़कों की मरम्मत एवं सुधार कार्य का शुभारंभ हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई भी ठेकेदार या अधिकारी ढांचागत निर्माण में लापरवाही न करे, जहां कहीं भी निर्माण में गुणवत्ता की शिकायत मिलेगी, वहां कठोर कार्रवाई की जाएगी। यह जनता का पैसा है और इसका हर पैसा जनता के भले में ही खर्च होना चाहिए।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह परियोजना प्रधानमंत्री मोदी को उनके 75वें जन्मदिन पर सच्ची भेंट है। उनका जीवन सेवा, समर्पण और संकल्प का जीवंत उदाहरण है। आज हिसार से शुरू हो रही यह प्रदेशव्यापी पहल निश्चित रूप से प्रधानमंत्री के विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करेगी।

उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में भारत ने सड़क अवसंरचना में अभूतपूर्व क्रांति देखी है। डिफेंस कॉरिडोर से लेकर फ्रेट कॉरिडोर तक, भारतमाला से सागरमाला तक, रोडवेज, रेलवे और एयरवेज कनेक्टिविटी का जाल पूरे देश में फैलाने के लिए प्रधानमंत्री मिशन मोड पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रादेशिक सड़क उत्थान परियोजना से ट्रांसपोर्ट लागत घटेगी, प्रदूषण में कमी आएगी, ईंधन की बचत होगी, उद्योग और कृषि को गति मिलेगी।

43,703 किमी लंबी सड़कों का हुआ सुधार

नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में पिछले 11 वर्षों में 28,651 करोड़ रुपये की लागत से 43,703 किलोमीटर लंबी सड़कों का सुधार किया है। इसके साथ ही, 2,534 करोड़ रुपए की लागत से 2,417 किलोमीटर लंबी नई सड़कों का निर्माण भी किया है। इनके अलावा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत प्रदेश में 1,077 करोड़ रुपए की लागत से 2,432 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण किया जा चुका है। प्रदेश में कुल 759 रेलवे क्रॉसिंग हैं। इनमें से 592 मानव संचालित तथा 167 स्वचलित हैं। पिछले 11 वर्षों में लगभग 2 हजार करोड़ रुपए की लागत से 97 रेलवे ऊपरगामी व भूमिगत पुलों का निर्माण करवाया है। इस समय 1,026 करोड़ रुपए की लागत से 47 रेलवे ऊपरगामी व भूमिगत पुलों का निर्माण कार्य प्रगति पर भी है। जबकि, कांग्रेस के 10 वर्ष के कार्यकाल में केवल 51 रेलवे ऊपरगामी व भूमिगत पुलों का निर्माण करवाया गया।

सैनी ने 'नमो युवा रन' को झंडी दिखाकर किया रवाना

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को कुरुक्षेत्र के द्रोणाचार्य खेल स्टेडियम में प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित 'नमो युवा रन' मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना किया और स्वयं भी युवाओं के साथ मैराथन में हिस्सा लिया।

इस मौके पर युवाओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की यह मैराथन हमारी युवा शक्ति की ऊर्जा, जोश और राष्ट्र निर्माण के संकल्प का प्रतीक है। कौशल विकास और औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग की पहल युवाओं के भविष्य को उज्ज्वल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने कहा कि यह रन केवल 5 किलोमीटर की नहीं, बल्कि देश की तरक्की की दौड़ है जो हर युवा के मन में समर्पण, धैर्य और मेहनत की भावना को जगाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने युवाओं के स्वाभिमान और उनकी योग्यता का सम्मान किया है। योग्यता के आधार पर बिना खर्ची-बिना पर्ची के 1 लाख 80 हजार युवाओं को सरकारी नौकरियां दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे अवसर न केवल हमें एक साथ जोड़ते है, बल्कि हमें एक महान प्रेरणा भी देता है। प्रधानमंत्री की अद्भुत नेतृत्व क्षमता, दूरदर्शिता और देश के प्रति अटूट समर्पण ने हमें एक नए भारत का सपना दिखाया है। हमें उस सपने को साकार करने की प्रेरणा दी है। प्रधानमंत्री ने हमारे सामने 'विकसित भारत' का विजन रखा है। ऐसा विजन जहां हर नागरिक सशक्त हो, जहां हर युवा की रोजगार मिले और जहां हमारी अर्थव्यवस्था विश्व के सामने अपने कदम मजबूती से बढ़ा सके। चाहे कोई भी क्षेत्र हो, जब हम एकजुट होकर देश के विकास के लिए काम करते हैं, तभी हमारा राष्ट्र वास्तव में विकसित बनता है।

कौशल विकास और युवा सशक्तिकरण भी इसी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि युवा अपने स्वास्थ्य और फिटनेस के साथ अपने कौशल विकास पर भी ध्यान दें। हमें 'विकसित भारत-विकसित हरियाणा' के विजन को साकार करने के लिए मिलकर काम करना है। सैनी ने कहा कि हमारा देश युवा शक्ति का देश है।

टीचर ट्रांसफर ड्राइव पर स्थिति स्पष्ट करे शिक्षा विभाग : संदीप

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन ने शिक्षा विभाग से टीचर ट्रांसफर ड्राइव पर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। हसला के राज्य सचिव संदीप खोखरने रविवार को जारी बयान में कहा कि ऑनलाइन अध्यापक स्थानांतरण नीति के अनुसार हर वर्ष सत्र के प्रारंभ में ही तबादले किए जाने थे, लेकिन कभी भी सत्र के प्रारंभ में विभाग तबादले नहीं कर पाया है।

अध्यापक स्थानांतरण नीति के द्वारा वर्ष 2016 में पहली बार तबादले ऑनलाइन किए गए थे, जिसमें जेबीटी से लेकर पीजीटी तक सभी वर्गों के तबादले करने में विभाग कामयाब रहा। उसके बाद 2017 और 2019 में भी जेबीटी को छोड़कर बाकि वर्गों के तबादले किए। अगस्त 2022 में शिक्षा विभाग के द्वारा अंतिम बार ऑनलाइन स्थानांतरण किए गए थे, जिसमें अतिथि अध्यापकों के दूर-दूर चले जाने और सही ढंग से वर्गीकरण न होने के कारण किसी स्कूल में एक विषय के अध्यापक ज्यादा पहुंच गए।

अध्यापकों की डेप्युटेशन की अवधि सितंबर 2025 तक बढ़ा दी गई इस वर्ष विभाग के द्वारा जनवरी महीने में ही ट्रांसफर की तैयारी शुरू कर दी थी और 31 मार्च तक ट्रांसफर करने का लक्ष्य रखा गया था जिसके बाद शिक्षा मंत्री ने अप्रैल के महीने में ट्रांसफर करने का वादा किया था जबकि अब जुलाई और अगस्त माह भी बीत चुका है लेकिन अभी तक न तो ट्रांसफर ड्राइव शुरू हो पाया है।

अवैध विदेशी नागरिकों के विरुद्ध चलेगा अभियान

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। हरियाणा पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने राज्य के सभी जिला पुलिस अधीक्षकों, पुलिस आयुक्तों तथा वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह अपने-अपने क्षेत्र में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के विरुद्ध अभियान चलाएं। सभी जिलों के एसपी इसके लिए अलग से सेल का गठन करें और इनपुट के आधार पर तुरंत कार्रवाई करें। डीजीपी ने अधिकारियों को इस संबंध में एक रिपोर्ट हर सप्ताह चंडीगढ़ मुख्यालय में भेजने के निर्देश दिए हैं।

पुलिस महानिदेशक त्योहारी सीजन के मद्देनजर प्रदेशभर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशकों, पुलिस आयुक्तों और रेंज आईजी तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक ले रहे थे।

'स्वच्छता ही सेवा है' पर करवाई पोस्टर प्रतियोगिता

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

आईसीएआर-भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान, रिसर्च सेंटर, चंडीगढ़ ने 19 सितम्बर 2025 को रायन इंटरनेशनल स्कूल, चंडीगढ़ में 'स्वच्छता ही सेवा है' विषय पर स्लोगन-लेखन और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 36 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. दिनेश और जतिद्र कौर द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वच्छता शपथ के साथ हुई, जिसमें सभी छात्रों और स्टाफ ने स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए तथा सभी प्रतिभागियों को उनके प्रयासों की सराहना स्वरूप प्रमाण पत्र दिए गए। रायन इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल पूनम शर्मा ने विद्यार्थियों को स्वच्छ, हरा-भरा और स्वस्थ भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। डॉ. दिनेश जिंगर ने शब्दों और कला की शक्ति के माध्यम से स्वच्छता का संदेश फैलाने के महत्व पर जोर दिया। जतिंद्र कौर ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता केवल पोस्टर और स्लोगन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जागरूकता और सतत भविष्य के लिए कार्रवाई को प्रज्वलित करने का प्रयास है।

कार्यक्रम का समापन अभिलाषा द्वारा औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों और आयोजकों के प्रयासों की सराहना की गई। इस आयोजन ने विद्यार्थियों में स्वच्छता को अपने जीवन में अपनाने और समाज में प्रसारित करने की नई ऊर्जा और संकल्प का संचार किया।

यह प्रतियोगिता छात्रों को स्वच्छ भारत अभियान में अपनी भूमिका के प्रति संवेदनशील बनाने, जिम्मेदारी की भावना जगाने और उन्हें समाज में स्वच्छता के दूत बनने के लिए प्रेरित करने का एक सार्थक मंच साबित हुई।

देश-विदेश

वास्तुदोष के कारण तेलंगाना के सीएम रेड्डी ने छोड़ा सचिवालय

पुलिस कमांड सेंटर में बैठकर कर रहे काम

एजेंसी, हैदराबाद

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी राज्य सचिवालय की नई बिल्डिंग में नहीं बैठ रहे हैं। सीएम अपने सभी काम बंजारा हिल्स स्थित हाई सिक्योरिटी वाले तेलंगाना पुलिस कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से कर रहे हैं। इसकी वजह सचिवालय की नई बिल्डिंग में मौजूद कुछ वास्तु दोष हैं।

रेवंत से जुड़े एक वरिष्ठ अफसर ने बताया कि 650 करोड़ रुपए में बनी इस 7 मंजिला इमारत में सीएम का भव्य दफ्तर है। मंत्रियों, मुख्य सचिवों समेत शीर्ष नौकरशाहों के भी दफ्तर यहीं हैं। नई इमारत तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री और भारत राष्ट्र समिति के प्रमुख के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) के समय तैयार हुई। उन्होंने 30 अप्रैल 2023 को इसका उद्घाटन किया, लेकिन दिसंबर में वह विधानसभा चुनाव हार गए और रेवंत सीएम बन गए। केसीआर ने भी वास्तु दोष चलते ही नए सेक्रेट्रिएट का निर्माण कराया था। उनका मानना था कि पुराने सेक्रेट्रिएट की बिल्डिंग वास्तु के अनुसार नहीं बनी थीं। बतौर सीएम अपने दो कार्यकाल में वह करीब 24 बार ही पुराने सेक्रेट्रिएट आए थे। कांग्रेस के अंदरूनी सूत्रों ने बताया कि पहले इमारत का मेन एंट्रेंस गेट पहले पूर्व दिशा की ओर था, लेकिन केसीआर ने इसे बंद करके दक्षिण-पूर्व में कर दिया गया था। (अनंत ज्ञान)

हेल्पलाइन पर 17 भाषाओं में कर सकते हैं शिकायत

एजेंसी, नई दिल्ली। केंद्र ने राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन के इनग्राम पोर्टल पर संशोधित जीएसटी दरों से जुड़ी शिकायतों के लिए एक खास सेक्शन बनाया है। उपभोक्ता मामलों के विभाग के मुताबिक, इस पोर्टल को नेक्स्ट-जेन जीएसटी रिफॉर्म्स 2025 के अनुसार तैयार किया गया है, ताकि उपभोक्ता आसानी से अपनी शिकायत दर्ज कर सकें और उसका समाधान जल्दी मिल सके। इस श्रेणी में ऑटोमोबाइल, बैंकिंग, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुएं, ई-कॉमर्स, एफएमसीजी और अन्य प्रमुख उप-श्रेणियां शामिल हैं। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड के अधिकारियों द्वारा 11 सितंबर को एक उद्घाटन प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य एनसीएच परामर्शदाताओं को जीएसटी से संबंधित प्रश्नों और शिकायतों को प्रभावी ढंग से संभालने में सक्षम बनाना था। (अनंत ज्ञान)

ट्रंप बोले-बगराम एयरबेस लौटाए तालिबान, नहीं तो बुरा होगा अंजाम

तालिबान ने कहा- सैनिकों की मौजूदगी बर्दाश्त नहीं

एजेंसी, वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अफगानिस्तान के बगराम एयरबेस को लेकर तालिबान को बुरे अंजाम भुगतने की धमकी दी है। शनिवार को जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या वह बगराम एयरबेस पर कब्जा करने के लिए अमेरिकी सेना भेजेंगे, तो उन्होंने सीधा जवाब देने से इनकार कर दिया और कहा, 'हम इस बारे में बात नहीं करेंगे। हम चाहते हैं कि बेस जल्दी वापस मिले। अगर वे नहीं देंगे, तो आप देखेंगे कि मैं क्या करता हूं।'

इससे पहले ट्रंप ने वीरवार को ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था, 'हम बगराम को वापस लेने की कोशिश कर रहे हैं। क्योंकि, उस जगह से एक घंटे की दूरी पर चीन अपने परमाणु हथियार बनाता है।' बगराम एयरबेस अफगानिस्तान की राजधानी काबुल से 40 किलोमीटर उत्तर में है। यह अमेरिकी सेना का सबसे बड़ा ठिकाना था। 2001 के 9/11 हमलों के बाद अमेरिका ने इसका इस्तेमाल शुरू किया। वहीं, तालिबानी सरकार ने ट्रंप की इस मांग को खारिज कर दिया है। उनका कहना है कि सरकार कभी भी अपने इलाके में अमेरिकी सैनिकों की मौजूदगी बर्दाश्त नहीं करेगा। वहीं, चीन ने ट्रंप की धमकी का विरोध किया है। बता दें कि 2021 में अमेरिकी सेना की वापसी के कारण अमेरिकी ठिकानों पर तालिबानी सरकार ने कब्जा कर लिया था और काबुल में अमेरिका समर्थित सरकार को गिरा दिया। (अनंत ज्ञान)

सूरत में व्हेल मछली की उल्टी बेचने वाला काबू

एजेंसी, सूरत। गुजरात में सूरत पुलिस ने स्पर्म व्हेल की उल्टी यानी एंबरग्रीस के साथ एक शख्स को गिरफ्तार किया है। इस दुर्लभ और बहुमूल्य पदार्थ की मात्रा 2.904 किलोग्राम है, जिसकी इंटरनेशनल मार्केट में अनुमानित कीमत 5.72 करोड़ रुपए है। पुलिस के मुताबिक आरोपी विपुल खेती करता है और उसे एंटीक चीजों संग्रहण करने का शौकीन और जानकार भी है। यही कारण था कि समुद्र किनारे मिला यह मोम जैसा पदार्थ वह पहचान सका और बेचने की फिराक में था। एंबरग्रीस की अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारी कीमत इसे तस्करों का पसंदीदा बनाती है। हालांकि भारत समेत कई देशों में यह पूरी तरह गैरकानूनी है। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि करीब चार महीने पहले उसे भावनगर के हाथब गांव के समुद्र किनारे यह पदार्थ मिला। शुरुआत में उसे इसकी सही कीमत का अंदाजा नहीं था, लेकिन जानकारी जुटाने के बाद वह समझ गया कि यह करोड़ों का खजाना है। (अनंत ज्ञान)

जेलेंस्की अगले हफ्ते करेंगे ट्रंप से मुलाकात

एजेंसी, कीव। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) का माहौल हमेशा से ही दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक हलचल का केंद्र रहा है। अगले हफ्ते जब दुनियाभर के नेता यहां जुटेंगे, तो सबकी नजरें यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की और उनके अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकात पर टिकी होंगी। इस बैठक को सिर्फ दो नेताओं की औपचारिक बातचीत नहीं, बल्कि रूस और पश्चिमी देशों के बीच गहराते टकराव के भविष्य का संकेत माना जा रहा है। जेलेंस्की ने इस मुलाकात की घोषणा ऐसे वक्त पर की, जब रूस ने यूक्रेन पर अपने हमले तेज कर दिए हैं। रात के अंधेरे में रूस की ओर से छोड़ी गई मिसाइलों और ड्रोन की गूंज अब यूक्रेन के लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन चुकी है। हाल ही में हुए सबसे बड़े हमले में रूस ने 40 मिसाइलें और लगभग 580 ड्रोन दागे हैं। (अनंत ज्ञान)

दिल्ली में नकली जूते-चप्पल बनाने वाली कंपनी पकड़ी

एजेंसी, नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने रविवार को नकली फुटवियर कंपनी पकड़ी है। बाहरी दिल्ली के सुल्तानपुरा मजरा इलाके में पुलिस ने छापेमारी की है। इस दौरान बड़ी मात्रा में नकली जूते-चप्पल बनाने का सामान बरामद किया। पुलिस ने मौके से पीरागढ़ निवासी 48 वर्षीय मोहम्मद कल्लू को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी मशहूर ब्रांडों के नाम से नकली फुटवियर बना रहा था। पुलिस आगे की जांच कर रही है। (अनंत ज्ञान)

मेघालय में 4.0 तीव्रता वाले भूकंप के लगे झटके

एजेंसी, शिलांग। अधिकारियों ने बताया कि रविवार को बांग्लादेश में 4 तीव्रता का भूकंप आने के बाद मेघालय में भी झटके महसूस किए गए। उन्होंने बताया कि भूकंप भारतीय समयानुसार सुबह 11.49 बजे मेघालय की बांग्लादेश सीमा के पास आया। मेघालय में भी किसी प्रकार के नुकसान या किसी के हताहत होने की तत्काल कोई खबर नहीं है। (अनंत ज्ञान)

बहुराष्ट्रीय पनडुब्बी बचाव अभ्यास में आईएनएस निस्तार ने दिखाया दम

एजेंसी, सिंगापुर

सिंगापुर में चल रहे बहुराष्ट्रीय पनडुब्बी बचाव अभ्यास में भारतीय नौसेना ने अपना दम दिखाया। जहां भारतीय नौसेना अपने 17 साथी देशों के साथ मिलकर बहुराष्ट्रीय पनडुब्बी बचाव अभ्यास एक्सरसाइज पैसिफिक रीच 2025 (एक्सपीआर25) की तैयारी कर रही है। इस अभ्यास का समुद्री चरण सिंगापुर में हो रहा है, जिसमें भारत की स्वदेशी बनी डाइविंग सपोर्ट वेसल (डीएसवी) आईएनएस निस्तार भी हिस्सा ले रही है। आईएनएस निस्तार 120 मीटर लंबा है और डीप सबमर्शन रिज्क्यू व्हीकल के साथ मिलकर 134 मीटर तक बढ़ जाता है। इसका मुख्य काम गहरे समुद्र में गोताखोरी करना और पनडुब्बी बचाव मिशन में डीएसआरवी के लिए मादरशिप (मोतशिप) का कार्य करना है। कमांडिंग ऑफिसर अमितसुभ्रो बनर्जी ने बताया कि आईएनएस निस्तार का दो मुख्य काम हैं, पहला गहरे समुद्र में गोताखोरी करना और पनडुब्बी बचाव के दौरान डीएसआरवी के लिए मादरशिप की भूमिका निभाना। (अनंत ज्ञान)

40 से अधिक देशों ने लिया हिस्सा

एक्सपीआर25 में 40 से अधिक देशों ने हिस्सा लिया है, जो पनडुब्बी बचाव के लिए सबसे बड़ा और सहयोगात्मक अंतरराष्ट्रीय अभ्यास माना जाता है। आईएनएस निस्तार के साथ, भारतीय नौसेना समुद्री बचाव क्षमताओं को मजबूत कर रही है और विश्व भर के पनडुब्बी दलों के जीवन की सुरक्षा में अपना योगदान दे रही है।

महाराष्ट्र के गरबा में लोगों को तिलक लगाने का फरमान

एजेंसी, नागपुर

महाराष्ट्र में विश्व हिंदू परिषद ने नवरात्र के दौरान गरबा आयोजनों को लेकर शनिवार को एक एडवाइजरी जारी की। आयोजकों से एंट्री गेट पर आधार कार्ड की जांच करने की सिफारिश की गई है। विहिप ने कहा कि गरबा आयोजनों में सिर्फ हिंदुओं को ही एंट्री मिलनी चाहिए। गैर-हिंदू इनमें भाग न लें, इसके लिए लोगों को अंदर जाने से पहले तिलक लगाना होगा, हाथों पर रक्षा सूत्र बांधना होगा और किसी हिंदू देवता की पूजा करनी होगी। विहिप ने गरबा आयोजकों से कहा कि नवरात्र सिर्फ मौज-मस्ती का त्योहार नहीं है। विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीराज नायर ने कहा कि गरबा सिर्फ एक नृत्य नहीं, बल्कि देवी को प्रसन्न करने की एक पूजा पद्धति है, इसलिए केवल उन्हीं लोगों को इसमें भाग लेने की अनुमति दी जानी चाहिए जो इन अनुष्ठानों में आस्था रखते हैं। (अनंत ज्ञान)

विश्व हिंदू परिषद ने आयोजकों से एंट्री गेट पर आधार कार्ड की जांच करने को कहा

प्रशिक्षण युद्ध क्षेत्र की नई चुनौतियों से निपटने के लिए सीमा सुरक्षा बल ने शुरू की तैयारी

ड्रोन युद्ध से निपटने के लिए ट्रेंड होंगे बीएसएफ जवान

एजेंसी, नई दिल्ली

युद्ध क्षेत्र की नई चुनौतियों से निपटने के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) जवानों को कड़ा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस बीच बीएसएफ ने अपने प्रशिक्षण कार्यक्रम में ड्रोन युद्ध को अनिवार्य विषय के रूप में जोड़ा है। इसके तहत जवानों और सैन्य अधिकारियों को ड्रोन युद्ध से निपटने के तरीके सिखाए जाएंगे। साथ ही स्वदेशी उपकरण विकसित करने के लिए बीएसएफ ने नवाचार केंद्र की भी स्थापना की है।

ग्वालियर के निकट टेकनपुर में 2.70 लाख कर्मियों वाले बीएसएफ अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी ने रुस्तमजी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आरजेआईटी) के साथ मिलकर ड्रोन प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला भी बनाई है। रुस्तमजी इंस्टीट्यूट ऑफ

टेक्नोलॉजी केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत अर्धसैनिक बल द्वारा संचालित एकमात्र उच्च शिक्षा संस्थान है। बीएसएफ अकादमी के निदेशक शमशेर सिंह ने कहा कि हमने जवानों और अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में संशोधन किया है और ड्रोन प्रौद्योगिकी को अब अनिवार्य विषय के रूप में शामिल किया गया है। बीएसएफ के ड्रोन स्कूल ने अभी-अभी ड्रोन कमांडो और ड्रोन योद्धा पाठ्यक्रमों में लगभग 45 कर्मियों के पहले बैच को प्रशिक्षित किया है और वे सीमा पर वापस आ गए हैं। दूसरा बैच प्रशिक्षण ले रहा है। केंद्र के एक प्रशिक्षक ने बताया कि इसका उद्देश्य लगभग 500 कर्मियों को हर साल प्रशिक्षित करना है। (अनंत ज्ञान)

एक पुलिस प्रौद्योगिकी नवाचार केंद्र भी बनाया

बीएसएफ अकादमी ने आंतरिक सुरक्षा क्षेत्र की चुनौतियों से निपटने के लिए अपने विशेषज्ञ अधिकारियों, उद्योगों, स्टार्टअप्स, शिक्षाविदों और नवप्रवर्तकों की भागीदारी से एक पुलिस प्रौद्योगिकी नवाचार केंद्र भी बनाया है। यह केंद्र 48 चिन्हित समस्याओं पर काम करेगा। इसमें ड्रोन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, निगरानी और स्मार्ट मोबिलिटी पर काम होगा। आरजेआईटी के बीटेक छात्र अपनी प्रयोगशाला में एक विशेष क्षेत्र में सुधार कर रहे हैं। ताकि निगरानी, रक्षा और सामरिक युद्ध के लिए बीएसएफ द्वारा ड्रोन का बेहतर उपयोग किया जा सके।

अफगानिस्तान में महिलाओं की लिखी किताबें पढ़ाने पर रोक

एजेंसी, काबुल। तालिबान सरकार ने अफगानिस्तान में यूनिवर्सिटी से महिलाओं की लिखी गई किताबों को हटाने का आदेश दिया है। इसके साथ ही मानवाधिकार और यौन उत्पीड़न से जुड़ी पढ़ाई को भी गैरकानूनी घोषित कर दिया गया है। तालिबान ने कुल 679 किताबों पर रोक लगाई गई है, जिनमें लगभग 140 किताबें ऐसी हैं जिन्हें महिलाओं ने लिखा है। तालिबान का कहना है कि ये किताबें उनकी नीतियों और शरीयत के खि

स्पोर्ट्स विंडो

दिव्यांग क्रिकेट पुरस्कारों में रविंद्र को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

एजेंसी, जयपुर। मुंबई के अनुभवी खिलाड़ी रविंद्र पाटिल को यहां दिव्यांग क्रिकेट वार्षिक पुरस्कार समारोह में लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जबकि कर्नाटक के राजेश कन्नूर को प्लेयर ऑफ द ईयर का सम्मान मिला। दिव्यांग क्रिकेटरों की उपलब्धियों को औपचारिक रूप से मान्यता देने के लिए स्थापित इन पुरस्कारों में देश भर के कई खिलाड़ियों को राजस्थान दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन (आरडीसीए) के सहयोग से भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद (डीसीसीआई) द्वारा आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया। पुरस्कार पाने वाले अन्य खिलाड़ियों में विदर्भ के गुरुदास राउत को विशेष योगदान पुरस्कार, मुंबई के विक्रांत केनी को प्लेयर्स च्वाइस (लोकप्रिय खिलाड़ी) तथा कर्नाटक के शिवशंकर को आइकॉनिक प्लेयर पुरस्कार मिला। राजस्थान के सुरेंद्र खोरवाल को सर्वश्रेष्ठ शानदार खिलाड़ी, गुजरात के आदिल ननसोला को वर्ष का उभरता सितारा और उत्तर प्रदेश के अनवर अली को सर्वश्रेष्ठ जूनियर खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। हैदराबाद के चंद्रभान गिरि को सर्वश्रेष्ठ कोच चुना गया। इस अवसर पर जम्मू-कश्मीर को सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय टीम घोषित किया गया। समारोह के दौरान यह घोषणा की गई कि जयपुर भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाली दिव्यांग क्रिकेट सीरीज की मेजबानी करेगा। (अनंत ज्ञान)

सौरव गांगुली की सीएबी अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध वापसी तय

एजेंसी, कोलकाता। पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली की सोमवार को यहां होने वाली बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में निर्विरोध अध्यक्ष पद पर वापसी तय है, लेकिन उनका दूसरा कार्यकाल अधिक चुनौतीपूर्ण होगा क्योंकि हाल के महीनों में संघ वित्तीय अनियमितताओं और विश्वसनीयता संबंधी चिंताओं से जूझ रहा है। गांगुली के नेतृत्व वाले पूरे पैनल - बबलू कोलाय (सचिव), मदन मोहन घोष (संयुक्त सचिव), संजय दास (कोषाध्यक्ष) और अनु दत्ता (उपाध्यक्ष) - का भी निर्विरोध चुना जाना तय है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष 53 वर्षीय गांगुली अपने बड़े भाई स्नेहाशीष गांगुली का स्थान लेंगे, जिन्हें लोढ़ा समिति के निर्देशों के अनुसार कार्यकारी पदों पर छह साल की समय सीमा पूरी होने के बाद पद छोड़ना पड़ा था। हाल के दिनों में विवादों की एक सीरीज के कारण सीएबी की छवि को नुकसान पहुंचा है, जबकि रणजी ट्रॉफी टीम का प्रदर्शन भी अच्छा नहीं रहा है। वित्त समिति के सदस्य सुब्रत साहा पर हाल ही में दो लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया तथा हितों के टकराव का दोषी पाए जाने पर उन्हें उप-समिति की गतिविधियों से प्रतिबंधित कर दिया गया। (अनंत ज्ञान)

फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय हार्ड कोर्ट चैंपियनशिप 29 सितंबर से

एजेंसी, नई दिल्ली। फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप का 30वां चरण 29 सितंबर से डीएलटीए में शुरू होगा, जिसमें पूर्व चैंपियन विष्णु वर्धन और वीएम रणजीत भी हिस्सा लेंगे। पुरुष और महिला वर्ग के क्वालीफाइंग दौर 27 सितंबर से शुरू होंगे। जूनियर वर्ग (अंडर-18, अंडर-16, अंडर-14) की स्पर्धाएं इसके बाद होंगी। डीसीएम श्रीराम लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अजय एस श्रीराम ने कहा, ''हमें फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप के 30वें चरण का आयोजन करने पर गर्व है जो भारतीय टेनिस के लिए एक बेहतरीन मंच है।''

रसेल की पत्नी जैसिम का हॉट अंदाज

वेस्टइंडीज। कोलकाता नाइट राइडर्स के स्टार क्रिकेटर आंद्रे रसेल को फैंस काफी पसंद करते हैं, लेकिन रसेल की पत्नी जैसिम लॉरा भी काफी खूबसूरत और हॉट हैं। जैसिम को शॉपिंग, ट्रैवलिंग और पार्टी करना बेहद पसंद है। लॉरा के इंस्टाग्राम पर लगभग 4 लाख फॉलोअर्स हैं।

वनडे विश्व कप जीतने में सफल रहेगी भारतीय महिला टीम : सैकिया

एजेंसी, मुंबई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने रविवार को उम्मीद जताई कि भारतीय महिला टीम 30 सितंबर से गुवाहाटी में शुरू होने वाले विश्व कप में ट्रॉफी जीतने के लंबे इंतजार को खत्म करेगी। महिला वनडे विश्व कप इस बार भारत और श्रीलंका में आयोजित किया जा रहा है। भारतीय टीम अपना पहला मैच श्रीलंका के खिलाफ खेलेगी। इससे पहले उद्घाटन समारोह होगा। भारत ने अभी तक महिला विश्व कप नहीं जीता है लेकिन इस बार उसे ट्रॉफी जीतने का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। सैकिया ने यहां बीसीसीआई मुख्यालय में मीडिया से कहा, ''अतीत में गुवाहाटी में आईसीसी (पुरुष) विश्व कप के अभ्यास मैच आयोजित किए जाते थे। पहली बार आईसीसी महिला विश्व कप गुवाहाटी से शुरू होगा। उद्घाटन मैच भारत और श्रीलंका के बीच खेला जाएगा।'' उन्होंने कहा, ''विश्व कप के मैच भारत के साथ-साथ श्रीलंका में भी हो रहे हैं, इसलिए हर कोई हमारी भारतीय टीम का समर्थन कर रहा है। भारतीय टीम ने हाल में इंग्लैंड में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था जो बड़ी उपलब्धि है।'' सैकिया ने कहा, ''भारतीय महिला क्रिकेट टीम अब परिपक्व हो चुकी है और मुझे यकीन है कि वे आगामी विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करके खिताब का लंबे समय से चला आ रहा इंतजार खत्म करने में सफल रहेगी।'' बीसीसीआई सचिव ने बताया कि महिला विश्व कप के पहले मैच से पूर्व उद्घाटन समारोह के 40 मिनट भारतीय गायक जुबिन गर्ग को समर्पित होंगे, जिनका शुक्रवार को सिंगापुर में स्कूबा डाइविंग के दौरान घायल होने के बाद निधन हो गया था। वह 52 वर्ष के थे। (अनंत ज्ञान)

इंटरनेशनल क्रिकेट में नहीं मिला चांस, अब बीसीसीआई अध्यक्ष बनकर रचेंगे इतिहास

मिथुन मन्हास बीसीसीआई अध्यक्ष बनने की दौड़ में सबसे आगे

एजेंसी, नई दिल्ली

मिथुन मन्हास भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष बनने की दौड़ में सबसे आगे है। दिल्ली में शनिवार को एक केंद्रीय मंत्री के घर हुई मीटिंग में बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारी मौजूद थे। इसमें सभी ने मिथुन के नाम पर सहमति जताई। हालांकि, अधिकारिक घोषणा 28 सितंबर को बोर्ड की वार्षिक आम बैठक के बाद ही होगी।

28 सितंबर को आधिकारिक ऐलान 157 फर्स्ट क्लास खेले मैच

मिथुन मन्हास ने रविवार को बीसीसीआई के अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। यह नामांकन मुंबई में बीसीसीआई मुख्यालय में दाखिल किया गया। नामांकन जमा करने की अंतिम तारीख रविवार दोपहर तक थी। मिथुन मन्हास के अलावा, बीसीसीआई के अन्य प्रमुख पदों के लिए भी नामांकन दाखिल किए गए हैं। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया, आईपीएल गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष अरुण धूमल और कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) के अध्यक्ष व पूर्व भारतीय क्रिकेटर रघुराम भट्ट ने भी अपने-अपने पदों के लिए नामांकन दाखिल किया है। रघुराम भट्ट को बीसीसीआई का नया कोषाध्यक्ष बनाए जाने की संभावना है।

बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने मीडिया से बात करते हुए कहा, कि नई कार्यकारिणी के लिए तैयारी चल रही है। मिथुन मन्हास को अध्यक्ष बनाने का फैसला लिया गया है। अरुण धूमल आईपीएल गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष हैं और वे अपने पद पर बने रहेंगे। 2019 में बीसीसीआई के संविधान में संशोधन के बाद, आमतौर पर इस तरह के नामांकन बिना किसी विरोध के स्वीकार हो जाते हैं। बीसीसीआई का मानना है कि बोर्ड का नेतृत्व किसी क्रिकेटर को करना चाहिए। इससे पहले सौरव गांगुली और रोजर बिन्नी बीसीसीआई के अध्यक्ष रह चुके हैं।

मिथुन मन्हास बीसीसीआई के पहले ऐसे अध्यक्ष होंगे, जिन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट नहीं खेला मिथुन मन्हास कभी भी टीम इंडिया के लिए नहीं खेले। वे बीसीसीआई के पहले ऐसे अध्यक्ष होंगे, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला। हालांकि, उनके पास 157 फर्स्ट क्लास मैचों का अनुभव है। वह दिल्ली डेयरडेविल्स, पुणे वॉरियर्स और चेन्नई सुपर किंग्स के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेल चुके हैं। पिछले कुछ सालों में उन्होंने जम्मू-कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन में प्रशासक के तौर पर काम किया है। बीसीसीआई की एजीएम में भी हिस्सा ले चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

टीम इंडिया को कैच छोड़ने पड़े भारी, पाक का मजबूत स्कोर

सईम अयूब का विकेट लेने के बाद खुशी मनाते टीम इंडिया के खिलाड़ी।

एजेंसी, दुबई

एशिया कप के सुपर-4 राउंड में भारत और पाकिस्तान के बीच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में मैच खेला गया। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

पावरप्ले में भारतीय फील्डर्स ने छोड़े दो कैच

पाकिस्तान के ओपनर बल्लेबाज साहिबजादा फरहान और फखर जमान ने पारी की शुरुआत की। पहला ओवर करने आए भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या की तीसरी गेंद पर पाकिस्तान के फरहान को जीवनदान मिला। अभिषेक शर्मा ने थर्ड मैन पर उनका कैच ड्रॉप कर दिया। यहां फरहान का खाता भी नहीं खुला था। कैच ड्रॉप होने के बाद फरहान ने मिडऑन में बड़ा शॉर्ट लगाया, लेकिन बॉल बाउंड्री तक नहीं पहुंची। पांड्या ने पहले ओवर से 6 रन दिए। उसके बाद गेंदबाजी करने आए जसप्रीत बुमराह को कोई सफलता नहीं मिली, उन्हें एक ओवर में 11 पड़े। पांड्या ने दूसरे ओवर में फखर जमान को संजू सैमसन के हाथों कैच करवाया। जमान 9 गेंदो में 15 रन ही बनाए पाए। उसके बाद बल्लेबाजी करने आए सईम अयूब ने साहिबजादा फरहान अच्छा साथ दिया। पांचवें ओवर की चौथी गेंद पर कुलदीप यादव ने अयूब का कैच छोड़ दिया। समाचार लिखे जाने तक पाकिस्तान ने 8 ओवर में एक विकेट गंवाकर 70 रन बना लिए थे। साहिबजादा फरहान (39) और सईम अयूब (13) रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे। (अनंत ज्ञान)

वनडे में रिकॉर्ड शतक जड़ने के बावजूद स्मृति मंधाना निराश

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रिकॉर्ड शतक को अपनी सर्वश्रेष्ठ पारी मानने से इंकार कर दिया। भारतीय टीम को तीसरे वनडे में 43 रन की शिकस्त मिली, जिससे वे सीरीज 1-2 से गंवा बैठी।

मंधाना ने हार के बावजूद ध्यान दिलाया कि यह सीरीज वर्ल्ड कप से पहले नतीजा पाने के बजाय टीम संयोजन पर ध्यान देना और कमजोरी का पता करने को लेकर रही। भारत के पास ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली बार द्विपक्षीय वनडे सीरीज जीतकर इतिहास रचने का मौका था, लेकिन वो चूक गई।

फील्डिंग में सुधार की जरुरत

भारतीय टीम की सबसे बड़ी कमजोरी फील्डिंग बनकर उभरी। इस साल इंग्लैंड में जबरदस्त फील्डिंग प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम की ऑस्ट्रेलिया के सामने कलाई खुल गई। तीन मैचों में भारत ने 12 से ज्यादा कैच टपकाए। मंधाना ने फील्डिंग की कमजोरी को स्वीकार किया। उन्होंने कहा, मैं मानती हूं कि हमारी फील्डिंग में काफी फर्क था। फील्डिंग खेल का एक हिस्सा है, जहां हम उभर रहे हैं, लेकिन साथ ही ऐसा महसूस होता है कि कभी ऐसे दिन होते हैं जब हम अन्य लोगों से अलग फील्डिंग टीम नजर आते हैं। हमें व्यक्तिगत नहीं बल्कि फील्डिंग टीम के रूप में निरंतरता खोजनी होगी। हम वर्ल्ड कप से पहले इसे सुधारना चाहेंगे। (अनंत ज्ञान)

पाकिस्तान के विरोध और शिकायतों के बीच अश्विन बोले-

पाइक्रॉफ्ट कोई 'स्कूल शिक्षक' नहीं

एजेंसी, नई दिल्ली

भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने मैच के बाद भारतीय खिलाड़ियों का पाकिस्तान के खिलाड़ियों के साथ हाथ नहीं मिलाने के विवाद के बीच मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट का समर्थन करते हुए कहा कि जिम्बाब्वे का अधिकारी कोई 'स्कूल शिक्षक' नहीं है और वह केवल अनावश्यक तमाशे से बचने के लिए अपनी भूमिका को अच्छी तरह से निभा रहे थे।

पिछले रविवार को जब भारतीय खिलाड़ियों ने नीतिगत फैसले के तहत एशिया कप मैच के बाद पाकिस्तान के खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया, तब पाइक्रॉफ्ट मैच रेफरी थे। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस के समय पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया जिसके बाद पाइक्रॉफ्ट को इस विवाद में घसीटा गया था। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को दो ईमेल भेजे। उसने पहले पाइक्रॉफ्ट को टूर्नामेंट से हटाने का अनुरोध किया और फिर उन्हें अपने मैचों से बाहर करने की मांग की।

आईसीसी में हालांकि दोनों ही मांगों को खारिज कर दिया। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल 'ऐश की बात' पर कहा, ''एंडी पाइक्रॉफ्ट ने वास्तव में सबको घटिया तमाशा देखने से बचा दिया। भारत ने मैच रेफरी को पहले ही बता दिया था कि यह हमारा फैसला है और हम इसका पालन करेंगे। बस। इतना सारा तमाशा करने के बाद आप (पाकिस्तान) मैच हार गए। तो फिर आप किस बात की शिकायत कर रहे हैं।''

उन्होंने कहा, ''वह कोई स्कूल शिक्षक नहीं है। वह कोई प्रिंसिपल नहीं है। वह जाकर सूर्या को यह नहीं कह सकते थे कि आओ हाथ मिलाओ। यह उनका काम नहीं है। आखिर पाइक्रॉफ्ट की क्या गलती है।'' (अनंत ज्ञान)

एशियाई कैडेट कप में देश का प्रतिनिधित्व करेगी हमीरपुर की श्रेया

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

लेफ्टिनेंट कर्नल अमित भारद्वाज की 15 वर्षीय पुत्री श्रेया भारद्वाज तलवारबाजी में 22 सितंबर को उत्तराखंड के हल्द्वानी में शुरू होने वाले एशियाई कैडेट कप-2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उनका चयन हल्द्वानी में ही 08-13 सितंबर 2025 को आयोजित कैडेट अंडर-17 राष्ट्रीय तलवारबाज़ी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन के बाद हुआ है। राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने की उनकी यात्रा अन्य क्षेत्रों में उनकी प्रतिभा की तरह ही प्रेरणादायक है, जैसे कि वह 10 मीटर एयर पिस्टल में राष्ट्रीय स्तर की निशानेबाज़ और 25 मीटर और 50 मीटर फायरआर्म्स वर्ग में राज्य स्तर की निशानेबाज भी हैं। वह एक राज्य स्तरीय घुड़सवार भी हैं और इन स्पर्धाओं में कई पदक जीत चुकी हैं। इसके अलावा, श्रेया तीन संगीत वाद्ययंत्र बजा सकती हैं और नृत्य की दो विधाओं में पारंगत हैं। उन्होंने वाद-विवाद, भाषण, रूह और योग में भी अपने स्कूल का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने 2024 में अपनी 10वीं कक्षा के दौरान तलवारबाजी और निशानेबाजी की सात राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लिया और अपनी अथक मेहनत से बोर्ड परीक्षाओं में भी 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

वह पटियाला स्थित राष्ट्रीय खेल संस्थान में तलवारबाजी और अपने पिता के मार्गदर्शन में निशानेबाजी का प्रशिक्षण लेती हैं। श्रेया नई पीढ़ी (जेन-जेड) के लिए एक जीवंत उदाहरण हैं और दिखाती हैं कि इस प्रतिस्पर्धी दुनिया में खेल और पढ़ाई के बीच संतुलन कैसे बनाया जाए। (अनंत ज्ञान)

एशिया कप में मिली पहली हार से निराश हुए श्रीलंकाई कप्तान

खिलाड़ियों पर फूटा गुस्सा

एजेंसी, दुबई। एशिया कप में सुपर-4 के पहले ही मैच में बांग्लादेश ने श्रीलंका को 4 विकेट से हरा दिया। इस जीत के बाद बांग्लादेशी कप्तान जहां बेहद खुश नजर आए तो वहीं, श्रीलंका के कप्तान चरिथ असलंका ने टूर्नामेंट में मिली पहली हार पर निराशा जताते हुए बल्लेबाजों के सिर हार का ठीकरा फोड़ा।

मैच के बाद श्रीलंकाई कप्तान चरिथ असलंका ने कहा कि यह एक शानदार मैच था। हमने अंत तक संयम बनाए रखा, लेकिन यह काफी नहीं था। उन्होंने निराश होते हुए कहा कि मैं अपनी बल्लेबाजी से थोड़ा कम खुश हूं, हम आखिरी 2 ओवरों में और बेहतर प्रदर्शन कर सकते थे, क्योंकि इन ओवर्स में हम सिर्फ 10-15 रन कम बना पाए। वहीं, उन्होंने अर्द्धशतकीय पारी खेलने वाले दासुन शनाका की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने वाकई अच्छी बल्लेबाजी की। उन्होंने एक बड़ा छक्का लगाया, जिससे ड्रेसिंग रूम खुश था, क्योंकि स्कोर लगभग 170 रन के पास पहुंच चुका था। हम भी यही आंकड़ा चाहते थे। (अनंत ज्ञान)

विश्व कप जीतने के लिए परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना जरूरी : मूनी

एजेंसी, नई दिल्ली

आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बेथ मूनी का मानना है कि परिस्थितियों से जल्द से जल्द सामंजस्य बिठाना और धैर्य बनाए रखना किसी भी चैंपियन टीम की पहचान है और आगामी महिला विश्व कप में इन गुणों की एक बार फिर परीक्षा होगी। सात बार की विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की टीम ने भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में अपनी इन दोनों ही खूबियों का बखूबी प्रदर्शन किया। उसने शनिवार को यहां तीसरे वनडे में 43 रन से जीत हासिल कर सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। मूनी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ''मुझे लगता है कि विश्व कप जीतने के लिए आपको परिस्थितियों से जल्द से जल्द सामंजस्य बिठाने वाली और सबसे अधिक धैर्य रखने वाली टीम बनना होगा।'' भारत ने विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए पलटवार किया, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने धैर्य बनाए रखा और आखिर में जीत हासिल की। मूनी ने कहा, ''हमने तब अपनी इन खूबियों का बखूबी प्रदर्शन किया, जब स्मृति ने तेजी से रन बनाए और हरमनप्रीत के साथ बड़ी साझेदारी की। बाद में दीप्ति ने भी अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन हमने अपना धैर्य बनाए रखा।'' (अनंत ज्ञान)

इंटर मियामी ने डीसी यूनाइटेड को 3-2 से हराया

एजेंसी, फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका)

स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेसी ने पहले हाफ में एक गोल करने में मदद की तथा दूसरे हाफ में दो गोल किए, जिससे इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर में डीसी यूनाइटेड पर 3-2 से जीत दर्ज की।

मेसी के दागे दो गोल

मेसी ने 66वें मिनट में अपना पहला गोल दागा। इसके बाद उन्होंने 85वें मिनट में एक और गोल किया। इस तरह से इस सत्र में उनके कुल 22 गोल हो गए हैं, जो गोल्डन बूट अवॉर्ड की दौड़ में नैशविले एससी के सैम सुरिज से एक ज्यादा है। इससे पहले मिडफील्डर तादेओ अलेंदे ने 35वें मिनट में मेसी की मदद से इस सत्र का अपना आठवां गोल किया। डीसी यूनाइटेड ने 53वें मिनट में बराबरी हासिल कर ली जब क्रिश्चियन बेंटेके ने ब्रैंडन सर्वानिया से मिले पास पर गोल किया। उसकी तरफ से जैकब मुर्रेल ने इंजरी टाइम में दूसरा गोल किया। (अनंत ज्ञान)

ब्रिटेन को हराकर अमेरिका बिली जीन किंग कप के फाइनल में

एजेंसी, शेनझेन (चीन)

जेसिका पेगुला और एम्मा नवारो ने एक-एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए अपने एकल मैच जीते जिससे अमेरिका ने ब्रिटेन को 2-0 से हराकर बिली जीन किंग कप टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में अमेरिका का मुकाबला गत चैंपियन इटली से होगा। विश्व में सातवें नंबर की खिलाड़ी पेगुला ने केटी बौल्टर को 3-6, 6-4, 6-2 से हराकर अमेरिका की फाइनल में जगह पक्की थी। इससे पहले नवारो ने सोने कार्तल को 3-6, 6-4, 6-3 से हराया। अमेरिका 18 बार यह टूर्नामेंट की जीत चुका है लेकिन 2017 के बाद से वह इसे जीतने में नाकाम रहा है। अमेरिका इससे पहले आखिरी बार 2018 में फाइनल में पहुंचा था। (अनंत ज्ञान)

बेबाकी एशिया कप के लिए सेलेक्ट न होने पर जायसवाल ने तोड़ी चुप्पी, कहा-

एशिया कप से बाहर, पर मैदान से नहीं

एजेंसी, नई दिल्ली

एशिया कप-2025 के लिए जब भारतीय स्क्वाड की घोषणा की गई, तब उसमें एक विस्फोटक ओपनर का नाम नदारद था। यशस्वी जायसवाल का सेलेक्शन नहीं हुआ था, जिस पर फैंस और क्रिकेट विशेषज्ञों के बीच काफी बहस हुई थी।

शुभमन गिल की उपकप्तान के रूप में वापसी हुई और अभिषेक शर्मा व संजू सैमसन अपनी जगह बरकरार रखने में कामयाब हुए। ऐसे में 23 साल के यशस्वी जायसवाल को बाहर बैठना पड़ा, जबकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनका प्रदर्शन शानदार है।

यह चयनकर्ताओं का फैसला मैं अपना काम करता रहूंगा

यशस्वी जायसवाल ने एशिया कप के लिए टीम में नहीं चुने जाने पर आखिरकार चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कहा कि वह शांत और एकाग्र हैं। जायसवाल ने कहा कि मैंने इस बारे में कुछ नहीं सोचा। यह चयनकर्ताओं के हाथों में हैं। टीम संयोजन के मुताबिक फैसले लिए जाते हैं। मैं वो करूंगा, जो कर सकता हूं।

जायसवाल के आंकड़े उनकी प्रतिभा को साबित करते हैं। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 23 टी20 इंटरनेशनल मैचों में 36.15 की औसत और 164.31 के स्ट्राइक रेट से 723 रन बनाए, जिसमें एक शतक और पांच अर्द्धशतक शामिल हैं। टेस्ट में भी उनका प्रदर्शन प्रभावी है। उन्होंने 24 मैचों में 50.20 की औसत से 2209 रन बनाए, जिसमें छह शतक और 12 अर्द्धशतक शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

यशस्वी जायसवाल कैसे रहते हैं मोटिवेटेड?

एशिया कप में नहीं चुने के बावजूद यशस्वी खुद को कैसे मोटिवेटेड रखते हैं? भारतीय ओपनर ने कहा, जब मेरा समय आएगा, तो चीजें अपने आप सही होंगी। मैं खुद पर काम कर रहा हूं और कड़ी मेहनत कर रहा हूं। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि मैं कुछ बड़ा करूंगा। मैं कभी नहीं रुकुंगा और बस कड़ी मेहनत करूंगा।% यशस्वी जायसवाल अब वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 अक्तूबर से शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज में क्रिकेट एक्शन में नजर आएंगे। भारत और वेस्टइंडीज के बीच पहला टेस्ट अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर खेला जाएगा।